www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

67 YEARS देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 9 मई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –23 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु

प्रेस पंजीयन- 06072/59





■ हिंद की सेना का जवाब कि, 'हां तुम एक विफल राष्ट्र हो!'
■ अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता 9 मई से स्विट्जरलैंड में होगी शुरू
पृष्ठ 6

■ सुरक्षित ठिकाने व निकासी योजना तैयार रखें अमेरिकी नागरिक
■ अमेरिका के साथ नहीं होगी सीधी बात : ईरान
पृष्ठ 7

सचिन ने रोहित के टेस्ट करियर की सराहना की
पृष्ठ 8


## भारत ने पाकिस्तान पर की जवाबी कार्रवाई

# पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम किया तबाह

**नई दिल्ली**, 8 मई (देशबन्धु)। पहलगाम हमले के जवाब में भारत के मिसाइल हमलों के बाद पाकिस्तान बौखला गया है। अपनी बौखलाहट में उसने भारत के कई अग्रिम स्थानों पर गोलाबारी

- पाक के तीन फाइटर जेट, ड्रोन और मिसाइल मार गिराए
- भारत के मिसाइल हमलों से बौखलाया पाकिस्तान
- 15 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की

की है। हालांकि, भारतीय सेनाओं की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी खामियाजा उठाना पड़ा है। भारत की सीमा से सटे पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर में उसे काफी नुकसान पहुंचा है। भारत ने लाहौर में पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। इसी के साथ, पाकिस्तान ने भारत में 15 शहरों में स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे सेना ने नाकाम कर दिया। अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाक प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि पाकिस्तान एशिया के हालात न बिगाड़े। पाक सेना ने पाकिस्तान के 10 बड़े शहरों में इमरजेंसी लागू कर दी गई।






**जम्मू एयरपोर्ट और सांबा में मार गिराए गए पाक मिसाइल** –पाकिस्तान ने सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया सेक्टर में 8 मिसाइलें दागीं, सभी को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम स–400 ने मार गिराया। एलओसी पर पाकिस्तान की ओर से लगातार गोलीबारी हो रही है। जिसका भारतीय जवान मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।पाकिस्तान की ओर से दागे गए मिसाइल को भारत की एस 400 ने मार गिराया है। जम्मू एयरपोर्ट और सांबा में मिसाइल को मार गिराया गया है। पाकिस्तान ने पठानकोट एयरबेस में हवाई हमला करने की कोशिश की। खबर है कि पाकिस्तानी हमले का जवाब देने के लिए जम्मू एयरपोर्ट से भारत के फाइटर प्लेन ने उड़ान भरी है। पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों में नियंत्रण ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## भारतीय नौसेना ने कराची पोर्ट को किया तबाह

भारत की नौसेना ने पाकिस्तान की कराची पर जोरदार हमला किया है। इस हमले से कराची में भारी नुकसान होने की खबर है।

कराची पोर्ट को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ये हमला तब किया जा रहा है जब गुरुवार रात को पाकिस्तान ने जम्मू से लेकर जैसलमेर तक ड्रोन और मिसाइल हमले किए, जिन्हें भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। दोनों देशों के बीच जंग जैसे हालात पैदा हो चुके हैं, ये हालात तेजी से बदल रहे हैं। गौरतलब है कि भारतीय सेना ने लाहौर, इस्लामाबाद और सियालकोट में भी मिसाइल से हमला किया। भारतीय सेना पाकिस्तान को लगातार मुंहतोड़ जवाब दे रही है।

### पाकिस्तानी पायलट पकड़ाया

भारत पर हमला करने आए एक पाकिस्तानी पायलट को भारतीय सेना ने पकड़ लिया है। ये पायलट पाकिस्तानी वायुसेना के जेएफ–17 लड़ाकू विमान में सवार था। इसे राजस्थान के लाठी से पकड़ा गया है। पायलट को एक सीक्रेट जगह पर ले जाया गया है। जहां उससे पूछताछ जारी है। भारतीय अधिकारियों ने अभी तक पायलट की पहचान सार्वजनिक नहीं की है, लेकिन माना जा रहा है कि वे पाकिस्तानी वायुसेना का वरिष्ठ अधिकारी भी हो सकता है।

### पाक आर्मी चीफ हिरासत में

पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर हिरासत में लिया गया है। शमशाद मिर्जा बन सकते हैं नए आर्मी चीफ।



### सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने सरकार व सेना के कदम का समर्थन किया: रिजिजू

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट करने की कार्रवाई के संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों को जानकारी देने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अध्यक्षता की और भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए इस ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी सभी दलों के नेताओं के साथ साझा की। बैठक में सभी दलों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार और सेना के इस कदम का ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## सार संक्षेप

### प्रदूषण निकायों के मामले में दिल्ली, उप्र व हरियाणा के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को फटकार लगाई है। यह फटकार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियों को लेकर लगाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 55 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रिक्तियों की वजह से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड काम नहीं कर पा रहे हैं और लगभग खत्म होने के कगार पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### 'स्टारलिंक' को सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने को मंजूरी

**नई दिल्ली**। भारत सरकार ने अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए हरी झंडी दिखा दी है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने स्टारलिंक को 'लेटर ऑफ इंटेंट' (एलओआई) जारी कर दिया है। इसका मतलब है कि कंपनी अब भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए अगला कदम उठा सकती है। स्टारलिंक की सेवाएं खासकर उन इलाकों के लिए फायदेमंद मानी जा रही हैं, जहां अभी तक ब्रॉडबैंड इंटरनेट नहीं पहुंच पाया है।

### 10 मई तक बंद रहेंगे 27 एयरपोर्ट्स

**नई दिल्ली**। भारत की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' सफलतापूर्वक किए जाने के बाद गुरुवार को करीब 430 नागरिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। यह देश की कुल शेड्यूल उड़ानों का करीब 3 प्रतिशत है। इसके साथ ही 27 एयरपोर्ट्स 10 मई तक बंद रहेंगे। जिनमें श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, बठिंडा, हलवारा, पठानकोट, भुंतर, शिमला, गग्गल, धर्मशाला, किशनगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, मुंद्रा, जामनगर, राजकोट, पोरबंदर, कांडला, केशोद, भुज, ग्वालियर और हिंडन शामिल हैं।

### जयशंकर ने ईरान, सऊदी अरब के मंत्रियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली**। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास आरग्ची और सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री अदेल अलजुबेर के साथ मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर भारत के दृष्टिकोण से परिचित कराया और कहा कि भारत इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहता है लेकिन यदि हम पर हमला हुआ तो उसका बहुत सख्त जवाब दिया जाएगा।

## आईईडी ब्लास्ट में तेलंगाना के पांच जवान शहीद

### नक्सलवाद के बड़े कैडर के दो कमांडर की भी मौत, साथ ही 8 नक्सली भी ढेर

**बीजापुर**, 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर इलाके में करेगुट्टा ऑपरेशन के बीच तेलंगाना में बड़ा नक्सली हमला हुआ है। नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना हमला करते हुए पुलिस बल को निशाना बनाया है। कर्रेगुट्टा ऑपरेशन के दौरान, जब तेलंगाना पुलिस के जवान नक्सल विरोधी अभियान पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने वाज़ेड



इलाके के पास आईडी ब्लास्ट कर दिया। जानकारी के अनुसार, तेलंगाना और बीजापुर की सीमा पर नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान द्ब्श्वष्ठ ब्लास्ट में अब तक 5 जवान शहीद हुए हैं, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है। मुठभेड़ में सीसी मेम्बर चंद्रना और स्टैरूबंडी प्रकाश समेत कुल 8 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। बीजापुर के उसूर क्षेत्र के ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रेश, छह की मौत

**उत्तरकाशी**, 8 मई (देशबन्धु)। गुरूवार की सुबह जनपद के गंगनानी के

- सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल के लिए भरी थी उड़ान
- हेलीकॉप्टर में पायलट समेत कुल 7 लोग सवार थे

समीप एक हेलीकॉप्टर के क्रेश होने से पायलेट सहित उसमे सवार छह लोगों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप



से घायल है। घायलों को उपचार के लिए ऋषिकेश एम्स लाया गया है। हेलीकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। हेलीकॉप्टर ने दून के सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल के लिए उड़ान भरी थी।

गुरुवार की सुबह लगभग आठ बजे हेलीकॉप्टर क्रैश होने की सूचना मिलते ही प्रशासन और राहत–बचाव टीमें मौके की ओर रवाना हो गई। दुर्घटनास्थल पर पहुंचते ही टीमों ने रेस्क्यू शुरू कर दिया। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत कुल 7 लोग सवार थे। इनमें से छह लोगों ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## प्रदेश के सभी पंचायतों में एक साल के भीतर मिलेगी बैंकिंग सुविधा : मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के सभी 11 हजार

- सुशासन लाने हम कर रहे भ्रष्टाचार के सभी रास्ते बंद

से अधिक पंचायतों में एक साल के भीतर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार नए–नए रिफॉर्म लाकर भ्रष्टाचार के रास्ते बंद कर रही है। भ्रष्टाचार को रोकने भूमि रजिस्ट्री के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव



किए गए हैं। वे आज सुशासन तिहार के अंतर्गत सूरजपुर जिले के ग्राम पटना में आयोजित समाधान शिविर को सम्बोधित कर रहे थे।

श्री साय ने इस मौके पर गुमेटी घाट को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने 81.90 करोड़ तथा सरना–देवगुड़ी के विकास के लिए 45.42 लाख रूपए की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न सड़कों, पुल–पुलियों के लिए 48 करोड़ 26 लाख रूपए की मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह प्रदेश को देंगे साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात : साय

**रायपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सूरजपुर के लिए सिविल लाइन हेलीपैड से रवाना हुए। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा, सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण का आज चौथा दिन है।

जनचौपाल लगाकर जनता से संवाद कर समस्या का समाधान किया जा रहा है। पीएम आवास की मांग सबसे ज्यादा आ रही है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 मई को प्रदेश को साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात देने वाले हैं, जिससे आवास की मांगों की पूर्ति हो जाएगी। सीएम साय ने कहा, सुशासन तिहार में कई तरह की मांगें आ रही है। प्रधानमंत्री आवास, गैस कनेक्शन समेत अन्य मांगें शामिल हैं। उन्होंने कहा, 13 मई को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान छत्तीसगढ़ दौरा में आ रहे हैं। वे सूरजपुर के अंबिकापुर में बड़ी आमसभा करेंगे। प्रदेश को साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात मिलेगी, जिससे आवास की मांगों की पूर्ति हो जाएगी।

### हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## मैटरनिटी लीव है मौलिक अधिकार

### गोद लेने वाली मां को भी मिलेगी 180 दिन की छुट्टी

**बिलासपुर**, 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मातृत्व अवकाश को लेकर ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। एक मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा है कि मां बनना किसी भी महिला के जीवन का खूबसूरत पल होता है, ऐसे में मातृत्व अवकाश छूट नहीं, बल्कि यह मौलिक अधिकार है। लीव अप्रूव करते समय जैविक, सरोगेसी और गोद लेने वाली मां में भेदभाव नहीं किया जा सकता। अवकाश से वंचित करना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। कोर्ट ने अपने फैसले में 2 दिन की नवजात बच्ची को गोद लेने वाली महिला अधिकारी को 180 दिन की चाइल्ड एडॉप्शन लीव देने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें सिर्फ 84 दिन की छुट्टी दी गई थी। मामले की सुनवाई जस्टिस विभू दत्त गुरु की सिंगल बेंच में हुई।

याचिकाकर्ता की वर्ष 2013 में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रायपुर में नियुक्ति हुई है। वर्तमान में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनका 2006 में विवाह हुआ है। विवाह के बाद 20 नवंबर 2023 को उन्होंने दो दिन की एक ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### हाई कोर्ट में अहम नियुक्तियां

## मनीष कुमार रजिस्ट्रार जनरल, तो मंसूर अहमद रजिस्ट्रार नियुक्त

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में एक साथ चार अहम पदों पर नियुक्ति की गई है। इसमें रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्रार और अतिरिक्त रजिस्ट्रार के अलावा छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी में निदेशक की नियुक्ति शामिल है। छत्तीसगढ़ उच्चा न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के आदेश की गई नियुक्ति में रजिस्ट्रार मनीष कुमार ठाकुर को रजिस्ट्रार जनरल, जशपुर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंसूर अहमद को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। इनके अलावा अतिरिक्त रजिस्ट्रार निधि शर्मा तिवारी को छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर का निदेशक महासमुंद द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पांडे को अतिरिक्त रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है।


KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

15th nirf Among Indian Universities Ranked by NIRF, Govt. of India
A++ Grade Accredited by NAAC
Tier 1 Re-accredited by NBA All Engineering Programs for 6 Years

KIITEE 2025 PHASE - 2
APPLY ONLINE
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
Last Date to Apply 4th June 2025
No Examination Fee (Computer-Based Test)
KIITEE 2025 Online Test (Phase -2) starts from
8th June to 12th June 2025

Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
ABET (US) Accreditation
THE 601-800 World University Rankings 2024
IET ACCREDITED PROGRAMME The Institute of Engineering and Technology

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes [All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- B.Tech & M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- BA LLB/BBA LLB/B.Sc LLB (Hons) 5yrs

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA
- MBA in Rural Management
- MBA in Agribusiness Management
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

CAMPUS PLACEMENT 2024 HIGHLIGHTS
700+ Companies
5585+ Job Offers
₹53 LPA Highest Salary Offered
₹8.50 LPA Average CTC
1500+ Paid Internships
1000+ Students with multiple job offers

Director, Admissions : Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT, Bhubaneswar-751024, Odisha, India,
Ph: 8080 735 735, Fax : 0674 - 2741465, Email: admission@kiit.ac.in, Website: www.kiitee.ac.in

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha.
It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

# देश

**उवाच**

"कांग्रेस में कई नेता हैं। सभी के बयानों पर प्रतिक्रिया तो नहीं दी जा सकती है। कांग्रेस में राहुल गांधी या फिर मल्लिकार्जुन खड़गे बयान देते तो स्वाभाविक है कि टिप्पणी की जा सकती है। लेकिन, कांग्रेस में इतने नेता हैं, सभी के बयानों पर प्रतिक्रिया देना संभव नहीं। उदित राज जैसे कई कांग्रेस में हैं, जो 'बेचैन आत्मा' हैं, उनके बयानों पर क्या प्रतिक्रिया दें: **दिलीप जायसवाल, भाजपा नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.3 | 26.6 |
| मुंबई | 32.6 | 24.6 |
| कोलकाता | 38.0 | 26.4 |
| चेन्नई | 34.6 | 26.2 |

# हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा नहीं उठाए, मुंहतोड़ जवाब मिलेगा : राजनाथ सिंह

■ **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ भवन में 'राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन-2025' को संबोधित किया**

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पाकिस्तान को दो टूक संदेश देते हुए कहा कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा नहीं उठाए। वरना उसे हमारी क्वालिटी कार्रवाई का सामना करने के लिए भी पूरी तरह तैयार रहना होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ भवन में 'राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन- 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि हमने हमेशा ही, एक जिम्मेदार राष्ट्र होने का रोल, बड़े संयम से निभाया है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए हो। इसका अर्थ यह नहीं है कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा उठाए। यदि कहीं, कोई, हमारे इस संयम का फायदा उठाने की कोशिश करता है, तो उसे कल की तरह ही, 'क्वालिटी कार्रवाई' का सामना करने के लिए भी पूरी तरह तैयार रहना होगा।

उन्होंने पाकिस्तान को चेताते हुए कहा कि भारत की संप्रभुता की सुरक्षा में, कोई भी हद हमारे लिए बाधा नहीं बनेगी, इसका मैं देशवासियों को भरोसा देता हूं। ऐसे जिम्मेदार प्रतिक्रियाओं के लिए हम आगे भी पूरी तरह तैयार हैं और यदि हमारी यह तैयारी बनी हुई है, तो इसमें आपका एक बहुत बड़ा रोल है। भारत का यह रक्षा औद्योगिक जगत का विस्तार, भारत को एक अभूतपूर्व संबल प्रदान कर रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ भवन में 'राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन- 202' को संबोधित करते हुए कहा, 'पाकिस्तान और पीओके में जिस तरह से हमारे सुरक्षा बलों ने आतंकी ठिकानों को तबाह किया है, वह हम सबके लिए एक गौरव का विषय है। क्वालिटी की क्या भूमिका होती है, यह क्या रोल अदा करती है, इसका नमूना हमने कल देखा। जिस सटीकता के साथ ऑपरेशन 'सिंदूर' किया गया, वह अकल्पनीय और सराहनीय है। इसमें 9 आतंकी ठिकाने तबाह हुए और इसमें काफी संख्या में आतंकी मारे गए। जिस तरह से इस ऑपरेशन में निर्दोषों को नुकसान पहुंचाए बिना अंजाम दिया गया, वह इसलिए संभव हो पाया है क्योंकि हमारी सेनाओं के पास बेहतरीन क्वालिटी के हथियार थे।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें भारतीय रक्षा उद्योग को एक मजबूत और विश्वसनीय ब्रांड बनाना है। आज मैं आपसे एक महत्वपूर्ण अपील करने आया हूं। यह अपील है एक मजबूत, विश्व अग्रणी और अत्याधुनिक 'ब्रांड भारत' बनाने की है, ताकि जब देशों को दुनिया के रक्षा बाजार में उत्पादों के बारे में संदेह हो, तो वे 'ब्रांड इंडिया' को चुनें।



**हमने हमेशा ही, एक जिम्मेदार राष्ट्र होने का रोल, बड़े संयम से निभाया है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए हो। इसका अर्थ यह नहीं है कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा उठाए : राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा मंत्री**

## भारत को आंख दिखाने वालों को हम शांत करने में ज्यादा समय नहीं लगाते : मनोज झा

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक के बाद आरजेडी सांसद मनोज झा की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने सेना की तारीफ करते हुए कहा कि पूरा देश एकजुट है और हमें सेना पर गर्व है। सर्वदलीय बैठक पर आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा ने कहा, 'यह बहुत जरूरी था। इस ऑपरेशन से पहले और पहलगाम की बर्बर दुर्घटना के बाद भी एक सर्वदलीय बैठक की गई, जिसमें सबने एकजुटता दिखाई। आज की सर्वदलीय बैठक में भी राष्ट्रीय सुरक्षा, अखंडता और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठाई गई। कोई भी पार्टी इन मामलों पर अलग तरीके से नहीं सोचती है। भले ही हमारे देश में अलग-अलग पार्टियां हैं, लेकिन सभी के विचार एक ही हैं।'

## भारत को छेड़ने वाले लोगों को छोड़ेंगे नहीं, आतंकियों का सफाया करके ही सांस लेंगे : शिवराज



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत किसी को नहीं छेड़ता है, अगर कोई हमें छेड़े तो उसे हम छोड़ते नहीं हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'हम सबका कल्याण चाहते हैं और इसलिए हम किसी को छेड़ते नहीं हैं, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि कोई हमें छेड़ता है तो उसे हम नहीं छोड़ते। यह अद्भुत देश है। एक साथ कई मोर्चों पर काम चल रहा है। भारत अब दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है' केंद्रीय कृषि मंत्री ने नई दिल्ली स्थित पूसा में आयोजित कृषि आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के आतंकवाद विरोधी अभियान का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'एक तरफ आईपीएल भी चल रहा है, तो दूसरी तरफ आतंकवादियों के सफाए का महाअभियान चल रहा है। हमारी बेटियों की इज्जत को तार-तार करने वालों का सफाया हो चुका है। इन आतंकवादियों और उनके ठिकानों, उन्हें समर्थन देने वालों का सफाया हो चुका है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारा यही संकल्प है कि आतंकवादियों को जड़ से मिटाकर ही सांस लेंगे।' केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'विकास कोई साधारण कार्य नहीं है, यह वास्तव में असाधारण है। हालांकि, मैं इस क्षेत्र में परियोजनाओं और विकास के बारे में अभी विस्तार से नहीं बताऊंगा, लेकिन मैं इतना कहूंगा कि हमारा देश, भारत, 5,000 वर्षों से अधिक पुराने ज्ञात इतिहास वाला एक प्राचीन और महान राष्ट्र है।'

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद कर्नाटक में सुरक्षा बढ़ाई गई : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,** 8 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर पूरे राज्य में खास तौर पर बांधों के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। श्री सिद्दारमैया ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई चल रही है। इनमें से अधिकांश को वापस भेजा जा चुका है और कुछ मामले अभी अदालतों में लंबित हैं। उन्होंने मांड्या में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, 'हमने बांधों समेत प्रमुख बुनियादी ढांचे के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है और सभी एहतियाती कदम उठा रहे हैं। केंद्र ने नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल के लिए निर्देश जारी किए हैं, जो उसी के अनुसार आयोजित किए जा रहे हैं' उन्होंने राज्य में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मांग पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'उनमें से अधिकांश को पहले ही वापस भेजा जा चुका है। हालांकि, कुछ लोगों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है और उचित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है।' राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बेंगलुरु में सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा, 'रायचूर, कैगा और केआरएस इंडस्ट्रीज से विशेष पुलिस बल तैनात किए गए हैं, जिन्हें कमांडो प्रशिक्षण मिला है। सभी विभागों में पर्याप्त संख्या में कर्मी मौजूद हैं और अगर और भर्ती की जाती है तो एक साल का प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किया जाएगा।' उन्होंने केंद्र द्वारा निर्देशित मॉक ड्रिल के बारे में कहा, 'कल की मॉक ड्रिल सफल रही। केंद्र सरकार ने हमें तीन जिलों में इसे आयोजित करने का निर्देश दिया था। तैयारियों को मजबूत करने के लिए राज्य ने मैसूरु को भी चुना है।



**पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई चल रही है। इनमें से अधिकांश को वापस भेजा जा चुका है और कुछ मामले अभी अदालतों में लंबित हैं: सिद्दारमैया, मुख्यमंत्री कर्नाटक**

## कर्नाटक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मंदिरों में विशेष पूजा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में राज्य के मंदिरों में विशेष प्रार्थना करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने मुजराई विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी मंदिरों को निर्देश दिया है कि वे पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थनाएं आयोजित करें। परिवहन और मुजराई (धर्मार्थ सम्पत्ति प्रबंधन) मंत्री बी रामलिंगा रेड्डी ने गुरुवार को यहां मीडियाकर्मियों को बताया कि हिन्दू धार्मिक संस्थानों और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के आयुक्त ने एक परिपत्र जारी किया गया है। परिपत्र में मुजराई विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी मंदिरों को पहलगाम आतंकवादी हमले के प्रतिशोध में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि निर्देश को सख्ती से और बिना किसी अपवाद के लागू किया जाना चाहिए। परिपत्र में कहा गया है कि यह कदम पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना की कार्रवाई के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में उठाया गया है जिसमें शिवमोगा के व्यवसायी मंजूनाथ राव सहित कई नागरिकों की जान चली गई थी।

## सार संक्षेप

### मणिपुर में दो उग्रवादियों को किया गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और एक अन्य स्थान से हथियार बरामद किये हैं। पुलिस ने गुरुवार को यहां बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पुलिस थाने के अंतर्गत अवांग खुनौ मायाई लेइकाई से एक उग्रवादी गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य अभियान में पुलिस ने इसी जिले के वांगोई थाने के तहत इरमसिपाई लेइराक अशांगबा से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने थौबल जिले के नोंगपोक-सेकमाई के अंतर्गत बेंगी गांव के पास ग्वारोक हिल रेंज से मैगजीन के साथ एक .303 राइफल, चार हथगोले (बिना डेटोनेटर के) और एक 'पोम्पी गन' (इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार) भी बरामद किया।

### स्टालिन ने दो मंत्रियों के विभाग में फेरबदल किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने गुरुवार को दो मंत्रियों के विभाग में बदलाव किये। बदलाव के तहत कानून मंत्रालय जो अब तक श्री एस. रघुपति के पास था, उसे जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन को सौंप दिया गया है जबकि खनिज एवं खान विभाग के श्री दुरईमुरुगन से लेकर श्री रघुपति को दे दिया गया है और उन्हें प्राकृतिक संसाधन मंत्री बनाया गया है। राजभवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 'मुख्यमंत्री की सिफारिश के आधार पर जल संसाधन मंत्री श्री दुरईमुरुगन को कानून विभाग आवंटित किया गया है।

### बीकानेर हादसा: गैस सिलेंडर विस्फोट के बाद गिरी थी इमारत, आठ लोगों की मौत

**बीकानेर।** राजस्थान के बीकानेर में गैस सिलेंडर विस्फोट में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। बचाव दल ने गुरुवार सुबह घर के मलबे में दबे तीन और शवों को बरामद कर लिया है। मामला बीकानेर के कोतवाली के पास स्थित मदन मार्केट का है। बुधवार को गैस सिलेंडर में विस्फोट के कारण पांच मंजिला इमारत ढह गई थी। हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने मलबे से 10 लोगों को निकालकर तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया था, इनमें से दो मृत पाए गए थे। बाद में मृतकों की संख्या पांच पहुंच गई, जो गुरुवार सुबह आठ हो गई है। बचाव दल की टीम को संकरी गलियों के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने में काफी परेशानी आई, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह तीन और शवों को मलबे से निकाला गया है।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का झारखंड दौरा टला

■ **10 मई को प्रस्तावित पूर्वी क्षेत्रीय अंतरराज्यीय परिषद की बैठक स्थगित**



**रांची,** 8 मई (एजेंसियां)। रांची में 10 मई को प्रस्तावित पूर्वी क्षेत्र अंतरराज्यीय परिषद की 27वीं बैठक स्थगित कर दी गई है। यह बैठक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होनी थी। इसके लिए वह 9 मई को रांची पहुंचने वाले थे। आधिकारिक सूत्रों ने बैठक स्थगित होने की वजह नहीं बताई है, लेकिन यह माना जा रहा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच जारी टकराव और तनाव की स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। परिषद के सदस्य चारों राज्यों को बैठक स्थगन की सूचना दे दी गई है। बैठक की नई तारीख बाद में तय की जाएगी। इस बैठक में भाग लेने के लिए झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों के अलावा चारों राज्यों के शीर्ष अधिकारी पहुंचने वाले थे। सरकार ने इन्हें राजकीय अतिथि घोषित किया था। बैठक में अंतरराज्यीय समन्वय, केंद्र-राज्यों के बीच परस्पर देनदारियों से संबंधित विषय, उग्रवाद उन्मूलन, परिसंपत्तियों के बंटवारे, नशीले पदार्थों के कारोबार पर नियंत्रण सहित कई मुद्दों पर विमर्श होना था। उल्लेखनीय है कि संसद से पारित राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के तहत देश को पांच क्षेत्रों उत्तरी, मध्य, पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी में विभाजित किया गया था तथा प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय परिषद का गठन किया गया था। यह एक वैधानिक निकाय है, जिसके पदेन अध्यक्ष देश के गृह मंत्री होते हैं।

# पाकिस्तानी मूल की डिजिटल सामग्री के प्रयोग पर सरकार ने लगाई रोक

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के विरुद्ध एक और कडा कदम उठाते हुए पाकिस्तानी मूल की डिजिटल सामग्री के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां जारी एक परिपत्र में कहा कि सोशल मीडिया, वेबसाइट, ओटीटी या किसी अन्य जन संचार के माध्यम में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना की कार्रवाई तथा अन्य कदमों के मद्देनजर पाकिस्तान के मूल की डिजिटल सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।



परिपत्र में कहा गया है कि ऐसी कोई भी जानकारी होस्ट, प्रदर्शित, अपलोड, संशोधित, प्रकाशित, प्रेषित, संग्रहीत, अद्यतन या साझा नहीं की जानी चाहिए जो 'भारत की एकता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा या संप्रभुता, दूसरे देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों या सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा पहुंचाती हो।' परिपत्र के अनुसार भारत में कई आतंकवादी हमलों का संबंध पाकिस्तान के सरकारी और गैर सरकारी लोगों के साथ साबित हुए हैं। इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, भारत में संचालित सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म, मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और अन्य जनसंचार माध्यमों को सलाह दी जाती है कि वे पाकिस्तानी मूल की वेब-सीरीज, फिल्म, गाने, पॉडकास्ट और अन्य स्ट्रीमिंग मीडिया सामग्री का प्रयोग बंद कर दें।परिपत्र में कहा गया कि यह परिपत्र सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया, आचार संहिता) नियम, 2021 के अंतर्गत जारी किया गया है। नियमों के अंतर्गत आचार संहिता में यह प्रावधान है कि किसी भी विषय-वस्तु को प्रदर्शित करने, प्रसारित करने, प्रकाशित करने या प्रदर्शित करने का निर्णय लेते समय प्रकाशक या प्रसारक को उचित सावधानी और विवेक का प्रयोग करना चाहिए। ऐसी किसी भी सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए जो भारत की संप्रभुता और अखंडता को प्रभावित करती है, विषय-वस्तु जो राज्य की सुरक्षा को खतरा पहुंचाती है और विषय-वस्तु जो अन्य देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए हानिकारक है तथा हिंसा भड़काने या सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव में बाधा उत्पन्न करने की आशंका रखती है।

**सोशल मीडिया, वेबसाइट, ओटीटी या किसी अन्य जन संचार के माध्यम में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना की कार्रवाई तथा अन्य कदमों के मद्देनजर पाकिस्तान के मूल की डिजिटल सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए : सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय**

# टीआरएफ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अभियान चले, पाकिस्तान को एफएटीएफ-ग्रे लिस्ट में डाला जाए : ओवैसी

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के अंदर जारी आतंकवादियों के कैंप को तबाह करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विपक्षी दलों के नेताओं को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी गई। सर्वदलीय बैठक के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस पर जानकारी दी। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के खिलाफ अभियान चलाया जाए और पाकिस्तान को एफएटीएफ-ग्रे लिस्ट में डाला जाए। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मैंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए हमारे सशस्त्र बलों और सरकार की प्रशंसा की है। बैठक में मैंने यह भी सुझाव दिया कि हमें 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के खिलाफ एक इंटरनेशनल कैंपेन चलाना चाहिए। खासतौर से सुरक्षा परिषद इसकी घोषणा करे। हमें यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका को बताना है कि वह अपने मुल्क में इस संगठन को तुरंत आतंकी संगठन घोषित करे।



## सर्वदलीय बैठक कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार बोले, 'हम सरकार के साथ'

**नागपुर।** पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह करने के बाद गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बारे में बताया जाएगा। इस बैठक से पहले महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि अगर सरकार पाकिस्तान को फिर से सबक सिखाना चाहती है तो हमारा पूरा समर्थन रहेगा। गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोग मारे गए।

# कर्नाटक : हावेरी में कार-ट्रक की टक्कर में 6 की मौत, 2 घायल

■ **हादसा ब्यादगी तालुक के मोटेबेन्नूर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर हुआ**
■ **एक कार ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी**



**हावेरी,** 8 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के हावेरी जिले में एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। यह हादसा ब्यादगी तालुक के मोटेबेन्नूर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर हुआ, जब एक कार ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। पुलिस के अनुसार, हादसा इतना भयावह था कि कार में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। हादसे में दो लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को तुरंत नजदीकी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। ब्यादगी थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कार तेज रफ्तार में थी और संभवत: चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण यह टक्कर हुई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और चालक से पूछताछ की जा रही है। ब्यादगी थाने के एक अधिकारी ने बताया, 'हम हादसे के कारणों की गहन जांच कर रहे हैं। सड़क पर मौजूद सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घायलों के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं।'

हादसे के बाद राजमार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सामान्य किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर अक्सर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हादसे होते रहते हैं।

**तनाव** *जम्मू कश्मीर समेत कई भारतीय शहरों पर पाक के मिसाइल और ड्रोन हमलों को पछाड़ा गया*

# पाक के कई शहरों पर भारत ने ड्रोन हमले कर बरपाया कहर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 8 मई (देशबन्धु)। अंततः वही हुआ जिसकी आशंका रात को प्रकट की गई थी। पाक सेना ने जम्मू कश्मीर के कई शहरों समेत देश के दो दर्जन शहरों का अपने मिसाइल हमलों से पाट देने की नापाक कोशिश की गई।

हालांकि इन सभी हमलों को नाकाम बना पाकिस्तान को करारी शिकस्त देते हुए उसके कई शहरों में भारत ने ड्रोन हमले कर कहर तो बरपा दिया। इन हमलों ने जम्मू कश्मीर के लोगों में माहौल को और दहशतजदा कर दिया है जो पहले ही उस पार से होने वाली गोलाबारी से त्रस्त हैं।

भारतीय सरकार ने इसे माना है कि पाकिस्तान ने देर रात और आज तड़के जम्मू कश्मीर के कई शहरों समेत देश के कई इलाकों को अपने मिसाइल हमलों से पाट देने का दु:साहस किया था। भारतीय अधिकारियों के बकौल, इन सभी ना'पाक मिसाइल व ड्रोन हमलों को भारत की रक्षा प्रणाली ने नाकाम बना दिया। इतना जरूर था कि भारत ने जवाबी कार्रवाई में एस-400 मिसाइलरोधी सिस्टम समेत कई प्रकार के इसरायली ड्रोनों को इस्तेमाल कर पाकिस्तान के कई शहरों में त्राहि त्राहि मचा दी। दोनों मुल्कों में इस हवाई लड़ाई के उपरांत जम्मू कश्मीर में इंटरनेशनल बार्डर और एलओसी पर माहौल जबरदस्त गर्माया हुआ है। इंटरनेशनल बार्डर पर अधिकतर गांवों में भुतहा सन्नाटा है तो एलओसी पर पाक तोपखाने भारतीय नागरिक और सैन्य ठिकानों पर गोलों की बरसात को जारी रखे हुए थे। इतना जरूर था कि भरतीय पक्ष की जवाबी कार्रवाई में एलओसी पर सिर्फ सैनिक ठिकाने ही निशाने पर थे।



■ **अंततः वही हुआ जिसका डर था**
■ **एलओसी के पार पाक सेना के एक तोपखाना रेजिमेंट बैटरी को पूरी तरह से तबाह किया गया**

इस जवाबी कार्रवाई के प्रति एक रक्षा सूत्र के दावानुसार, एलओसी के पार पाक सेना के एक तोपखाना रेजिमेंट बैटरी को पूरी तरह से तबाह कर दिया गया है। रक्षा सूत्रों का दावा था कि पाक सेना की 6 के करीब 155 एमएम की तोपें तबाह कर दी गई हैं और साथ ही उसके तीन अफसरों समेत 16 जवान मार दिए गए हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर

प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक, अखनूर सेक्टर के लोगों में 1971 तथा 1965 के युद्धों की याद अभी भी ताजा है।

# ऑप्रेशन सिंदूर के बाद भरपूर युद्ध की आशंका प्रबल हुई, कस्बों से भी पलायन



■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 8 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तान के साथ भरपूर युद्ध की आशंका अब और बढ़ गई है। नतीजतन पाक हवाई हमलों की रेंज में आने वाले सीमाई कस्बों से भी पलायन आरंभ हो गया है। जिन कस्बों से पलायन आरंभ हुआ है उनमें अखनूर, पल्लांवाला तथा ज्यौड़ियां सेक्टर के कई गांव हैं जो सीमा से तो नहीं सटे हुए हैं लेकिन इन गांवों के लोगों को शंका है कि युद्ध की स्थिति में पाक सेना उनके गांवों पर कब्जा कर सकती है। ऐसी आशंका इन गांवों के लोगों को इसलिए है क्योंकि पहले भी 1971 तथा 1965 के युद्धों में पाक सेना इन गांवों तथा कस्बों पर कब्जा जमाने में कामयाब रही थी। मिलने वाले समाचारों के अनुसार, दरिया चिनाब के किनारे पर बसे हुए अखनूर सेक्टर से भी अब पलायन का क्रम आरंभ हो गया है। हालांकि पहले से पल्लांवाला तथा ज्यौड़ियां के उन कस्बों तथा गांवों से सैंकड़ों लोग पलायन कर चुके हैं जो एलओसी से सटे हुए हैं। मिलने वाली खबरें यह भी कहती हैं कि अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों के वे गांव तथा कस्बे, जो रक्षा खाई के इस ओर आते हैं, से भी सैंकड़ों परिवारों में युद्ध की शंका प्रबल होती जा रही है जिस कारण वे पलायन करने के मूड में हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक, अखनूर सेक्टर के लोगों में 1971 तथा 1965 के युद्धों की याद अभी भी ताजा है। यही कारण है कि वे समय रहते अपना कीमती सामान समेट कर उसे सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा देना चाहते हैं। इसे भूला नहीं जा सकता कि 1971 तथा 1965 के भारत-पाक युद्धों के दौरान पाकिस्तान छम्ब, ज्यौड़ियां, पल्लांवाला तथा चिकन नेक सेक्टरों में भारतीय पक्ष पर भारी साबित हुआ था और हजारों भारतीय नागरिकों को घरों से बेघर होना पड़ा था। स्थिति यह है कि छम्ब के इलाके से बेघर होने वाले छम्ब के विस्तार वाले पल्लांवाला, ज्यौड़ियां तथा अखनूर सेक्टरों में लोग समय रहते आपात उपाय कर लेना चाहते हैं।

अधिकारियों के अनुसार, इन क्षेत्रों के दिलोदिमाग में यह बात बैठ गई है कि पाकिस्तान दरिया चिनाब पर बने हुए पुलों को उड़ा देना चाहता है और उसके पीछे का मकसद इन सेक्टरों पर युद्ध की स्थिति में कब्जा कर लेना है। इस पुल को उड़ाने के लिए पाकिस्तान ने मिसाइलें भी तैनात कर रखी हैं, ऐसी खबरें सोशल मीडिया पर चल रही हैं। इसके उपरांत से इन सेक्टरों के निवासियों में जबरदस्त दहशत का माहौल है। और इसी माहौल का परिणाम है कि अखनूर जैसे सीमा के काफी दूर बसे कस्बे से पलायन का क्रम अब तेजी पकड़ता जा रहा है जिसके एक ओर दरिया चिनाब तो दूसरी ओर एलओसी भी है तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा भी। हालांकि सीमा व एलओसी से सटे इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाने का आदेश सरकारी तौर पर दिया जा चुका है। ऐसी स्थिति सिर्फ अखनूर बेल्ट में ही नहीं बल्कि अब अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों के उन कस्बो में भी पैदा हो गई है जो रक्षा खाई के पीछे कुछ किमी की दूरी पर हैं। यहां के निवासियों में युद्ध की शंका के चलते पलायन का क्रम जोर पकड़ने लगा है। ऐसे कस्बों में हीरानगर, रामगढ़, अबताल, कान्हाचक जैसे कस्बे भी हैं जो जीरो लाइन से पीछे रक्षा खाई के पीछे बसे हुए हैं। रक्षा खाई के आगे वाले निवासियों को तो अपने घर-बाहर खाली करने का हुक्म अप्रत्यक्ष तौर पर सुनाया गया है। अधिकारियों ने माना है कि ऐसे क्षेत्रों से, जो पाक गोलाबारी की रेंज में तो नहीं आते, लेकिन हवाई हमलों के निशाने बन सकते हैं, से लोगों का पलायन चिंता की स्थिति पैदा कर रहा है। अधिकारी उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करने को तैयार नहीं हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे जानते हैं कि युद्ध होने की स्थिति में ये कस्बे हवाई हमलों के निशाने बन सकते हैं नतीजतन उनके पलायन को रोक पाना फिलहाल उनके बस की बात नहीं है। स्थिति सीमाओं पर यह है कि पलायन करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गैर सरकारी तौर पर सीमाओं पर बनी स्थिति के चलते अभी तक एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों से हजारों लोग अस्थाई पलायन कर चुके हैं।

## तैं की दर्द नहीं आया

### ना पाक गोलाबारी में 12 साल के जुड़वा भाई बहन की मौत



**जम्मू।** पुंछ के जोया और जैन यह दो वे मासूम हैं जो कल पाक गोलाबारी की दुखद तस्वीर को पेश करते हैं। दोनों एक साथ पैदा हुए, एक साथ पले-बढ़े और एक साथ इस दुनिया से चले गए। पुंछ शहर के ही 12 साल के एक जुड़वा भाई-बहन जोया और जैन की दुखद मौत हो गई। दोनों पाकिस्तानी गोलीबारी में पुंछ सेक्टर में मरने वाले 16 नागरिकों में से एक थे।

बच्चों की मां अरुसा खान आज उदास है और पिता के सामने घोर अंधेरा और उदासी के सिवा कुछ भी नहीं है। जोया और जैन के माता-पिता उनके बेहतर जीवन, शिक्षा और जीवन की तलाश में अपने पैतृक गांव कलानी चकथरू से पुंछ शहर में चले गए थे लेकिन उन्हें कहां पता था कि पड़ोसी मुल्क के नापाक मंसूबों की भेंट उनके बच्चे ही चढ़ जाएंगें भारत और पाकिस्तान के बीच की दुश्मनी ने एक हंसते और खेलते परिवार को तबाह कर दिया। एक तरफ उनकी मां को पाकिस्तानी पक्ष की आक्रामकता में अपने बच्चों को खोने का दर्द है और दूसरी तरफ उनके जीवन साथी रमीज खान (50), जो इस नुकसान को सहने की उनकी आखिरी उम्मीद हो सकते थे, सरकारी मेडिकल कालेज (जीएमसी) राजौरी में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्हें रेयर बी-नेगेटिव खून की आवश्यकता थी। जैसे ही यह संदेश सोशल मीडिया पर फैला, परिवार को अज्ञात लोगों के दर्जनों फोन आए, जो जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आए गए। पत्रकारों से बात करते हुए जीएमसी राजौरी में रमीज खान के साथ मौजूद परिवार के रिश्तेदार आदिल पठान ने कहा कि यह वास्तव में उस परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। बुधवार को सुबह करीब 7 से 7.30 बजे क्राइस्ट स्कूल पुंछ के पास गोले गिरे, जिसमें पास में किराए के मकान में रहने वाला यह परिवार चपेट में आ गया। बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल रमीज खान को जीएमसी राजौरी रेफर किए जाने से पहले जिला अस्पताल पुंछ में ट्रांसफर कर दिया गया। पाकिस्तान की तरफ से हुई गोलीबारी में जोया और जैन की मां अरूसा खान को भी मामूली चोटें आईं और उन्हें डीएच पुंछ में प्राथमिक उपचार दिया गया। अरूसा खान एक व्यावसायिक प्रशिक्षक हैं जबकि रमीज खान भी एक शिक्षक हैं। दोनों पुंछ में सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडी में कार्यरत हैं, और अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने और जिला मुख्यालय में बेहतर जीवन के अवसरों का लाभ उठाने के लिए पुंछ शहर में चले गए थे। अब उन्हें अपने बच्चों को अपनी आंखों के सामने इस दुनिया से जाते हुए देखना किसी असहनीय पीड़ा से कम नहीं है।

# हालात के मद्देनजर जम्मू कश्मीर में सभी की छुट्टियां रद्द

### प्रायवेट अस्पतालों को भी अपने आपको तैयार रखने को कहा गया

**जम्मू,** 8 मई (देशबन्धु)। भारत तथा पाकिस्तान के बीच भरपूर युद्ध की आशंका और बढ़ गई है। इस आशंका के बीच जम्मू कश्मीर सरकार ने अपने सभी कर्मचारियों,अधिकारियों की छुट्टियों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। सभी अस्पतालों में नियुक्त डाक्टरों, अर्द्धचिकित्सा स्टाफ की छुट्टियों को भी रद्द करते हुए सभी को अपने कार्य पर वापस लौटने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच सरकार ने स्थिति को आपात बताते हुए जहां नागरिक सुरक्षा के उपायों को तेज किया है वहीं मेडिकल कालेज, प्रायवेट नर्सिंग होम्स को आपात स्थिति से निपटने के लिए अपने आपको तैयार रखने के लिए कहा है।

पाकिस्तानी इलाकों में कल भारत के ऑप्रेशन सिंदूर के बाद लड़ाई के पूर्ण युद्ध में बदल जाने की आशंका अब और बढ़ गई है। इसकी पुष्टि प्रदेश सरकार द्वारा उठाए जा रहे आपात कदमों से होती है। जम्मू कश्मीर सरकार ने युद्ध की आशंका के चलते किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी जहां आरंभ कर दी है वहीं पाक हमले की सूरत में नागरिकों को बचाव के लिए नागरिक सुरक्षा के उपायों को तेज किया है।

युद्ध की आशंका के चलते सरकार ने अपने सभी कर्मचारियों द्वारा अवकाश लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जबकि जो कर्मचारी तथा अधिकारी अवकाश पर गए हुए हैं उन्हें वापस ड्यूटी पर आने के लिए तत्काल प्रभाव से नोटिस जारी किया गया है। राज्य सरकार द्वारा जारी नोटिस के अनुसार,किसी भी प्रकार का कोई अवकाश पारित न किया जाए।

सिर्फ सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियों को ही रद्द नहीं किया गया है बल्कि मेडिकल कालेज तथा संबंधित अस्पतालों के डाक्टरों, अर्द्ध चिकित्सा स्टाफ तथा अन्य संबंधित कर्मियों के अवकाश को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए अवकाश लेने पर प्रतिबंध लागू कर दिया है।

अधिकारियों के अनुसार, आपात स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार ने मेडिकल कालेज तथा संबंधित अस्पतालों को आपात उपाय करने, एमरजेंसी वार्ड को पूर्ण रूप से सुसज्जित रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त एमरजेंसी वार्ड को खोलने के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है।

अधिकारियों के अनुसार, युद्ध की स्थिति से बचाव के लिए किए जाने वाले आपात उपायों के संबंध में प्रदेश सरकार के अधिकारियों तथा सेनाधिकारियों के बीच बैठकें हुई हैं। इतना ही नहीं प्रदेश सरकार ने युद्ध की स्थिति में चिकित्सा सहायता के लिए प्रायवेट नर्सिंग होम्स के मालिकों से भी तालमेल बनाया है ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका इस्तेमाल सैनिक कार्यों के लिए किया जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि युद्ध की संभावना को देखते हुए नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस), विभाग को अपने आपको पूरी तरह से तैयार रहने के लिए कहा गया है। जबकि अधिकारियों ने लोगों को युद्ध की स्थिति में बचाव व सुरक्षा के उपाय के प्रति जानकारियां देनी आंरभ करने का अभियान भी शुरू करने की योजना बनाई है।

# पिछले 77 सालों से न सिर्फ खबरों में, बल्कि जीवित जंग के मैदान के रूप में भी जानी जाती है एलओसी

**जम्मू,** 8 मई (देशबन्धु)।814 किमी लम्बी एलओसी अर्थात नियंत्रण रेखा आखिर है क्या? जो पिछले 77 सालों से न सिर्फ खबरों में है बल्कि जीवित जंग के मैदान के रूप में भी जानी जाती है। सचमुच यह कोई सीमा है या फिर जमीन पर खींची गई लकीर जो दो देशों को बांटती है। जी नहीं, नदी, नालों, गहरी खाईयों, हिमच्छादित पहाड़ों और घने जंगलों को जमीन पर खींची गई कोई इंसानी लकीर बांट नहीं सकती। यही कारण है कि पाकिस्तान और भारत के बीच चार युद्धों के परिणाम के रूप में जो सीमा रेखा सामने आई वह मात्र एक अदृश्य रेखा है जो न सिर्फ जमीन को बांटती है बल्कि इंसानी रिश्तों, इंसान के दिलों को भी बांटने का प्रयास करती है।

जम्मू प्रांत के अखनूर सेक्टर में मनावर तवी के भूरेचक गांव से आरंभ हो कर करगिल में सियाचिन हिमखंड से जा मिलने वाली एलओसी अर्थात नियंत्रण रेखा आज विश्व में सबसे अधिक खतरनाक मानी जाती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता होगा जिस दिन दोनों पक्षों में गोलाबारी की घटना न होती हो। यही कारण है कि इसे विश्व में जीवित जंग के मैदान के रूप में भी जाना जाता है। रोचक बात यह है कि कहीं भी सीमा का कोई पक्का निशान नहीं है कि जिसे देख कर कोई अंदाज लगा सके कि आखिर सीमा रेखा है कहां। कई जगह घने चीड़ व देवदार के वृक्षों ने सीमा को इस तरह से घेर कर रखा है कि सूर्य की किरणें भी सीमा पर नजर नहीं आती। इसी तरह करगिल से सियाचिन तक बर्फ से ढके पहाड़ साल के बारह महीनों मानव की पहुंच को कठिन बनाते हैं। सीमा की अगर किसी को पहचान है तो उन सैनिकों को, जो विषम परिस्थितियों में भी सीमा पर नजरें जमाए हुए हैं। उनकी अंगुलियां ही यह बता सकने में सक्षम हैं कि आखिर एलओसी है कहां जो



अदृश्य रूप में कायम है और पूरे विश्व में चर्चा का विषय है।

अधिकतर लोग समझ नहीं पाते कि भारत पाक एलओसी व भारत पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा में अंतर क्या है। दरअसल भारत पाक एलओसी वह सीमा है जिसे सही मायनों में युद्धविराम रेखा कहा जाना चाहिए। दोनों देशों की सेनाएं इस रेखा पर एक दूसरे के आमने सामने हैं और युद्ध की स्थिति हर पल बनी रहती है।

और यही अदृश्य रेखा जिसे एलओसी अर्थात लाइन आफ कंट्रोल या नियंत्रण रेखा का नाम इसलिए दिया गया है क्योंकि एक ओर पाकिस्तानी सेना का नियंत्रण है तो दूसरी ओर भारतीय सेना का। लेकिन यह सच्चाई है कि उन लोगों पर दोनों ही सेनाओं में से किसी का भी नियंत्रण नहीं है। उनके आधे रिश्तेदार पाकिस्तान में हैं तो आधे भारत में। यही कारण है कि एलओसी के आर-पार आने-जाने वालों का जो सिलसिला 1947 के बंटवारे के उपरांत आरंभ हुआ था वह अनवरत रूप से जारी है।

इस अदृश्य रेखा रूपी एलओसी का दुखद पहलू यह है कि यह हमेशा ही आग उगलती रहती है जिसमें कमी तो नहीं आई है पिछले 77 सालों के भीतर मगर तेजी हमेशा ही आती रही है। इसी तेजी का अंग कभी छोटे हथियारों से की जाने वाली गोलीबारी है तो कभी बड़े तोपखानों से की जाने वाली गोलाबारी। इसी दुखद पहलू का परिणाम किसी और को नहीं बल्कि एलओसी की परिस्थितियों से जूझ रहे आम नागरिकों को जूझना पड़ता है। विश्व में यही एक ऐसी सीमा रेखा है दो देशों के बीच जहां स्थिति पर नियंत्रण करना किसी भी देश की सेना के बस की बात नहीं है क्योंकि उबड़-खाबड़ पहाड़, गहरी खाईयां, घने जंगल आदि सब मिल कर जिन भौगोलिक परिस्थितियों की भूल भुलैइया का निर्माण करते हैं उन पर सिर्फ हिन्दुस्तानी सेना ही काबू पाने में कामयाब हुई है। हालांकि पाकिस्तानी सेना भी एलओसी पर नियंत्रण रखती है लेकिन उसे इतनी कठिनाईयों का सामना इसलिए नहीं करना पड़ता है क्योंकि उसके अग्रिम ठिकानों से सड़क मार्ग और मैदानी क्षेत्र अधिक दूर नहीं हैं तो साथ ही में वह किसी प्रकार की तस्करी तथा घुसपैठ की समस्या से दो-चार इसलिए नहीं हो रही क्योंकि वह आप ही इन्हें बढ़ावा देती रही है।

# अजीबो गरीब हैं जम्मू-कश्मीर की सीमाएं

**जम्मू,** 8 मई (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में दो देशों-पाकिस्तान तथा चीन-की कुल 2062 किमी लम्बी सीमा लगती है। हालांकि इसमें से 1202 किमी लम्बी सीमा तो सबसे खतरनाक है जो पाकिस्तान के साथ सटी हुई है क्योंकि यह दिन रात आग उगलती रहती है। देश की जनता के लिए सीमा, सीमा ही होती है लेकिन वह यह नहीं समझ पाती है कि आखिर पाकिस्तान के साथ लगने वाली सीमा पर तोपें आग क्यों उगलती रहती हैं। पाकिस्तान के साथ लगने वाली सीमा तीन किस्म की है।

### अंतरराष्ट्रीय सीमा

पाकिस्तान के साथ जम्मू कश्मीर की 264 किमी लम्बी अंतरराष्ट्रीय सीमा भी है जो पंजाब राज्य के पहाड़पुर क्षेत्र से आरंभ होकर अखनूर सैक्टर में मनावर तवी के भूरेचक गांव तक जाती है। इसे अंतरराष्ट्रीय सीमा का नाम इसलिए दिया गया है क्योंकि इस पर संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्ववधान में सीमा बुर्जियों की स्थापना की गई है। अर्थात इस पर निशानदेही की गई है जो यह दर्शाती है कि दोनों देशों की हद यहां तक आकर खत्म होती है। और इस सीमा पर अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए कभी भी गोलीबारी न करने के निर्देश होते हैं जिसकी उल्लंघना पाकिस्तानी सेना की ओर से की जा रही है।

पाकिस्तान से सटी 264 किमी लम्बी अंतरराष्ट्रीय सीमा का एक चौंकाने वाला पहलू यह भी है कि इसके भीतर भी कई स्थान ऐसे हैं जिन्हें वर्किंग बार्डर कहा जाता है। ऐसे स्थानों की संख्यां दस के करीब है। इन्हें वर्किंग बार्डर इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह सभी विवादास्पद क्षेत्र हैं। जिनमें कहीं सीमाबुर्जी का विवाद है तो कहीं कब्रिस्तान का। तो कहीं खेतीबाड़ी करने वाली जमीन का।

### एलओसी अर्थात नियंत्रण रेखा बनाम युद्ध विराम रेखा

वर्ष 1949 में पाकिस्तान तथा भारत के बीच हुए कराची समझौते के अंतर्गत युद्ध को रोकने के बाद जो सीमा का निर्धारण किया गया था युद्धक्षेत्रों में उसे युद्धविराम रेखा अर्थात नियंत्रण रेखा के नाम से जाना



जाता है। इसके मायने यही होते हैं कि युद्ध विराम के समय जिसका जिस स्थान पर कब्जा था वह वहीं तक रहेगा और इस प्रकार दोनों देशों के बीच इस युद्ध विराम रेखा अर्थात् नियंत्रण रेखा अर्थात मानसिक व अदृश्य रूप से दोनों देशों को बांटने वाली रेखा की लम्बाई 814 किमी है जो अखनूर सेक्टर के मनावर तवी के क्षेत्र के भूरेचक गांव से आरंभ होकर करगिल सेक्टर के उस स्थान पर जाकर समाप्त होती है जहां से सियाचिन हिमखंड की सीमा आरंभ होती है। जिस स्थान पर यह नियंत्रण रेखा समाप्त होती है उस स्थान को एनजे-9842 का नाम दिया गया है जिसके मतलब हैं-पूर्वी अक्षांश पर 98 डिग्री और उत्तरी अक्षांश पर 42 डिग्री। जबकि इस नियंत्रण रेखा का रोचक पहलू यह है कि इस नियंत्रण रेखा पर पिछले 77 सालों में गोलीबारी कभी भी रूकी नहीं है जो अब जंग में तब्दील हो चुकी है।

वास्तविक जमीनी कब्जे वाली रेखा6एजीपीएल8

एजीपीएल अर्थात् सियाचिन हिमखंड की सीमा रेखा। जो 124 किमी लम्बी है। इसकी शुरूआत एनजे-9842 से आरंभ होती है और भारतीय दावे के अनुसार इसका अंतिम छोर के-2 पर्वत की चोटी के बाईं ओर इंद्र श्रृंखला के पास है तो पाकिस्तानी दावे के अनुसार यह एनजे-9842 के निशान से सीधे काराकोरम दर्रे पर जाकर खत्म होती है और यही झगड़ा 1984 से आरंभ हुआ है जिसका परिणाम यह है कि इस करीब 110 वर्ग किमी के लम्बे क्षेत्र में दोनों ही देशों के बीच विश्व के इस सबसे ऊंचे युद्धस्थल पर मूंछ की लड़ाई जारी है जिस पर प्रतिमाह कई सौ करोड़ रूपयों से अधिक का खर्चा भारतीय पक्ष को करना पड़ रहा है और इतना ही पाकिस्तानी पक्ष को भी।

#### पाकिस्तान से लगी जम्मू कश्मीर की सीमा

| | |
|---|---|
| अंतरराष्ट्रीय सीमा | 264 किमी |
| नियंत्रण रेखा | 814 किमी |
| एजीपीएल | 124 किमी |

#### जम्मू कश्मीर का क्षेत्र

| | |
|---|---|
| भारत के साथ | 1,39,000 वर्ग किमी |
| पाक के साथ | 86,500 वर्ग किमी |

# शोभीपुर ही नहीं, पत्रकारिता जगत की शोभा थे बाबू शेष नारायण सिंह

**शोभीपुर/सुल्तानपुर,** 8 मई (देशबंधु)। देशबन्धु के पोलिटिकल एडिटर रहे शेष नारायण सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर उनके गांव शोभीपुर में कार्यक्रम हुआ। सुबह से देर शाम तक श्रद्धांजलि देने वालों का आगमन होता रहा। रूंधे गले से लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

देशबंधु संवाददाता ओम प्रकाश सिंह के शब्दों में कार्यक्रम को जानिए। जाना सबको है। कुछ शून्य में मिल जाते हैं तो कुछ अपनी यादों, कर्मों पर 'शेष' रह जाते हैं। शेष रह जाने वालों में एक नाम है देश के वरिष्ठ पत्रकार रहे बाबू शेष नारायण सिंह का। कोरोना से लड़ते हुए चार साल पहले सात मई को उन्होंने इहलोक से विदा ले लिया था। बाबू शेष नारायण सिंह उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जनपद में शोभीपुर के रहने वाले थे। लंभुआ से जब आप कादीपुर की तरफ लगभग ढाई किमी चलेंगे तो उनकी याद में स्मृति द्वार बना है। क्षेत्रीय विधायक ने बनवाया है। इस स्मृति द्वार से सौ मीटर आगे सड़क किनारे बायीं तरफ शेष नारायण सिंह के आवासीय परिसर में जाने के लिए एक विशाल गेट है। अंदर प्रवेश करने पर बाएं हाथ बैठकी के लिए एक छप्पर है। विभिन्न प्रकार





के आम, अमरुद, कटहल, रामफल के पौधों से सुसज्जित विशाल प्राकृतिक हाता है। इसी हाते में उनकी चौथी पुण्यतिथि मनी। हाते के बाद पुराने व नए आवास में जाने के लिए गेट है। प्रवेश करने पर सामने श्याम कुंवरि आवास है जिसे शेष नारायण सिंह ने बनवाया था। बाएं हाथ पर खपरैल वाला पुश्तैनी आवास है। जहां शेष नारायण सिंह जन्मे और शोभीपुर का नाम देश दुनिया में रोशन किया। सामने एक मोटे तने वाला नीम का पेड़ है, जिसे उन्होंने अपने हाथ से लगाया था। इसके चबूतरे पर देश दुनिया के कई बड़े पत्रकार बैठकर गांव जहान की बातें कर चुके हैं। बाबू शेष नारायण सिंह के छोटे भाई सूबेदार सिंह रूंधे गले से बताते हैं कि भइया को नीम के इस पेड़ से बड़ा प्रेम था। एक बार उन्होंने भइया से कहा इसे कटवा देते हैं तो भइया ने कहा कितना पैसा मिल जाएगा। जवाब था लगभग पांच हजार तो बाबू शेषनारायण सिंह ने कहा हमसे पंद्रह हजार लो लेकिन यह कटना नहीं चाहिए। पुण्यतिथि के अवसर पर अयोध्या के पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय, बाबू शेषनारायण सिंह के साथ 15 सितम्बर 1973 को मुंशी गेस्ट हाउस गोरखपुर विश्वविद्यालय में नौकरी का प्रथम इंटरव्यू देने वाले बड़े लेखकों में शुमार, संस्कृत हिंदी के विद्वान सुशील कुमार पांडेय साहित्येन्दु, बाबू अनिल सिंह के साथ हमने भी नीम पेड़ के नीचे दाल चावल ग्रहण किया। बाबू शेषनारायण सिंह की छोटी बिटिया टिनीचा व परिवारीजनों ने स्वयं भोजन परोसा। पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शोभीपुर पढ़े लिखे लोगों का गांव है। यह इसलिए भी है कि बाबू शेष नारायण सिंह 'शिक्षित बनो' के पर्यायवाची थे।

रायपुर, शुक्रवार 9 मई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# युद्ध जैसे हालात में सरकार से अपेक्षा

मंगलवार की आधी रात को पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर स्थित जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तान की तरफ से भयंकर गोली बारी शुरु की गई, जिसमें कम से कम 16 लोगों के मारे जाने की खबर है, साथ ही लांस नायक दिनेश कुमार शहीद भी हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक पाकिस्तान ने इसके अलावा भारत के अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि पाकिस्तान के इन हमलों को एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम ने बेअसर कर दिया। भारत के रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पाकिस्तानी ड्रोनों के मलबे अब कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं जो इस बात को साबित करते हैं कि पाकिस्तान ने हमला किया था।

जाहिर है हमारी सेना और मजबूत रक्षा तंत्र ने इस तरह देश की रखवाली की कि व्यापक तौर पर नागरिकों को पाकिस्तान की तरफ से हुए हमलों का पता ही नहीं चला। इस साहसिक कृत्य के लिए सेना की जितनी सराहना की जाए, कम है। इस समय सारा देश यही कर भी रहा है। गुरुवार को जब सरकार ने सभी दलों की बैठक फिर से बुलाई, तब भी तमाम दलों ने एकजुटता का भरोसा सरकार को दिलाया।

युद्ध के मुहाने पर खड़े इस कठिन दौर से गुजरते हुए भारत का हर विपक्षी दल और नागरिक अपने परस्पर विरोधों को भुलाकर सरकार और सेना के साथ खड़ा है लेकिन यह बेहद दुखद और आश्चर्यजनक बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो देश का नेतृत्व करते हैं, इस विषय पर गुरुवार को दिल्ली में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पुन: अनुपस्थित रहे। 'पुन:' शब्द का इस्तेमाल इसलिये किया जा रहा है क्योंकि पहलगाम हमले के बाद 24 अप्रैल को बुलाई गई ऐसी ही बैठक में मोदी नहीं आये थे। हालांकि उन्होंने आतंकवादियों को धरती के आखिरी छोर से भी पकड़ लाने का वादा देश से किया था। सेना ने संयुक्त ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में दहशतगर्दों द्वारा चलाये जा रहे आतंकी कैंपों को उड़ा दिया। लेकिन इस दौरान सरकार को कम से कम सीमावर्ती इलाकों से नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने का इंतजाम कर लेना चाहिए था। अगर ऐसा होता तो शायद पुंछ में जो नुकसान हुआ, वह न होता। पुंछ इलाके में मारे गये नागरिक ज्यादातर किसान हैं। एक तरह से देखें तो ये सर्जिकल स्ट्राइक हो या सीमा के आर-पार की बम वर्षा के कारण लगभग युद्ध की स्थिति है।

ऐसे में सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री का न आना यह बतलाता है कि वे लोगों से मिल रहे जनसमर्थन के कारण विपक्ष ही नहीं, नागरिकों व यहां तक कि संसद को भी काफी हल्के में ले रहे हैं। याद हो कि 22 अप्रैल को हुए बैसरन कांड के वक्त मोदी सऊदी अरब के दौरे पर थे जिसे छोड़कर वे भारत लौटे थे। इससे यह महसूस किया गया था कि वे स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए लौटे हैं। इसके विपरीत उन्होंने न तो राष्ट्र के नाम संदेश दिया और न ही कोई ऐसा बड़ा कदम उठाया जिससे महसूस हो कि वे किसी बड़े फैसले को लेने या उसे क्रियान्वित करने के लिये उद्धत हैं। वे बिहार चले गये जहां उन्होंने वहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ एक रैली की। यहां इस साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने हैं। मंच पर उनकी और नीतीश बाबू के बीच होती हंसी-ठिठौली की तस्वीरें व वीडियो लोगों को चकित करते रहे। उन्होंने सर्वदलीय बैठक में हिस्सा नहीं लिया और न ही सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया जिसकी सम्पूर्ण विपक्ष मांग कर रहा था। जनता को भी इसकी अपेक्षा थी।

मोदी वही कहानी दोहराते नज़र आ रहे हैं- न तो सर्वदलीय बैठक में जाना, न राष्ट्र के नाम संदेश प्रसारित करना और न ही संसद का विशेष अधिवेशन बुलाने की पेशकश को सुनना। गुरुवार की बैठक में शामिल लगभग सभी दलों ने एक बार फिर से इस बात की घोषणा की कि वे पूरी तरह से सरकार के साथ हैं और वह जो भी कदम उठाये, वे उसका समर्थन करते हैं। सेना से जुड़ी गोपनीय बातों का जिक्र नहीं करना है, इसलिए बैठक से बाहर आकर किसी नेता ने कोई ऐसा बयान नहीं दिया, जिससे असुविधा हो। अलबत्ता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नहीं आए, हालांकि हम अभी इस बात के लिए उनकी आलोचना नहीं करेंगे, क्योंकि यह वक्त आलोचना का नहीं है। वहीं राहुल गांधी ने जरूर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग उठाई, ताकि दुनिया के सामने अच्छा संदेश जाए। पहले भी विपक्ष इस आशय की मांग कर चुका है। बैसरन घाटी की घटना के बाद जब राहुल पहलगाम गये थे, उन्होंने साफ किया था कि वे किसी तरह की खामी या चूक की बात इस समय नहीं करेंगे। वे बाद में कई प्रभावित परिवारों से भी मिले थे, तब भी उन्होंने किसी भी प्रकार से सरकार की आलोचना नहीं की थी। ऐसे में जब विपक्ष बेहद जिम्मेदारी व संजीदगी के साथ सरकार को साथ दे रहा है, तब मोदी द्वारा सर्वदलीय बैठक में, वह भी दूसरी बार न आना दुखद ही कहा जायेगा। बेशक, बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्थिति की जानकारी दी। गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू भी इसमें मौजूद थे।

अलबत्ता महाराष्ट्र में कुछ भारतीय जनता पार्टी नेता के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के पोस्टर भी लगने शुरू हो गये हैं जो बतलाता है कि किस प्रकार से भाजपा इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ लेने के लिए आमादा है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को चाहिये कि वे अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं को इससे बाज आने के लिये कहे वरना माना जायेगा कि सरकार इस सारी कवायद का सियासी फायदा लेने की फिराक में है। यह शर्मनाक भी है कि सेना की सफलता का श्रेय पार्टी ले- चाहे वह सत्तारुढ़ ही क्यों न हो। ऐसे में जब समझिये कि लड़ाई लगभग छिड़ ही गयी है, सभी को अपने तमाम मतभेद व क्षुद्र हितों को छोड़कर एक-दूसरे के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ा होना होगा।


# हिंद की सेना का जवाब कि, 'हां तुम एक विफल राष्ट्र हो!'

पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है क्योंकि इसका जन्म ही नफ़रत की बुनियाद पर हुआ है। अंग्रेजों से आज़ाद होते ही भारत का बंटवारा हुआ और मानवता ने जिस वीभत्स मंज़र को देखा, उसकी मिसाल कम मिलती हैं। कई कलाकार, लेखक और पॉलिटिशियन मज़हब के आधार पर बंटे पाकिस्तान में चले तो गए लेकिन उम्र भर सिर्फ हिंदुस्तान को ही याद करते रहे, अपने दोस्तों से मिलने के लिए तड़पते रहे जैसे उन्हें यह अहसास हो गया था कि ग़लती हो चुकी है और समय का पहिया अब पीछे नहीं खींचा जा सकता। जो लिख सकते थे, उनके शब्दों में यह दर्द बयां हुआ और बाक़ी अपने दिलों में इस टीस के साथ ज़िंदा रहे। मशहूर और बेहतरीन कहानीकार सआदत अली हसन 'मंटो' (दो दिन बाद उनकी सालगिरह है) उन्हीं में से एक थे। उन्होंने विभाजन के समय हुए दंगों की त्रासदी को भीतर तक उतारा और फिर पन्नों पर। 'टोबा टेकसिंह' और 'खोल दो' उनकी ऐसी ही महान रचनाएं हैं। मंटो दोस्तों को अक्सर लिखा करते थे कि, च्यार मुझे वापस बुला लो !ज्उन्होंने ख़ुदकुशी की कोशिश भी की थी। वे बहुत कम (43 साल) जी पाए। जैसे चिंता और जीवन का कोई गहरा रिश्ता हो। यूं तो मंटो के बारे में कहने को इतना कुछ है कि मंटो पढ़ाई-लिखाई में कुछ ख़ास नहीं थे, कि मंटो कॉलेज में उर्दू में ही फ़ेल हो गए थे, कि शायर फैज़ अहमद फ़ैज़ मंटो से केवल एक साल बड़े थे, कि उन्हें भी चेखोव की तरह टीबी था, कि वे बेहद निडर थे, कि उनकी कई कहानियों पर अश्लीलता के मुक़दमे चले और उनकी कहानियां तो बस इंसान को चीर के ही रख देती हैं। विभाजन से पहले के बॉम्बे में उनके किस्से-कहानियां फिल्म इंडस्ट्री की जान हुआ करते थे। बेशक मंटो का फिर पैदा होना मुश्किल है लेकिन अफ़सोस यह भी कि एक बेहतरीन कथाकार नफ़रत की भेंट चढ़ गया और असमय मौत की नींद सो गया।

ऐसे ही एक शायर रईस अमरोही थे जो जॉन एलिया के बड़े भाई थे। वे भी बंटवारे को बर्दाश्त नहीं कर पाए। उनका परिवार उत्तर प्रदेश के अमरोहा का था जो 1947 में पाकिस्तान चला गया। उनकी मेटाफिजिक्स, ध्यान और योग पर कई किताबें प्रकाशित हुईं। उनका भी दिल केवल भारत के लिए धड़कता रहा। वे लिखते हैं-

हिन्द की बहारों, तुम को सलाम पहुंचे
बिछड़े हुए नज़ारों, तुम को सलाम पहुंचे
भारत के चांद तारों, तुम को सलाम पहुंचे
बरसों के बाद यारों तुम को सलाम पहुंचे
ये नामा-ए -मोहब्बत यारों के नाम ले जा
ओ हिंद जाने वाले मेरा सलाम ले जा।

उनकी ऐसी कई नज़्मों का ज़िक्र और प्रकाशन विदेश सेवा के अधिकारी और सांसद रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब 'पाकिस्तान पेपर्स' में किया है। रईस अमरोही की 1988 में एक कट्टरपंथी समूह ने उनकी लाइब्रेरी में ही हत्या कर दी। कट्टरपंथी केवल किसी धर्म के ख़िलाफ़ नहीं होते। वे हर उस व्यक्ति के ख़िलाफ़ होते हैं जो उदारता की बात करता है, तरक़्क़ी की बात करता है, शांति की बात करता है। वे ख़ुद में एक ज़िंदा बम होते हैं। ऐसे बीमार जिन्हें ताज़ा हवा कभी छूकर भी नहीं गुज़री होती। शक और डर में जीने वाले हैवानों का कुनबा जो निर्दोषों का खून बहाना जानता है। वे ही 22 अप्रैल को पहलगाम आए थे और कई स्त्रियों के सिंदूर उजाड़ गए। खुद मोहम्मद अली जिन्ना, जिन्हें पाकिस्तान का जनक और क़ायदे आज़म बताया जाता है, वे भी अपनी ज़िन्दगी में ही अनुभूत कर चुके थे कि पाकिस्तान का बनाना उनकी ग़लती थी। वे पाकिस्तान बनने के बाद केवल एक साल ज़िंदा रहे। मज़हब के आधार पर एक देश बनाने वाले ने कहा था- 'पाकिस्तान कोई ईश्वर शासित राज्य नहीं होगा जहां पीर-पुज्जे किसी खास मक़सद से राज करेंगे। देश में कई गैर मुस्लिम भी हैं जिन्हें समान अधिकार होंगे और वे मिलकर पाकिस्तान की तरक्की में शामिल होंगे।' अफ़सोस ऐसा हो न सका क्योंकि बुनियाद ऐसी नहीं थी।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफ़ल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया था।

पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफ़ल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया था। इस बार वे खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के काकुल इलाके में पाकिस्तान सैन्य अकादमी में कैडेट की 'पासिंग आउट परेड' को संबोधित कर रहे थे। मुनीर ने कहा- ''द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस बुनियादी मान्यता पर आधारित था कि मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग मुल्क हैं, एक नहीं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं- धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा और सोच में हिंदुओं से अलग हैं।'' तब सवाल यही है कि बांग्लादेश क्यों पाकिस्तान से अलग हुआ? पाक सेना के प्रमुख यहां बुरी तरह फेल हुए हैं और फ़ेल हुआ है उनका मज़हब के आधार पर दो राष्ट्र बनाने का सिद्धांत। अगर जो भारत के सियासी दल धर्म को सियासत में शामिल करते रहे तब पाकिस्तान ज़रूर बांग्लादेश से सांठगांठ कर बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है।

साफ़ है कि एक विफल राष्ट्र का सेनाध्यक्ष कैसे अपनी सोच को सही बताने के इरादे से कुतर्क का सहारा लेने लगता है, जबकि भारत का सच दुनिया के सामने है। इसकी वजह जिन्ना के समकालीन हमारे नेताओं की दृष्टि और सोच है। पाकिस्तान के मज़हबी आधार पर निर्माण के बावजूद उन्हें कोई दुविधा नहीं थी कि वे भविष्य में कैसा भारत बनाएंगे। उन्होंने विश्व का बेहतरीन संविधान गढ़ा। देश जहां हर वर्ग, धर्म के नागरिक समान और मौलिक अधिकारों के दायरे में होंगे। कोई भेदभाव नहीं होगा। आज भारत और पाकिस्तान दोनों कहां खड़े हैं? उसके पीछे 1947 की भीषण त्रासदी के बावजूद हमारे नेताओं की सर्वधर्म समभाव की सोच रही। इस सोच का परिचय भारतीय सेना ने बुधवार को तब भी दिया जब दो महिला अधिकारियों ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दुनिया से साझा की। उन्होंने भारतीय सेना और वायु सेना की संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की। विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने विदेश सचिव मिस्त्री के साथ ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देते हुए मंगलवार रात एक बजे से डेढ़ बजे तक पाकिस्तान में निशाना बनाए गए ठिकानों के नाम और विवरण साझा किए। सिग्नल कोर की अधिकारी सोफिया कुरैशी ने हिंदी में बात की, जबकि विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने अंग्रेजी में बात कही। कर्नल सोफिया ने 2016 में बहुराष्ट्रीय क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास में सेना के प्रशिक्षण दल का नेतृत्व भी किया था। उनके परिवार की पृष्ठभूमि सेना में सेवा देने की रही है। सोफिया कुरैशी के पिता ताज मोहम्मद कुरैशी ने कहा- 'हमें बहुत गर्व है। हमारी बेटी ने हमारे देश के लिए बहुत बड़ा काम किया है। पाकिस्तान को नष्ट कर देना चाहिए। मेरे दादा, मेरे पिता और मैं सभी सेना में थे। अब वह भी सेना में है।' ऑपरेशन सिंदूर के साथ यह काफ़ी है पाकिस्तान को भारत के अब तक के सफर और सोच को बताने के लिए।

उधर पाकिस्तान की सूचना मंत्री और पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खर ने कई विदेशी चैनलों को साक्षात्कार दिए लेकिन आतंकवादियों को पनाह देने के ख़िलाफ़ उनके पास कोई जवाब नहीं था क्योंकि पूरी दुनिया जानती है कि अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में घुसकर मारा था। भारत के ख़िलाफ़ आतंक का प्रयोग पाकिस्तान की सेना और शासन दोनों के लिए खाद-पानी का काम करता रहा। उनका लोकतंत्र हमेशा सेना की बैसाखियों पर सवार रहा। पहलगाम नरसंहार के बावजूद भारतीय सेना ने सुरक्षात्मक रवैया अपनाया है। कोई सैनिक और नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया क्योंकि युद्ध खुद एक मसला होता है किसी मसले का हल नहीं।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता 9 मई से स्विट्जरलैंड में होगी शुरू

■ नित्य चक्रवर्ती

अब यह आधिकारिक हो गया है। डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन के लिए अमेरिकी टैरिफ दरों को कम करने, वार्ता के लिए अपने इरादे की घोषणा करने, और उसके बाद कुछ दिनों तक प्रतीक्षा करने के बाद, चीन ने बुधवार की सुबह पुष्टि की कि एक उच्च स्तरीय चीनी वार्ता दल 9 मई से चार दिनों के लिए स्विट्जरलैंड का दौरा करेगा, जहां वह ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट के नेतृत्व में अमेरिकी उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता करेगा। यह राष्ट्रपति ट्रम्प और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के दो कार्यालयों द्वारा पिछले कुछ दिनों में की गयी बैक चैनल चर्चाओं का परिणाम था।

अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने पिछले महीने के अंत में सबसे पहले तब कदम उठाया जब उन्होंने कुछ चीनी वस्तुओं पर दरें कम कीं और कहा कि वह राष्ट्रपति शी से बात करेंगे और मामले को सुलझा लेंगे। इसके तुरंत बाद उन्होंने कहा कि उन्होंने चीनी राष्ट्रपति से बात की। उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर बात करने की आदत है। उन्होंने सीधे राष्ट्रपति शी से बात नहीं की, लेकिन उनके सलाहकार चीनी राष्ट्रपति के अधिकारियों के संपर्क में थे। इस तरह से ट्रंप ने शी के साथ अपनी बैठक के बारे में जो कहा, वह आधा सच था। दोनों राष्ट्रपतियों के अधिकारी बात कर रहे थे।

चीनी स्त्रोतों ने घोषणा के बाद कहा कि चीन की स्थिति सुसंगत है। चाहे टकराव हो या बातचीत, चीन का अपने विकास हितों की रक्षा करने का संकल्प कभी नहीं डगमगायेगा, न ही अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय तथा वैश्विक आर्थिक और व्यापार व्यवस्था को बनाये रखने में उसका रुख और उद्देश्य कभी डगमगायेगा।

अब कुछ बुनियादी बातों पर चर्चा के बाद, दोनों प्रतिनिधिमंडल चार दिनों के लिए तीसरे देश स्विट्जरलैंड में बैठक करेंगे, ताकि विस्तार से चर्चा की जा सके। व्यापार वार्ता इस बार निर्णायक नहीं हो सकती है, लेकिन इससे आगे की बैठकें आयोजित करने की प्रक्रिया आसान हो जायेगी, ताकि ट्रंप और शी आखिरकार मिल सकें और समझौते पर हस्ताक्षर कर सकें। यह याद रखना होगा कि व्यापार वार्ता उस समग्र समझौते का केवल एक हिस्सा है, जिसे ट्रंप अपने वैश्विक आख्यान के हिस्से के रूप में शी जिनपिंग के साथ करने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें समय लगेगा और अगर जरूरत पड़ी तो इसे अलग-अलग हिस्सों में बांटा जायेगा, ताकि अन्य क्षेत्र प्रभावित न हों।

चीनी स्त्रोतों ने घोषणा के बाद कहा कि चीन की स्थिति सुसंगत है। चाहे टकराव हो या बातचीत, चीन का अपने विकास हितों की रक्षा करने का संकल्प कभी नहीं डगमगायेगा, न ही अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय तथा वैश्विक आर्थिक और व्यापार व्यवस्था को बनाये रखने में उसका रुख और उद्देश्य कभी डगमगायेगा। अगर हमें लड़ना होगा तो हम लड़ेंगे। अगर अमेरिका बात करना चाहता है तो हमारे दरवाजे खुले हैं। संवाद और बातचीत समानता, सम्मान और आपसी लाभ पर आधारित होनी चाहिए, प्रवक्ता ने आगे कहा।

सेंटर फॉर चाइना एंड ग्लोबलाइजेशन के वरिष्ठ फेलो ही वेइवेन ने बुधवार को ग्लोबल टाइम्स को बताया कि स्विट्जरलैंड में चीनी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच होने वाली आगामी बैठक एक सकारात्मक विकास को दर्शाती है। 'यह तथ्य कि दोनों पक्ष मिलेंगे, एक अच्छा संकेत है, लेकिन कुंजी अमेरिकी पक्ष में है,' ही वेइवेन ने कहा, इस बात पर जोर देते हुए कि कोई ठोस परिणाम निकलता है या नहीं, यह वाशिंगटन की अपनी अन्यायपूर्ण और अवैध टैरिफ नीति को सही करने की इच्छा पर निर्भर करेगा-चीन पर बिना किसी पूर्व शर्त के या किसी मांग के। उन्होंने कहा, 'केवल तभी सार्थक बातचीत हो सकती है जब अमेरिका अपनी गलतियों को बदल दे।'

वैश्विक व्यापार विशेषज्ञों ने उल्लेख किया है कि ट्रम्प जल्दी बातचीत में अधिक रुचि रखते थे क्योंकि उनके सलाहकारों ने उन्हें बताया था कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका के कई व्यापार भागीदारों से बात कर रहे हैं और यदि ट्रम्प अभी भी चीन और अन्य देशों पर अपने मजबूत टैरिफ रुख पर कायम रहते हैं, तो शी जिनपिंग इस समय का उपयोग कुछ और देशों को अमेरिका के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रभावित करने के लिए करेंगे। अमेरिका के 180 देशों के साथ व्यापार भागीदारी है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण 50 से 75 देश हैं, जिनके साथ अमेरिकी राष्ट्रपति 90 दिन के विराम के भीतर व्यापार वार्ता शुरू करने की उम्मीद करते हैं, जो इस साल जुलाई के पहले सप्ताह में समाप्त हो रहा है।

केवल कुछ ही दिन पहले 4 मई को इटली के मिलन में आयोजित 28वीं आसियान प्लस थ्री वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया सहित आसियान सदस्यों ने जारी एक संयुक्त बयान में बढ़ती संरक्षणवाद और अस्थिर वैश्विक वित्तीय स्थितियों सहित बढ़ती अनिश्चितताओं को दूर करने के लिए क्षेत्रीय एकता और सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया था।

संयुक्त बयान, जिसमें अमेरिका का नाम नहीं लिया गया था, ऐसे समय में आया जब अमेरिका द्वारा लगाये गये नये टैरिफ दक्षिण पूर्व एशिया को बुरी तरह प्रभावित करने का खतरा पेश कर रहे हैं, निक्केई एशिया ने रिपोर्ट की। चीनी वित्त मंत्री लैनफोआन ने बैठक में भाग लिया और कुछ सत्रों की सह-अध्यक्षता की। लैन ने जोर देकर कहा कि- वैश्विक अर्थव्यवस्था गहन समायोजन से गुजर रही है, वैश्वीकरण के सामने चुनौतियां हंक और एकतरफावाद और संरक्षणवाद बढ़ रहा है। अस्थिरता और अनिश्चितताएं उल्लेखनीय रूप से बढ़ी हैं। 10+3 क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाएं मजबूत लचीलापन प्रदर्शित करती हैं और उनमें महत्वपूर्ण विकास क्षमता है, लेकिन वे जटिल और गंभीर आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का भी सामना करती हैं।

लैन ने कहा कि चीन 10+3 ढांचे में सभी पक्षों के साथ काम करने के लिए तैयार है ताकि खुलेपन और समावेशिता को बनाये रखा जा सके, एकजुटता और सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके और इस क्षेत्र की स्थिरता और निश्चितता के साथ वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितता को संबोधित करने के लिए क्षेत्रीय वित्तीय सहयोग को लगातार गहरा किया जा सके। बैठक के बाद आसियान वेबसाइट पर जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि 'बढ़ते व्यापार संरक्षणवाद से वैश्विक व्यापार पर भार पड़ता है, जिससे वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितता को बढ़ावा मिलता है। आर्थिक विखंडन के कारण व्यापार, निवेश और पूरे क्षेत्र में पूंजी प्रवाह प्रभावित हो रहा है। निकट भविष्य की संभावनाएं अन्य बाहरी जोखिमों से भी प्रभावित हो सकती हैं, जिसमें सख्त वैश्विक वित्तीय स्थितियां, प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में विकास में मंदी और निवेश प्रवाह में कमी शामिल है।'

अमेरिका जापान और आसियान देशों के साथ सबसे अधिक मित्रवत है, फिर भी शिखर सम्मेलन के बाद जारी किये गये बयान के लहजे से पता चलता है कि ट्रंप के एकतरफा टैरिफ वृद्धि कदम के खिलाफ उसे दिशा देने में चीन का प्रभाव है। व्यापार कूटनीति में अमेरिका को मात देने के लिए चीन अब जो कर रहा है, वह यह है कि राष्ट्रपति शी खुद को अमेरिका के घोर संरक्षणवाद के खिलाफ नियम आधारित वैश्वीकरण के नायक के रूप में पेश कर रहे हैं। अमेरिकी सलाहकारों ने इस पर ध्यान दिया है और ट्रंप से कहा है कि वे चीन को व्यापार वार्ता में शामिल करें ताकि अन्य देश भी इसका अनुसरण करें।

वैश्विक टैरिफ युद्ध ने कुछ क्षेत्रों में चीन को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है। हालांकि चीन यह स्वीकार नहीं करता है कि कुछ क्षेत्रों में उत्पादन पैमाने को कम किया गया है, जो नवीनतम टैरिफ युद्ध में अत्यधिक प्रभावित हुए हैं। चीनी अर्थव्यवस्था में लचीलापन है, लेकिन यह अमेरिकी बाजार को निर्यात पर इतना अधिक निर्भर है कि अगर ट्रंप अपनी दरों में बदलाव नहीं करते हैं तो उसके पास बहुत सीमित विकल्प हैं। इसी तरह ट्रम्प के पास भी चीन के साथ जल्द से जल्द व्यापार समझौता करने की मजबूरी है। लेकिन भू-राजनीति भी इसमें बहुत बड़ी भूमिका में है क्योंकि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं वर्चस्व के लिए लड़ रही हैं। 9 मई से होने वाली स्विटजरलैंड वार्ता दोनों देशों के बीच विकसित हो रहे व्यापार संबंधों के रुझान का संकेत देगी।

## आपके पत्र

### लगातार आतंकी हमलों के विरोध में उठाया गया कदम

140 करोड़ भारतीय जनमानस की भावनाओं के अनुरूप भारत की जांबाज सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अड्डों पर सैन्य कार्रवाई करते हुए आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाकर पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। भारत ने सैन्य कार्रवाई करते हुए केवल आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई करके विश्व को यह भी संदेश दिया है कि हम भारतीय गांधी और बुद्ध के शांतिपूर्ण एवं न्याय की अवधारणा से जुड़े हैं। भारत एक शांतिप्रिय देश है और भारत का यह कदम पाकिस्तान के द्वारा लगातार आतंकी हमलों के विरोध में उठाया गया जरूरी कदम है, जिसको विश्व समुदाय जरूर समझेगा। भारत के प्रधानमंत्री ने सैनिक कार्रवाई के बाद महामहिम राष्ट्रपति से मुलाकात करके स्थिति से अवगत कराया जो भारत की सर्वोच्च कमांडर भी है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने इस कार्रवाई को गौरवमय एवं सराहनीय कदम बताया है। इस घटना के बाद सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने एक स्वर में केंद्र सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों का पूर्ण समर्थन किया है। भारत की यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध मे की गई है। इस आतंकी घटना के बाद देशभर में उत्तेजना और आक्रोश का माहौल बन गया था और भारत सरकार से यह अपेक्षा थी कि भारत की सरकार आतंकी हमलों के बाद पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगा जिसकी परिणति अब देखने को मिली है। यह पाकिस्तान के लिए चेतावनी है कि जितनी जल्दी हो सके आतंकवादी गतिविधियों को अपने देश से समाप्त कर दे और किसी तरह का भी संरक्षण और सहयोग ना करे। आतंकी घटनाओं के कारण पाकिस्तान बेनकाब हो चुका है। यदि समय रहते ऐसा नहीं किया तो पाकिस्तान की तबाही निश्चित है।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली**



## ललित सुरजन की कलम से

### वियतनाम: विश्व शांति के लिए एक पहल

*'चीन, भारत, जापान, वियतनाम ये सब एशियाई देश हैं। याने एक-दूसरे के पड़ोसी हैं। यह हर शांतिप्रिय नागरिक चाहेगा कि एशिया में शांति का वातावरण बना रहे। इस दृष्टि से यह आवश्यक हो जाता है कि हिन्द महासागर हो या प्रशांत महासागर, लाल सागर हो या बंगाल की खाड़ी या दक्षिण चीन समुद्र या मलक्का जल डमरूमध्य- इस पूरे जल क्षेत्र में किसी तरह की कोई सैनिक हलचल न हो। यदि दो महाशक्तियों की प्रतिद्वंद्विता के बीच एशिया के समुद्रों में सैनिक अड्डे आदि बनते हैं तो उससे इन एशियाई देशों के अनिष्ट की आशंका हमेशा बनी रहेगी। इस परिदृश्य पर गौर करते हुए कार्यशाला में एकमतेन स्वीकार किया गया कि ये जलराशियां मानवता की साझी धरोहर हैं और इनमें किसी भी तरह की सामरिक गतिविधियां होना अवांछित है तथा इन्हें सदा के लिए शांति का क्षेत्र बने रहना चाहिए।'*

*'तीन दिवसीय कार्यक्रम में इन दो प्रमुख मुद्दों के अलावा परमाणु निशस्त्रीकरण, आतंकवाद, अमेरिका की बढ़ती हुई दादागिरी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। दूसरी ओर दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच तनाव कम करने के जो प्रयत्न हो रहे हैं इन पर संतोष व्यक्त किया गया।'*

**(देशबन्धु में 21 जून 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/06/blog-post_20.html

## पावन प्रसंग

### सबसे बड़ा संतोष धन

जीवन में असंतोष का अपना ही महत्व है। यदि व्यक्ति या समाज अपनी यथास्थिति से संतुष्ट होकर हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाए तो उसकी सभ्यता, संस्कृति के विकास का मार्ग ही अवरुद्ध हो जाए। इस संदर्भ में असंतोष उचित माना जा सकता है। जहां इसके द्वारा जीवन की उन्नति, प्रगति एवं उत्कर्ष का मार्ग प्रशस्त होता है, लेकिन जब असंतोष के प्रेरक तत्व लोभ अनावश्यक प्रतिद्वंद्विता और ईर्ष्या, द्वेष जैसे नकारात्मक भाव हो जाएं तो यह जीवन की सुख-शांति को चौपट कर देता है।

आज चारों ओर ईर्ष्या-द्वेष और अस्वस्थ होड़ का बोलबाला है। जीवन मूल्यों के क्षरण और नैतिक पतन के कारण इंसान प्रतिद्वंद्विता की अंधी दौड़ में शामिल है। जो सहज रूप से उपलब्ध है, उसमें संतुष्ट नहीं, जबकि उससे जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी हो रही हैं, सामान्य जीवनयापन चल रहा हो लेकिन जब दूसरों से तुलना करने का, उनकी तरह ठाठ-बाट, महंगे शौक और वैभव प्रदर्शन का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है तो फिर इसका कोई अंत नहीं।

असंतोष से जुड़ी समस्या यहीं से प्रारंभ हो जाती है। इस अंधी दौड़ में यह भी नहीं सूझ पड़ता कि दूसरे का जो वैभव या चमक-दमक दिख रही है, उसका यथार्थ क्या है? क्या वह ईमानदारी की कमाई है। यदि बेईमानी, भ्रष्टाचार या चापलूसी से रौब-दाब, प्रभाव या संपत्ति अर्जित की है तो उसका क्या मोल? ऐसे में दूसरों की चिकनी-चुपड़ी रोटी से तो अपनी रूखी-सूखी ही श्रेष्ठ है, जिसमें मन की शांति संतोष साथ में रहें और जीवन की सद्गति भी सुनिश्चित हो।

यदि दूसरे की कमाई ईमानदारी की है तो उसके वैभव. पद या प्रभाव के पीछे निहित अथक श्रम, त्याग- बलिदान और समर्पण से सीख लेने की आवश्यकता है। भाग्यवश कोई फल-फूल रहा है तो वह भी अनायास ही नहीं होता। किसी पुण्य कर्मों का सुफल वह भोग रहा है। ऐसे में उस व्यक्ति से तो प्रेरणा लेने की आवश्यकता है, जिसके आधार पर आप भी उचित कर्म एवं पुरुषार्थ के बल पर अभीष्ट उपलब्धि की ओर कदम बढ़ा सकें ।वास्तव ईश्वर ने पहले ही इंसान को सब कुछ देकर ही धरती पर भेजा है। इतना क्षमतावान शरीर, कल्पनाशक्ति से युक्त मन, निर्णय लेने व योजना बनाने में सक्षम बुद्धि, परिस्थितियों को देखकर संवेदित आंदोलित होने वाला हृदय, जिसके केंद्र में दैवी संभावनाएं लिए स्वयं परमेश्वर विराजमान है।

इनके साथ इंसान अपनी संवेदनशक्ति के साथ मनचाही सृष्टि की रचना कर सकता है। बीज रूप में वह सारी क्षमताएं ईश्वर ने दे रखी हैं, जिनके आधार पर वह महामानव, देवमानव बन सकता है और दैवी संपति का उचित अधिकारी बन सकता है। इस पृष्ठभूमि में नश्वर सांसारिक वैभव संपत्ति के लिए किसी से प्रतिद्वंद्विता में अपना समय और ऊर्जा नष्ट करने में कौन सी समझदारी है? जीवन की वास्तविक संपदा अंदर छिपी है, उसको प्राप्त करने के लिए किससे प्रतिद्वंद्विता? आदर्शों का, श्रेष्ठता का सेवा साधना का, त्याग, बलिदान का वह मार्ग तो खाली पड़ा है जिसमें प्रतिदिन स्वयं के ही कीर्तिमान तोड़ने हैं और नित्यप्रति आंतरिक विकास के पथ पर ही अग्रसर होना है।

**-अखंड ज्योति**

# देश विदेश

## ग्रीनलैंड के खिलाफ कथित जासूसी रिपोर्ट को लेकर डेनमार्क फिक्रमंद

**ओस्लो,** 8 मई (एजेंसियां)। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने कहा है कि वह डेनमार्क में अमेरिकी राजदूत को समन करेंगे। ये फैसला उन्होंने मीडिया में ऐसी खबरें प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद लिया है जिसमें कहा गया कि वाशिंगटन, ग्रीनलैंड को निशाना बनाकर जासूसी गतिविधियां बढ़ा रहा है। यह कदम उस रिपोर्ट के बाद लिया गया जो वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मंगलवार को छापी गई। जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को ग्रीनलैंड और डेनमार्क में ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं जो आर्कटिक द्वीप के लिए अमेरिकी रणनीतिक उद्देश्यों को सपोर्ट करते हैं।

### भारत-पाक तनाव के बीच अमेरिकी दूतावास ने जारी की चेतावनी, कहा

# सुरक्षित ठिकाने व निकासी योजना तैयार रखें अमेरिकी नागरिक

**लाहौर,** 8 मई (एजेंसियां)। लाहौर और पंजाब में ड्रोन विस्फोटों, ड्रोन गिरने और हवाई क्षेत्र में संभावित घुसपैठ की खबरों के बीच, अमेरिकी वाणिज्य दूतावास, लाहौर ने सभी अमेरिकी कर्मियों को सुरक्षित स्थान पर शरण लेने का निर्देश दिया है। वाणिज्य दूतावास को प्रारंभिक जानकारी मिली है कि स्थानीय प्रशासन लाहौर के मुख्य हवाई अड्डे के आसपास कुछ इलाकों को खाली कर सकता है।

**'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत ने आतंकी ठिकानों को बनाया था निशाना**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाक के बीच तनाव चरम पर पहुंच चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

पाकिस्तान में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने सलाह दी है कि अमेरिकी नागरिक अगर खुद को किसी संघर्ष वाले क्षेत्र में पाते हैं, और वहां से सुरक्षित निकलना संभव हो तो वहां से निकल जाएं। अगर निकलना सुरक्षित नहीं है, तो वे स्थान के अंदर ही रहें। दूतावास जरूरत के अनुसार अपने मैसेजिंग सिस्टम के माध्यम से अपडेट भेजेगा। साथ ही, अमेरिकी नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वे सुनिश्चित करें कि उन्होंने स्मार्ट ट्रैवलर एनरोलमेंट प्रोग्राम में पंजीकरण भी कराया हुआ है।



यह सलाह भी दी गई है कि अमेरिकी नागरिक सुरक्षित ठिकाने की तलाश करें। अमेरिकी सरकार की सहायता पर निर्भर न रहकर अपनी निकासी योजना तैयार रखें। अपनी यात्रा दस्तावेज अपडेट करें और आसानी से उपलब्ध रखें। स्थानीय मीडिया के माध्यम से ताजा अपडेट्स पर नजर रखें। स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग करें।

बता दें, भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन 'सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सधी हुई लक्षित कार्रवाई की। इस कार्रवाई में भारतीय सेना ने इन सभी आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। भारत ने कहा कि उसकी कार्रवाई सोच-समझकर की गई थी।

## लाहौर स्थित वाल्टन एयरपोर्ट के पास सुनाई दी धमाके की आवाज



**लाहौर।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। इस बीच, पाकिस्तान के लाहौर में धमाकों से जुड़ी खबरें सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि लाहौर में एक के बाद एक कई धमाकों की आवाज सुनी गई है। लाहौर पुलिस के मुताबिक लाहौर के वाल्टन रोड पर जोरदार धमाका हुआ है। करीब 2 से 3 ब्लास्ट हुए हैं। इन धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि लोग घरों से बाहर निकल आए। फिलहाल धमाकों की वजह और जानमाल के नुकसान का पता नहीं चल पाया है। साथ ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और किसी को भी घटनास्थल पर जाने नहीं दे रही है। लाहौर में धमाकों से जुड़ी यह खबर उस समय सामने आई है, जब 6-7 मई की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया।

## पाकिस्तान संसद में रोते हुए पूर्व मेजर बोले-'अल्लाह हमारी हिफाजत करे'

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत के करारे जवाब से पाकिस्तान में दहशत का माहौल है। वहां के लोग डरे-सहमे नजर आ रहे हैं और दुआ कर रहे हैं कि वे सुरक्षित रहें। इसका उदाहरण पाकिस्तानी संसद से भी सामने आया है, जहां चर्चा के दौरान नेशनल असेंबली के सदस्य और सेना के पूर्व मेजर रो पड़े।



**अल्लाह, तू हमें माफ कर दे। हम तेरे सामने सर झुकाते हैं, माफी मांगते हैं और इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम तेरे बड़े गुनहगार हैं : ताहिर इकबाल, पूर्व पाकिस्तानी मेजर**

पूर्व पाकिस्तानी मेजर ताहिर इकबाल ने नेशनल असेंबली में कहा कि हम अपनी कौम से कहते हैं कि सब मिलकर चलो और अपने रब से दुआ करो कि हम सबकी हिफाजत करें। इस मुल्क की रक्षा करें। ताहिर इकबाल ने कहा कि अल्लाह ने चाहा कि पाकिस्तान बने और उन्होंने ही इस मुल्क को बनाया है। अब वही इसकी हिफाजत करेंगे। उन्होंने रोते हुए कहा कि अल्लाह, तू हमें माफ कर दे। हम तेरे सामने सर झुकाते हैं, माफी मांगते हैं और इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम तेरे बड़े गुनहगार हैं। पूर्व पाकिस्तानी मेजर ने कहा कि अल्लाह की रहमत काम आएगी। उनकी रहमत मिलेगी तो हम कामयाब होंगे और इस मुल्क की हिफाजत करेंगे।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 9 मई, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 11

### राशिफल

मेष - आज का दिन वित्तीय और व्यावसायिक दृष्टि से लाभदायक है। आपकी लंबी योजनाएं पूरी होंगी। बिजनेस में नई योजनाएं बना सकेंगे। लोकहित के लिए किए गए प्रयासों से आपका मन खुश रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृषभ - आज परिश्रम की अपेक्षा कम फल प्राप्त कर सकेंगे। फिर भी आप दृढ़तापूर्वक अपना काम आगे बढ़ा सकेंगे। आप अपने व्यवहार और वाणी से लोगों को प्रभावित कर सकेंगे। उनकी तरफ से लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुन - आज आपका कुछ ज्यादा ही इमोशनल बना रहेगा। विशेष रूप से पानी वाली जगहों पर जाने से बचें। मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा। आज आपमें निर्णयशक्ति का अभाव रहेगा।

कर्क - आज भाइयों से लाभ होगा। दोस्तों से मुलाकात और स्वजनों से खुशी मिलेगी। किसी सुंदर स्थल पर प्रवास की संभावना है। आज आपको हर काम में सफलता प्राप्त होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

सिंह - पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। स्त्री मित्रों से विशेष मदद मिल सकेगी। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे।

कन्या - आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

तुला - आज आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपका मन बैचेन रहेगा। आपकी लापरवाही के कारण आप कठिनाई में पड़ सकते हैं। आपको अपनी वाणी पर अंकुश में रखना होगा।

वृश्चिक - नौकरी-धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ होगा। इसके साथ मित्रों, सगे- संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ मिलेगा। सामाजिक समारोह, पर्यटन आदि पर जा सकेंगे। शरीर और मन से आप खूब खुश रहेंगे।

धनु - आज आपकी यश, कीर्ति तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी के खुश रहने से पदोन्नति की संभावनाएं बढ़ेंगी। तंदुरुस्ती बनी रहेगी। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

मकर - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। बौद्धिक कामों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। लेखन और साहित्य से संबंधित प्रवृत्तियों में आपकी रचनात्मकता दिखाई देगी।

कुंभ - नियम विरुद्ध कामों से आप दूर रहें। वाणी पर संयम बरतें। इससे पारिवारिक विवाद को आप टाल सकेंगे। प्रत्येक व्यक्ति, वस्तु या घटना को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने की जरुरत है।

मीन - दैनिक कामों से बाहर निकल कर आज आप घूमने- फिरने और मनोरंजन के पीछे समय व्यतीत करेंगे। स्वजनों तथा मित्रों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1540-मुगल शासक अकबर से संघर्ष करने वाले मेवाड़ के महाराणा प्रताप का जन्म।

1653-विश्वविख्यात ऐतिहासिक इमारत और दुनिया के अजूबों में शुमार ताजमहल का निर्माण 22 वर्ष के निरंतर परिश्रम के बाद पूरा हुआ।

1689-अंग्रेज शासक विलियम तृतीय ने फ्रांस के साथ युद्ध की घोषणा की।

1866-स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी, विचारक एवं सुधारक गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म।

1874-बंबई (अब मुंबई) में पहली बार घोड़े से खींची जाने वाली ट्राम कार शुरू हुई।

1930-प्रसिद्ध भारतीय व्यंग्यकार और लेखक रवीन्द्रनाथ त्यागी का जन्म।

1935-प्रसिद्ध हिन्दी कवयित्री स्नेहमयी चौधरी का जन्म।

1946-डॉ. राम मनोहर लोहिया की अगुआई में गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ।

1960-अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन ने पहली गर्भनिरोधक गोली को मंजूरी दी।

1975-पहली विद्युत टंकण मशीन बनायी गयी।

1986-पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे का निधन।

1998-प्रसिद्ध भारतीय गजल गायक और अभिनेता तलत महमूद का निधन।

1999-भारतीय शिक्षाविद करमशी जेठाभाई सोमैया का निधन।

2000-जाफना प्रायद्वीप के एलीफेंट दर्रे पर कब्जे के लिए लिट्टे के साथ हुए संघर्ष में श्रीलंका के 358 सैनिक मारे गये।

2002-कराची विस्फोट में पाकिस्तान के ही संगठन का हाथ होने के संकेत।

2004-चेचेन्या में एक विस्फोट में वहाँ के राष्ट्रपति अखमद कादरोव का निधन।

2005-मास्को में रूस द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जर्मनी सेना पर विजय की 60वीं वर्षगांठ के जलसों में भारत के प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह ने भाग लिया।

## अमेरिका के साथ नहीं होगी सीधी बात : ईरान

### मीडिया रिपोर्ट व अफवाहों को मनगढ़ंत व बेबुनियाद बताया

**तेहरान,** 8 मई (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें यह कहा गया था कि तेहरान ने वाशिंगटन के साथ सीधे परमाणु वार्ता का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने बुधवार को ईरान के प्रेस टीवी से बात करते हुए इजरायली न्यूज वेबसाइट वाईनेट की एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमेरिकी मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ से संपर्क किया था। साथ ही उन्होंने ओमानी मध्यस्थता से निराशा के कारण सीधे परमाणु वार्ता का अनुरोध किया था।



समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बाघई ने इस बात से भी इनकार किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले सप्ताह सऊदी अरब की अपनी आगामी यात्रा के दौरान ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से मिल सकते हैं। प्रवक्ता ने मीडिया रिपोर्ट और अफवाहों को मनगढ़ंत और बेबुनियाद बताया। साथ ही कहा कि ईरान की कूटनीतिक गतिविधियों, जिसमें अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता शामिल है, उसकी सारी जानकारी विदेश मंत्रालय पारदर्शी, पेशेवर और समय पर तरीके से साझा करता है। ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व अराघची और विटकॉफ कर रहे हैं, उन्होंने अब तक तीन दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की है।

## संरा महासभा अध्यक्ष ने भारत, पाक के बीच बढ़ती शत्रुता को लेकर जताई चिंता

**न्यूयार्क,** 8 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने भारत एवं पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिन्दूर के बाद दोनों देशों में बढ़ती शत्रुता को लेकर चिंता व्यक्त की है और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। श्री यांग ने यहां अपने एक वक्तव्य में कहा कि मैं दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और तत्काल तनाव कम करने का आह्वान करता हूं। मैं सभी आतंकवादी हमलों और नागरिकों तथा नागरिक बुनियादी ढांचे के विरुद्ध हमलों की निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप बातचीत तथा कूटनीतिक समाधान ही मतभेदों को सुलझाने, स्थायी शांति और स्थिरता प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में करीब 26 लोग मारे गए थे।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

**पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम ...**

रेखा (एलओसी) पर बिना उकसावे के गोलाबारी की, जिसका भारतीय सशस्त्र बलों ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया। पाकिस्तान की सेना ने बुधवार रात जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर सेक्टरों के पास नियंत्रण रेखा के पार गोलीबारी की। भारतीय सेना ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया।

भारत ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और एक एफ16 फाइटर जेट को मार गिराया है। साथ ही पाकिस्तान एयरफोर्स का एडब्ल्यूएसीएस विमान उनके ही पंजाब प्रांत में ध्वस्त कर दिया।

भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के कई ड्रोनों को मार गिराया है। साथ पाकिस्तान के एफ 16 फाइटर जेट को भी मार गिराया है। जैसलमेर, पठानकोट, अखनूर और उधमपुर में भी पाक ड्रोन को मार गिराया गया है।

गुरुवार सुबह से पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से इस तरह की खबरें सामने आ रही थीं कि लाहौर में कुछ धमाके सुनाई दिए हैं। अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों से भी इसी तरह की खबरें सामने आ रही थीं। इसके बाद सरकार के पत्र सूचना कार्यालय यानी पीआईबी की तरफ से दोपहर 2:34 बजे एक वक्तव्य जारी किया गया। इसमें कहा गया कि माहौल को और तनावपूर्ण बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम कर दिया गया है। साथ ही भारत ने पाकिस्तान की हरकतों का माकूल जवाब दिया है।

उत्तर व पश्चिम भारत के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया-वक्तव्य के मुताबिक, 7 और 8 मई की दरमियानी रात को पाकिस्तान ने उत्तर और पश्चिम भारत के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। इनमें अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, 

ड्डशेष पृष्ठ 7 पर ड्ड

कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, उत्तरलाई, नाल, फलौदी और भुज शामिल थे। पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों के जरिए इन स्थानों को निशाना बनाया। हालांकि भारत ने इन हमलों को निष्क्रिय कर दिया। हमलों को निष्क्रिय करने के बाद मलबे को बरामद कर लिया गया है।

**एलओसी पर गोलाबारी में 16 लोगों की जान गई**-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा स्थित जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उड़ी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टर में मोर्टार से गोले दाग रहा है, इनमें 16 नागरिकों की जान गई है। इनमें तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं। यहां भी भारत को पाकिस्तान को करारा जवाब देना पड़ा, जिसके बाद पाकिस्तान को गोलाबारी रोकना पड़ी।

**एस-400 मिसाइल सिस्टम से हमलों को नाकाम किया** -भारतीय वायुसेना ने बुधवार रात भारत की तरफ आ रहे टारगेट्स को वायु रक्षा प्रणाली 'एस-400 सुदर्शन चक्र मिसाइल सिस्टम' से निशाना बनाया। एस-400 से सफलतापूर्वक सभी टारगेट्स को तबाह कर दिया गया। वहीं भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हार्पी ड्रोन्स से पाकिस्तान के वायु सुरक्षा प्रणाली को निशाना बनाया और लाहौर स्थित रडार सिस्टम को तबाह कर दिया। एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन्स को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

**सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने ...**

समर्थन किया।'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आज सर्वदलीय बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बहुत अच्छे से हुई है। गंभीर विषय था इसलिए सभी ने गंभीरता से अपने बात रखी। सबसे पहले रक्षा मंत्री ने सभी नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इसके बाद सभी ने अपना मत रखा और सुझाव भी दिए। सभी नेताओं ने सेनाओं को बधाई भी दी। कहा कि हम एकजुट हैं और सेना की हर कार्रवाई में साथ देंगे। मैं सभी नेताओं को धन्यवाद करता हूं और ये सकारात्मक बैठक थी।

रिजिजू ने फेक न्यूज के प्रति भी आगाह किया। उन्होंने कहा, कई फेक न्यूज फैलाई जा रही हैं। मैं सभी से अपील करता हूं कि केवल प्रामाणिक सूचनाओं पर भरोसा करें और असत्यापित खबरों से बचें। उन्होंने नेताओं द्वारा दिए गए सुझावों को मूल्यवान बताया और कहा कि सरकार इन पर विचार करेगी।

**पार्टी ने सरकार को पूर्ण समर्थन दिया है: खरगे**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक के बाद कहा कि उनकी पार्टी ने सरकार को पूर्ण समर्थन दिया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सुझाव दिया कि संसद का विशेष सत्र बुलाकर इस मुद्दे पर चर्चा की जाए, ताकि सांसद अपने विचार रख सकें और इससे जनता का विश्वास बढ़े। हालांकि, सरकार ने इस सुझाव पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी।

**आईईडी ब्लास्ट में तेलंगाना के...**

लंकापल्ली क्षेत्र में मुठभेड़ चल रही है। हमले के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है और सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभालते हुए इलाके में मुठभेड़ शुरू कर दी है। फिलहाल मुठभेड़ जारी है और सुरक्षाबल नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।

**उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रेश...**

की दुर्घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल हुआ हैं। बताया जा रहा है कि यह प्राइवेट कम्पनी का हेलीकाप्टर एयरोट्रांस सर्विस का था। दुर्घटनास्थल पर पुलिस, आर्मी फोर्स, आपदा प्रबंधन, 108 एंबुलेंस वाहन, तहसीलदार भटवाड़ी, एसडीएम भटवाड़ी और राजस्व टीम पहुंचीं और उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी के गंगनानी में गुरुवार को हुए हेलीकॉप्टर हादसे पर दुख जताया है और उन्होंने इस पूरी घटना की जांच के लिए निर्देश भी दिए हैं।

**प्रदेश के सभी पंचायतों में...**

में कहा कि भूमि रजिस्ट्री के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। अब भूमि के ऑनलाइन रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण भी उसी दिन हो जा रहा है। पहले भूमि के रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए महीनों चक्कर काटना पड़ता था। अब रिफॉर्म के बाद एक ओर जहां भूमि की रजिस्ट्री में होने वाली धोखाधड़ी रूकेगी, वहीं लोगों को सुविधा भी मिलेगी। इसी प्रकार पारिवारिक दान और हक त्याग के मामलों को भी आसान किया गया है। अब 500 रूपए के शुल्क के साथ परिवार के सदस्यों को भूमि एवं संपत्ति दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में बैंकिग सुविधा उपलब्ध कराने पहले चरण में राज्य में 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायत दिवस के दिन से 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजीटल सेवा केन्द्र (कॉमन सर्विस सेंटर) शुरू किए गए हैं। जिसके माध्यम से ग्रामीणों को राशि के लेन-देन तथा विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दूसरे चरण में 6 माह के भीतर 5 हजार ग्राम पंचायतों में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि आवासहीन लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने के लिए आवास प्लस-प्लस के लिए सर्वे किया जा रहा है। सभी आवासहीन इस सर्वे करा लें, जिससे कि उन्हें आवास मिल सके।

**मैटरनिटी लीव है...**

नवजात बच्ची को गोद लिया। इसके बाद, याचिकाकर्ता ने 180 दिनों के लिए बाल दत्तक ग्रहण अवकाश के लिए आवेदन किया। संस्थान ने उनके छुट्टी को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि संस्थान की मानव संसाधन नीति में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि परिवर्तित अवकाश के लिए संस्थान की नीति अधिकतम 60 दिन का प्रावधान करती है। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका लगाकर नियम को चुनौती दी। याचिका में जस्टिस बीडी गुरु की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि महिला के लिए मां बनना जीवन की सबसे स्वाभाविक घटना है।

महिला के लिए बच्चे के जन्म को सुविधाजनक बनाने हेतु जो कुछ भी आवश्यक है, जो सेवा में है, नियोक्ता को विचारशील और सहानुभूतिपूर्ण होना चाहिए। उसके प्रति और शारीरिक कठिनाइयों का एहसास होना चाहिए जो एक कामकाजी महिला को होती हैं। कार्यस्थल पर अपने कर्तव्यों का पालन करते समय महिलाओं को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। याचिकाकर्ता दो दिन की एक नवजात बच्ची को गोद लिया है। कोर्ट ने कहा, दत्तक ग्रहण, संतान पालन अवकाश केवल लाभ नहीं है, बल्कि एक ऐसा अधिकार है जो किसी महिला को उसके परिवार की देखभाल करने की मूलभूत आवश्यकता को पूर्ण करता है। हाईकोर्ट ने मातृत्व अवकाश अस्वीकार करने के आदेश को निरस्त कर संस्थान को याचिकाकर्ता को 180 दिन का अवकाश देने कहा है।

## सुडोकू 6907


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | 5 | | | | 4 | | | 3 |
| | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| | | 4 | | | | 3 | | |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | | | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | |
| 8 | | | 4 | | | | 3 | |
| 9 | | | | | 3 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6907



**बायें से दायें:-**

१. देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री जिनका जन्म दिवस चार वर्षों में एक बार आता है
३. गतिरोध
५. आकर्षक, उच्चकोटि का
६. किराया, भाड़ा
७. पानी से भरा, सजल
९. निवासी (उर्दू)
१०. भारतीय सेना का एक अंग
१२. तबाही, बाढ़
१३. रक्तवाहिनी, नस, नाड़ी
१४. पुलिस का सिपाही
१६. और, एवं
१८. मुर्गा के सिर का आभूषण
२०. निपुणता
२१. आवश्यकता (उर्दू)
२३. टकराव, भिड़न्त

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौदेबाजी
२. लाल कमल
३. अप्रसन्न, खफ़ा
४. भ्रम, भ्रांति, संशय (उर्दू)
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ज्यों का त्यों
१०. जीर्ण-शीर्ण
११. नौकर, खिदमतगार
१२. नम्र, प्रार्थी
१३. घुला हुआ, निर्मल
१४. प्रार्थी
१५. सामर्थ्य, शक्ति
१७. थाली
१८. परिश्रमी
१९. सियार
२२. खुशी, मजा (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6906



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में मिला उन्नीसवीं सदी के जहाज का मलबा

**कैनबरा,** 8 मई (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के तट के पास 1857 में डूबे 19वीं सदी के डच व्यापारिक जहाज़ कोनिंग विलेम डी ट्वीडे का मलबा खोज लिया है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल मैरीटाइम म्यूज़ियम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक 800 टन का यह डच जहाज़ ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड रश दौर में चीनी प्रवासियों को लाने में शामिल था। यह जहाज 400 से ज़्यादा चीन के खनिकों को विक्टोरिया के गोल्डफील्ड पहुंचाने के बाद दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के रोबे कस्बे के पास गीचेन बे में डूब गया था।

विज्ञप्ति के अनुसार, 25 क्रू सदस्यों में से सोलह डूब गए और लॉन्ग बीच, रोब के टीलों में दब गए। खोजी टीम ने मरीन मैग्नेटोमीटर और अंडरवाटर मेटल डिटेक्टर की मदद से जहाज़ के विंडलास, लकड़ी के तख्ते और हुल के हिस्सों की पहचान की जो अब समुद्र तल के नीचे दबे हैं। मलबे की जगह ऐतिहासिक रिकॉर्ड से मेल खाती है और आसपास किसी अन्य बड़े जहाज़ के डूबने के प्रमाण नहीं हैं। चुंबकीय आंकड़े जहाज की 42.7 मीटर लंबाई से मेल खाते हैं। मार्च 2023 में, 19वीं सदी की चीनी मिट्टी के बर्तन के टुकड़े मिलने से एक डूबे जहाज की पहचान की पुष्टि हुई है।

# खेल जगत

## यात्रा और व्यस्त कार्यक्रम के कारण आईपीएल में खेलना चुनौतीपूर्ण है : स्टार्क

**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा कि लगातार यात्रा और व्यस्त कार्यक्रम के कारण 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना चुनौतीपूर्ण है। स्टार्क अब तक टूर्नामेंट में डीसी के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं, उन्होंने 11 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। उन्होंने ब्रॉडकास्टर्स से बातचीत में कहा कि आपके पास एक ही स्थान पर सभी बेहतरीन खिलाड़ी हैं, यात्रा और खेल के कारण यह काफी कठिन है। यह उन दिनों में से एक है, जब आप सब कुछ अलग-अलग करके अपना काम शुरू करते हैं। डीसी सेट-अप में अपनी भूमिका और इम्पैक्ट प्लेयर नियम के उपयोग के बारे में बात करते हुए, स्टार्क ने कहा कि हमलावर बनो - कई बार कई प्रारूपों में यही मेरी भूमिका रही है।



# आरसीबी प्ले ऑफ में स्थान बनाने से मात्र एक कदम दूर

■ लखनऊ की कोशिश आरसीबी के खिलाफ मैच सहित बाकी तीनों मैच जीतने की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 8 मई (देशबन्धु)। विराट कोहली के दनादन क्रिकेट में नए अंदाज से बल्लेबाजी कर अब तक जड़े सात बेहतरीन अर्द्धशतकों की बदौलत अपने पिछले लगातार चार सहित 11 में से कुल आठ मैच जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) गुजरात टाइटंस की तरह 16 अंकों के बावजूद अपनी कमतर नेट रन रेट के चलते 2025 आईपीएल में दूसरे स्थान पर है और प्ले ऑफ से बस एक जीत दूर है। आरसीबी अब लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) से लखनऊ में शुक्रवार का मैच जीत लेती है तो उसके 12 मैचों में नौ जीत के साथ 18 अंकों हो जाएंगे और उसका प्ले ऑफ में स्थान पक्का हो जाएगा। आरसीबी के लिए एक अच्छी बात यह है कि उसे लखनऊ सुपर जायंटस के बाद अपने बाकी दो मैच अब बाहर हो चुकी सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से अपने घर बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलने है। आरसीबी की कोशिश 11 मैचों से मात्र 10 अंकों के साथ सातवें स्थान पर चल रही लखनउ सुपर जायंटस से शुक्रवार को और इससे अगले दो मैचों में से एक और जीत कर 20 अंकों के साथ शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का करने पर रहेगी। अब फिलहाल शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस (11 मैच, 16 अंक), दूसरे स्थान पर चल रही आरसीबी और पंजाब सुपर किंग्स (11 मैच, 15 अंक) कुल तीन टीमें ही 20 या इससे ज्यादा अंक पर लीग का समापन कर सकती हैं। आरसीबी ने अपने पिछले मैच में अपने घर बेंगलुरू में विराट और उनके सलामी जोड़ीदार 21 बरस के जैकब बैथल और रोमारियो शेफर्ड के अर्द्धशतकों की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट पर 213 रन बनाने के बाद नवोदित आयुष म्हात्रे (94) और रवींद्र जडेजा (77) के तेज अर्द्धशतकों के बावजूद सीएसके को 20ओवर में 5 विकेट पर 211 रन पर रोक कर दो रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी। वहीं लखनऊ सुपर जायंटस अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से उसके घर धर्मशाला में 37 रन से हार गई थी। लखनऊ सुपर जायंटस की टीम अपने पिछले लगातार तीन और पांच में से कुल चार मैच हार प्ले ऑफ की होड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। लखनऊ सुपर जायंटस यदि अपने बाकी तीनों मैच जीतती है तो उसके अधिकतम 16 अंक हो सकते है और वह यही आस कर सकती है बाकी टीमें अचानक लय खो दें। लखनउ सुपर जायंटस की नेट रन -0.469 बेहद कमजोर है। लखनऊ सुपर जायंटस की कोशिश आरसीबी के खिलाफ मैच सहित बाकी तीनों मैच की होगी।

### हमारे लिए अब बाकी तीनों मैच अहम : पाटीदार

सीएसके खिलाफ हमारा मैच खासा करीबी रहा। हमारे लिए अब बाकी तीनों मैच अहम हैं। हमारी जीत का श्रेय हमारे बल्लेबाजों की बढ़िया बल्लेबाजी को है। साथ ही हमारे गेंदबाजों ने बहुत सूझबूझ और पूरी शिद्दत से गेंदबाजी की। यश दयाल आखिर के मारधाड़ वाले ओवरों के लिए हमारे मुख्य गेंदबाज हैं। हम पहले ही तय कर चुके थे कि आखिर ओवर यश दयाल से ही कराना है और वह सीएसके खिलाफ मैच में खरे उतरे। मुझे लेग स्पिनर सुयश शर्मा पर भरोसा है और वह हमारी आरसीबी टीम के लिए बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं। क्रीज पर उतरते ही जिस तरह शेफर्ड ने छक्के जड़े वह कतई आसान नहीं था। शेफर्ड के पास छक्के जड़ने की ताकत और कौशल है और हम सभी ने डगआउट में बैठ कर उनके छक्कों का आनंद लिया। लुंगी एंगिडी बहुत अनुभवी गेंदबाज हैं और मुझे उन पर भरोसा है।

### गलत समय कैच टपकाना बहुत अखरता है : पंत

पंजाब किंग्स ने हमारे सामने जीत के लिए बड़ा लक्ष्य रखा। गलत समय कैच टपकाना बहुत अखरता है। हमने शुरू में सही लेंग्थ नहीं पकड़ी। यह खेल का हिस्सा ह। हमारी कम ही सही पर उम्मीद बरकरार है। हम यदि बाकी तीनों मैच जीतते हैं तो हम तस्वीर बदल सकते हैं। हमें मैच को आखिर तक ले जाने की जरूरत है।

# मैंने अभी अपने भविष्य पर कोई निर्णय नहीं लिया है : धोनी



मैं साल में केवल दो महीने ही खेलता हूं। जब यह आईपीएल खत्म होगा, तो मुझे फिर से छह से आठ महीने में कड़ी मेहनत करनी होगी : महेन्द्र सिंह धोनी

**कोलकाता,** 8 मई (एजेंसियां)। इस जुलाई में 44 साल का होने जा रहे एमएस धोनी ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि आईपीएल 2025 उनका आखिरी आईपीएल होगा या नहीं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मिली जीत के बाद धोनी ने कहा कि मैं साल में केवल दो महीने ही खेलता हूं। जब यह आईपीएल खत्म होगा, तो मुझे फिर से छह से आठ महीने में कड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि मैं देख सकूं कि मेरा शरीर इस तरह का दबाव झेलने के लिए फिट है या नहीं। तो अभी मेरे लिए कुछ तय करने जैसा नहीं है, लेकिन जहां भी मैं गया हूं, वहां मुझे प्यार और अपनापन मिला है। धोनी अभी सीमित क्षमता के साथ बल्लेबाजी कर रहे हैं। सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने भी कहा है कि उनके घुटने उन्हें ज्यादा देर बल्लेबाजी करने नहीं देते। बुधवार को, धोनी 13वें ओवर में मैदान पर आए, जब डेवाल्ड ब्रेविस एक आतिशी अर्धशतकीय पारी के बाद आउट हुए। उन्होंने शिवम दुबे का साथ निभाया और आखिरी ओवर में आंद्रे रसेल पर जरूरी छक्का लगाकर सीएसके को जीत दिलाई। इस जीत का आधार ब्रेविस और उनकी टीम के नए खिलाड़ी उर्विल पटेल ने रखा, जिन्होंने बुधवार को अपना आईपीएल डेब्यू किया। उर्विल ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा और फिर अपनी 11 गेंदों की 31 रन की पारी में तीन और छक्के लगाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 281.81 रहा।

### धोनी अभी भी सीएसके के अहम खिलाड़ी : बांगड़

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संजय बांगड़ ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर दो विकेट से मिली रोमांचक जीत में एमएस धोनी के शांत स्वभाव और समझदारी की जमकर तारीफ की। बांगड़ ने कहा कि धोनी अब भी टीम के लिए मैच खत्म करने वाले सबसे अहम खिलाड़ी बने हुए हैं और कठिन हालात में भी उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल है। हाल के मैचों में उनका प्रदर्शन खासा असरदार रहा है। ईडन गार्डन्स में हुए इस मैच में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179/6 रन बनाए। जवाब में सीएसके के लिए डेवाल्ड ब्रेविस, ने 25 गेंदों में तेज 52 रन ठोककर टीम को मजबूत शुरुआत दी। इसके बाद शिवम दुबे और धोनी ने मिलकर आखिरी पलों में रन बनाते हुए मैच को रोमांचक मोड़ पर पहुंचाया। जब चेन्नई को 12 गेंदों में 18 रन चाहिए थे, तब केकेआर ने तेजी से वापसी की और दुबे (45 रन, 40 गेंद) और नूर अहमद को जल्दी-जल्दी आउट कर दिया। अब सीएसके को आखिरी ओवर में 8 रन चाहिए थे और सिर्फ दो विकेट बाकी थे। तभी धोनी ने पहली गेंद पर छक्का लगाकर दर्शकों को उनका पुराना रूप याद दिला दिया और टीम को जीत दिलाई।

# सचिन ने रोहित के टेस्ट करियर की सराहना की



| कुल मैच | रन | औसम | 50/100 |
|---|---|---|---|
| 67 | 4301 | 40.57 | 18/12 |

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रोहित शर्मा के शानदार टेस्ट करियर की सराहना की और उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने 2013 में ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ रोहित को टेस्ट कैप नंबर 280 प्रदान करने की याद भी ताजा की। रोहित ने अपने डेब्यू मैच में 177 रन बनाए और इसके बाद सीरीज के दूसरे टेस्ट में नाबाद 111 रन बनाए। दोनों ही मैच भारत ने एक पारी से जीते। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। यह तेंदुलकर का भारत के लिए आखिरी टेस्ट मैच भी था। तेंदुलकर ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, मुझे याद है कि 2013 में ईडन गार्डन्स में मैंने तुम्हें टेस्ट कैप दी थी और फिर दूसरे मैच में वानखेड़े स्टेडियम की बालकनी में तुम्हारे साथ खड़ा था-तुम्हारा सफर शानदार रहा है। तब से लेकर अब तक तुमने एक खिलाड़ी और एक कप्तान के तौर पर भारतीय क्रिकेट को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। रोहित, तुम्हारे टेस्ट करियर के लिए बधाई और आगे के लिए शुभकामनाएं। रोहित के बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले ने सभी को चौंका दिया, क्योंकि भारत की इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली है। हाल के मैचों में खराब फॉर्म के बावजूद उन्होंने 67 मैचों में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाकर अपने टेस्ट करियर का अंत किया। पिछले कुछ सालों में उन्होंने 12 शतक और 18 अर्द्धशतक लगाए हैं, जिसमें अक्टूबर 2019 में रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 212 रन का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। रोहित ने खुद को वनडे फॉर्मेट में खेलने के लिए प्रतिबद्ध किया है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने पिछले साल टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20आई प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। उनके नेतृत्व में, भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती और टूर्नामेंट में अपना तीसरा खिताब जीता। 2022 से भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में, रोहित ने बदलाव और चोटों के एक महत्वपूर्ण चरण के माध्यम से भारत का मार्गदर्शन किया।

### लाल गेंद से रोहित शर्मा का सफर शानदार रहा: बीसीसीआई

**मुंबई।** क्रिकेट में मध्यक्रम से लेकर भारत के सबसे बेहतरीन टेस्ट ओपनर तक रोहित शर्मा का लाल गेंद का सफर शानदार रहा। उन्होंने क्रिकेट के तीनों प्रारूप में टीम का नेतृत्व कर अपनी क्षमता का लौहा मनवाया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को रोहित शर्मा को 'शानदार और प्रेरणादायक' टेस्ट करियर के लिए हार्दिक बधाई दी। जबकि वह अंतरराष्ट्रीय खेल में सबसे लंबे और सबसे छोटे प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीय क्रिकेट की सेवा करना जारी रखेंगे। रोहित टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके है। रोहित ने न केवल 4,301 टेस्ट रन, बल्कि एक ऐसी विरासत तय की जिसने देर से सफल होने के बावजूद और बड़ी सफलता का मतलब फिर से परिभाषित किया। रोहित ने 2013 में पर्दापण करने के बाद टेस्ट टीम में कई साल बिताए। वह इस धारणा से जूझते हुए कि वह केवल सफेद गेंद के विशेषज्ञ हैं। यह 2019 में निर्णायक रूप से बदल गया, जब उन्हें शीर्ष क्रम में पदोन्नत किया गया। इसके बाद जो हुआ वह एक शानदार दौर था जिसमें घरेलू मैदान पर शतक, इंग्लैंड में मास्टरक्लास और ऑस्ट्रेलिया में दमदार प्रदर्शन शामिल थे।

### गिल टेस्ट कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे



**मुंबई।** रोहित शर्मा के संन्यास के बाद शुभमन गिल भारतीय टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हो गए हैं। इंग्लैंड का दौरा एक पूर्णकालिक कप्तान के रूप में उनकी पहली सीरीज हो सकता है। यह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होगी। गिल की कप्तानी अब लगभग तय मानी जा रही है क्योंकि जसप्रीत बुमराह आगामी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के दौरान वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण कुछ मैचों से बाहर भी रह सकते हैं। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान थे और रोहित के न खेलने पर दो टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी भी की थी। इंग्लैड दौरे के लिए भारतीय टीम का चयन इस महीने के अंत में हो सकता है। यह सीरीज भारत के लिए अगले डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत होगी और ऐसे में चयनकर्ता दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ एक कप्तान चुनना चाहते हैं।

## सार संक्षेप

### 27 मई से इंदौर में शुरू होगी मध्य प्रदेश लीग

**इंदौर (मध्य प्रदेश)।** 27 मई से इंदौर के होलकर स्टेडियम में मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) का नवीनतम सीजन अपने नए कलेवर के साथ दर्शकों को रिझाने के लिए तैयार है। पूरे राज्य में जमीनी स्तर पर क्रिकेट प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही यह लीग इस बार पहले से भी ज्यादा भव्य और शानदार होने वाली है। क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऐसी लीग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दर्शक पुरुषों के मैचों के साथ ही महिला क्रिकेट क्रिकेट का भी लुत्फ ले पाएंगे। महिला प्रतियोगिता में तीन टीमें भाग लेंगी, जिनमें एक टीम राजधानी भोपाल की भी होगी। ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (जीडीसीए) द्वारा मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित पुरुषों की प्रतियोगिता में इस बार पिछले सीजन की पांच टीमों के मुकाबलों में बुंदेलखंड और चंबल क्षेत्र की दो और टीमों को जोड़ा गया है। लीग के बारे में बोलते हुए ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष महानारयमन राव सिंधिया ने कहा कि एमपीएल के साथ एक और शानदार वर्ष की शुरुआत होने जा रही है।

### लुआन-ड्रे प्रिटोरियस हुए आरआर में शामिल

**जयपुर।** दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को चोटिल नितीश राणा की जगह राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के अपने दल में शामिल किया है।

# राजस्थान रॉयल्स ने चोटिल संदीप शर्मा की जगह नांद्रे बर्गर को चुना

**जयपुर,** 8 मई (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों के लिए संदीप शर्मा की चोट के कारण जगह लेने के लिए नांद्रे बर्गर को चुना है, फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। बाएं हाथ के दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज बर्गर, जिन्होंने पहले आईपीएल 2024 में आरआर के लिए खेला था और छह मैचों में सात विकेट लिए थे, 3.5 करोड़ रुपये में आरआर में शामिल हुए। इस सीजन में आरआर के लिए 10 मैच खेलने वाले संदीप को उंगली में फ्रैक्चर के कारण टूर्नामेंट के बाकी मैचों से बाहर कर दिया गया है। पिछले महीने सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ आरआर के मुकाबले के दौरान संदीप को चोट लगी थी, जिसे उन्होंने आठ विकेट से जीता था। चोट लगने के बावजूद, तेज गेंदबाज ने अपना चार ओवर का स्पेल पूरा किया, जिसमें उनके आंकड़े 1-33 रहे। उस दिन किसी भी आरआर गेंदबाज के लिए उनका इकॉनमी रेट सबसे अच्छा था - 8.25 - और उन्होंने ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का विकेट भी लिया। फ्रेंचाइजी ने कहा कि उन्होंने पिछले मैच में इस चोट के साथ गेंदबाजी जारी रखने के लिए बहुत बहादुरी दिखाई और फ्रेंचाइजी में हर कोई उनके पूरी तरह से और जल्दी ठीक होने की कामना करता है।

# मानसिकता में बदलाव कोहली के लिए बहुत कारगर साबित हो रहा है : गावस्कर

■ कोहली ने 42 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेलकर आरसीबी की अगुआई की



**मुंबई,** 8 अप्रैल (एजेंसियां) भारतीय बल्लेबाजी लीजेंड सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मुंबई इंडियंस पर 12 रन की जीत में विराट कोहली की 67 रन की पारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि पारी की शुरुआत में ही लॉफ्टेड शॉट खेलने की दाएं हाथ के बल्लेबाज की मंशा उनके लिए बहुत कारगर साबित हुई। कोहली ने 42 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेलकर आरसीबी की अगुआई की, जो इस सीजन का उनका दूसरा अर्द्धशतक है, जबकि कप्तान रजत पाटीदार ने 32 गेंदों पर 64 रन और जितेश शर्मा ने 21 गेंदों पर 40 रन की तेज पारी खेलकर मेहमान टीम को एमआई के खिलाफ 221/5 का मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। कोहली ने शानदार खेल दिखाते हुए जसप्रीत बुमराह का स्वागत मिड-विकेट पर छक्का लगाकर किया और फिर विग्नेश पुथुर पर छक्का मारकर सीजन का अपना दूसरा अर्द्धशतक पूरा किया। उनकी सनसनीखेज पारी का अंत तब हुआ जब वे 15वें ओवर में हार्दिक पांड्या का शिकार हो गए। गावस्कर ने कहा कि पिछले डेढ़ सत्र में सबसे बड़ा अंतर यह रहा है कि वे बहुत पहले ही लॉफ्टेड शॉट खेलने लगे हैं। पहले, लॉफ्टेड शॉट पारी के आखिर में आते थे, लेकिन अब वे पहली गेंद से ही जोखिम उठाने की कोशिश कर रहे हैं और इससे बहुत फर्क पड़ रहा है। गेंदबाज जो उनके ड्राइव और फ्लिक के लिए तैयार थे, अब गेंद को इनफील्ड से बाहर जाकर बाउंड्री के लिए जाते हुए देख रहे हैं।

# रायुडू ने पाटीदार का समर्थन किया

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का जोरदार समर्थन किया है, उन्होंने 10 साल बाद मंगलवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस को 12 रनों से हराने के बाद उन्हें आईपीएल 2025 खिताब का गंभीर दावेदार बताया है। रायुडू को लगता है कि यह आखिरकार वह साल हो सकता है जब यह फ्रेंचाइजी अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करेगी और 18 साल के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी उठाएगी। उन्होंने कहा कि अगर आप उनकी टीम को देखें, तो उनके पास एक बहुत ही बढ़िया संयोजन है। अगर आप उन टीमों को देखें जो आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं, तो वे अभी भी अपने संयोजन आजमा रही हैं।

### सुडोकू 6907 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 4 | 5 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 |

# पीएसजी ने आर्सेनल को हराकर चैम्पियंस लीग के फाइनल में प्रवेश किया

■ सातवें मिनट में इतालवी खिलाड़ी ने और भी बेहतर स्टॉप बनाया



पेरिस सेंट-जर्मन यूईएफए चैंपियंस लीग

**पेरिस,** 8 मई (एजेंसियां)। पेरिस सेंट-जर्मन यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में इंटर मिलान से खेलेगा, आर्सेनल के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-1 की जीत के बाद वे कुल मिलाकर 3-1 से विजयी हुए। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार आर्सेनल के पास फिर से प्रतिस्पर्धा में आने और यहां तक कि टाई को पलटने के मौके थे, लेकिन पीएसजी के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने उन्हें बार-बार निराश किया। हालांकि आर्सेनल ने पिछले हफ्ते पीएसजी के तीन-मैन मिडफील्ड के खिलाफ पहले चरण को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष किया था, लेकिन मिकेल आर्टेटा के खिलाड़ियों ने जल्दी ही दिखा दिया कि वे पहले चरण की हार को पलटने के लिए पेरिस आए थे। खेल शुरू हुए एक मिनट भी नहीं हुआ था जब जुरियन टिम्बर ने डेक्लान राइस के लिए क्रॉस किया, लेकिन हेडर से गेंद वाइड चली गई। मेहमान टीम ने मैदान में पीएसजी को पछाड़ने की कोशिश की, जिसमें बुकायो साका और गेब्रियल मार्टिनेली दोनों सक्रिय थे और मार्टिनेली ने रात में डोनारुम्मा के बेहतरीन बचावों में से पहला बचाव किया, जब उन्होंने थॉमस पार्टी के लंबे थ्रो को लगभग रोक दिया। सातवें मिनट में इतालवी खिलाड़ी ने और भी बेहतर स्टॉप बनाया, जब पार्टी का एक और लंबा थ्रो मार्टिन ओडेगार्ड के पास गिरा, जिसका लो ड्राइव नेट में जाने के लिए नियत था, जब तक कि डोनारुम्मा ने एक बढ़िया ब्लॉक बनाने के लिए नीचे नहीं आ गए। आर्सेनल ने आगे बढ़कर होम साइड को ब्रेक पर विकल्प दिए, जिसमें खविचा क्वारत्सखेलिया ने पोस्ट पर हिट किया, इससे पहले कि फैबियन रुइज ने 27वें मिनट में स्कोरिंग खोली। मिडफील्डर ने फ्री किक से पार्टी के हेडर क्लीयरेंस को अपने सीने पर नियंत्रित करने के लिए लपका और एक शक्तिशाली वॉली को घर में मारा, जो विलियम सलीबा से टकराया।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 12 | 5 | 6 | 11 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.718 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.992 |

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 1.05 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.81 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.80 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.69 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.21 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इटरनल | 3.14 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.85 प्रतिशत |
| मारुति | 2.04 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.86 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.81 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,024 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,600 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# आयात घटाने व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में जैव ईंधन अहम : गडकरी

■ भविष्य के लिए एक बड़ा बाजार बनेगा सस्टेनेबल विमानन ईंधन

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को देशव्यापी जैव ईंधन क्रांति की वकालत की। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने इसे भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने, जीवाश्म ईंधन के बड़े पैमाने पर आयात को कम करने और वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सदी में एक बार मिलने वाला अवसर बताया।

इंटरनेशनल समिट एक्सपो ऑन बायोएनर्जी वैल्यू चेन में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि कृषि अपशिष्ट, फसल अवशेष, बांस और बायोमास को हरित ईंधन और वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट्स में बदला जाए। गडकरी ने भारत के 22 लाख करोड़ रुपए के जीवाश्म ईंधन आयात बिल में कटौती करने, फसल अपशिष्टों को जलाने और वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन से होने वाले प्रदूषण को कम करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि भारत को ऊर्जा आयातक से ऊर्जा निर्यातक बनना होगा, सस्टेनेबल जैव ऊर्जा पहल के माध्यम से इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने विमानन जैव ईंधन के क्षेत्र में सफलता के लिए ब्राजील की प्रशंसा की और कहा कि भारत ने भी अपने हवाई अड्डों पर इसी प्रकार के ईंधन विकल्पों को लागू करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सस्टेनेबल विमानन ईंधन भविष्य के लिए एक बड़ा बाजार है। उन्होंने क्वालिटी रिसर्च और आर्थिक रूप से व्यवहार्य टेक्नोलॉजी की जरूरत पर बल दिया। उत्तर भारत में पराली जलाने के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि इसे समस्या के रूप में नहीं बल्कि अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा से प्राप्त चावल के भूसे को बायो-सीएनजी, इथेनॉल, बायो-बिटुमेन और यहां तक कि विमानन ईंधन में भी बदला जा सकता है। उन्होंने इंडियन ऑयल की मानपुर परियोजना को एक सफल उदाहरण बताया, जो हर साल दो लाख टन फसल अपशिष्ट को उच्च मूल्य वाले ईंधन में बदल देती है।



अब समय आ गया है कि कृषि अपशिष्ट, फसल अवशेष, बांस व बायोमास को हरित ईंधन और वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट्स में बदला जाए : नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री

## मस्क की कंपनी को मिला एलओआई


**नई दिल्ली।** दिग्गज अरबपति कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक भारत में इंटरनेट सेवा शुरू करने के और करीब आ गई है। कंपनी को डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम (डीओटी) से लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) मिल गया है। स्टारलिंक द्वारा सैटकॉम ऑपरेटरों के लिए नए राष्ट्रीय सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने पर सहमति जताने के बाद प्रारंभिक मंजूरी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि स्टारलिंक को अब भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) से एप्रूवल की आवश्यकता है और सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सर्विस स्पेक्ट्रम आवंटित किए जाने से पहले ही कंपनी ने इसके लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए हैं। पिछले महीने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश में कंपनी की निवेश योजनाओं पर चर्चा करने के लिए स्टारलिंक के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक के बाद गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया कि स्टारलिंक के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसमें उपाध्यक्ष चाड गिब्स और वरिष्ठ निदेशक रयान गुडनाइट शामिल थे। बैठक में स्टारलिंक के अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, उनकी मौजूदा साझेदारियों और भारत में भविष्य की निवेश योजनाओं पर चर्चा हुई।



## सीसीआई ने ई-कॉमर्स व क्विक कॉमर्स में कीमत निर्धारण को लेकर सख्त किए नियम

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स सेक्टरों में अनुचित मूल्य निर्धारण से निपटने के लिए नए नियम लागू किए हैं।

इन नियमों का उद्देश्य बड़े ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म की ओर से अपनाई जाने वाली जीरो-प्राइसिंग जैसी नीतियों के संबंध में बढ़ती चिंताओं पर अंकुश लगाना है। नए फ्रेमवर्क के तहत 2009 के मौजूदा लागत नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। इसमें सभी सेक्टरों में गैर-प्रतिस्पर्धी कीमतों का आकलन करने के लिए एक स्पष्ट कार्यप्रणाली दी गई है। नए नियम 7 मई से लागू हो चुके हैं। नए नियमों के तहत अनुचित कीमत की पहचान के लिए औसत परिवर्तनीय लागत को प्राइमरी बेंचमार्क माना जाएगा।




■ 2009 के मौजूदा लागत नियमों में किया गया बदलाव

■ 7 मई से लागू हो चुके है नए नियम

हालांकि, सीसीआई के पास वैकल्पिक लागत उपायों का उपयोग करने का विवेकाधिकार रहेगा, जिसमें औसत कुल लागत, औसत टालने योग्य लागत या दीर्घकालिक औसत वृद्धिशील लागत शामिल हैं और इनका निर्धारण उद्योग की विशिष्टताओं और मामले की जटिलताओं पर निर्भर करता है। जांच प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए जांच के दायरे में आने वाली कंपनियों को अब अपने खर्च पर स्वतंत्र विशेषज्ञों की मदद लेकर लागत आकलन को चुनौती देने का अधिकार होगा।

यह कदम आक्रामक मूल्य निर्धारण रणनीतियों पर नियामकीय निगरानी बढ़ाने का संकेत देता है। इससे छोटी कंपनियों को भी बड़ी कंपनियों की तरह अपने उत्पादों को उपभोक्ताओं के सामने रखने के लिए समान अवसर मिलेंगे।

## केंद्र ने नॉन-फेरस मेटल रिसाइक्लिंग इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए लांच किया पोर्टल

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने भारत में व्यवस्थित, पारदर्शी और टिकाऊ पुनर्चक्रण (रिसाइकलिंग) इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए एक नॉन-फेरस मेटल रिसाइकलिंग वेबसाइट और हितधारक पोर्टल लॉन्च किया। नॉन-फेरस मेटल यानी अलौह धातु वे होती हैं, जिनमें लोहे की मात्रा या तो बहुत कम होती है या बिल्कुल भी नहीं होती है। एल्युमिनियम, कॉपर, जिंक और टिन नॉन-फेरस मेटल के उदाहरण हैं।

इस पोर्टल को कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे और खान मंत्रालय और जेएनएआरडीडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में लॉन्च किया गया। इस पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं में डिस्मेंटलर्स, रिसाइक्लर्स, ट्रेडर्स और कलेक्शन सेंटर्स की नेशनल रजिस्ट्री, रॉ मटीरियल फ्लो, प्रोडक्ट टाइप, टेक्नोलॉजी अडॉप्शन और वर्कफोर्स डेटा को ट्रैक करने के लिए टूल्स; परफॉर्मेंस बेंचमार्किंग मैकेनिज्म; रीजनल, सेक्टोरल इंफ्रास्ट्रक्चर और स्किल गैप की पहचान; स्टैंडर्ड्स, सर्टिफिकेशन सिस्टम और जागरूकता अभियानों के विकास का समर्थन शामिल है।




## केंद्र ने क्लाइमेट फाइनेंस टैक्सोनॉमी को विकसित करने के लिए मांगे विचार

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने भारत के जलवायु वित्त वर्गीकरण (क्लाइमेट फाइनेंस टैक्सोनॉमी) के विकास के लिए ड्राफ्ट फ्रेमवर्क पर एक्सपर्ट्स के कमेंट्स को आमंत्रित किया। इसका उद्देश्य क्लाइमेट-फ्रेंडली टेक्नोलॉजीज और गतिविधियों के लिए ज्यादा रिसोर्स फ्लो की सुविधा लाना है ताकि देश के 2070 तक शुद्ध शून्य (नेट जीरो) उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल किया जा सके। केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि हम जलवायु अनुकूलन के लिए पूंजी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए क्लाइमेट फाइनेंस के लिए एक टैक्सोनॉमी विकसित करेंगे। यह देश की जलवायु प्रतिबद्धताओं और ग्रीन ट्रांजिशन की प्राप्ति का समर्थन करेगा।




इस घोषणा के बाद ही क्लाइमेट फाइनेंस टैक्सोनॉमी का एक ड्राफ्ट फ्रेमवर्क विकसित किया गया है। यह फ्रेमवर्क दृष्टिकोण, उद्देश्यों और सिद्धांतों को रेखांकित करता है, जो टैक्सोनॉमी का मार्गदर्शन करेंगे।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इसमें भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं में योगदान देने वाली गतिविधियों, परियोजनाओं और उपायों को वर्गीकृत करने की कार्यप्रणाली का भी विवरण दिया गया है। साथ ही 2047 तक विकसित भारत को प्राप्त करने से जुड़े लक्ष्यों को भी ध्यान में रखा गया है।

■ क्लाइमेट-फ्रेंडली टेक्नोलॉजीज व गतिविधियों के लिए ज्यादा रिसोर्स फ्लो की सुविधा लाना है उद्देश्य

बयान में कहा गया है कि ड्राफ्ट फ्रेमवर्क क्षेत्रीय अनुबंधों (सेक्टोरल एनेक्सर्स) को विकसित करने का आधार होगी, जो जलवायु-समर्थक माने जाने वाले उपायों, गतिविधियों, परियोजनाओं और ट्रांजिशन को बढ़ावा देने के लिए पहचाने जाने वाले उपायों की रूपरेखा तैयार करेगी।

**सार संक्षेप**

### अवाना कैपिटल ने हाई टाइम फूड्स में किया निवेश

**बेंगलुरु।** वेंचर कैपिटल फंड अवाना कैपिटल ने भारत से वैश्विक स्तर पर किफायती और प्रशीतन-मुक्त संयंत्र प्रोटीन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फूड-टेक स्टार्टअप हाई टाइम फूड्स के सीड फंडिंग राउंड का नेतृत्व करते हुए 12 लाख डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपए) का निवेश किया है। हाई टाइम फूड्स के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आकाश शाह ने कहा कि हम भारत से दुनिया की सबसे बड़ी संयंत्र-आधारित खाद्य कंपनी बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं ताकि हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण प्रोटीन सुलभ हो सके। हम ऐसे मूल्य पर लांच कर रहे हैं, जो अंततः मांस से भी सस्ता होगा। अवाना कैपिटल की निवेश निदेशक श्रुति श्रीवास्तव ने कहा कि हाई टाइम सस्ती, स्केलेबल और टिकाऊ प्रोटीन की समस्या को हल कर रहा है। इनका नवाचार उन बाजारों के लिए बेहद प्रासंगिक है, जहां कोल्ड चेन सपोर्ट सीमित है।

### एशियन पेंट्स का तिमाही मुनाफा 45.04 प्रतिशत लुढ़का

**मुंबई।** घरों के रंग, सजावट और फिटिंग का निर्माण करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनी एशियन पेंट्स लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 1275.30 करोड़ रुपए के मुकाबले 45.05 प्रतिशत लुढ़ककर 700.83 करोड़ रुपए पर आ गया। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में उसे 700.83 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के 1275.30 करोड़ रुपए के मुकाबले 45.05 प्रतिशत कम है। इस अवधि में उसकी कुल आय 8917.87 करोड़ रुपए से 5.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8458.76 करोड़ रुपए रह गई। वहीं, उसका कुल व्यय 7319.10 करोड़ रुपए से 0.6 प्रतिशत कम होकर 7276.60 करोड़ रुपए पर आ गया।

### गोल्ड खरीदारों के लिए खुशखबरी, कम हुई कीमत

**नई दिल्ली।** सोने के खरीदारों के लिए खुशखबरी है और गुरुवार को सोने के दाम में 1,400 रुपए से अधिक की गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 1,402 रुपए घटकर 96,024 रुपए हो गया है, जो कि इससे पहले 97,426 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 22 अप्रैल को 24 कैरेट सोने का भाव 1,00,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। वहीं, 22 कैरेट सोने का दाम कम होकर 93,720 रुपए प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट सोने की कीमत कम होकर 85,460 रुपए प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट सोने का भाव कम होकर 77,780 रुपए प्रति 10 ग्राम है। सोने की कीमतों में कमी आने की वजह इंटरनेशनल बाजार में दाम गिरना है।


# चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

■ सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत का गोता लगाकर 80,334.81 अंक पर रहा

■ निफ्टी 0.58 प्रतिशत लुढ़ककर 24273.80 अंक पर बंद

**मुंबई,** 8 मई (एजेंसियां)। विश्व बाजार में तेजी रहने के बावजूद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से सतर्क निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 411.97 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत का गोता लगाकर 80,334.81 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.60 अंक यानी 0.58 प्रतिशत लुढ़ककर 24273.80 अंक पर आ गया।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1.90 अंक प्रतिशत की गिरावट लेकर 42,154.47 अंक और स्मॉलकैप 1.05 प्रतिशत टूटकर 46,882.73 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4032 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2548 में बिकवाली जबकि 1349 में लिवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2935 कंपनियों में से 2027 में गिरावट जबकि 820 में तेजी रही वहीं 88 में टिकाव रहा।




विश्लेषकों के अनुसार, फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को यथावत रखने के निर्णय तथा मुद्रास्फीति एवं श्रम बाजार को लेकर सख्त रुख अपनाने के बावजूद डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के बिडेन युग के एआई चिप प्रतिबंधों को हटाने पर विचार करने की रिपोर्ट आने से विश्व बाजार में तेजी का रुख रहा। लेकिन, भारत द्वारा सीमा पार और नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाए जाने की खबर से निवेशकों में सतर्कता रही, जिससे बाजार पर दबाव रहा। हालांकि विश्लेषकों का मानना है कि आगे अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में संभावित प्रगति से निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों को अल्पकालिक राहत मिल सकती है, जिससे बाजार को कुछ स्थिरता मिलेगी। विश्व बाजार में लिवाली का जोर रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26, जर्मनी का डैक्स 1.17, जापान का निक्केई 0.41, हांगकांग का हैंगसेंग 0.37 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.28 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 166 अंक की तेजी के साथ 80,912.34 अंक पर खुला और दमदार लिवाली के दम पर दोपहर से पहले 80,927.99 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने नुकसान उठाया उनमें इटरनल 3.14, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.85, मारुति 2.04, बजाज फाइनेंस 1.86, टाटा स्टील 1.81, एशियन पेंट 1.29, भारती एयरटेल 1.23, बजाज फिनसर्व 1.14, पावरग्रिड 1.09, एसबीआई 0.95, एचडीएफसी बैंक 0.94, इंडसइंड बैंक 0.94, सन फार्मा 0.85, एनटीपीसी 0.72, अडानी पोर्ट्स 0.62, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.62, आईसीआईसीआई बैंक 0.60, नेस्ले इंडिया 0.34, अल्ट्रासिम्को 0.23, रिलायंस 0.08, टेक महिंद्रा 0.08, आईटीसी 0.07 और एलटी 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एचसीएल टेक 1.05, कोटक बैंक 0.81, एक्सिस बैंक 0.80, टाइटन 0.69, टाटा मोटर्स 0.21, इंफोसिस 0.18 और टीसीएस के शेयर 0.07 प्रतिशत लाभ में रहे।

## देश में तेजी से बढ़ रहा को-लीविंग मार्केट

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। भारत का को-लीविंग मार्केट तेजी से बढ़ रहा है और इसका आकार 2030 तक 10 लाख बेड पर पहुंचने का अनुमान है। यह जानकारी गुरुवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट में बताया गया कि मौजूदा समय में संगठित बाजार में 3 लाख को-लीविंग बेड हैं। टियर-1 और चुनिंदा टियर-2 शहरों में को-लीविंग बाजार तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सेक्टर में तेजी की वजह विशेष रूप से छात्रों और युवा पेशेवरों के बीच बढ़ता शहरीकरण है। को-लीविंग का चलन शहरों में बढ़ रहा है। यह रोजगार या अच्छी शिक्षा की तलाश में बड़े शहरों का रुख करने वाले युवाओं को बेहतर आवास का विकल्प उपलब्ध कराता है। यह किफायती होते हैं। इसमें एक प्राइवेट बेड होता है और किचन और लीविंग रूम आदि को अन्य के साथ साझा करना होता है।



■ 2030 तक 10 लाख बेड्स तक पहुंचने का अनुमान

कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, महामारी के दौरान मांग घटने के बाद को-लीविंग की मांग फिर से तेजी पकड़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में शहरी भारत में 20 से 34 वर्ष आयु वर्ग की अनुमानित 5 करोड़ प्रवासी आबादी है। संगठित क्षेत्र में को-लीविंग बेड की मांग करीब 66 लाख पर है।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 3770 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट की तेजी के साथ 47.85 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 219 रुपये और सोया रिफाइंड 110 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया जबकि पाम ऑयल में 366 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता**

# भारत के वस्त्र क्षेत्र के लिए बनेगा गेम-चेंजर

**नई दिल्ली,** 8 मई (एजेंसियां)। भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को भारत की अर्थव्यवस्था, खासकर परिधान और वस्त्र क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और बड़ा बदलाव लाने वाला कदम है। इस समझौते के अंतर्गत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ हटा दिए गए हैं, जिससे भारतीय उत्पादों के लिए यूके जैसे प्रीमियम बाजार में बड़े स्तर पर नए अवसर खुलेंगे।

यह समझौता परिधान, वस्त्र, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, जूते, खिलौने आदि जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को खास फायदा देगा। खास तौर पर परिधान और वस्त्र उद्योग के लिए यह समझौता बड़ी व्यापारिक बाधाओं को हटाता है, बाजार की पहुंच बढ़ाता है। यह भारत को एक ग्लोबल हब बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारतीय हस्तकला और नवाचार को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुसार है। डॉ. ए. सक्थिवेल, चेयरमैन, अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल ने इस समझौते का स्वागत किया और माननीय प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को इस ऐतिहासिक समझौते के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो भारत के वस्त्र निर्यात को नई रफ्तार देगी और इस क्षेत्र में रोजगार व विकास को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता भारत को ग्लोबल परिधान और वस्त्र हब के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी, खासकर ब्रेग्ज़िट के बाद यूरोप में भारत की व्यापार मौजूदगी को और मजबूत बनाएगी।



■ भारत के 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ हटा दिए गए

■ भारत के वस्त्र निर्यात को मिलेगी नई रफ्तार

मुक्त व्यापार समझौता सिर्फ माल के व्यापार तक सीमित नहीं है बल्कि यह सेवाओं के लिए भी नए रास्ते खोलता है, जिससे भारतीय डिजाइनर, पेशेवर और स्टार्टअप्स को अंतरराष्ट्रीय फैशन और खुदरा बाजार से जुड़ने का मौका मिलेगा। इस समधौते की एक और खास बात यह है कि यूके में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों को तीन साल तक सामाजिक सुरक्षा में योगदान से छूट मिलेगी, जिससे उन्हें अधिक आमदनी होगी और दोनों देशों के बीच कौशल आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता न सिर्फ आर्थिक साझेदारी को मजबूत करता है, बल्कि युवा और महत्वाकांक्षी भारतीयों के लिए वैश्विक अवसरों के नए रास्ते भी खोलता है।

# पं. हरिशंकर शुक्ला पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत



रायपुर, 8 मई (देशबन्धु)। कचना मेन रोड पर स्थित पं. हरिशंकर शुक्ला पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत छात्रा - छात्राओं ने परीक्षा परिणाम में 100 प्रतिशत सफलता अर्जित किए। स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक प्रकार के गतिविधियां संचालित की जाती है, जैसे वाद - विवाद प्रतियोगिता, खेल कूद प्रतियोगिता, बाहरी भ्रमण, लैब प्रशिक्षण तथा पुस्तकालय की सुविधा है। स्कूल में अधिकांशतः प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा अध्यापन का कार्य करवाया जाता है। प्रशिक्षित स्टाफ में अधिकांश महिलाएं हैं। छात्रों के लिए सुरक्षित तथा वातानुकूलित वातावरण है। यहाँ कक्षा नर्सरी से कक्षा नवमीं तक कक्षाएं संचालित की जाती है। शिक्षकों द्वारा कठिन विषयों को अत्यंत सरल तरीके से समझाया जाता है। संस्था की एम. डी. श्रीमती रश्मि तिवारी के मार्गदर्शन से संस्था निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

# सुशासन तिहार के तहत विश्वविद्यालयीन कर्मचारीयों के लिए सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन आदेश जारी करने के लिए की मांग

रायपुर, 8 मई (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कर्मचारियों ने अपने छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के बेनर तले हमारे प्रदेश के मुखिया आदरणीय मुख्यमंत्री जी जो कि उच्च शिक्षा विभाग के भी मुखिया है को पिछले साल 4 जुलाई 2024 को उनके दूसरे जनदर्शन में पत्र देकर सेवा निवृत कर्मचारियों ने निवेदन किया था उक्त पत्र दिये आज दस माह से भी अधिक समय हो गये आज तक आदेश जारी नहीं किया जा सका है मंत्रालय के संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए सुशासन तिहार के 31 मई 2025 समापन के पूर्व शीघ्र आदेश जारी किया जाये शासकीय कर्मचारीयों की भाँति।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव तीर्थ राम यादव जी ने मुख्यमंत्री जी के सुशासन तिहार के पावन पर्व पर उनकी पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई और ढेरसारी शुभ कामनाएं देते हुये आग्रह किये कि प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों को सातवें वेतन मान के आधार पर पेंशन आदेश जारी कराने के लिए पहल करने का निवेदन किया गया उक्त आदेश के लिए मंत्रालय के वित्त विभाग में नस्ति विगत चार पांच माह से अटकी पड़ी है जिसे स्वीकृत करते हुए उच्च शिक्षा विभाग प्रेषित किया जाये ताकि मुख्यमंत्री जी के मंशानुरूप सुशासन तिहार का सम्मान शासन के वित्त और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आपसी ताल मेल दिखाते हुए विश्व विद्यालय के सेवानिवृत कर्मचारीयों के हित में शीघ्र आदेश जारी कराये।

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

क्रमांक/अ-6अ/2024-2025
ग्राम सोनडोंगरी प.ह.नं. 36, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण कन्हैया लाल साहू सुग्रीव साहू, अशोक कुमार साहू पिसरान स्व. जेवू लाल साहू पता साहू पारा गुढ़ियारी तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक क्रं. 1 से 3, तुलसी राम साहू, सतरूपा साहू तथा धनीराम साहू एवं बलीराम साहू आपस में सगे भाई-बहन है। यह कि, आवेदक क्रं. 1 से 3, तुलसी राम साहू, सतरूपा साहू तथा धनीराम साहू एवं बलीराम साहू के पिता स्व. जेठूराम साहू वल्द स्व. समोधी साहू के नाम पर ग्राम-सौनडोंगरी, प.ह.नं.-00036, रा.नि. मं. रायपुर-4, तहसील व जिला रायपुर, छ.ग. में कृषि भूमि ख.नं. 373/3 रकबा 0.0610 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी अधिकार पर दर्ज थी। यह कि आवेदक कि, उपरोक्त स्व. जेवू राम साहू की मृत्यु दिनांक-14.10.2016 को हो चुकी है, तथा उसकी पत्नि अर्थात् आवेदक क्रं. 1 से 3, तुलसी राम साहू सतरूपा साहू तथा धनीराम साहू एवं बलीराम साहू की माताजी श्रीमती कला बाई साहू की मृत्यु दिनांक 11.02.2016 को हो चुकी है। यह कि, आवेदकगण द्वारा उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख में अपने पिता की फौती उठाने तथा उत्तराधिकारीगण का नाम जोडने हेतु पटवारी से संपर्क करने पर पता चला कि खसरा नंबर 373/3 रकबा 0.061 हे. भूमि आनलाईन में दर्ज नहीं है, तत्पश्चात् आवेदकगण द्वारा वर्ष 1981-82 से 2024-25 तक का राजस्व रिकार्ड की नकल प्राप्त किया गया जिसके अवलोकन से या ज्ञात हुआ कि वर्ष 1981-82 से 1994-95 तक मृत खातेदार स्व. जेठूराम साहू वल्द स्व. समोधी साहू के नाम पर दर्ज रहा तथा वर्ष 1995-96 से 2024-25 तक के राजस्व रिकार्ड को रोस्टर करते समय छुट गया है। यह कि, वर्तमान राजस्व रिकार्ड का अवलोकन करने से यह जानकारी हुई कि ख.न. 373/3 रकबा आनंद कुमार तिवारी पिता स्व. सत्यनारायण तिवारी का नाम दर्ज है जिसके कैफियत कालम में नामांतरण क्रमांक सीजी-2024-25-108-1-3449 दिनांक 29/11/2024 (373/1 का भाग) दर्ज है, जबकि वास्तविक रूप से खसरा नंबर 373/3 रकबा 0.061 हे. भूमि मृत खातेदार स्व. जेठूराम साहू वल्द स्व. समोधी साहू के नाम पर दर्ज था। यह कि, अत: माननीय न्यायालय से निवेदन है कि उपरोक्त भूमि को आवेदकगण के पिता मृत खातेदार स्व. जेवूराम साहू वल्द स्व. समोधी साहू के नाम पर खसरा नंबर 373/3 रकबा 0.061 हे. ऑनलाईन अपडेट किये जाने की कृपा करें ताकि आवेदकगण द्वारा उक्त भूमि को फौती नामांतरण करवा कर विधिक उत्तराधिकार के माध्यम से प्राप्त कर सके। तथा वर्तमान राजस्व रिकार्ड को भी अद्यतन करते हुये आनंद कुमार तिवारी पिता स्व. सत्यनारायण तिवारी को ख.नं.373/3 रकबा 0.0093 हे. को अन्य खसरा नंबर प्रदाय किये जाने हेतु आवेदकगण का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 25.05.2025 को होगी। अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवई दिनांक ..... तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 07.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202505110200030/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम शंकर नगर प.ह.नं. 110/63
रायपुर, दिनांक 08.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 01. कृष्णकांत बाजपेयी पिता शिवशंकर बाजपेयी, 02. श्रीमती मोहिनी बाजपेयी पति कृष्णकांत बाजपेयी निवासी गीतांजली नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम शंकर नगर प.ह.नं. 110/63, तहसील व जिला रायपुर में गीतांजली नगर सहकारी समिति सेक्टर-02, गीतांजली नगर रायपुर में स्थित मकान नंबर 28, प्लाट नंबर 10, रकबा 2000 वर्गफुट जिसका ख.नं. 355/52 खसरा नंबर 686/2 का टुकड़ा है, जो कि वर्तमान में गीतांजली सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित के नाम पर दर्ज है। उक्त संपत्ति को गीतांजली सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित द्वारा अध्यक्ष प्रकाश दावड़ा पिता मगन लाल जी दावड़ा से अलोक शुक्ला के द्वारा क्रय किया गया और आलोक शुक्ला से आवेदकगण ने क्रय किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 20.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
-अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर-
Email ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्रं./...20279.../न.पा.नि./जोन क्रं.-10/2025
रायपुर, दिनांक 07-05-2025

**ईश्तहार**

वार्ड का नाम-53 बाबू जगजीवनराम वार्ड
नामांतरण प्र.क्र. 20279

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651K01803 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS AND BUILDERS पिता/पति श्री/श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS AND BUILDERS के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Anshu Agrawal पिता/पति श्री/श्रीमती Madhaw Sharan Agrawal ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"

श्री विवेकानन्द दुबे
(जोन कमिश्नर) जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ZAHEEN FATIMA D/O SHAKEEL AHMED resident of BEHIND BAKRA MARKET NEAR NOHAR KIRANA STORE SANJAY NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name ZAHEEN FATIMA D/O SHAKEEL AHMED so in future I should be recognized by my new name that is ZAHIN FATIMA D/O SHAKEEL AHMED in all Government and other documents.

**ZAHIN FATIMA**
BEHIND BAKRA MARKET
NEAR NOHAR KIRANA STORE
SANJAY NAGAR RAIPUR
(C.G.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर छ.ग.
### राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.मा.क्र./202504110800074/अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 06.05.2025

प्रति,
01. श्रीमती जगजीत कौर जौजे सरदार दिलीप सिंग सिख निवासी केलकर बाडी स्टेशन रोड रायपुर 02. श्री यशवंत पिता गोविंद निवासी पंडरी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
द्वारा:-माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदिका श्रीमती कुमारी बाई महतो पति स्व. कैलाश प्रसाद महतो निवासी मात्र छाया, बालाजी मंदिर के पास, आनंद नगर तेलीबांधा रायपुर (छ. ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 290/2 रकबा 300 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता श्रीमती जगजीत कौर जौजे सरदार दिलीप सिंग सिख निवासी केलकर बाडी स्टेशन रोड रायपुर, तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20.09.1980 के माध्यम से क्रय किया गया है। अत: उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 20.05.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)
### राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.प्र.क्र./20250311500150/अ-6/वर्ष 2024-25
रायपुर, दिनांक 25.04.2025

प्रति,
इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदकगण मेसर्स राजकुमारी इस्टेट द्वारा भागीदार 01. श्रीमती मीरा जाखोदिया पति श्री जय किशन जाखोदिया, 02. श्री आशुतोष जाखोदिया पिता श्री जय किशन जाखोदिया दोनों निवासी रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह, प.ह.नं. 52, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 17, भूखण्ड क्रमांक 20/1, 20/2, 20/3, 20/5, रकबा क्रमश: 4500, 4000, 1500, 4500 वर्गफुट, कुल भूखण्ड क्रमांक 04, कुल रकबा 14500 वर्गफुट भूमि को आवेदकगण द्वारा विक्रेता श्रीमती सरिता देवी अग्रवाल पति बजरंग लाल अग्रवाल निवासी लवकुश वाटिका, व्ही. आई. रोड रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 10.02.2025 के माध्यम से क्रय किया गया है। अत: उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर विक्रेता श्रीमती सरिता देवी अग्रवाल पति बजरंग लाल अग्रवाल का नाम विलोपित कर आवेदकगण द्वारा अपने नाम पर दर्ज करने का निवेदन किये है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 13.05.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

क्रमांक/20250511500027/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण ऑनलाईन भुईया नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदिकागण श्रीमती ज्योति टांक पति स्व. रजनीकांत टांक, हर्षित टांक पिता स्व. रजनीकांत टांक निवासी ई-15 सेक्टर-02 देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग.द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 291 का भाग रकबा 344.32 वर्गफुट भूमि को आवेदिकागण द्वारा अनावेदक/विक्रेता मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 13.02.2023 के माध्यम से क्रय किया है जिसे पंजीकृत हस्तांतरण विलेख दिनांक 11.04.2023 को निष्पादित कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिकागण अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

क्रमांक/20250511500028/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण ऑनलाईन भुईया नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदिका श्रीमती ज्योति टांक पति स्व. रजनीकांत टांक निवासी ई-15 सेक्टर-02 देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 291 का भाग रकबा 344.32 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा अनावेदक / विक्रेता मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 13.06.2018 के माध्यम से क्रय किया है जिसे पंजीकृत हस्तांतरण विलेख दिनांक 06.03.2023 को निष्पादित कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम औरोदीप देव (Aurodeep Deb) पिता तुहिन देव निवासी एफ 524, ईडब्लूएस इन्द्रप्रस्थ फेस 2, डी मार्ट के पास रायपुरा रायपुर, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) 492013 का हूं। यह कि मेरा वास्तविक नाम औरोदीप देव (Aurodeep Deb) है। परंतु मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम इंग्लिस व हिन्दी में ऑरोदीप (Aurodeep Dev) त्रुटिवश कर दिया गया है। यह कि मैं अपना वास्तविक नाम औरोदीप देव (Aurodeep Deb) को ही अपने समस्त शैक्षणिक, शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहता हूं। यह कि ऑरोदीप देव (Aurodeep Dev) व ऑरोदीप देब (Aurodeep Deb) दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है अर्थात मेरे स्वयं के है जिस कारण आज से मुझे मेरे वास्तविक नाम (Aurodeep Deb) औरोदीप देब से ही जाना-पहचाना, पुकारा, लिखा-पढ़ा, समझा तथा मान्य किया जावें तथा मेरे समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम औरोदीप देब (Aurodeep Deb) दर्ज किया जावे।

स्थान: रायपुर
दिनांक-08.05.2025

**आवेदक**
**औरोदीप देब**
**पिता तुहिन देब**
**निवासी एफ 524, ईडब्लूएस इन्द्रप्रस्थ फेस 2, डी मार्ट के पास रायपुरा रायपुर, सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.) 492013**

### न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा
### मामले की श्रेणी: राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ-जिला रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00001 लांजा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-20242510414646

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00001 के अंतर्गत ग्राम लांजा के वर्तमान भूमिस्वामी बिराजबाई पिता/पति गुलाब पता लांजा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 410/2 0.2000 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता इलायची खुटे पिता/पति गुलाब पता अड़सेना, तुलसीबाई खूटे पिता/पति गुलाब पता खपरीडीह खुर्द के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार आरंग

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर
### मामले की श्रेणी: राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ-जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00062 रायपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20242544072260 0216

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00062 के अंतर्गत ग्राम रायपुर के वर्तमान भूमिस्वामी वासुदेव पिता/पति-पिता ध्रुव पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1320/1/ढ/56 0.0080, 1330/19 0.0140 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता इन्दु सोनकर पिता/पति स्व. वासुदेव सोनकर पता कुशालपुर रायपुर, रमाकांत सोनकर पिता/पति स्व. वासुदेव सोनकर पता कुशालपुर रायपुर, कृष्णा सोनकर पिता/पति स्व. वासुदेव सोनकर पता कुशालपुर रायपुर, मोनिका सोनकर पिता/पति स्व. वासुदेव सोनकर पता कुशालपुर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर
### मामले की श्रेणी: राजस्व
**ईश्तहार**

संदर्भ-जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00071 बोरियाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2024254407 26600120

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00071 के अंतर्गत ग्राम बोरियाखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी विशेष ठाकुर पिता/पति स्व. गोरेलाल ठाकुर पता कोटा रायपुर, शिवेश ठाकुर पिता/पति स्व. गोरेलाल ठाकुर पता कोटा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 241/ 19 0.0120 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति पता न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10
**ईश्तहार**

जारी दिनांक 08.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. राधा शर्मा पति डॉ. कुमार शर्मा निवासी स्वर्ण भूमि आमासिवनी मोवा पण्डरी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम फुंडहर पटवारी हल्का नंबर 68 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 55/49 रकबा 0.1130 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 07.05.2025 के परिपालन में दिनांक 10.06.2025 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 68 के फुंडहर में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-10

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 4059/रा.शा./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 17/04/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-04 योजनांतर्गत श्री भगवती राम देवांगन पिता श्री जीवराखन देवांगन को भूखंड क्रमांक बी-76 रकबा 102.50 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती श्री भगवती राम देवांगन पिता श्री जीवराखन देवांगन द्वारा दिनांक 27.03.2025 को श्री नेमीचंद साहू पिता श्री पुनीत राम साहू को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्री नेमीचंद साहू पिता श्री पुनीत राम साहू के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ......... को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

### नाम परिवर्तन के संबंध में प्रकाशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पार्वती बाई पति श्री अशोक साहू उम्र 45 वर्ष पता मिनल चौक पटेल किराना स्टोर्स के पास संजय नगर टिकरापारा रायपुर छ.ग. का हूं।

यह कि मेरे स्कूल के दाखिला खारिज में मेरा नाम पर्वत बाई अंकित है जबकि मेरे आधार नं. 9128 5146 3219 एवं मतदाता परिचय पत्र में मेरा नाम पार्वती साहू अंकित है। यह कि मैं अपने आधार कार्ड एवं मतदाता परिचय एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों में अपना पूर्व नाम पार्वती बाई को परिवर्तित कर नया नाम पर्वत बाई अंकित कराना चाहती हूं। अत: अब से मैं पर्वत बाई के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जावे व तथा मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों में यही नाम पर्वत बाई दर्ज किया जावे।

स्थान-रायपुर छ.ग.
दिनांक 08.05.2025

| पुराना नाम | नया नाम |
|---|---|
| पार्वती बाई | पर्वत बाई |
| पति श्री अशोक साहू | पति श्री अशोक साहू |
| पता-मिलन चौक संजय नगर टिकरापारा | पता-मिलन चौक संजय नगर नगर टिकरापारा |

### कार्यालय रा.नि.मं. सेरीखेड़ी तहसील व जिला रायपुर
### आम सूचना

दिनांक 06.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा देवी पति आनंदमल निवासी श्याम नगर तेलीबांधा रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम टेमरी प.ह.नं. 78 राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 117/12 रकबा क्रमश: 0.1940 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय नायब अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 09.12.2024 के परिपालन में दिनांक 13.05.2025 को समय अपरान्ह 12 बजे पश्चात किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत दिनांक समय में हल्का पटवारी हल्का नंबर 78 के स्थित कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. सेरीखेड़ी**

### कार्यालय रा.नि.मं. सेरीखेड़ी तहसील व जिला रायपुर
### आम सूचना

दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका लक्ष्मी कांवरे पिता श्री बैजनाथ कांवरे निवासी पी-7 अग्रोहा कॉलोनी रायपुरा रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम टेमरी प.ह.नं. 78 राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 117/4, 117/9 रकबा क्रमश: 0.0980 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 25.11.2024 के परिपालन में दिनांक 13.05.2025 को समय अपरान्ह 12 बजे पश्चात किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत दिनांक समय में हल्का पटवारी हल्का नंबर 78 के धरमपुरा स्थित कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. सेरीखेड़ी**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-06 खमतराई, तहसील व जिला रायपुर
### सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 08.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जसपाल सिंग पिता सरदार सिंग निवासी मौदहापारा रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-06 खमतराई स्थित भूमि खसरा नंबर 54/11 रकबा 0.0840 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. क्यू/वाचक/नायब/तह/वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 26.03.2025 के परिपालन में दिनांक 26.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 38 के खमतराई स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-06 खमतराई**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-06 खमतराई, तहसील व जिला रायपुर
### सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 08.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका साहनी इन्टरप्राइजेश द्वारा जसपाल सिंग पिता स्व. सरदार सिंग निवासी तेलीबांधा रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-06 खमतराई स्थित भूमि खसरा नंबर 74/5 शामिल 75/3, 76/7, 77/8, 90/6 रकबा 0.2250 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. क्यू/वाचक/नायब/तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 26.03.2025 के परिपालन में दिनांक 26.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 38 के खमतराई स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-06 खमतराई**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर
### आम सूचना

जारी दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय शर्मा पिता/पति रामाधार शर्मा निवासी बलौदाबाजार छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि खसरा नंबर 397/10 रकबा 0.019 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 27.04.2025 के परिपालन में दिनांक 26.05.2025 को समय 2 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर
### आम सूचना

जारी दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गिरजा शंकर तिवारी पिता/पति जयनाथ तिवारी निवासी बलौदाबाजार छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 397/9 रकबा 0.018 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 27.06.2024 के परिपालन में दिनांक 26.05.2025 को समय 2 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक/202505115600012/अ-6/2024-2025
ग्राम-भाठागांव प.ह.नं. 60
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 08.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदिका लक्ष्वंतीन साहू पति भुनेश्वर प्रसाद निवासी ज्योति नगर, हल्का तालाब के किनारे मठपुरैना रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60, तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 740/21 रकबा 810 वर्गफुट भूमि को विक्रेता मेसर्स राज कंस्ट्रक्शन द्वारा भागीदार 01. श्री गौतम कुमार ओझा पिता स्व. श्री राजनारायण 02. श्रीमती रीना ओझा पति श्री गौतम कुमार ओझा 03. श्रीमती अंजू देवी ओझा पति संतोष ओझा 04. श्रीमती कलावती ओझा पति स्व.श्री राजनारायण निवासी मकान नं. 1019/1, भूतपारा शिवनगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 11.10.2017 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपना नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण दिनांक 02.06.2025 को होगी। की सुनवाई इस न्यायालय में अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 02.06.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

क्रमांक/क्यू/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 28.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सोनिया सिंघल पति स्व. विनोद कुमार सिंघल एवं अन्य 02, निवासी-विश्रामपुर, शिवन्दनपुर नगर पंचायत सूरजपूर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-पचेडा, प.ह.नं.-03, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1020 रकबा 1736 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेख मे विनोद कुमार सिंघल पिता स्व. किशनचंद सिंघल के नाम पर भूमिस्वामी हक मे दर्ज है जिसका देहांत दिनांक 14.11.2024 को हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख से मृतक भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर मृतक के विधिक वारिसान का नाम राजस्व अभिलेख मे दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 13.05.25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 28.04.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

क्रमांक/क्यू/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 08.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हिरिया बाई साहू पति विजय साहू निवासी साहू पारा नियर शिव मंदिर फाफाडीह तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम दरबा प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 75, 214, 381, 428, 553, 791 रकबा क्रमश: 0.04, 0.02, 0.01, 0.01, 0.23, 0.11 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में सोहन, हुमन, हिरौंदी, हिरिया, दसरी बाई के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसमें से सहखातेदार दसरी बाई साहू पति भिखम को देहांत दिनांक 04.06.2024 को हो गया है। मृतक सहखातेदार दसरी बाई साहू पति भिखम के द्वारा अपने जीवनकाल में अपने हक व हिस्से अर्थात 1/5 की भूमि को अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 14.03.2023 को आवेदक एवं अन्य के पक्ष में निष्पादित किया गया है। आवेदक के द्वारा उक्त निष्पादित अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदित भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेख से मृतक वसीयतकर्ता का नाम विलोपित कर बतौर भूमिस्वामी अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 22.05.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202505110800017/अ-6/2024-25
ग्राम-भनपुरी प.ह.नं. 39
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 06.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण 01. मुकेश कुमार साहू, 02. हरीश कुमार साहू, 03. भोजूराम साहू पिसरान स्व. रघुनंदन साहू निवासी गीतानगर भनुपुरी रायपुर, 04. श्रीमती दीपिका बाई साहू पिता स्व. रघुनंदन साहू पति ओमप्रकाश साहू निवासी मटियाडीह गनियारी रायपुर, 05. श्रीमती रजनी साहू पिता स्व. रघुनंदन साहू पति चंद्रिका साहू निवासी घनश्याम चौक साहू, पारा भाटागांव रायपुर, 06. श्रीमती दुखिया बाई साहू पति स्व. रघुनंदन साहू गीतानगर भनपुरी रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदकगण के पिता/पति रघुनंदन साहू पिता स्व. सेवाराम साहू के नाम पर ग्राम भनपुरी, प.ह.नं. 39 तहसील व जिला रायपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 68/7 रकबा 0.0160हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार स्व. रघुनंदन साहू पिता स्व. सेवाराम साहू की मृत्यु दिनांक 01.10.2024 को हो चुकी है। मृतक खातेदार स्व. रघुनंदन साहू पिता स्व. सेवाराम साहू के विधिक वारिसानगण 01. मुकेश कुमार साहू, 02. हरीश कुमार साहू, 03. भोजूराम साहू, 04. श्रीमती दीपिका बाई साहू, 05. श्रीमती रजनी साहू पिसरान स्व. रघुनंदन साहू, 06. श्रीमती दुखिया बाई साहू पति स्व. रघुनंदन साहू है, अन्य कोई नहीं। अत: आवेदित भूमि में से मृतक खातेदार स्व. रघुनंदन साहू पिता स्व. सेवाराम साहू का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम पर फौती दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अत: आवेदकगण का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 22.05.2025 तक स्वत या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### नाम परिवर्तन

मैं, रवि कुमार निषाद, उम्र-44 वर्ष, पिता-शत्रुहन निषाद, निवासी एफ-32 राजधानी विहार कालोनी, सड्डू रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

मेरे कक्षा 10वीं के अंकसूची एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम रवि कुमार RAVI KUMAR एवं पिता का नाम शत्रुहन SHATRUHAN माता का नाम सोन्ती बाई SONTI BAI अंकित है। मेरे आधार कार्ड, मेन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, परिचय पत्र में मेरा नाम रवि कुमार निषाद RAVI KUMAR NISHAD एवं पिता का नाम शत्रुहन निषाद SHATRUHAN NISHAD माता का नाम सोन्ती बाई निषाद SONTI BAI NISHAD अंकित है। मेरा उक्त दोनों नाम एवं माता-पिता का नाम एक ही व्यक्ति का है जो कि सत्य एवं सही है उक्त संबंध में किसी प्रकार का वाद विवाद होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की जिसके जो भी नियम व शर्त होगी वह मुझे मान्य है।

**शपथकर्ता**
**रविकुमार निषाद**
**पिता शत्रुहन निषाद**
**पता-एफ 32 राजधानी विहार कालोनी सड्डू रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./20494/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2024**
**नामांतरण प्र.क्र. 20494**
**वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651K11803 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS AND BUILDERS पिता/पति श्री/श्रीमती GURUMUKH SINGH HORA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती PRATIK JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती PRADEEP KUMAR JAIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./20506 न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2024**
**नामांतरण प्र.क्र. 20506**
**वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446SA0602 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS SAI DEVELOPERS पिता/पति श्री/श्रीमती MS SAI DEVELOPERS के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती सिमरन कौर दुआ पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री मनिंदर सिंह ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री विवेकानन्द दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री हर्षित शर्मा पिता श्री योगेन्द्र शर्मा की संपत्ति जो की खसरा नं. 983/1 एवं 204/2, रकबा 100 एवं 4840 वर्गफुट कुल रकया 10000 वर्गफुट ग्राम शंकर नगर (खम्हारडी) वीआईपी स्टेट डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड नं. 27. प.ह. न. 110/63, रा.नि.म. रायपुर--शंकरनगर तहसील एवं जिला रायपुर में स्थित हैं। जिसको बेचने का शौदा कर चुके है जिसका विक्रय विलेख का निधान एवं पंजीयन होना शेष है। उपरोक्त संपत्ति का पूर्व दो विक्रय विलेख जिसको क्रेता श्रीमती कविता गोयल व अन्य ने विशेता श्री विभाष तिवारी से क्रय कर उप-पंजीयक कार्यालय रायपुर में दिनांक 12.11.2013 का दस्तावेज का 4431 एवं इससे पूर्व क्रेता श्री विभाष तिवारी ने विक्रेता मेसर्स आ.पी. रियल इस्टेट प्रा.लि. उपपंजीयक कार्यालय रायपुर में दिनांक 20.11.1990 का दस्तावेज क्र. 7810 देकर कर पंजीकृत किया गया है। जिसकी मूल प्रति कही गुम हो गई है। उक्त गुमा पुर्व विक्रय विलेखके संबंध में विधानसभाधाना, जिला रायपुर में दिनांक 07.05.2025 को सूचना दी जा चुकी है। अत: उपरोक्त वर्णित सम्हार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति फर्म, संस्था बैंक, महाजन, शासकिय एवं अर्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई उजर या आपत्ति होती इस आम सूचना को प्रकाशन तिथि के 07 (सात) दिनों के भीतर दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में प्रत्यक्ष रुप से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज कराये। समयावधि बीतने के पश्चात् की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य समझी जायेगी। तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

दिनांक 07.05.2025
स्थान-रायपुर

**भवदीय**
**आशुतोष मिश्रा अधिवक्ता**
**आफिस एफ-3, मॉर्डन कॉम्पलेक्स**
**लालगंगा सिटी मार्ट के बाजू रायपुर छ.ग.**

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

ई.क्र./2025051102000/अ-6/वर्ष 2025
ग्राम रायपुरखास प.ह.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 06.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 1. लोकेश कुमार साहू 2. ललित साहू 3. किरण साहू तीनो पिता स्व. राजेश साहू 4. श्रीमती मीना साहू पति स्व. राकेश साहू 5. नंदनी साहू 6. दीपिका साहू 7. हीरेन्द्र साहू तीनो पिता स्व. राकेश साहू 8. श्रीमती लता साहू पति स्व. मुकेश साहू 9. श्रद्धा साहू 10. भावना साहू दोनो पिता पिता स्व. मुकेश साहू 11. ना.बा. यश कुमार साहू पिता स्व. मुकेश साहू वली माँ लता साहू 12. श्रीमती योगेश्वरी साहू पति स्व. संतोष साहू 13. ना.बा. पीयुष सहा पिता स्व. संतोष साहू वली माँ योगेश्वरी साहू 14. श्रीमती भारती साहू 15. श्रीमती रेखा उर्फ बिमला बाई साहू दोनो पिता स्व. रामरतन साहू निवासी-म.नं.-52/1597, सुधीर मुखर्जी वार्ड, अश्वनी नगर, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-रायपुर खास, प.ह.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर-135/4 का भाग रकबा 200 वर्गफुट भूमि को आवेदकगण के पूर्वज स्व. रामू साहू पिता रतिराम साहू ने विक्रेता मोती वल्द शिवराम से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20.01.1973 को कय किया है। तथा ग्राम-रायपुर खास, प.ह.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर-135/4 का भाग रकबा 85 वर्गफुट को आवेदकगण के पूर्वज स्व. कुमारी साहू पति स्व. रामू साहू ने विकेतागण ने पूर्व विक्रेता मंगलू वल्द महेश ढीमर निवासी-हाण्डीपारा रायपुर छ. ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18.01.1965 को क्रय किया है। तथा ग्राम रायपुर खास, शीट नं. 5, भूखण्ड क्र. 8/2 में पूर्व विक्रेता मंगलू वल्द महेश ढीमर का नाम संधारण खसरा में दर्ज है। तथा उपरोक्त सम्पत्ति को क्रय करने के पश्चात् क्रेतागणों ने राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज नहीं कराया था। अत: वर्तमान राजस्व अभिलेख परिवर्तत संधारण खसरा में क्रेतागणों के विधिक वारिसानों को उपरोक्त सम्पत्ति में अपना नाम दर्ज कराने हेतु यह आवेदन पत्र आप के समक्ष प्रस्तुत हैं। तथा आवेदकगण के पूर्वज रामू साहू की मृत्यु लगभग 50 वर्ष पूर्व एवं कुमारी बाई साहू की मृत्यु दिनांक 03.10.2019 को हो चुकि है। तथा आवेदकगण की माताध्दादी सुखिया बाई साहू पति स्व. रामरतन साहू अपने माता स्व. कुमारी साहू एवं पिता स्व. रामू साहू की केवल एक मात्र संतान पुत्री है तथा सुखिया बाई साहू की मृत्यु दिनांक सितम्बर 2024 एवं उनके पति रामरतन साहू की भी मृत्यु पूर्व में हो चुकि है तथा हम आवेदकगण ही उनके विधिक वारिस है। तथा सुखिया बाई साहू के पुत्र राजेश साहू की मृत्यु दिनांक 09.10.2011 को एवं उनकी पत्नी माधुरी, राकेश साहू की मृत्यु दिनांक 20.03.2021, मुकेश साहू की मृत्यु दिनांक 01. 01.2018 एवं संतोष साहू की मृत्यु दिनांक 29.12.2013 को हो चुकि है। जिनके विधिक वारिस आवेदकगण एवं सुखिया बाई साहू की पुत्री भारती साहू और रेखा उर्फ बिमला बाई साहू है। अत: आवेदकगण द्वारा पंजीकृत विकय विलेख के आधार पर विक्रेता नाम विलोपित कर विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 22.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, रायपुर

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SANJAY KUMAR SANCHETI S/O MADANLAL JAIN resident of H.NO. 24/1 SAI NAGAR DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name SANJAY KUMAR SANCHETI S/O MADANLAL JAIN so in future I should be recognized by my new name that is SANJAY SANCHETI S/O MADANLAL JAIN in all Government and other documents.

**SANJAY SANCHETI**
H.NO. 24/1 SAI NAGAR
DEVENDRA NAGAR
RAIPUR (C.G.)

### न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

प्रकरण क्रमांक 202505111000078/ब-113(1) वर्ष 2024-25
क्रमांक / 882 /अ.वि.अ./पं.सा.न्या./2025
रायपुर दिनांक 08/05/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विकास कुमार जॉन पिता स्व. श्री चंद्र कुमार जॉन, अध्यक्ष, दिव्य ज्योति फाउण्डेशन, निवासी म.नं. 31/1305, डॉ. राजेन्द्र नगर, कैनाल लिंकिंग रोड के पास, पोस्ट रविग्राम, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा "दिव्य ज्योति फाउण्डेशन" पता म.नं. 31/1305, डॉ. राजेन्द्र नगर, कैनाल लिंकिंग रोड के पास, पोस्ट रविग्राम, रायपुर (छ.ग.) का छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 04(2) के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई सम्पत्ति को सार्वजनिक न्यास/पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन करानें हेतु आवेदन प्रस्तुत किए है:-

**अनुसूची-**
**(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता और सम्पत्ति का विवरण)**

(1) पब्लिक ट्रस्ट का नाम एवं पता "दिव्य ज्योति फाउण्डेशन" पता- म.नं. 31/1305, डॉ. राजेन्द्र नगर, कैनाल लिंकिंग रोड के पास, पोस्ट रविग्राम, रायपुर (छ.ग.) (2) चल सम्पत्ति-राशि रूपये 1,000/- (अक्षरी एक हजार रूपये),(3) अचल सम्पत्ति-निरंक

यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त ट्रस्ट अथवा सम्पत्ति में अभिरूचि हो और ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियों प्रस्तुत करें और पेशी के दिन कार्यालय समय में स्वत: या अपने अधिवक्ता अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होवे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किए गए आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — **(नंदकुमार चौबे)**
**पंजीयक, सार्वजनिक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर (छ.ग.)**

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, INDIRA DEVI KHATRI W/O GOPICHAND KHATRI resident of E-1, JAL VIHAR COLONY, RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name INDIRA DEVI KHATRI W/O GOPICHAND KHATRI so in future I should be recognized by my new name that is INDRA KHATRI W/O GOPICHAND KHATRI in all Government and other documents.

**INDRA KHATRI**
E-1, JAL VIHAR COLONY,
RAIPUR, (C.G.) 492001

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, CHANPREET KAUR MALIK D/O PARVINDER SINGH MALIK resident of C-15 NEAR SAI MANDIR SECTOR 3 DEVENDRA NAGAR RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name CHANPREET KAUR MALIK D/O PARVINDER SINGH MALIK so in future I should be recognized by my new name that is CHANPREET MALIK D/O PARVINDER SINGH MALIK in all Government and other documents.

**CHANPREET MALIK**
C-15 NEAR SAI MANDIR
SECTOR 3 DEVENDRA NAGAR
RAIPUR, (C.G.) 492001

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, AJAYA KUMAR DAS S/O TRINATH DAS resident of B-12 ASHIYANA PHASE-2 AVANTI VIHAR RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name AJAYA KUMAR DAS S/O TRINATH DAS so in future I should be recognized by my new name that is AJAY KUMAR DAS S/O TRINATH DASA in all Government and other documents.

**AJAY KUMAR DAS**
B-12 ASHIYANA PHASE-2
AVANTI VIHAR RAIPUR (C.G.)
492001

# उपमुख्यमंत्री ने कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र में निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

कवर्धा, 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भोजली तालाब के समीप निर्माणाधीन उद्यान, पाथवे निर्माण कार्य का स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ निर्माण प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, मनीराम साहू, राम बिलास चंद्रवंशी, पार्षद देवा साहू, सुनील साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



**भोजली तालाब उद्यान निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य के दिए सख्त निर्देश**

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भोजली तालाब क्षेत्र के समीप चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए वहां चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की। इसके साथ ही भोजली तालाब के समीप विकसित किए जा रहे सुंदर उद्यान निर्माण की प्रगति का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह स्थल शहरवासियों के लिए आकर्षक और सुविधाजनक बने, इसलिए निर्माण में सुंदरता, मजबूती और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इसके बाद नगर पालिका के सामने चौपाटी का भी निरीक्षण कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओं को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश चन्द्रवंशी ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को विकसित कवर्धा की अवधारणा के तहत चल रहे समस्त निर्माण कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि नगर को नया स्वरूप देने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चौपाटी, तालाब सौंदर्यीकरण और पाथवे निर्माण जैसे कार्य तीव्र गति से पूरे किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कार्य की गति और तकनीकी मानकों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

## भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पूरे देश को गर्व से भर दिया : उपमुख्यमंत्री

कवर्धा, 8 मई (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना के अदम्य साहस और निर्णायक नेतृत्व ने आज 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पूरे देश को गर्व से भर दिया है। हमारे जांबाज जवानों ने जिस तरह दुश्मन के इरादों को नेस्तनाबूद किया है, वह हमारी सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान की धरती पर मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया और नौ आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया। यह कार्यवाही सिर्फ एक जवाबी हमला नहीं, बल्कि उन माताओं-बहनों के आंसुओं का प्रतिशोध है, जिनका सिंदूर पहलगाम जैसी नृशंस घटनाओं में मिटा दिया गया था। जब निर्दोष लोगों के सामने उनके पति, बेटे, भाई को गोलियों से छलनी किया गया, तब देश की आत्मा रो पड़ी थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' उस पीड़ा का उत्तर है, उस व्यथा का प्रतिशोध है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस अभियान का नाम 'सिंदूर' इसीलिए रखा गया है, क्योंकि यह उन बहनों के सम्मान और उनके अधिकार की पुनर्प्राप्ति का प्रतीक है। हमारी सेना ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा। यदि कोई भी देश या संगठन हमारे नागरिकों के विरुद्ध हिंसा का प्रयास करेगा, तो उसका परिणाम बहुत ही घातक होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री और वीर सैनिकों को इस साहसी निर्णय और कार्रवाई के लिए नमन करता हूँ। यह पूरा देश एकजुट होकर शहीदों के बलिदान को सलाम करता है, और माताओं-बहनों के सम्मान की रक्षा के इस संकल्प में पूरी तरह एकजुट है।

---

**न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. अ/06 वर्ष 2024-25

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक गोविन्द प्रसाद पिता बद्री प्रसाद जाति कुर्मी साकिन घोटिया प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. व तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम घोटिया प.ह.नं. 21 स्थित भूमि ख.नं. 175 का रकबा 0.162 हे. भूमि को वसीयतकर्ता आवेदक की माता कुंती बाई पति बद्री प्रसाद जाति कुर्मी के द्वारा दिनांक 03.04.2023 को आवेदक गोविन्द प्रसाद पिता बद्री प्रसाद जाति कुर्मी के पक्ष में बिना किसी प्रतिफल प्राप्त किए वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। उक्त भूमि के वसीयतकर्ता आवेदक की माता कुंती बाई पति बद्री प्रसाद जाति कुर्मी की मृत्यु दिनांक 13.04.2025 को हो चुकी है। अतः उक्त वादभूमि में वसीयतनामा के आधार पर वसीयतकर्ता का नाम विलोपित कर वसीयतगृहिता आवेदक गोविन्द प्रसाद पिता बद्री प्रसाद जाति कुर्मी के नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदक के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन पत्र मय वसीयतनामा कि छायाप्रति बी-1 खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वत: इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 14.05.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात कोई दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पलारी

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र. क्र. अ/2, वर्ष, 2024-25 वाद भूमि ग्राम पौसरी प.ह.नं. 17

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम पॉसरी प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुनीता देवांगन पति बंशीलाल देवांगन जाति कोष्टा निवासी सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम पॉसरी प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 308/4 रकबा 0.1700 हे. भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि खसरा नंबर 308/4 रकबा 0.1700 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (एकाकृत इस्पात उद्योग) हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 13/05/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त मनुविधकारी दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 24/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर सिमगा

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र. क्र. अ/2, वर्ष, 2024-25 वाद भूमि ग्राम पौसरी प.ह.नं. 17

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम पौसरी प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल किशोर पिता बंशीलाल देवांगन जाति कोष्टा निवासी सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम पौंसरी प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 308/3 रकबा 0.1600 हे. भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि खसरा नंबर 308/3 रकबा 0.1600 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (एकाकृत इस्पात उद्योग) हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 13/05/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतएव आज दिनांक 24/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर सिमगा

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र. क्र. अ/2, वर्ष, 2024-25 वाद भूमि ग्राम पौसरी प.ह.नं. 17

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम पौसरी प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक बंशीलाल देवांगन पिता मुकुत राम देवांगन जाति कोष्टा निवासी सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ. ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम पॉसरी प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 308/1 रकबा 0.1700 हे. भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि खसरा नंबर 308/1 रकबा 0.1700 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (एकाकृत इस्पात उद्योग) हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 13/05/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतएव आज दिनांक 24/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर सिमगा

---

**ईश्तहार/ आमसूचना**

मैं ओ.पी यादव अधिवक्ता माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर छ.ग अपने पक्षकार श्रीमती वैशाली सुराना पति स्व. दिलीप सठिया उम्र 40 वर्ष जाति जैन भगतसिंह वार्ड, वार्ड क्रमांक 19, डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाव छ.ग. पिन-491445, मोबाइल क्रमांक 8827633308 कि ओर से अधिकृत व निदेशित होकर यह आम सुचना प्रकाशित करता हूँ व करवाता हूं कि मेरे पक्षकार को स्व. दिलीप सेठिया के मृत्यु उपरांत अपने स्व. पति के चल-अचल संपत्ति में ससुराल पक्ष के द्वारा व सृस्टी सठिया पिता स्व. दिलीप सठिया उम्र 20 वर्ष स्नेहा सेठिया पिता स्व. दिलीप सठिया उम्र 15 वर्ष पालक बडी बहन सृस्टी सठिया निवासी भगतसिंह वार्ड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाव छ.ग. व ससुर गौतमचंद सेठिया, पत्नि प्रेमलता सेठिया निवासी रायपुर .ग. के द्वारा आपसी रजामंदी से पारिवारिक संपत्ति बटवारे में भु-खण्ड क्रमांक 912/3, 920/1, 920/2 क्षेत्रफल क्रमांक 138, 1600, 1000, कुल रकबा 2738 अक्षरी सत्ताईस सौ अडतिस वर्गफुट मकान जो भगतसिंह वार्ड क्रमांक 19 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. स्थित है, को मेरा पक्षकार के हिस्से में सर्वसम्मति से निवासरत मकान अपने पति के मृत्यु उपरांत प्राप्त हुआ है, जिस पर किसी पक्ष को कोई आपत्ति नहीं है. बंटवारे मे प्राप्त वर्णित अचल संपत्ति का जिसका फौती नामांतरण मेरा पक्षकार अपने नाम पर अपनी सविधा के अनुसार आवश्यक न्यायालय शुल्क व संपत्ति कर भुगतान करने बाबत राशि का प्रबंध करने के पश्चात् श्रीमान सक्षम न्यायालय के समक्ष मेरा पक्षकार उल्लेखित अचल संपत्ति को अपने नाम से भु-स्वामी नामांतरण ऋष्ा पुस्तिका में नाम दर्ज कराकर दस्तावेजे मे स्वामित्व प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करेगा तथा मरा पक्षकार अपने नाम से वह अचल संपत्ति छ.ग. शासन के भु-अभिलेख में दर्ज करायेगा जो कि उसके हिस्से मे प्राप्त हैं, तथा मेरा पक्षकार यह निवारत मकान को अपने सुविधा व आवश्यकता के अनुसार संचालन व उपयोग करेगा जो सर्वमान्य होगा, तथा यह सुचना प्रकाशित करवाया जाता है, कि सूचना प्रकाशन दिनांक.. के बाद यह आम सुचना मेरे पक्षकार के हित मे स्थायी रूप से पुर्णत:लागु माना जायेगा, अगर सुचना प्रकाशन से किसी को संपर्क करना हो तो लिखे नंबर पर किया जा सकता है।

अधिवक्ता
ओ.पी यादव
माननीय उच्च न्यायालय
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.-7000353469/9827879959

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 202505211100006 अ/20(3) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुपम कुमार सिंह पिता नरेन्द्र कुमार सिंह निवासी शंकर वार्ड भाटापारा ने नगर- भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 12-बी, प्लाट नंबर-99, क्षेत्रफल 60 वर्गमीटर निर्धारण 8.70 रुपये भूमि जो नरेन्द्र कुमार सिंह पिता बग्गन सिंह तथा इन्द्रावती पति नरेन्द्र कुमार सिंह के संयुक्त नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। भू-धारकगण नरेन्द्र कुमार सिंह का दिनांक 25-04-2023 को एवं इन्द्रावती की दिनांक 03-11-2021 को मृत्यु हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर आवेदित भूमि पर उनके विधिक वारिसानों के नाम से फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, मेंटेनेंस खसरा, मृत्यू प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 15/05/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी भाटापारा

---

**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदा बाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र...ब/121 वर्ष 2024-25
ग्राम मोपका प.ह.नं. 20

एतद द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका मोहनी बाई गोंड पति प्रेमलाल गोंड के द्वारा ग्राम मोपका प.ह.न. 20 रा.नि.म. खम्हरिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसारा नंबर 2222/6 रकबा 1.6190 हे. कुल खसरा नंबर 01 योग रकबा 1.6190 हे. भूमि लगान 2.74 रूपये राजस्व अभिलेख में कुंवरिया वो कुमारी वो मोहनी पिता बुधु जाति गोंड के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि की ऋष्ा पुस्तिका के निवास स्थान ग्राम मोपका के आस-पास गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋष्ा पुस्तिका प्राप्त करने हेतु बी-1, खसरा की नकल, थाना रिपोर्ट की कॉपी, अदेयता प्रमाण पत्र एवं चालान के प्रति के साथ न्यायालय में आवेदन पेश किया है। उक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विधाराधीन है। तथा दिनांक 26/05/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति-दावा मय दस्तावेज के साथ नियत दिनांक 26.10.5/26 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06/05/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील पद मुद्रा से जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार भाटापारा

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.....ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम का नाम बिटकुली

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक परदेशी देवांगन पिता श्री प्यारेलाल देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम बिटकुली तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम बिटकुली प0ह0नं0 29 रा0नि0म0 करहीबाजार तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 382/9 एवं 382/17 रकबा क्रमश: 0.0930 एवं 0.0480 हे0 कुल खसरा नम्बर 02 योग रकबा 0.1410 हे0 के लिए पूर्व में प्रदत्त भू-अधिकार एवं ऋष्ा पुस्तिका (किसान-किताब) गुम होने के कारण द्वितीय प्रति भू-अधिकार एवं ऋष्ा पुस्तिका (किसान-किताब) प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 09/05/2025... को सुनवाई हेतु नियत है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 09/05/2025.. ..तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यहईश्तहार आज दिनांक....21/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार निपनिया

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.... अ/2, वर्ष, 2024-25
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश पिता जीवराखन सोनकर जाति सोनकर निवासी ग्राम सिमगा तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नं. 943/7 रकबा 0.0280 हे. आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि खसरा नं. 943/7 रकबा 0.0280 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण किये जाने आवेदन मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, की प्रति तथा बैनामा की छायाप्रति एवं तलवाना संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 13/05/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.अ/2, वर्ष 2024-25
वाद भूमि ग्राम सिमगा, प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार पिता जीवराखन सोनकर जाति सोनकर निवासी ग्राम सिमगा तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नं. 943/6 रकबा 0.0280 हे. आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि खसरा नं. 943/6 रकबा 0.0280 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण किये जाने आवेदन मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, की प्रति तथा बैनामा की छायाप्रति एवं तलवाना संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 13.05.2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 24.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

---

**न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.कं. अ/74 वर्ष 2024-25
पक्षकार चित्रसेन पिता केशवराम ग्राम अमेरा रा.नि.मं. व तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चित्रसेन पिता केशवराम जाति मरार निवासी अमेरा प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. व तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक की पुत्री लक्ष्मी पिता चित्रसेन जाति मरार का जन्म दिनांक 10.10.2005 को ग्राम अमेरा में हुआ जिसका पंजीयन भुलवश या अज्ञानता के कारण नही करा पाया हैं इसलिए जन्म पंजीयन किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय अनुपलब्धता प्रमाण पत्र तथा दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वत: इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 19.05.2025 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पलारी

---

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. व तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 1240/34 रकबा 0.013 हे. भूमि विक्रेता शालीन सराफ पिता दिलीप कुमार सराफ निवासी बलौदाबाजार से दुलेश्वर प्रसाद पिता भुनेश्वर सिन्हा निवासी बलौदाबाजार द्वारा रजिस्ट्री बैनामा दिनांक 30.12.2012 से खरीदा गया है जिसका बैनामा की मूल प्रति कही गुम हो गया है। बहुत खोजने पर नही मिला। उक्त भूमि किसी भी प्रकार से रहन, गहन, विक्रय, हस्तांतरण का सौदा नही किया गया है। उक्त भूमि सभी तरह से पाक साफएवं भार मुक्त है। उक्त रजिस्ट्री बैनामा किसी भी व्यक्ति संस्था को मिलता है तो वापस करें या मोबाईल नं. 9926886222से सम्पर्क करें अथवा किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति है तो एक सप्ताह के अंदर अपना दावा आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार का उजर दावा अमान्य होगा। सो सूचना जाने।

भवदीय
नीरज सिंह ठाकुर
अधिवक्ता
व्यवहार न्यायालय बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.
मो.नं. 9926886222

---

**Notice**
**Under Section 72 of the Partnership Act 1932**

It is hereby notify that the Partnership Firm M/s Shri Govindraja Associates, Head office at Shop No 58, C-Market Sector-1 Bhilai (C.G.) has undergone the following change in constitution of firm as 20.08.2024, Mr Vivek Agrawal Age 24 Years, residence of Shop No 92, Ward-38, A-Market Sector-1 Bhilai (C.G.) has been inducted as new partner w.e.f 01.09. 2024 and the remining partners borne Profit & Loss of the firm in their ratio as deiced in Partnership Deed as on 01.09.2024

Place: Bhilai — M/s Shri Govindraja Associates

---

**Notice**
**Under Section 72 of the Partnership Act 1932**

It is hereby notify that the Partnership Firm M/s Shri Balaji Associates, Head office at Vandemataram Apartment, Model Town, Nehru Nagar Bhilai (C.G.) has undergone the following change in constitution of firm as 20.08.2024, Mr Shridhar Khedia Age 26 Years, residence of Shri Sadan, 87 A-Market Sector-1 Bhilai (C.G.) has been inducted as new partner w.e.f 01.09.2024 and the remining partners borne Profit & Loss of the firm in their ratio as deiced in Partnership Deed as on 01.09.2024

Place: Bhilai — M/s Shri Balaji Associates

---

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**
**फार्म अ**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री ललित कुमार चेलक पिता श्री चेतराम चेलक निवासी म.नं. 79 नहर पारा नीम चौक सेजबहार तहसील व जिला रायपुर एवं कु. कंचन साहू पिता श्री नरेन्द्र कुमार साहू निवासी 91 ग्राम ढीर नारधा तहसील धमधा जिला दुर्ग ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 31 मई, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 01 मई, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

विवाह अधिकारी
रायपुर

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NAMAN PARAKH S/O VINOD KUMAR PARAKH resident of 104, WARD NO.-21, NEAR BASANT TAKIS, APPROCH ROAD CAMP-1 BHILAI, BHILAI-1 DIST. DURG (C.G.) 490001 have changed my old name NAMAN PARAKH S/O VINOD KUMAR PARAKH so in future I should be recognized by my new name that is NAMAN PARAKH JAIN S/O VINOD KUMAR PARAKH in all Government and other documents.

**NAMAN PARAKH JAIN**
104, WARD NO.-21, NEAR BASANT TAKIS, APPROCH ROAD CAMP-1 BHILAI, BHILAI-1 DIST. DURG (C.G.) 490001

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VINOD PARAKH S/O KANWAR LAL PARAKH resident of 104, WARD NO.-21, NEAR BASANT TAKIS, APPROCH ROAD CAMP-1 BHILAI, BHILAI-1 DIST. DURG (C.G.) 490001 have changed my old name VINOD PARAKH S/O KANWAR LAL PARAKH so in future I should be recognized by my new name that is VINOD KUMAR PARAKH S/O KANWAR LAL PARAKH in all Government and other documents.

**VINOD KUMAR PARAKH**
104, WARD NO.-21, NEAR BASANT TAKIS, APPROCH ROAD CAMP-1 BHILAI, BHILAI-1 DIST. DURG (C.G.) 490001

---

**आवश्यकता है**

रायपुर,और राजनांदगांव में ऑनलाइन सामान की डिलिवरी हेतु लड़के चाहिए। बाहर वालो को रहने की सुविधा मिलेगी। अपना वाहन नही होने पर,कम्पनी देगी । 6264826402 में पहले अपना बायोडाटा भेजिये। फिर कम्पनी की तरफ से काल आएगी।

---

**आवश्यकता है**

रायपुर,भिलाई,बिलासपुर, राजनांदगांव, में चारो जगह ड्राईक्लीन का काम जानने वाले की जरूरत है। बाहर वालो को रहने की व्यवस्था मिलेगी।

सम्पर्क करें।
6264826402

---

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ई-प्रक्योरमेंट निविदा सूचना //**

क्रं. 367/ई-टेण्डर/लोक-11/2025-26 — राजनांदगांव दिनांक 07/05/2025

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है-

| स. क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | लागत राशि लाख रूपये में | निविदा आन लाईन भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 167779 | Supplay for Manpower Electric department (skilied, Unskilid) 13 | 19.65 | 26.05.2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंन्ट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नही किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

---

**शमक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग (छ.ग.)**
**:: नाम परिवर्तन / शपथ पत्र ::**

मैं शपथकर्ता सेनासंख्या – 14430042L पूर्वसैनिक हवलदार (HAV) नाम – शैलेन्द्र कुमार नेताम (SHAILENDRA KUMAR NETAM) पिता – श्री कैंवल सिंह नेताम (KANWAL SINGH NETAM) निवासी – HOUSE NO – 168, WARD NO – 11, KHUNDANI BALOD DIST – BALOD CHHATTISGARH – 491227 का हूँ, जो की निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता हूँ।
(अ) यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।
(ब) यह कि मैं पूर्वसैनिक हवलदार (HAV) शैलेन्द्र कुमार नेताम (SHAILENDRA KUMAR NETAM) पिता – श्री कैंवल सिंह नेताम (KANWAL SINGH NETAM) हूँ, सेना के सभी दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम – मैय्या (MAIYYA) दर्ज हो गया है जो की त्रुटी पूर्ण एवं गलत है।
(स) यह कि सेना के सभी दस्तावेजों में मैं अपनी पत्नी का सही नाम – मैय्या नेताम (MAIYYA NETAM) दर्ज कराना चाहता हूँ जो भारत सरकार के द्वारा बनाये गए आधार कार्ड क्रमांक – 9104 0245 9524, पेन कार्ड क्रमांक – BBNPN1345J व भारतीय स्टेट बैंक पेंशन खाता क्रमांक – 30385439558 के अनुसार सत्य एवं वास्तविक है।
(द) यह कि सेना के दस्तावेजों में दर्ज नाम – मैय्या (MAIYYA) व उपरोक्त दस्तावेजों में दर्ज नाम – मैय्या नेताम (MAIYYA NETAM) दोनों एक ही महिला का नाम है जो मेरी पत्नी है, जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान शक्षम अधिकारी के शमक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता
सेनासंख्या – 14430042L
पद – पूर्वसैनिक हवलदार (HAV)
नाम – शैलेन्द्र कुमार नेताम
(SHAILENDRA KUMAR NETAM)

---

**शमक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग (छ.ग.)**
**नाम परिवर्तन / शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता सेनासंख्या – 14438295P पूर्वसैनिक हवलदार (HAV) नाम – निर्मल कुमार देवांगन (NIRMAL KUMAR DEWANGAN) पिता – स्वर्गीय श्री सुमेर लाल (LATE SUMER LAL) निवासी – HOUSE NO. E – 43, CBSE COLONY KHEDAMARA BHILAI DURG, DIST – DURD CHHATTISGARH – 490024 का हूँ, जो की निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता हूँ।
(अ) यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।
(ब) यह कि मैं पूर्वसैनिक हवलदार (HAV) निर्मल कुमार देवांगन (NIRMAL KUMAR DEWANGAN) पिता – स्वर्गीय श्री सुमेर लाल (LATE SUMER LAL) हूँ, सेना के सभी दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम – टोमेश्वरी वर्मा (TOMESHWARI VERMA) दर्ज हो गया है जो की त्रुटी पूर्ण एवं गलत है।
(स) यह कि सेना के सभी दस्तावेजों में मैं अपनी पत्नी का सही नाम – टोमेश्वरी देवांगन (TOMESHWARI DEWANGAN) दर्ज कराना चाहता हूँ जो भारत सरकार के द्वारा बनाये गए आधार कार्ड क्रमांक – 8901 0600 3469, पेन कार्ड क्रमांक – BGLPD3956N, भारतीय स्टेट बैंक पेंशन खाता क्रमांक – 35777030486 व मतदाता पहचान पत्र क्रमांक – NPN2054369 के अनुसार सत्य एवं वास्तविक है।
(द) यह कि सेना के दस्तावेजों में दर्ज नाम – टोमेश्वरी वर्मा (TOMESHWARI VERMA) व उपरोक्त दस्तावेजों में दर्ज नाम – टोमेश्वरी देवांगन (TOMESHWARI DEWANGAN) दोनों एक ही महिला का नाम है जो मेरी पत्नी है, जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान शक्षम अधिकारी के शमक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता
सेनासंख्या – 14438295P
पद – पूर्वसैनिक हवलदार (HAV)
नाम – निर्मल कुमार देवांगन
(NIRMAL KUMAR DEWANGAN)

---

**शमक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग (छ.ग.)**
**नाम परिवर्तन / शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता सेनासंख्या – 14663410Y पूर्वसैनिक नायक (NK) नौशाद अंसारी (NAUSHAD ANSARI) पिता – श्री कमरुद्दीन अंसारी (KAMRUDDIN ANSARI), निवासी QTR NO. – 9/C, SECTOR – 08, BHILAI NAGAR DIST – DURG CHHATTISGARH – 490009 का हूँ, जो की निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता हूँ।
(अ) यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।
(ब) यह कि मैं पूर्वसैनिक नायक (NK) नौशाद अंसारी (NAUSHAD ANSARI) पिता – श्री कमरुद्दीन अंसारी (KAMRUDDIN ANSARI) हूँ, सेना के सभी दस्तावेजों में मेरी माता का नाम – आयशा खातून (AYASHA KHATOON) दर्ज हो गया है जो की त्रुटी पूर्ण एवं गलत है।
(स) यह कि सेना के सभी दस्तावेजों में मैं अपनी माता का सही नाम – आयशा खातून (AAYESHA KHATUN) दर्ज कराना चाहता हूँ जो भारत सरकार के द्वारा बनाये गए आधार कार्ड क्रमांक – 2359 8584 7838, पेन कार्ड क्रमांक – LTCPK8128F के अनुसार सत्य एवं वास्तविक है।
(द) यह कि सेना के दस्तावेजों में दर्ज नाम – आयशा खातून (AYASHA KHATOON) व उपरोक्त दस्तावेजों में दर्ज नाम – आयशा खातून (AAYESHA KHATUN) दोनों एक ही महिला का नाम है जो मेरी माता है अब से मेरी माता – आयशा खातून (AAYESHA KHATUN) पति – श्री कमरुद्दीन अंसारी (KAMRUDDIN ANSARI) के नाम से जानी व पहचानी जाएगी, जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र श्री मान शक्षम अधिकारी के शमक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता
सेनासंख्या – 14663410Y
पद – पूर्वसैनिक नायक (NK)
नाम – नौशाद अंसारी
(NAUSHAD ANSARI)

---

**आम सूचना**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेहाना बेगम पिता स्व. अलानूर खोखर, निवासी मोतीतालाबपारा जगदलपुर जिला बस्तर के द्वारा मोहल्ला रमैयापारा स्थित शीट नं0 61 प्लॉट नं0 116/6, क्षेत्रफल 3534 वर्गफुट भूमि अलानुर खोखर पिता अहमद भाई खोखर, मो. अखतर खोखर पिता अलानुर खोखर, अमजद खोखर पिता अलानुर खोखर, अकमल खोखर पिता अलानुर खोखर सा. देह के नाम पर दर्ज है। आवेदिका द्वारा आवेदित है कि उक्त भूमि के खातेदार मोहम्मद अलानुर खोखर पिता अहमद भाई खोखर की मृत्यु दिनांक 04.04.2016 को हो चुकी है। मृतक खातेदार के विधिक वारिसों के रूप में आवेदिका अपना एवं विधिक वारिसों का नाम दर्ज किये जाने हेतु छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन स्वयं के माध्यम से प्रस्तुत किया है। अनावेदकगण सायरा बेगम पति स्व. मो. अलानूर खोखर, निवासी मोतीतालाबपारा रूखसारा बेगम पति शफीक साबरीन निवासी तालापारा मकरपारा बिलासपुर एवं रिजवाना बेगम पति स्व. इस्राईल चौहान, निवासी शनिचरी बाजार दुर्ग, जिला दुर्ग को डाक के माध्यम से रजिस्ट्रीकृत सूचना पत्र जारी किये जाने उपरान्त तामीली नहीं हो पाने से अनावेदकगण आज पर्यन्त तक अनुपस्थित है ।

अत: उक्त नामांतरण में यदि कोई आपत्ति हो तो दिनांक – 15/05/2025 के पूर्व न्यायालय में उपस्थित होवे । दिनांक 15/05/2025 के उपरान्त कोई सुनवाई नहीं होगी।

सील — नजूल अधिकारी जगदलपुर

---

**आम सूचना**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेहाना बेगम पिता स्व. अलानूर खोखर, निवासी मोतीतालाबपारा जगदलपुर जिला बस्तर के द्वारा मोहल्ला मोतीतालाब पारा स्थित शीट नं0 61, प्लॉट नं. – 93/3, क्षेत्रफलट्ठ 941 वर्गफुट भूमि मोहम्मद अलानुर खोखर पिता अहमद भाई खोखर सा. देह के नाम पर दर्ज है। आवेदिका द्वारा आवेदित है कि उक्त भूमि के खातेदार मोहम्मद अलानुर खोखर पिता अहमद भाई खोखर की मृत्यु दिनांक 04.04. 2016 हो चुकी है। मृतक खातेदार के विधिक वारिसों के रूप में आवेदिका अपना एवं विधिक वारिसों का नाम दर्ज किये जाने हेतु छ.ग. भू – राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन स्वयं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। अनावेदकगण सायरा बेगम पति स्व. मो. अलानूर खोखर, निवासी मोतीतालाबपारा रूखसारा बेगम पति शफीक साबरीन, निवासी तालापारा, मकरपारा, बिलासपुर एवं रिजवाना बेगम पति स्व. इस्राईल चौहान, निवासी शनिचरी बाजार दुर्ग, जिला दुर्ग – को डाक के माध्यम से रजिस्ट्रीकृत सूचना पत्र जारी किये जाने उपरान्त तामीली नहीं हो पाने से अनावेदकगण आज पर्यन्त तक अनुपस्थित है।

अत: उक्त नामांतरण में यदि कोई आपत्ति हो तो दिनांक – 15/05/2025 के पूर्व न्यायालय में उपस्थित होवे । 15/05/2025 के उपरान्त कोई सुनवाई नहीं होगी।

सील — नजूल अधिकारी जगदलपुर

---

**शमक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग (छ.ग.)**
**:: नाम परिवर्तन / शपथ पत्र ::**

मैं शपथकर्ती सुभद्रा बोरिकर विधवा पत्नी सेनासंख्या – 6301364 पूर्वसैनिक सिपाही (EX SEP) स्वर्गीय श्री विनायक (LATE VINAYAK) निवासी – LIG – 1, 15/16, KURUD WARD NO. – 22 DHANCHA BHAVAN KURUD, JAMUL DURG CHHATTISGARH – 490024 की हूँ, जो की निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करती हूँ।
(अ) यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ।
(ब) यह कि मैं पूर्व सैनिक सिपाही स्वर्गीय श्री विनायक (LATE VINAYAK) की विधवा पत्नी हूँ सेना के सभी दस्तावेजों में मेरा नाम – सुभद्रा बाई बोरिकर (SUBHADRA BAI BORIKAR) दर्ज हो गया है जो कि त्रुटी पूर्ण एवं गलत है।
(स) यह कि मैं सेना के दस्तावेजों में अपना सही नाम – सुभद्रा बोरिकर (SUBHADRA BORIKAR) दर्ज कराना चाहती हूँ जो कि आधार कार्ड क्रमांक – 5118 4804 2114, पेन कार्ड क्रमांक – ANYPB7362F के अनुसार सत्य एवं स्पष्ट हैं।
(द) यह कि सेना के दस्तावेजों में दर्ज नाम – सुभद्रा बाई बोरिकर (SUBHADRA BAI BORIKAR) एवं भारत सरकार के द्वारा बनाये गए सभी दस्तावेजों में दर्ज नाम – सुभद्रा बोरिकर (SUBHADRA BORIKAR) है वह एक ही महिला का नाम है जो कि मैं स्वयं शपथकर्ती हूँ।
(य) यह शपथ पत्र मैं सेना के सेवा पुस्तिका में अपना नाम – सुभद्रा बाई बोरिकर (SUBHADRA BAI BORIKAR) के स्थान पर भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड, एवं पेन कार्ड के अनुसार दर्ज सत्य एवं वास्तविक नाम – सुभद्रा बोरिकर (SUBHADRA BORIKAR) दर्ज करने के समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान शक्षम अधिकारी के शमक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ती
सुभद्रा वोरिकर विधवा पत्नी
सेनासंख्या – 6301364
पूर्वसैनिक – सिपाही (SEP)
नाम – स्वर्गीय श्री विनायक

---

**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक / विपणन/उप.कक्ष/2025-26/429 — रायपुर, दिनांक: 08/05/2025

**// रासायनिक खाद भण्डारण हेतु अंतिम अल्पकालीन ई-परिवहन निविदा //**

बैंक के कार्यक्षेत्र जिला-रायपुर अंतर्गत शाखा- धरसींवा, गंज रायपुर, भाठागांव, सिलयारी, मंदिरहसौद, चंदखुरी, भैंसा, तिल्दा, तरपोंगी, खरोरा, जिला-गरियाबंद अंतर्गत शाखा-फिंगेश्वर, राजिम, कोपरा, छुरा, मैनपुर, खड़मा जिला-महासमुंद अंतर्गत शाखा-बागबाहरा, कोमाखान, मुनगासेर, सांकरा, पिरदा, बसना, गढ़फूलझर, भंवरपुर, सरायपाली, तोरेसिंहा, तेन्दूकोना जिला-धमतरी अंतर्गत शाखा- बड़े करेली, मरौद, दरबा, से संबद्ध पैक्स द्वारा संचालित खाद विक्रय केन्द्रों में वित्तीय वर्ष 2025-26 तक अवधि के लिए छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ के संग्रहण केन्द्रों से रासायनिक खाद भण्डारण के परिवहन हेतु अंतिम अल्पकालीन ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| निविदा भरने की प्रारंभिक तिथि | दिनांक 10-05-2025 समय 10.30 बजे से |
| निविदा भरने की अंतिम तिथि | दिनांक 20-05-2025 दोपहर 12.00 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 20-05-2025 दोपहर 01.00 बजे |

निविदा की सूचना वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में जाकर संबंधित इच्छुक निविदाकर्ता ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन निविदा प्रपत्र में दर्शाये गये अनुसार ऑनलाईन भरी जा सकती है। निविदा प्रारूप तथा शर्तों एवं नियमों का अवलोकन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, मुख्यालय रायपुर के वेबसाईट www.jskbank.com पर निविदाकर्ता के अध्ययन हेतु दिशा-निर्देश के रूप में उपलब्ध है। ई निविदा की कार्यवाही के संबंध में अन्य किसी प्रकार की भी जानकारी के लिए email-helpdesk.cgeproc@mjunction.in, Phone No.-18004199140.

टीप- निविदाकार eproc.cgstate.gov.in में रजिस्ट्रेशन कराने के उपरांत ही निविदा में भाग ले सकते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित,
रायपुर (छ.ग.)

---

**ICICI Bank** — शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है। सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/ सह-कर्ज़दार(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | मेसर्स बीएसएस स्पन सिल्क प्राइवेट लिमिटेड (कर्ज़दार), श्रीपद नारायण शेनवई, धनश्री शेनवई, भाग्यश्री एस शेनवई, तिलकनंदकिशोर पांचाल (सह-कर्ज़दार), LBBLI00005169596, LBBLI00005308947, LBBLI00005169597. | खसरा नंबर 791/1 भाग, पी.एच. क्रमांक 103, आर.एन.एम. रायपुर-1, मौजा जरवई/हीरापुर, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 2000 वर्ग फीट | रु. 1,05,45,404/- अप्रैल 11, 2025 तक | रु. 75,50,000/- / रु. 7,55,000/- | जून 09, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | जून 17, 2025 को सु. 10:30 बजे से |
| 2. | श्री प्रवीण कुमार भट्टाचार्य (कर्ज़दार), अनिंदिता भट्टाचार्य (सह-कर्ज़दार), LBBLI00006749648. | खसरा नं. 25/199, वार्ड क्रमांक 50, बोरसी (पूर्व) वार्ड, पी.एच. नं. 39, आर.एन.एम., कसारीडीह, मौजा बोरसी, तहसील और जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 0.0220 हेक्टेयर= 2400 वर्ग फीट= 223.04 वर्ग मीटर | रु. 46,56,959/- अप्रैल 15, 2025 तक | रु. 32,40,000/- / रु. 3,24,000/- | जून 10, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | जून 17, 2025 को सु. 10:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link-https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जून 16, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **जून 16, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **जून 16, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **जून 16, 2025** को **शाम 05:00 बजे** से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **रायपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक** कर्मचारी के फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : मई 09, 2025, स्थान : रायपुर (छत्तीसगढ़) — प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# नवविवाहिताओं को भी जल्द मिलेगा महतारी वंदन योजना का लाभ: मुख्यमंत्री

■ माथमौर में महुआ पेड़ की छांव तले लगी सीएम की चौपाल



**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज अचानक मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम माथमौर पहुंचे। बिना किसी पूर्व सूचना के जब मुख्यमंत्री माथमौर गांव पहुंचे, तो गांव में उत्साह की लहर दौड़ गई। अचानक पहुंचे मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए ग्रामीणों ने आस-पास लगे फूलों से सुन्दर गुलदस्ता तैयार कर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने गांव के बीच स्थित महुआ के पेड़ के नीचे चौपाल लगाई और वहां मौजूद ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के लाभ की जानकारी लेते हुए कहा कि, नई बहुओं को भी जल्द महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। वहीं ग्राम सरपंचों को पीएम आवास के लिए पात्र परिवारों की सूची बनाकर भेजने के लिए कहा।

मुख्यमंत्री ने चौपाल की शुरुआत भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारों के साथ की। उन्होंने गांव के सरपंच को अपने पास बिठाया और पंचायत में विकास कार्यों एवं जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा समस्याओं की विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री के आगमान की खबर पाकर आसपास के कोलियारी और कुवांरपुर पंचायत के साथ निकट के कई ग्रामों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण माथमौर पहुंचे थे, जिन्होंने अपनी समस्याएं और मांगें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सामने रखीं।

चौपाल में मुख्यमंत्री साय ने राशन दुकान संचालन, महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति पर ग्रामीणों से फीडबैक लिया। उन्होंने महिलाओं से पूछा कि, क्या उन्हें हर माह हजार रुपये की राशि समय पर मिल रही है। मुख्यमंत्री साय ने स्पष्ट किया कि जिन नवविवाहित महिलाओं की पात्रता बनती है, उन्हें भी जल्द महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा।

जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी सच्चाई जानने के साथ ही मुख्यमंत्री साय ने माथमौर और उसके आसपास के गांवों के लिए कई बड़ी घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कुवांरपुर में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना की घोषणा की। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत फुलझर से चंदेला, तिलौली से दर्रीटोला, सनबोरा से पण्डो, कुवांरपुर से गाजर और पटपर टोला से चंदेला तक नई सड़कों के निर्माण की बात कही।

मुख्यमंत्री साय ने कुवांरपुर में नायब तहसीलदार कार्यालय के लिए भवन निर्माण की स्वीकृति भी दी और राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए बंदोबस्त कैंप आयोजित करने एसडीएम को निर्देशित किया। माथमौर में सामुदायिक भवन की भी स्वीकृति दी गई है, जिससे ग्रामीणों को सामाजिक आयोजनों और बैठकों के लिए एक स्थायी सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को यह भी जानकारी दी कि जनकपुर में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल का निर्माण स्वीकृत हो चुका है, जिससे इस आदिवासी अंचल के लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुवांरपुर में पढ़कर बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य की करियर प्लानिंग पर बात करते हुए गांव में स्कूल की व्यवस्था की जानकारी ली।

इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजु एस. सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# राजभवन में मॉकड्रिल का आयोजन

## आपात स्थिति से निपटने के लिए दी गई जानकारी




**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका के निर्देश पर राजभवन परिसर में आज आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों के तहत मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमे सुरक्षा, चिकित्सा, आग नियंत्रण, विद्युत एवं अन्य आपातकालीन व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों-कर्मचारियों को अभ्यास कराया गया।

मॉकड्रिल से पूर्व राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों को नगर सेनानी पुष्पराज सिंह द्वारा इसकी पूर्व जानकारी दी गई। आपदा की स्थिति में सावधान रहने और भवन से बाहर निकलने के लिए एक-एक मिनट का सायरन और स्थिति सामान्य होने पर तीन मिनट का लंबा सायरन बजेगा। हमले की स्थिति में कर्मचारी किस तरह सुरक्षित रहें इसका अभ्यास कराया गया। आग लगने पर और भवन के ध्वस्त होने की स्थिति में 112 नंबर डायल कर सूचना देना है जिससे फायर ब्रिग्रेड, एसडीआरएफ और मेडिकल टीम को बुलाया जा सके, इसका भी अभ्यास कराया गया।

मॉकड्रिल के दौरान राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर प्रसन्ना, विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय सहित राजभवन के सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं एसडीआरएफ की टीम उपस्थित थी।

# बैगा समुदाय की बिटिया ने किया टॉप, मुख्यमंत्री से की मुलाकात

## अच्छे अंक लाने पर मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र और विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के बच्चों में अब शिक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। इसकी बानगी राज्य के अंतिम छोर पर बसे एक गांव में संचालित स्कूल से सामने आई है। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा से लगे गांव कुवांरपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बैगा समुदाय की छात्रा कंगना बैगा ने हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10वीं) में 83.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। कंगना बैगा की इस उपलब्धि पर न केवल उनके परिजन और स्कूल प्रशासन बल्कि पूरा गांव गर्वित है और परिणाम के बाद से जश्न मना रहा है।

# बस्तर को रेल से जोड़ने की ऐतिहासिक पहल को मिली मंजूरी

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन (140 किमी) परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना पर 3513.11 करोड़ रुपए की लागत आएगी, जिसका वहन केन्द्रीय बजट से किया जाएगा। यह निर्णय बस्तर अंचल के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है, जिन्होंने बस्तर के दूरस्थ और जनजातीय जिलों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के इस बहुप्रतीक्षित सपने को साकार करने की दिशा में कदम उठाया है।

### बस्तर का कायाकल्प करेगा यह प्रोजेक्ट

रावघाट-जगदलपुर रेललाइन से न केवल कोंडागांव और नारायणपुर जैसे पिछड़े जिलों को पहली बार रेल मानचित्र पर स्थान मिलेगा, बल्कि इससे आदिवासी अंचलों में यात्रा, पर्यटन और व्यापार की सम्भावनाएं भी बढ़ेंगी। यह रेल मार्ग बस्तर की सुंदर वादियों, ऐतिहासिक स्थलों और जनजातीय संस्कृति तक पर्यटकों की सीधी पहुँच को संभव बनाएगा, जिससे स्थानीय रोजगार और पर्यटन उद्योग को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया आभार प्रकट

### अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति

रेल कनेक्टिविटी से खनिज संसाधनों के परिवहन, स्थानीय उत्पादों की पहुँच, और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में व्यापक सुधार होगा। यह क्षेत्रीय उद्योगों और किसानों को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने में मदद करेगा।

### भू-अधिग्रहण का कार्य पूर्णता की ओर ङ्क कार्य शीघ्र होगा प्रारंभ

प्रस्तावित रेललाइन के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्णता की ओर है, जिससे परियोजना के क्रियान्वयन में कोई बाधा नहीं रहेगी। इससे यह सुनिश्चित होता है कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होकर तय समय सीमा में पूर्ण किया जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में बस्तर के विकास का जो सपना वर्षों से संजोया गया था, वह अब रावघाट जगदलपुर रेल लाइन परियोजना से साकार होता दिख रहा है ।रावघाट-जगदलपुर रेललाइन को मिली स्वीकृति बस्तर की जनता के साथ सरकार की भावनात्मक प्रतिबद्धता और विकास के वादे की पूर्ति का प्रतीक है। यह रेलमार्ग बस्तर के लिए केवल एक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क नहीं, बल्कि एक नई जीवनरेखा है, जो लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और पर्यटन के बेहतर अवसरों से जोड़ेगा। इससे कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर जैसे वे जिले जो तुलनात्मक रूप से आज भी विकास की मुख्य धारा से दूर हैं, अब राष्ट्रीय विकास की धारा से सीधे जुड़ेंगे।

इस रेल परियोजना की नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। विकास जब गांव-गांव तक पहुँचेगा, जब युवाओं को रोजगार मिलेगा, और जब जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सुविधाएं सुलभ होंगी—तो हिंसा और भय की जगह उम्मीद और विश्वास का संचार होगा। बस्तर की धरती वर्षों से प्रतीक्षा कर रही थी कि कोई उसे सुने, समझे और उसकी पीड़ा को दूर करे। आज जब प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री स्वयं बस्तर की चिंता कर रहे हैं, तो यह सिर्फ एक परियोजना की शुरुआत नहीं, बल्कि एक नए युग का आरंभ है—जिसमें बस्तर का प्रत्येक गांव विकास की पटरी पर दौड़ेगा।

### मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष के. आर. पिस्दा के निधन पर दुःख जताया

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी के. आर. पिस्दा के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि के. आर. पिस्दा एक कुशल प्रशासक, कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार और लोकप्रिय अधिकारी थे। उन्होंने दंतेवाड़ा और कांकेर कलेक्टर सहित अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए विकास के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहने का संबल प्रदान करें।

# सर्पदंश मुआवजा वितरण में बड़ा फर्जीवाड़ा

■ वकील, डॉक्टर समेत 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर



**बिलासपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। सर्पदंश मुआवजा वितरण में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है. बिल्हा क्षेत्र में सांप के काटने का झूठा दावा कर मुआवजा लेने के मामले में पुलिस ने वकील, डॉक्टर और मृतक के परिजनों समेत 5 लोगों के खिलाफ स्नङ्घक्रदर्ज की है। बता दें कि इस मामले को विधायक सुशांत शुक्ला ने विधानसभा में भी उठाया था।

मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि शराब और जहर से हुई मौत को सर्पदंश दिखाया गया। पूरी साजिश 3 लाख के मुआवजे के लिए रची गई। मामले का मास्टरमाइंड वकील कामता साहू निकला है। वहीं डॉक्टर प्रियंका सोनी पर फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने का आरोप है। पुलिस 420, 120क्चसमेत गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया, 12 नवंबर 2023 को पोड़ी गांव निवासी शिवकुमार घृतलहरे को उल्टी व झाग आने की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 14 नवंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने दावा किया कि शिवकुमार की मौत सांप के काटने से हुई है। इसी आधार पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार कर सर्पदंश को मौत का कारण बताया गया।

### वकील के कहने पर मृतक के परिजन ने दिया था झूठा बयान

मामले में शक के आधार पर पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ। इलाज करने वाले डॉक्टर ने पुष्टि की कि मृतक की मृत्यु शराब और जहरीला पदार्थ सेवन करने से हुई थी। शव परीक्षण करने वाले पुलिस अधिकारी को भी मृतक के पैर में कोई सर्पदंश का निशान नहीं मिला। मामले की जांच के दौरान पता चला कि मृतक के परिजन वकील कामता प्रसाद साहू के कहने पर झूठा बयान देकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट को प्रभावित करने की साजिश में शामिल थे।

### इन लोगों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

पुलिस ने मामले में वकील कामता प्रसाद साहू, डॉक्टर प्रियंका सोनी, मृतक के पिता परागदास घृतलहरे, पत्नी नीता घृतलहरे, और भाई हेमंत घृतलहरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सभी के विरुद्ध धारा 420, 511, 120(बी) भादवि के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### विधायक सुशांत शुक्ला ने विधानसभा में उठाया था मामला

यह मामला विधायक सुशांत शुक्ला ने विधानसभा में भी उठाया था। उन्होंने कहा था कि सर्पदंश से होने वाली मौतों पर मुआवजे के नाम पर अधिकारियों ने करोड़ों रुपए के घोटाले को अंजाम दिया है। सर्पलोक कहे जाने वाले जशपुर में 96 लोगों की सर्पदंश से मौत हुई, जबकि बिलासपुर में 431 लोगों की मौत हो जाती है, जो संभव नहीं है। राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों का घोटाला हुआ है. इसकी सचिव स्तर के अधिकारी से जांच होनी चाहिए. इस पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जांच की घोषणा की थी.

# कटगी की जुड़वा बहनों ने किया कमाल




**कटगी/बलौदाबाजार,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं बोर्ड परीक्षा में कटगी की जुड़वा बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा ज्योति देवांगन ने 97.33: अंक प्राप्त कर विकासखंड कसडोल में प्रथम व जिला में चौथा स्थान हासिल किया। वहीं बहन जया देवांगन ने 96: अंक प्राप्त कर सम्मानजनक स्थान बनाया। उनके पिता उत्तमलाल देवांगन सरकारी स्कूल के शिक्षक हैं जो शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झबडी में पदस्थ हैं और माताजी गृहणी हैं। इस उपलब्धि पर स्कूल प्राचार्य संतोष वर्मा, शिक्षकगण, माता-पिता व शुभचिंतकों ने बधाई दी है व उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# छत्तीसगढ़ में भी अर्धसैनिक बलों की छुट्टियां रद्द

■ जवानों को तत्काल मुख्यालय लौटने का आदेश

**दुर्ग,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में तैनात सभी अर्धसैनिक बलों और सुरक्षा बलों के जवानों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं. केंद्रीय गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के निर्देश पर सीआईएसएफ, एसएसबी, बीएसएफ और सीएएफ के जवानों को अपने-अपने रीजनल हेडक्वार्टर में तत्काल रिपोर्ट करने को कहा गया है. बताया जा रहा है कि सभी बलों के आईजी स्तर के अधिकारियों को केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से लेटर जारी किया गया है. जिसके तहत छुट्टी पर गए जवानों को तुरंत ड्यूटी पर बुलाया जा रहा है. इस आदेश का पालन करते हुए भिलाई स्थित एसएसबी, सीआईएसएफ और बीएसएफ के जवान छुट्टियों के बीच से लौटना शुरू कर चुके हैं.

# 10वीं व 12वीं के टॉपर राजस्व मंत्री के हाथों हुए सम्मानित

■ हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में जिले ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

■ कक्षा 10 वी के परिणाम में 13 एवं कक्षा 12 वी में 10 फीसदी की वृद्धि



**बलौदाबाजार,** 8 मई (देशबन्धु)। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 10 वी एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के 5 होनहार छात्रों को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होने मेधावी छात्रों का मुंह मीठा कर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। सम्मानित होने वाले छात्रों में कक्षा 10 वी के लिव्यांश देवांगन 99.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, कंचनबाला गेण्डरे 98.33 प्रतिशत के साथ छठवां स्थान एवं साक्षी अग्रवाल 98.00 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान एवं कक्षा 12 वी के हिमेश कुमार यादव 97.00 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान एवं लूभी साहु 97.00 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान शामिल हैं। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, डीईओ हिमांशु भारतीय, जिला स्काउट एवं गाइड के अध्यक्ष रामाधार पटेल सहित बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

बताया गया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में कक्षा 10 वीं का परिणाम 81.69 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का परिणाम 86.51 प्रतिशत रहा जो कि पिछले वर्ष की तुलना में कक्षा 10वीं में लगभग 13 प्रतिशत (12.9 प्रतिशत) की वृध्दि और कक्षा 12वीं में लगभग 10 प्रतिशत (9.64 प्रतिशत) की वृध्दि हुई है। जिले में पहली बार विद्यार्थी उत्तीर्ण प्रतिशत में बड़ी वृद्धि प्राप्त हुई है। हाईस्कूल परीक्षा में कुल 17252 पंजीकृत हुये। इनमें से 7315 बालक, 9568 बालिकायें कुल 16883 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिनमें से 16852 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। घोषित परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 13768 है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी 6319, द्वितीय श्रेणी 6594 तथा तृतीय श्रेणी 855 प्राप्त किये। 685 परीक्षार्थी पूरक पात्र एवं 2399 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कुल 11316 पंजीकृत हुये। इनमें से 4651 बालक, 6576 बालिकायें कुल 11227 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये जिनमें से 11217 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। घोषित परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की सख्या 9704 है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी 5267. द्वितीय श्रेणी 4167 तथा तृतीय श्रेणी 270 प्राप्त किये। 878 परीक्षार्थी पूरक पात्र एवं 635 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहे।

बेहतर परिणाम के लिए यह रणनीति हुई कारगर- कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले 10 वीं एवं 12 बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रणनीति तैयार की गई। जुलाई माह से ही प्रतिमाह ईकाई मूल्यांकन कराया गया जिसमें प्रश्न पत्र जिला स्तर में गठित विशेषज्ञ टीम द्वारा भेजा जाता रहा है। प्रतिमाह ईकाई मूल्यांकन से प्रगति की समीक्षा की जाती रही है। सितंबर माह में तिमाही परीक्षा और दिसंबर माह में छमाही परीक्षा जिला स्तर से आयोजित की गई। विद्यालयवार तिमाही की तुलना में छ. माही परीक्षा के परिणाम की समीक्षा की गयी और कमजोर परिणाम वाले विद्यालयों को चिन्हांकित कर एक या दो विषय में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को उत्स विषय में उत्तीर्ण होने के तरीके बताये गये। 10 जनवरी तक सभी विद्यालयों में पाठ्यक्रम पूर्ण कराना सुनिश्चित किया गया और 10 जनवरी से 26 जनवरी तक पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति कराया गया। सभी प्राचार्यों को जिला स्तर से प्रश्न बैंक तैयार कर वितरित किया गया और महत्वपूर्ण प्रश्नों को बार-बार हल कराने का अभ्यास कराया गया। प्री बोर्ड परीक्षा में पूरे पाठ्यक्रम पर ब्लू प्रिंट के आधार पर बोर्ड पैटर्न में प्रश्न पत्र तैयार कराया गया। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अन्य विद्यालय के व्याख्याताओं से कराया गया। प्री बोर्ड परीक्षा के परिणाम के आधार पर 50 कमजोर परिणाम देने वाले विद्यालय को विद्यार्थियों को विषय की कठिनाई के आधार पर उपचारात्मक शिक्षा दी गई। अच्छा परिणाम देने वाले प्राचार्य और कमजोर परिणाम देने वाले प्राचार्यो का ग्रुप बनाय गया। अपने अच्छे शिक्षकों को कुछ दिवस के लिये विषय विशेषज्ञा न होने वाले विद्यालयों अध्यापन के लिये भेजा गया। प्री बोर्ड में 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रावीण्य सूची में स्था बनाने के लिए विषय विशेषज्ञ का व्हाट्अप ग्रुप बनाया गया जिसमे विषयक आवश्यकतानुसार विद्यार्थियों को जोडा गया। विद्यार्थी किसी भी समय विशेषज्ञ टीम अपने डाउट क्लीयर करने व नये प्रश्न करने का अवसर दिया गया। इस कारण प्रावीण्य सूची में 5 विद्यार्थियों ने स्थान अर्जित किया।

# वारंट तामीली में लापरवाही को लेकर एसएसपी हुए सख्त

## 1 महिला आरक्षक समेत 4 को किया निलंबित

**बिलासपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। पुलिस विभाग में वारंट तामीली में लापरवाही को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई है. एसएसपी रजनेश सिंह ने थाना तोरवा से जुड़े एक आपराधिक मामले में साक्षियों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए तीन आरक्षकों और एक महिला आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.

जानकारी के अनुसार, थाना तोरवा में विचाराधीन एक आपराधिक प्रकरण में गवाहों की कोर्ट में उपस्थिति नहीं हो पाई, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हुई. इस मामले की जांच एसएसपी द्वारा कराई गई, जिसमें संबंधित कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई. निलंबित किए गए पुलिसकर्मी- आरक्षक राजू सिन्हा (थाना तोरवा), आरक्षक मनोज कुलमित्र (थाना तोरवा), आरक्षक रोहित पाटले (थाना तोरवा), महिला आरक्षक शोभा तिर्की (जिला पुलिस कार्यालय में नियुक्त) इन चारों पर प्रारंभिक जांच के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है. एसएसपी रजनेश सिंह ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को समंस और वारंटों की समय पर तामीली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही पाए जाने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.

**NECC**

| 09.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 501 | 70 | 135 |
| चिल्हर | 6 | 100 | 160 |

डिलीवरी 516 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### जल्दी लगें हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट

वैसे तो पूरे देश की तरह छत्तीसगढ़ में भी 1 अप्रैल, 2019 के पहले खरीदे गये वाहनों पर हाई सेक्यूरिटी नंगर प्लेट लगाने की अनिवार्यता 1 अप्रैल, 2025 से लागू कर दी गयी थी, परन्तु जिन एजेंसियों को प्रदेश में इस कार्य का ठेका दिया गया है, उन दोनों का काम इतना धीमा है कि अब तक कुछ ही लोग अपने वाहनों पर ये नंबर प्लेट लगवा पाये हैं। बताया जाता है कि लाखों वाहन ऐसे हैं जिन पर अनिवार्य किये गये नंबर प्लेट नहीं लग पाये हैं। इसमें तेजी लाये जाने की ज़रूरत है। जो लोग ये नंबर प्लेट लगवाना चाहते हैं उन्हें लम्बा इंतज़ार करना पड़ रहा है।

प्रदेश के परिवहन विभाग के उच्चाधिकरियों ने बुधवार को इस बाबत वर्चुअल बैठक लेकर जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने अनुबन्धित एजेंसियों को काम में तेजी लाने के लिये कहा। इसके लिये सभी जिलों में शिविर लगाने की सलाह दी गयी जहां आरटीओ व डीटीओ अधिकारियों के साथ अनुबन्धित कम्पनियों के प्रतिनिधि मौजूद हों। उन शिविरों और फिटमेंट केन्द्रों में सभी तरह की ज़रूरी जनसुविधाएं- यथा बैठने के स्थान, जल आदि उपलब्ध हों। यह भी कहा गया कि फिटमेंट सेंटरों में स्टाफ की कमी न हो। ज़रूरी हो तो ठेका कम्पनियां इन केन्द्रों की संख्या भी बढ़ाये ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को यथाशीघ्र ये नंबर प्लेट मिल सकें।

उल्लेखनीय है कि राज्य में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिये सरकार ने दो कम्पनियों के साथ अनुबन्ध किया है। रियल मेजोन (फोन क्रमांक +911 206457502 एवं +911 206457503) और रोजमेटा (मोबाइल क्र. 9818188721) से सम्पर्क किया जा सकता है।

इस कार्य में विलम्ब के कई कारण हैं। पहला तो यह है कि सरकार द्वारा एजेंसियां मुकर्रर करने और फिर शुल्क आदि को लेकर शर्तें तय करने में खासा विलम्ब हुआ था। यह भी हो जाने के बाद अनुबन्धित एजेंसियों ने भी अपना काम बहुत विलम्ब से शुरू किया। उन्हें विभिन्न जिलों तथा शहरों में अपना नेटवर्क बनाने में भी समय लगा। कायदे से यह काम काफी पहले हो जाना चाहिये था। सरकार ने जो तारीख निर्धारित की थी, तब तक अधिकांश वाहनों में ये नंबर प्लेट लग जाने चाहिये थे। ऐसा न होने से शासकीय आदेश का पावित्र्य कम होता है साथ ही लोग उनकी उपेक्षा करते हैं। इस कार्य में हुए विलम्ब को समझते हुए फिलहाल यातायात पुलिस व आरटीओ दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है जिससे लोग नंबर प्लेट लगवाना टाल रहे हैं।

सरकार को चाहिये कि एजेंसियों पर दबाव डालकर यथाशीघ्र नंबर प्लेट लगवाने का कार्य पूरा कराए। जरूरी है कि जनसामान्य के बीच, खासकर ग्रामीण इलाकों में इसका पर्याप्त प्रचार भी हो। लोगों को हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट की महत्ता बताई जाये और उन्हें लगवाने के लिये प्रेरित किया जाये।

**उल्टा पुल्टा**

चिंटू- मम्मी...मुझे स्कूल से निकाल दिया गया है.
मम्मी- क्यों?
चिंटू- मैंने तो बस एक मच्छर मारा था.
मम्मी- इतनी सी बात पर कोई नहीं निकालता है।
चिंटू- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा था।

# खेलो इंडिया में जूडो खिलाड़ी रंजीता ने जीता पहला स्वर्ण पदक



**जगदलपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। 7 वीं खेलो इण्डिया यूथ गेम्स छह से 15 मई तक पटना में आयोजित किया गया। इस जूडो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वावधान में प्रदेश के कोंडागांव जिले की कुमारी रंजीता कुरेटी ने 52 किग्रा वजन वर्ग में हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली के खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में मध्यप्रदेश की खिलाड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा कर राज्य का नाम घोषित कर दिया। छत्तीसगढ़ के सुदूर बस्तर क्षेत्र के कोंडागांव जिले की खिलाड़ी रंजीता कुरेटी ने जनवरी 2025 में पुणे नेशनल में बेस्ट प्लेयर का खिताब जीतकर भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से (जॉर्जिया) विदेश में जूडो प्रशिक्षण हेतू चयनित हो चुकी है। उपरोक्त जानकारी जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी एवं संयुक्त सचिव अनीस मेमन ने देते हुए बताया कि राज्य निर्माण पश्चात खेलों इण्डिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ को पहली बार स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। रंजीता का यह प्रदर्शन निश्चित रूप से सराहनीय है। इससे प्रदेश के जूडो खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। छ.ग. के जूडो खिलाड़ी महिला कोच मकसूदा हुसैन और आईटीबीपी में आरक्षक, जूडो कोच उदय यादव के मार्गदर्शन में खेलों इंडिया में भाग ले रहे हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ पुलिस के पदस्थ प्रधान आरक्षक तथा जूडो के अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक शेख शरीफ़ जूडो प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। जूडो खिलाड़ी रंजीता कुरेटी की इस उपलब्धि पर छग प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव शम्भू सोनी, संयुक्त सचिव अनीस मेमन, परमजीत सिंह, ऑल बस्तर जिला जूडो संघ के अध्यक्ष किरण सिंह देव सचिव अब्दुल मोइम, जिला जूडो संघ दंतेवाड़ा के सचिव सरजीत सिंह बख्शी, बिलासपुर जिला जूडो संघ के सचिव राजकुमार जायसवाल, समस्त जूडो खिलाड़ी सहित समस्त जिला संघो के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

# जिला शिक्षा अधिकारी पहुंचे टॉपर प्रियंका मुचकी से मिलने



- 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में राज्य में मिला 6 वाँ स्थान
- कक्षा 12वीं में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कुमारी फलक सारा से भी की मुलाक़ात

**सुकमा,** 8 मई (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा 10 वीं, 12 वीं की परीक्षा परिणाम के पश्चात आज टॉपर बच्चों से मिलने पहुंचे। जिला शिक्षा अधिकारी जी आर मंडावी कक्षा 10 वीं में राज्य में 6 वां स्थान एवं जिला में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा कुमारी प्रियंका मुचाकी से मिलने उनकी संस्था मदर टेरेसा स्कूल पहुंचे। उन्होंने प्रियंका मुचाकी को गुलदस्ता देकर मुँह मीठा कर सम्मानित किया। इनके साथ कक्षा 12 वीं में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी फलक सारा से मिलने उनके घर पहुंच कर उन्हें शुभकामना एवं बधाई दी। उनके पिता फारुख अली, प्रिंसिपल जयकुमार, जिला परियोजना समन्वयक परीक्षा प्रभारी आशीष राम एवं संस्था के स्टॉफ साथ में थे। उल्लेखनीय है कि सुकमा जिला में कक्षा दसवीं में 89.76 प्रतिशत के साथ राज्य में 6 वां स्थान एवं 12 वीं 84.11 प्रतिशत के साथ राज्य में 11 वां स्थान मिला।


# सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत 3 निर्माण कार्यों के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति



**जगदलपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत सांसद बस्तर संसदीय क्षेत्र महेश कश्यप की अनुशंसा एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति के आधार पर वर्ष 2024-25 के तहत कलेक्टर हरिस एस के द्वारा बास्तानार ब्लॉक के तुरागुर में 228 मीटर सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण एवं मूतनपाल में 228 मीटर सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण के लिए सात-सात लाख रुपए और दरभा ब्लॉक के अंतर्गत मुण्डागढ़ में 203 मीटर सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण हेतु 06 लाख 80 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। उक्त निर्माण कार्यों को योजना के मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों का परिपालन कर सितम्बर 2025 तक पूर्ण किए जाने के निर्देश सम्बन्धित क्रियान्वयन एजेंसीज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बास्तानार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दरभा को दिए गए हैं।

# कमिश्नर बस्तर ने ट्रायफुड पार्क बुरुंडवाड़ा सेमरा का किया अवलोकन

**ट्राइब्स इंडिया आउटलेट में जनजातीय शिल्पकलाओं को देख सराहा**



**जगदलपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने गुरुवार को जगदलपुर शहर के समीप बुरुंडवाड़ा सेमरा में स्थित ट्रायफेड के ट्रायफूड पार्क का अवलोकन कर यहां पर काजू, ईमली, चिरौंजी, आंवला इत्यादि के प्रसंस्करण हेतु स्थापित किए जा रहे विभिन्न मशीनरी के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही कोल्ड स्टोरेज के लिए निर्माणाधीन भवन के सम्बंध में पूछा। कमिश्नर ने ट्रायफेड के चांदनी चैक स्थित ट्राइब्स इंडिया आउटलेट में भी काष्ठशिल्प, लौह शिल्प, बेलमेटल, बांस शिल्प आदि जनजातीय शिल्पकलाओं सहित हथकरघा एवं कोसा कपड़े, जैविक उत्पाद इत्यादि का तन्मयता से अवलोकन कर शिल्पकलाओं की सुंदर और अनूठी बनावट की सराहना की। वहीं इन उत्पादों के विपणन के सम्बंध में जानकारी ली। इस दौरान ट्रायफेड के प्रभारी अधिकारी जीवीजी राजू ने बताया कि ट्रायफूड पार्क करीब 24 एकड़ में विस्तारित है और वर्तमान में इस पार्क में बस्तर की प्रचुर मात्रा में उपलब्ध ईमली, चिरौंजी, आंवला, काजू इत्यादि लघु वनोपज प्रसंस्करण के लिए यूनिट स्थापना प्रक्रियाधीन है। ट्रायफेड द्वारा बस्तर अंचल के जगदलपुर में चांदनी चौक, शहीद पार्क चैपाटी एवं एयरपोर्ट सहित बचेली में ट्राइब्स इंडिया आउटलेट संचालित किया जा रहा है। जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों के जनजातीय समुदायों, स्व सहायता समूहों तथा जनजातीय समुदायों से जुड़े स्वयंसेवी संगठनों के द्वारा उत्पादित सामग्रियों का विक्रय किया जा रहा है।

# रेडक्रॉस सोसाइटी बस्तर जिला शाखा ने मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस



- शहर में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों ने निकाली रैली, पोस्टर व रंगोली स्पर्धा में लिया हिस्सा
- मानव सेवा ही माधव सेवा को चरितार्थ कर रही रेडक्रॉस : महेश कश्यप

**जगदलपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। मानव सेवा ही माधव सेवा है। रेडक्रॉस सोसाइटी की बस्तर जिला शाखा अपने इस ध्येय को बनाकर लगातार चलायमान है और सेवा के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। इसके लिए मैं बस्तर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी को बधाई और धन्यवाद देता हूं। बस्तर में रेडक्रॉस सोसाइटी जिस तरह से काम कर रही है, निश्चित रूप से वह मानव सेवा के प्रति सर्वोच्च योगदान है। चाहे जरूरतमंदों के लिए रक्त की व्यवस्था करनी हो या बेहतर इलाज के लिए उन्हें एंबुलेंस से दूसरे शहरों तक लेकर जाना हो, पर्यावरण से लेकर हर क्षेत्र में बस्तर रेडक्रॉस सोसाइटी अग्रणी है। यह बात सांसद बस्तर महेश कश्यप ने विश्व रेडक्रॉस दिवस पर शासकीय नर्सिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में कही।

बस्तर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर हरीश एस. के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में इससे पूर्व गुरुवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिला महारानी अस्पताल से जागरूकता रैली निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई जिला महारानी अस्पताल परिसर स्थित शासकीय नर्सिंग कॉलेज में समाप्त हुई। इसके बाद यहां स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर व रंगोली स्पर्धा का आयोजन किया गया। रंगोली स्पर्धा में शासकीय नर्सिंग कॉलेज की त्रिसंध्या ने प्रथम, शासकीय नर्सिंग कॉलेज की मोनिका ने द्वितीय और शासकीय जीएनएम कॉलेज की उर्मिला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा दंतेश्वरी कॉलेज की छात्रा मानसी कंवर एवं खिरबती नाग को विशेष पुरस्कार दिया गया। दूसरी ओर पोस्टर स्पर्धा में शासकीय नर्सिंग कॉलेज की अंजली देवी को प्रथम, शासकीय नर्सिंग कॉलेज की प्रतिमा को द्वितीय और शासकीय नर्सिंग कॉलेज की जाह्नवी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा पोस्टर स्पर्धा में हिस्सा लेने वाली नन्हीं प्रतिभागी आयुषी खरे एवं शिविका श्रीवास्तव को विशेष पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बस्तर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन मनीष गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, नगर निगम के अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन और अन्य जनप्रतिनिधियों सहित बस्तर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन नरेश मिश्रा, सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद उपस्थित थे। कार्यक्रम में बस्तर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सम्मानीय सदस्यों सहित समाजसेवी और स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी तथा शासकीय नर्सिंग कॉलेज, शासकीय जीएनएम कॉलेज के प्राचार्य, स्वास्थ्य विभाग के पैरामेडिकल स्टॉफ एवं छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभायी। कार्यक्रम का संचालन बस्तर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष ऋषि भटनागर ने किया और आभार प्रदर्शन बस्तर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के राज्य प्रतिनिधि अलेक्जेंडर एम चेरियन ने किया।

# संवेदनशील क्षेत्र गोलापल्ली में सुशासन तिहार, संवाद से समाधान तक शिविर का भव्य आयोजन



**सुकमा,** 8 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के निर्देशन में ग्राम पंचायत गोलापल्ली में सुशासन तिहार संवाद से समाधान तक अभियान के अंतर्गत बुधवार को एक व्यापक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 04 ग्राम पंचायतों सिंगाराम, गोलापल्ली, मराईगुडा वन, और गंगलेर के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे एवं जनपद पंचायत कोण्टा की अध्यक्ष कुसुमलता कवासी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इसके साथ ही अनुभाग कोण्टा के अनुविभागीय अधिकारी शबाब खान, जनपद पंचायत कोण्टा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नारद कुमार मांझी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 04 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ हितग्राहियों को लाभन्वित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ एवं सुविधाओं की जानकारी दी गई, जिससे वे योजनाओं का सीधा लाभ ले सकें। शिविर में कुल 17 विभागों की भागीदारी रही, जिनमें प्रमुख रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 55 प्रकरण, महिला एवं बाल विकास 156, आदिवासी विकास विभाग 35, कृषि विभाग 34, खाद्य विभाग 15, केड़ा विभाग 14, शिक्षा विभाग 11, विद्युत विभाग 04 आदि शामिल थे। यह शिविर ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ जहाँ उन्होंने अपनी समस्याओं को साझा किया और समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने कहा कि समाधान शिविर शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। इसे लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

# ग्राम पंचायत चिंगपाल और मुतनपाल में समाधान शिविर में शामिल हुए सांसद, विधायक जगदलपुर और विधायक चित्रकोट



**जगदलपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। गुरुवार को बस्तर जिले के विकासखंड दरभा और बास्तानार के दो ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। दरभा विकासखंड के चिंगपाल में आयोजित समाधान शिविर में 9 पंचायत को सम्मिलित किया गया जिसमें चिंगपाल, गाड़मगुड़ा, केशापुर, ककनार, महाकापाल, छिंदबहार, कोयनार सेड़वा और लेंड्रा है। इस शिविर में 2993 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2964 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 29 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। बास्तानार विकासखंड के मूतनपाल में आयोजित समाधान शिविर में मूतनपाल, नाकटोका, मुसकोंटा, बुरगुम, सावगेल, तितरी, लालागुड़ा, सरगीगुड़ा, बिरगाली, ढोकम, और पूसेम ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। इस शिविर में 2062 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2059 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 03 लंबित हैं। उक्त शिविर में भी सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए थे। चिंगपाल समाधान शिविर में सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के माध्यम से आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। राज्य में हमारी सरकार ने विकास कार्यों को तेजी के साथ सुनिश्चित कर रही है। समाज के हर वर्ग को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने पर ध्यान केन्द्रित कर धान खरीदी, महतारी वंदन योजना, तेन्दूपत्ता संग्रहण 5 हजार 500 रूपए मानक बोरा, भूमिहीन कृषक मजदूर की राशि, राशन कार्ड इत्यादि का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने शिविर में ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं को तत्काल निराकरण करने पर जोर देते हुए अधिकारियों को सभी का समाधान अवश्य किए जाने कहा। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर किरण देव ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता सुशासन है इसी ध्येय को सुशासन तिहार के माध्यम से सीधे ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्या एवं मांगों के निराकरण हेतु सकारात्मक पहल सुनिश्चित किया जा रहा है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण पहल है जिसके तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री और सरकार के मंत्री आम जनता से सीधे मुखातिब हो रहे हैं। वहीं शासन के हर विभाग के अधिकारी गांवों में ग्रामीणों सहित युवा, महिला, कृषक बुजुर्ग की समस्या के लिए आवेदन लेकर निराकरण हेतु सजग होकर कार्य कर रहे हैं। सुशासन तिहार में सभी आवेदनों में आवास के लिए ज्यादातर आवेदन प्रधानमंत्री आवास के लिए है जिससे हर गरीब व्यक्ति के आवास >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण पंचायत सचिव बड़े आमाबाल को तत्काल प्रभाव से किया निलम्बित

**जगदलपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस्तर प्रतीक जैन द्वारा कर्तव्य में लापरवाही बरतने सहित उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के कारण विकासखण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत बड़े आमाबाल के पंचायत सचिव विद्याधर नेताम को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में जारी आदेश के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बस्तर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार विद्याधर नेताम सचिव ग्राम पंचायत बड़ेआमावाल द्वारा विगत 04 माह से अनुपस्थित रहने, 24 मार्च, 2025 तक पूर्व सरपंच से कार्यभार नहीं सौंपा जाना तथा निर्माण कार्यों को पूर्ण कराये जाने के संबंध में लगातार कारण बताओ, सूचना पत्र जारी कर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किये जाने के बाद भी नेताम सचिव ग्राम पंचायत बड़ेआमावाल द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब नहीं किये जाने, जनपद पंचायत द्वारा आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने और ग्राम पंचायत बड़े आमावाल में कुल 05 कार्यों के लिए जारी 08 लाख 36 हजार रुपए का हिसाब प्रस्तुत नहीं करने एवं अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने हेतु निरन्तर निर्देशित किये जाने के बाद भी निर्माण कार्यों में कोई प्रगति नहीं लाने के फलस्वरूप विद्याधर नेताम सचिव ग्राम पंचायत बड़ेआमावाल को उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना, अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता बरतने तथा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत ग्राम पंचायत सचिव के विहित कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं करने के कारण विद्याधर नेताम सचिव ग्राम पंचायत बड़ेआमावाल को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में विद्याधर नेताम सचिव ग्राम पंचायत बड़ेआमावाल का मुख्यालय कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बस्तर निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान सम्बन्धित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# बस्तर सांसद की मेहनत ला रही रंग, डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़-बस्तर का हो रहा कायाकल्प

**बस्तर को जोड़ने रावघाट - जगदलपुर (140 कि मी) नई रेल लाईन परियोजना को मिली स्वीकृति**

**जगदलपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। रेल मंत्रालय ने रावघाट - जगदलपुर नई रेल लाईन (140 कि मी) परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी हैं। यह परियोजना पर 3513.11 करोड़ रु खर्च होगी जिसका वहन केंद्रीय सरकार करेगीं। केंद्र सरकार से मिली। इस स्वीकृति हेतु बस्तर सांसद महेश कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ,रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव सहित छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। सांसद श्री कश्यप ने कहा कि बस्तर वासियो के हित मे सदैव डबल इंजन की सरकार क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली में बैठकर बस्तर वासियो के रेल के लिए प्रधानमंत्री चिंता कर रहे है। उन्होंने कहा कि बस्तर सांसद के रूप में बस्तर के अनेको विकास कार्यो के लिए केंद्र व राज्य सरकार को जानकारी प्रदान की जा रही हैं। जिस ओर सरकार कार्य कर रही हैं। जिसका परिणाम है कि केंद्र सरकार ने नई रावघाट - जगदलपुर रेल लाईन परियोजना की स्वीकृति प्रदान की हैं। जल्द ही बस्तर संभाग के अनेकों ऐसे अंदरूनी क्षेत्रों में भी रेल की सुविधा लोगों को मिलेगी। यह सब डबल इंजन की सरकार के कारण ही संभव हो पा रहा है।

# शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 की कक्षा 12 वीं का 100 एवं 10 वीं का 95.2 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा



**जगदलपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 की 12 वीं एवं 10 वीं कक्षा बोर्ड का परीक्षा फल उत्साह जनक रहा। कक्षा बारहवीं का परीक्षा फल 100 प्रतिशत और कक्षा दसवीं का परीक्षाफल 95.2 प्रतिशत रहा। कक्षा 12 वीं में करुणा कश्यप कला संकाय ने जिले में आठवां स्थान प्राप्त करते हुए 89.8 प्रतिशत एवं कुमारी नियति देवांगन वाणिज्य संख्या ने 89.6 प्रतिशत अंक के साथ बस्तर जिले के प्रवीण्य सूची में नौवां स्थान प्राप्त किया आज कलेक्टर साहब के द्वारा इन टॉपर बच्चों को कलेक्टर चैंबर मे सम्मानित किया गया। जबकि संस्था स्तर पर सभी संकाय में करुणा प्रथम एवं नियति दूसरे और पल्लवी दास कृषि संकाय 84 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। दसवीं बोर्ड परीक्षा में सपना मौर्य 87 प्रतिशत प्रथम , दीक्षा ने 85.5 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय एवं नेहा यादव ने 84.83 प्रतिशत प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य श्रीमती सुधा परमार एवं समस्त स्टाफ ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नवीन राशन कार्ड व प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिलने से हितग्राहियों में खुशी



**जगदलपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत तीसरे चरण के समाधान शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों को त्वरित लाभ मिला है। समाधान शिविर चिंगपाल में राजस्व, खाद्य और श्रम विभाग के हितग्राही को किसान किताब की द्वितीय प्रति, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, स्थायी सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र, श्रमिक कार्ड, नवीन राशन कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन के त्वरित समाधान कार्यवाही के लिए आभार जताया। सुशासन तिहार के तहत ग्राम केशापुर निवासी उमाबती बघेल और बबली मंडावी ने सुशासन तिहार में नवीन राशन कार्ड के लिए आवेदन किए थे खाद्य विभाग द्वारा तत्काल आवश्यक दस्तावेजों का जांच कर हितग्राहियों उमाबती बघेल एवं बबली मंडावी को नवीन राशन कार्ड बनाकर प्रदाय करने पर इन दोनों हितग्राहियों ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें उचित मूल्य दुकान से रियायती दर पर खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्री प्राप्त हो सकेगी। कार्यक्रम में इनके साथ ही दो अन्य हितग्राही को नवीन राशन कार्ड वितरित किया गया। समाधान शिविर में ग्रामीणों को किसान किताब सहित प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति, जाति-निवास प्रमाण पत्र, श्रमिक कार्ड बनाने के किए हितग्राहियों ने त्वरित पहल के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। जिसमें महकापाल ककनार के निवासी दयमती ने पीएम आवास योजना ग्रामीण हेतु सुशासन तिहार में आवेदन किया था उक्त आवेदन के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा तत्काल पात्रता और सर्वे सूची के आधार पर स्वीकृति आदेश जारी किया गया। स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र के लिए माध्यमिक शाला शाला लेंड्रा की रेमती ने भी आवेदन किया था उसका भी प्रमाण पत्र जारी किया गया। किसानों से पुराने जीर्णशीर्ण किसान किताब की द्वितीय प्रति के लिए केशापुर के लाभार्थी भवानी ने बताया कि मैंने किसान किताब की द्वितीय प्रति के लिए तिहार में आवेदन किया था, विभाग ने तत्काल बनाकर मुझे किसान किताब की दूसरी कॉपी प्रदान की है। भवानी इसके लिए शासन-प्रशासन के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि अब उसे बैंक से ऋण लेने तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होने में सहूलियत होगी। श्रम विभाग द्वारा लेंड्रा निवासी ललित को भी तत्काल श्रमिक कार्ड बनाकर दिया गया। किसान क्रेडिट कार्ड के लिए पाँच किसान कोयनार के माशा, मवाली पदर के सुकुल देई, केशापुर के भवानी, चिंगपाल के खगुराम और लक्षण ने भी तत्काल केसीसी बनाने के लिए शासन प्रशासन का आभार जताया।

# नपा उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने निभाया मानवता धर्म, शिक्षक का किया अंतिम संस्कार



**कोण्डागांव,** 8 मई (देशबन्धु)। बुजुर्ग माता-पिता और पत्नी के द्वारा अंतिम संस्कार नहीं कर पाने से नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने मानवता का धर्म निभाते हुए शिक्षक श्री पात्र का अंतिम संस्कार किए जाने का मामला सामने आया है। केंद्रीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षक श्री पात्र की हाल ही में आकस्मिक मृत्यु हो गई। यह दुखद घटना उस समय और भी अधिक मार्मिक हो गई, जब पता चला कि उनका परिवार ओड़ीसा में रहता है। जहां उनके साथ सिर्फ उनके बुजुर्ग माता-पिता और पत्नी हैं। माता-पिता वृद्धावस्था के कारण चलने में असमर्थ हैं और पत्नी भी शारीरिक व मानसिक स्थिति के कारण अंतिम संस्कार करने में असमर्थ होने के सम्बन्ध में सूचना मिलने पर विशम परिस्थितियों की जानकारी मिलने पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने मानवता व संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपने अन्य साथियों के साथ शमशान घाट पहुंचे और षिक्षक श्री पात्र के पार्थिव शरीर का हिंदू रीति-रिवाजों के साथ अंतिम संस्कार कराया। इस अवसर पर उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन धारण भी किया। न.पा.उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी के साथ पार्षद असलम खान, बंटी नाग, अविनाश सोरी, नगर पालिका के कर्मचारी संतोष साहू सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर मानवता का संदेश दिया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी और उनके साथियों के द्वारा मानवता के सबसे बडे धर्म कि जरूरत के समय समाज को एक-दूसरे के साथ खड़े रहना चाहिए को निभाने जैसा संवेदनशील कार्य शहरवासियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है और सभी उनके इस कार्य की सराहना करते नजर आ रहे हैं।

**बुजुर्ग माता-पिता और पत्नी नहीं कर पाए अंतिम संस्कार**

# पीएम आवास के हितग्राहियों को मिला आवास प्रमाण पत्र



**सुकमा,** 8 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार संवाद से समाधान तक के तहत कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के द्वारा ग्राम पंचायत जीरमपाल, गादीरास, मूरतोंडा, नागारास, सोनाकुकानार, रामपुरम के पात्र हितग्राहियों को समाधान शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी, भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, दिलीप पेद्दी एवं जिला पंचायत सदस्य गीता कवासी, माड़े बारसे और जनपद पंचायत सुकमा के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की स्वीकृति पत्र वितरण कर, ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हेनरी ड्यूनेंट को याद किया




**कोण्डागांव,** 8 मई (देशबन्धु)। आज विश्व रेड क्रॉस दिवस पर शासकीय गुंडाधर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव सीनियर रेड क्रॉस सोसाइटी मानवता की नि:स्वार्थ सेवा में समर्पित स्वयं सेवकों, कर्मचारियों और समर्थकों के योगदान को सम्मानित करती है। यह दिन रेड क्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनेंट की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्हें 1901 में प्रथम नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस वर्ष की थीम, 'मानवता को जीवित रखना', उन अनगिनत व्यक्तियों के साहस, करुणा और समर्पण को रेखांकित करती है, जो युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं, महामारियों और अन्य संकटों के दौरान जरूरतमंदों की सहायता करते हैं। सीनियर रेड क्रॉस सोसाइटी शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव ने कोविड-19 महामारी, अन्य आपदाओं के दौरान राहत कार्य, रक्तदान अभियान, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से कोंडागांव जिले में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.चेतन राम पटेल ने रेड क्रॉस के सात मूल सिद्धांतों- मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता और विश्वव्यापकता- को अपनाकर मानवीय कार्यों में योगदान करने पर जोर देते हुए तत्परतापूर्वक कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। शशि भूषण कन्नौजे प्रभारी रेडक्रास के द्वारा बताया गया कि हम सभी को मानवता और सेवा की भावना से ओतप्रोत होकर कार्य करना है। हर रेड क्रॉस लगातार सूचना मिलने पर जरूरत मंद को रक्त दान कर उनकी जीवन रक्षा कर मानवता संदेश देती है।

# भारत माता चौक में सामूहिक आरती की गई



**चारामा,** 8 मई (देशबन्धु)। नगर में कल 7 मई को शाम 7 बजे भारत माता चौक पर सामूहिक आरती की गई। वही भारतीय सेना के द्वारा जो एयर स्ट्राइक पाकिस्तान पर की गई और उनके 9 ठिकानों को भी नेस्तनाबूत किया गया। इस अवसर पर चारामा के सनातनियों द्वारा भारतीय सेना के मनोबल बढ़ाने के लिए आतिशबाजी कर भारत माता के जय कारो के साथ पूजा अर्चना की गई वही भारत अखंड हो इस नाते भारत माता के जयकारों के साथ नगर गुंजायमान रहा इस अवसर पर व्यापारी कर्मचारी माता बहने व युवा साथी पत्रकारगण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## मसोरा व विखं केशकाल के धनोरा में होगा समाधान शिविर

**कोण्डागांव,** 8 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणजनों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तीसरे चरण में राज्य शासन के जिले में समाधान शिविर का आयोजन 5 मई से 30 मई 2025 तक निर्धारित है, जिसमें सभी विकास खण्डों में तिथिवार शिविरों में आमजनों की समस्याओं के आवेदन लेने के साथ निराकरण भी किया जाएगा। जारी कार्यक्रम अनुसार 09 मई को कोंडागांव विकास खंड के ग्राम मसोरा एवं केशकाल विकास खंड के धनोरा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कोण्डागांव विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मसोरा में आयोजित समाधान शिविर अंतर्गत उमरगांव-अ, बनसिंरसी, भीरागांव-ब, कुम्हारपारा, मसोरा, गिरोला, सातगांव, पल्ली, सितली, चिलपुटी, पलारी, डोंगरीगुड़ा के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार केशकाल विकास खण्ड के धनोरा के प्राथमिक शाला स्कूल मैदान में समाधान शिविर अंतर्गत धनोरा, कोरकोटी, बदवर, करमरी, कर्राrमेटा, भाटगांव, सवाला, सिलाटी और बनियागांव के ग्रामीण शामिल होंगे।

## लेखन सामग्री क्रय हेतु रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**कोण्डागांव,** 8 मई (देशबन्धु)। कार्यालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव की ओर से लेखन सामग्री की स्थानीय निर्माताओं एवं अधिकृत विक्रेताओं से मोहर बंद लिफाफा आमंत्रित की गई है। इस हेतु विस्तृत जानकारी एवं निर्धारित प्रपत्र कार्यालय से आवेदन पत्र प्रस्तुत कर 500 (पांच सौ रूपये मात्र) नगद भुगतान कर 8 मई से 16 मई अपरान्ह 3 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। इस संबंध में रुचि की अभिव्यक्ति 20.05.2025 अपरान्ह 3 बजे तक जमा किये जा सकते हैं। प्राप्त आवेदन 20.05.2025 को अपरान्ह 4 बजे जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी।

# महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी पहुंची समाधान शिविर



**सुकमा,** 8 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में गुरूवार को आदिवासी बाहुल्य सुकमा विकासखण्ड के कलस्टर ग्राम पंचायत जीरमपाल में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस कलस्टर पंचायत में ग्राम पंचायत जीरमपाल, गादीरास, मूरतोंडा, नागारास, सोनाकुकनार, रामपुरम शामिल थे। ग्रामीणों के द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त लगभग 980 आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। सभी विभागों के द्वारा अपने विभाग में चल रहे शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और विभाग में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी शिविर में विशेष रूप से शामिल हुईं। सुश्री सोरी शिविर ने ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के समस्याओं के समाधान के लिए सरकार खुद चलकर आपके द्वार तक आई है। आप सभी अपनी मांग और समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद वे महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम में महिलाओं के अन्न प्रासन्न और गोदभराई की रस्म अदा की गई। कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करते हुए मुँह मीठा करवाया गया। कार्यक्रम में जिला सीईओ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी, जिला पंचायत सदस्य माड़े बारसे, जिला पंचायत सदस्य गीता कवासी, जनपद अध्यक्ष संतोष ईड़ो, जनपद उपाध्यक्ष रीना पेद्दी, भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, दिलीप पेद्दी सहित अन्य जनप्रतिधिगण और कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, एसडीएम सुकमा मधु तेता, तहसीलदार अनिल ध्रुव सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

- अधिक से अधिक शासकीय योजनाओं का लाभ लेने ग्रामीणों को किया प्रोत्साहित
- महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा की गई अन्न प्रासन्न और गोद भराई की रस्म
- जीरमपाल शिविर में आवेदनों के निराकरण की दी गई जानकारी

# सामुदायिक विकास, शिक्षा प्रसार विषय अंतर्गत छात्राओं ने किया आंगनबाड़ी का शैक्षणिक भ्रमण




**जगदलपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय की गृह विज्ञान की छात्राओं को सामुदायिक विकास, शिक्षा प्रसार विषय के अंतर्गत प्रायोगिक कार्य के लिए गुरुवार को आँगन बाड़ी, रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड शैक्षणिक भ्रमण हेतु ले जाया गया ,जहा छात्राओं ने विभिन्न संचालित योजनाओं की जानकारी ली ,साथ ही छात्राओं की स्वयं की समुदायिक विकास मे भूमिका क्या हो तथा ,आँगन बाड़ी में वितरित किया जाने वाला रेडी टू ईट खाद्य सामग्री के पौष्टिक महत्व , शिशु आहार, गर्भवती महिला का आहार ,दुग्धपन स्त्री के आहार से छात्राओं को अवगत कराया गया । नई शिक्षा नीति में छात्राओं को व्यवहारिक शिक्षा के द्वारा विभिन्न विषयों की जानकारी देना , जिससे छात्राएं अपने जीवन में उसका उपयोग करे । समय समय पर होने वाली गतिविधियां छात्राओं के सर्वांगीण विकासमे सहायक होती है । इस कार्य हेतु पर्यवेक्षक शिल्पा साहू ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुमारी यादव, आंगनबाड़ी सहायिका हेमा देवांगन,का सहयोग प्राप्त हुआ। इस आंगनवाड़ी के अवलोकन कार्य में गृह विज्ञान की प्राध्यापिकाये डॉ आकांक्षा मिश्रा डॉ. पूनम सोनी डॉ . तृप्ति खनंग और छात्राएं उपस्थित रही । महाविद्यलय के प्राचार्य डॉ राजीव गुहे के मार्गदर्शन मे यह शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## प्रादेशिकी का शेष...

### ग्राम पंचायत चिंगपाल और मुतनपाल ...

का सपना पूरा करना है। समाधान शिविर 38 विभाग के अधिकारी अपनी सरकार आपकी द्वार आ रहे। जनता को जनकल्याणकारी योजना का लाभ देना है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंच, सरपंच को विकास की गति देने के लिए सतत मांग करते रहना चाहिए। सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक देने के लिए तत्पर है। इस दौरान विधायक श्री देव ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्न प्रासन कार्यक्रम के तहत बच्चों को अन्नप्राशन कराया। कार्यक्रम में सांसद और विधायक के द्वारा विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया गया और प्राप्त आवेदनों की निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को सामाग्री और प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मानदई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष श्री हरिप्रसाद सहित अन्य पंचायत पदाधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इसी प्रकार बास्तानार विकासखण्ड के ग्राम मुतनपाल में आयोजित समाधान शिविर में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप सहित जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य तथा संबंधित क्षेत्र के ब्लॉक एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रीष्मकालीन लॉन टेनिस प्रशिक्षण शिविर आज से 10 जून तक



**जगदलपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग जगदलपुर एवं जगदलपुर टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में जगदलपुर इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में स्थित टेनिस कोर्ट में ग्रीष्मकालीन लॉन टेनिस प्रशिक्षण शिविर 9 मई से 10 जून तक आयोजित किया जा रहा है द्ध इस आयोजन में किसी भी आयु वर्ग के युवक युवतिया पुरुष महिला एवं बालक बालिकाएं प्रशिक्षण ग्रहण कर सकते है द्ध लॉन टेनिस बस्तर में एक नया खेल है और जगदलपुर लॉन टेनिस एसोसिएशन के द्वारा इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा हैद्ध अभी हाल ही में बस्तर के कुछ टेनिस खिलाडियों ने अंडर 19 एवं अंडर 14 में क्रमश: नेशनल एवं राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओ में हिस्सा लिया हैद्ध इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य बस्तर को टेनिस के खेल में पारंगत करना तो है साथ ही अनुशासन,खेल की बारीकियों एवं फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा द्ध जगदलपुर टेनिस एसोसिएशन के अधिकारियों ने सम्बंधित जानकारी देते हुए कहा की टेनिस का खेल शारीरिक गतिविधियों के साथ मानसिक क्षमता के विकास में बहुत सहयोगी है द्ध जीवन में शारीरिक सक्षमता के साथ मानसिक रूप से सक्षम होना अति आवश्यक है द्ध आजकल युवा जहाँ मानसिक अवसाद के शिकार बनते जा रहे है , अवश्य ही इस खेल से जुड़ना उनके लिए लाभप्रद होगा।

ग्रीष्मकालीन शिविर में जगदलपुर के खिलाड़ी थॉमस फिलिप,कुणाल चालीसगांवकर एवं अन्य खिलाड़ी रहेंगे द्ध उक्त शिविर का पंजीयन इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम स्थित टेनिस ग्राउंड पर प्रशिक्षण समय पर आकर या खेल एवं कल्याण विभाग जगदलपुर में करवा सकते है।

# सीताराम शिवालय के 56वें स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम

## सीताराम शिवालय अखंड रामायण का समापन, निकाली गई शोभायात्रा



**जगदलपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। सीताराम शिवालय के 56 वें स्थापना दिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ। इस अवसर पर मंहिला मंडल की ओर से भजन-कीर्तन किया गया। बस्तर क्षेत्रीय कोष्टिय समाज द्वारा मंदिर परिसर में 24 घंटे के लिए अखंड रामायण पाठ आयोजित किया गया है। शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक प्रतिष्ठानों में से एक सीताराम शिवालय की स्थापना 1969 में एक धार्मिक संगठन के रूप में हुई थी। जो बाद में सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में प्रतिष्ठित हुई। संस्था के 56 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ही यहां वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। पूर्णाहुति के बाद रामायण जी की आरती होगी। वहीं शाम पांच बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके चलते गुरुवार की शाम छह बजे शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें पीले वस्त में महिलाएं शामिल हुई। यह शोभायात्रा सीताराम शिवालय से प्रारंभ होकर स्टेटबैंक चौक, गोलबाजार चौक, सीरासार, दंतेश्वरी मंदिर गुरुद्धारा चौक, संजय बाजार, चांदनी चौक होते हुए सीताराम शिवालय पहुंची, जहां पर भगवान श्रीराम की आरती की गई। इसके बाद समाज की ओर से रात्रि आठ महाभंडारे का आयोजन होगा। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# मंत्री ओपी चौधरी ने दसवीं की टॉपर रमशीला का बढ़ाया हौसला

**दंतेवाड़ा,** 8 मई (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित दसवीं एवं बारहवीं के नतीजे ने जिला प्रशासन द्वारा संचालित छू लो आसमान संस्था को गौरवान्वित कर दिया। यहां के बच्चों को आशातित सफलता मिली है। इस संस्थान में 10वीं-12वीं के नतीजे शत प्रतिशत रहे। यहां की छात्रा रमशीला नाग ने 10वीं में 97.89 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य की मेरिट लिस्ट में 9वॉं स्थान हासिल किया है।

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रमशीला नाग से दूरभाष के माध्यम से चर्चा की और उसकी शानदार सफलता पर बधाई दी। रमशीला ने भी श्री चौधरी को जिले में छू लो आसमान जैसी बेहतर संस्था की शुरूआत के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह संस्था छात्रों की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। श्री चौधरी ने छात्रा से कहा कि दंतेवाड़ा जैसे सुदूर अंचल से कोई प्रतिभावान आगे बढ़ता है तो उन्हें बेहद खुशी मिलती है। छू लो आसमान संस्था शुरू करने का यही एक मात्र लक्ष्य था। उन्होंने रमशीला नाग से यह भी पूछा कि वह आगे क्या करना चाहती है, तो रमशीला ने बताया कि वह आईआईटी के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती है। श्री चौधरी ने कहा कि वह लगातार मेहनत करे और आगे बढ़े। वित्त मंत्री ने छात्रा से यह भी पूछा कि छू लो आसमान में पढ़ाई अच्छी हो रही है या नहीं, छात्रा ने जवाब दिया गया कि यहां की बेहतर पढ़ाई की बदौलत ही वह मेरिट में आई है। श्री चौधरी ने किसी भी तरह की समस्या होने पर उनसे संपर्क करने कहा है। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री श्री चौधरी जब दंतेवाड़ा के कलेक्टर थे, तो उन्होंने ही नीट और जेईई जैसे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सरकारी प्रशिक्षण संस्थान छू लो आसमान की शुरूआत की थी। यहां से कई छात्र-छात्राएं सफलता के शिखर को छू रहे हैं।



- राज्य की मेरिट लिस्ट में बनाई जगह तो दी बधाई
- कलेक्टर रहते दंतेवाड़ा में की थी संस्था की शुरूआत
- छू लो आसमान संस्था ने अपने नाम को किया सार्थक
- शत प्रतिशत रहा दसवीं-बारहवीं का परिणाम

इस बार दसवीं की छात्रा कुमारी रमशीला नाग ने 97.89 प्रतिशत के साथ छत्तीसगढ़ राज्य स्तर पर 9वां और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर दंतेवाड़ा जिले का नाम गौरवान्वित किया। इसके साथ ही कुमारी वाणी साहू ने 96.17 प्रतिशत के साथ जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं आस्था वर्मा एवं निहारिका पोया ने संयुक्त रूप 95.83 प्रतिशत के साथ जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा तनु साहू ने 95.67 प्रतिशत के साथ जिले में छठवां एवं रेशमा बघेल ने 95.50 प्रतिशत के साथ जिले में सातवां, सरस्वती नाग ने 94.83 प्रतिशत के साथ जिले में आठवां, तमन्ना मंडावी ने 94.50 प्रतिशत के साथ जिले में नवां, गीता ने 94.71 प्रतिशत जिले में दसवां स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित होने का मौका दिया। इसके साथ ही संस्था में कक्षा 10वीं की 8 छात्राओं ने सामाजिक विज्ञान विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर संस्था को एवं विषय शिक्षक को अभूतपूर्व उपलब्धि से गौरवान्वित किया है।

इसके साथ ही कक्षा बारहवीं के अंतिम परिणाम में छात्रा कुमारी मुस्कान यादव ने 94.80 प्रतिशत के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया और किरण उसारे ने 90.60 प्रतिशत के साथ जिले में द्वितीय स्थान तथा तनीषा दास ने 88.60 प्रतिशत के साथ जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा राधिका आलेन्द्र ने 87.60 प्रतिशत के साथ छठवां स्थान, अंकिता नाग ने 86.80 प्रतिशत के साथ जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया है।

छात्राओ की इस विशेष उपलब्धि पर कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा सफल छात्राओं को उनकी इस शानदार प्रदर्शन पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर की विशेष पहल पर छू लो आसमान आवासीय विद्यालय कन्या परिसर कारली में सत्र 2024-2025 से ड्रापर बैच प्रारंभ किया गया है जिसमें जेईई एवं नीईइट की कोचिंग हेतु आगामी सत्र हेतु छात्राएँ प्रवेश ले सकती है। बोर्ड परीक्षा में सभी छात्राओं के प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होने एवं जिले में टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एस. के अंबस्ट एवं डी.एम.सी. हरीश गौतम के द्वारा राज्य टॉपर एवं जिला टॉपर विद्यार्थियों एवं छू लो आसमान प्रभारी अधिकारी, अधिक्षिका डॉ. शैनी रविन्द्र एवं समस्त शिक्षक गण को उनकी मेहनत एवं लगन के लिए भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# बस्तर में आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ

## आप प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंह चावला ने की कड़ी निंदा




**कोण्डागांव,** 8 मई (देशबन्धु)। 8 मई 2025 गुरूवार को रेस्ट हाऊस कोंडागांव में आम आदमी पार्टी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंह चावला द्वारा कोंडागांव जिले के समस्त कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए, कार्यकर्ताओं से संगठन के विस्तार को आगे बढ़ाने सहित अन्य कई मुददों पर चर्चा किया गया। इसके बाद आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन महामंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए बस्तर में आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ कड़ी निंदा करते हुए कहा कि बस्तर में निवासरत आदिवासीजन मूलभूत सुविधा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। वर्तमान सरकार रोजगार के नाम पर गहरी कुंभकरण की निद्रा में लीन है। बस्तर के आदिवासियों को मोहरा बनाकर लूटखसोट करके, नक्सली बताकर मरवाने में लगी है। आज आदिवासियों को न्याय कौन दिलाएगा। बैठक एवं प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष जुगल किशोर बोध, जिला सचिव पनकू राम मरकाम, जिला उपाध्यक्ष सोनसाय नेताम, कोषाध्यक्ष जीतू साहू, जिला मीडिया प्रभारी संतोष नाग, जिला सोशल मीडिया प्रभारी विजय प्रधान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सनोबाई कोर्राम, विधान सभा अध्यक्ष पीलासिंह पोयाम, सुकू राम नाग, शरबत मरकाम, रमेश मंडावी, परमानंद मंडावी, शंभू कोर्राम, असाडू राम पोटाई, परमानंद बघेल, रूखमती पोयाम, सरपंच श्रीमती विजयलक्ष्मी नाग आदि उपस्थित रहे।

# वनमंत्री ने गोलावंड में तेन्दूपत्ता फड़ का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव,** 8 मई (देशबन्धु)। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री केदार कश्यप द्वारा कोंडागांव वनमंडल अंतर्गत गोलावण्ड में तेन्दूपत्ता फड़ संग्रहण वर्ष 2025 का निरीक्षण वन मंडलाधिकारी चुड़ामणी सिंह, संयुक्त वन मंडलाधिकारी आशीष कुमार कोट्रिवार एवं उप प्रबंध संचालक एस.के.नाग की उपस्थिति में किया गया। गोलावण्ड फड़ में तेन्दूपत्ता संग्रहण लक्ष्य 120.000 मानक बोरा में से अब तक 74.695 मानक बोरा संग्रहण किया गया है। कोंडागांव वनमंडल में 13 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के अंतर्गत 246 तेन्दूपत्ता संग्रहण फड़ स्थापित है, जिनमें तेन्दूपत्ता संग्रहण लक्ष्य कुल 19200.000 मानक बोरा में से अब तक कुल 10093.994 मानक बोरा संग्रहण किया गया है। बस्तर संभाग में वर्ष 2025 में विभागीय तेन्दूपत्ता संग्रहण का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। वन मंत्री द्वारा निरीक्षण के दौरान अच्छी गुणवत्ता का पत्ता संग्रहण करने एवं समय पर पारिश्रमिक दर का भुगतान करने के निर्देश दिये गये। वन मंत्री द्वारा संग्राहकों से सीधी बातचीत किया गया एवं तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिये सामाजिक, आर्थिक कल्याणकारी योजनाए संचालित होना बताया गया। तेन्दूपत्ता संग्राहकों द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण की पारिश्रमिक दर 4000 से बढ़ाकर 5500.00 रू. प्रति मानक बोरा होने पर खुशी जाहिर करते हुये वन मंत्री का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# शासन की सुशासन तिहार पहल

**कोण्डागांव,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी पहल 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत विकास खंड फरसगांव के देवगांव में 7 मई को क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना था।



शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष मानकु राम नेताम, उपाध्यक्ष जदू राम नाग, ग्राम सरपंच, पंच व गांव के परंपरागत पुजारियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई द्वारा किया गया। इस शिविर में कुल 153 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 50 का समाधान मौके पर ही किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपकर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण की प्रक्रिया जारी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 255 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि च्वाइस सेंटर के माध्यम से 56 लोगों के आधार कार्ड बनाए गए। उद्यानिकी विभाग ने 20 सब्जी बीज वितरित किए, मत्स्य विभाग ने 2 जाल प्रदान किए। मनरेगा के अंतर्गत 9 जॉब कार्ड, 10 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, 5 किसान पुस्तिकाएं, 15 जाति प्रमाण पत्र एवं 25 राशन कार्ड का वितरण किया गया। यह समाधान शिविर शासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह विकास और जनसेवा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए तत्पर है।

**देवगांव में आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों को मिली राहत**

शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अश्वन कुमार पुसाम, जनपद के मुख्य कार्यपालन आधिकारी रामेश्वर महापात्र एवं रूपेन्द्र नेताम सहित जिला व खंड स्तर के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# दिवाकर जोशी ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 76.33 प्रतिशत अंक अर्जित किए



**कोण्डागांव,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। जिला कोंडागांव का परीक्षा परिणाम 83 प्रतिषत रहा। वहीं दिवाकर जोशी ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 76.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। कोंडागांव जिले के बहिगांव निवासी गिरीश जोशी एवं श्रीमती अनुपमा जोशी के पुत्र दिवाकर जोशी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा मे 76.33 प्रतिशत अंक लाकर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बालक के अच्छे अंक अर्जित करने पर संबंधितों परिजनों सहित क्षेत्रवासियों सामाजिकजनों ने हर्ष जाहिर किया है व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी है।

## आज गमावाड़ा, पालनार में समाधान शिविर

**दंतेवाड़ा,** 8 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में आवेदकों के उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिये जाने हेतु समाधान शिविर के आयोजन के अंतर्गत ब्लाक दंतेवाड़ा के गमावाड़ा, ब्लाक कुआकोंडा के पालनार तथा ब्लाक कटेकल्याण में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है।

## आज हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने शिविर

**दंतेवाड़ा,** 8 मई (देशबन्धु)। कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी दंतेवाड़ा द्वारा मिली जानकारी अनुसार 13 मई 2025 से हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगे वाहनों का फिटनेस नहीं किया जाएगा और ना ही वाहन संबंधित कोई अन्य कार्य किए जाएँगे । इस संबंध में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने हेतु शिविर का आयोजन 9 मई को बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन कार्यालय में किया जा रहा है। जहां 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत सभी वाहन में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाया जाएगा। इसके तहत सभी वाहन स्वामी से अपील की गई है कि आरसी, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर के साथ बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन कार्यालय में उपस्थित होकर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना सुनिश्चित करे।

# कल से जिले में शुरू होगा समर कैंप

## बच्चों के लिए योगा से लेकर क्रिकेट तक कई गतिविधियां

**कोण्डागांव,** 8 मई (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 10 मई से 5 जून तक ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सब-जूनियर एवं जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, जूडो, कराते, तीरंदाजी (आर्चरी), स्वीमिंग, कैरम और शतरंज जैसे खेलों का प्रशिक्षण विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रात: 5.30 से 7.30 बजे तक और शाम 4 से 6 बजे तक होगा। स्वीमिंग का प्रशिक्षण सुबह 8 बजे तक और शाम 4 से 6 बजे तक अलग से संचालित किया जाएगा। गतिविधियों की शुरुआत हर दिन सुबह योग सत्र से होगी, जिसमें बच्चों के लिए विभिन्न खेल व रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। कैंप में अधिकतम 19 वर्ष तक की आयु के बच्चे भाग ले सकेंगे। आयोजन के लिए स्थान चयन और आवश्यक व्यवस्थाओं की ज़िम्मेदारी खेल विभाग को सौंपी गई है। खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार को निर्देश दिए गए हैं कि सभी तैयारियाँ समय पर पूरी की जाएं।



प्रशिक्षण पूरी तरह नि:शुल्क होगा, और इसके लिए खिलाड़ियों का पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन फॉर्म खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय तथा शिक्षा विभाग से प्राप्त किए जा सकते हैं। विकासखंड स्तर से भाग लेने वाले बच्चों के लिए परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं समर कैंप के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर सेना को सौंपी गई है। शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सभी आवश्यक खेल सामग्री और उपकरण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

**प्रशिक्षण स्थल**

आरचरी- खेलो इंडिया सेंटर बडेकनेरा, फुटबॉल- विकास नगर आउटडोर स्टेडियम, जूडो- मल्टीपरपस हॉल ऑडिटोरियम के पीछे, स्वीमिंग- नगरपालिका स्वीमिंग पूल, टेबलटेनिस- इंडोर स्टेडियम विकास नगर, एनसीसी मैदान हॉल में बैडमिंटन, मल्टीपरपस हॉल ऑडिटोरियन के बाजू, विकास नगर इंडोर स्टेडियम में चेस एवं कैरम, जवाहर नवोदय स्कूल में कराते टाउन हॉल में आयोजित होंगी। आयोजित इस बैठक में प्रशिक्षक, व्यायाम शिक्षक, राष्ट्रीय खिलाडी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, जिला सेनानी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक्स-रे मशीन बिगड़े, भटक रहे गरीब ग्रामीण मरीज

**कोण्डागांव,** 8 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल, बदहाल स्थिति में नजर आने लगा है। चाहे वह उप स्वास्थ्य केन्द्रों का हो या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का, व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। बार-बार आ रही शिकायतों के बाद भी अधिकारी आंखे मूंदे बैठे हैं और कर्मचारियों की लापरवाहियां बदस्तूर जारी है।




**शिकायतों के बावजूद आंखे मूंदे बैठे हैं अधिकारी, कर्मचारी हुए लापरवाह**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसगांव का मामला**

फरसगांव विकास खंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसगांव में स्थित एक्स-रे मशीन पिछले कई दिनों से बंद पड़ी हुई है। कभी बिजली का प्राब्लम तो कभी मशीन का, यहां पर एक्स-रे करने के पदस्थ रेडियोलॉजिस्ट का भी अता-पता नहीं है और लोग एक्स-रे करवाने के लिए दिन भर भटक रहे हैं। यह समस्या यहां पर आम हो चुकी हैं। **सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव में पिछले कई दिनों से एक्स-रे** मशीन बंद होने का सबसे ज्यादा खामियाजा गरीब लोगों को उठाना पड़ रहा हैं। आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण मरीज पिछले कई दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भटक रहे हैं, लेकिन इनकी सुनने वाला कोई नही हैं। मरीजों को जिला मुख्यालय या निजी एक्सरे केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे मरीजों को काफी आर्थिक नुकसान और परेशानी होने के साथ ही समय पर इलाज भी नहीं मिल पा रहा है।

**परेशान हो रहे मरीज**

फुपगांव निवासी सुमंत लाल कन्यारी ने बताया कि पिछले तीन दिनों से उनकी पत्नी के पैर सीढी से फिसलने से फ्रैक्चर हो गया जिनका एक्स-रे कराने के लिए पिछले तीन दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव के चक्कर लगा रहे हैं। कभी मशीन खराब होने, तो कभी बिजली का बहाना बनाकर वापस कर दिया जा रहा है। ऐसे कई दुर्घटनाग्रस्त मरीजों के हाथ पैरों का भी एक-रे नहीं हो पा रहा है। डॉक्टरों द्वारा प्लास्टर बांधने के लिए एक्स-रे की सहाल दी जाती है। सभी मरीज पिछले तीन दिनों से यहां पर भटक रहे हैं। लेकिन एक्स-रे मशीन बंद पड़ी हुई है।

**क्या कहते हैं बीएमओ**

इस विषय पर फरसगांव बीएमओ ज्योतिर्मय प्रभावती से बात करने पर उन्होंने कहा कि एक्स-रे मशीन बिगड़ गई है, इसकी सूचना हमने उच्च कार्यालय में दे दिया है। अब रायपुर से इंजीनियर आकर ही मशीन दुरुस्त करेंगे।

# कु. रंजिता कुरेती ने स्वर्ण पदक हासिल कर जिले के साथ छग राज्य का बढ़ाया गौरव

## खेलो इण्डिया यूथ जूडो प्रतियोगिता में



**कोण्डागांव,** 8 मई (देशबन्धु)। 5 से 8 मई 2025 तक बिहार के पटना में आयोजित की जा रही 7 वीं ''खेलो इण्डिया यूथ जूडो प्रतियोगिता'' में कोंडागॉंव जिले के 41 वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा उपलब्ध कराये गये जूडो कोच से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 3 खिलाडियों ने भी अपने उत्कृश्ट जूडो खेल का प्रदर्षन किया और ''धनोरा-केशकाल बालिका गृह छात्रावास, कोंडागांव'' में रहने वाली कु.रंजिता कुरेती ने इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उप महानिरीक्षक क्षे.मु.(भुव.) के मार्गदर्शन एवं सेनानी 41 वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के अथक प्रयास से जिले में इस तरह के खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम वाहिनी स्तर पर लगातार चलाये जा रहे हैं। ऐसे प्रयास से नक्सल प्रभावित क्षेत्र के खिलाड़ियों के उत्कृश्ट प्रदर्षन से जिला, राज्य एवं राश्ट्रीय स्तर पर काफी सराहना मिली है। कु.रंजिता के स्वर्ण पदक हासिल करने पर पदक प्राप्त करने वाली खिलाडी कु.रंजिता कुरेती तथा 41 वीं वाहिनी के प्रशिक्षक उदय यादव को, संजीव रोलबा उप महानिरीक्षक क्षे.मु.(भुव.), नरेन्द्र सिंह सेनानी 41 वीं वाहिनी एवं जिला प्रशासन कोंडागांव द्वारा हार्दिक बधाई एवं भविश्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी गई।

# डिजिटल युग में मोबाईल नेटवर्क से महरूम है कुल्दाडिही के ग्रामीणजन

**कोण्डागांव,** 8 मई (देशबन्धु)। डिजिटल युग के इस दौर में आज भी कुल्दाडिही के ग्रामीणजनों के मोबाईल नेटवर्क से महरूम होकर कई समस्याओं का सामना कर रहे होने का मामला सामने आया है।

कोंडागांव जिले के कई ग्रामीण क्षेत्र, कई वर्षों से मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की अनुपलब्धता या कम कनेक्टिविटी के कारण, ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसमें प्रमुख रुप से आपातकालीन सेवाओं और ऑनलाइन गतिविधियों वाली सेवाओं से ऐसे ग्रामीणजनों को वंचित रहना पड़ता है।



कोंडागांव ज़िले के अंतर्गत विकास खंड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत पीढ़ापाल के आश्रित ग्राम कुल्दाडिही के ग्रामीणजन आज भी डिजिटल युग की दौड़ यानि मोबाइल नेटवर्क जैसी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। यह क्षेत्र विगत 15 वर्षों से संचार व्यवस्था की गंभीर समस्या से जूझ रहा है, यहां अब तक कोई मोबाइल नेटवर्क टावर स्थापित नहीं किया गया है। मोबाइल नेटवर्क की अनुपलब्धता के कारण, ग्रामीणजन अपने रिश्तेदारों, दोस्तों और अन्य लोगों से संपर्क करना मुश्किल हो जाता है।

**कई समस्याओं का कर रहे हैं सामना**

**आपातकालीन सेवाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है**

किसी दुर्घटना या बीमारी के मामले में, ग्रामीणजन आपातकालीन सेवाओं की मदद नहीं मांग पाते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन पढ़ाई, बैंकिंग, और अन्य ऑनलाइन गतिविधियों का लाभ लेने में मोबाइल नेटवर्क की अनुपलब्धता एक बड़ी बाधा है।

गांव के कुल 11 वार्डों में रहने वाले किसान, विद्यार्थी, शिक्षक और आम ग्रामीणों को दैनिक जीवन में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है, क्योंकि डिजिटल शिक्षा के इस दौर में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क की भूमिका अत्यंत आवश्यक हो गई है।

**ग्रामीणजन कहते हैं**

कुल्दाडिही के ग्रामीण बोधनलाल मरकाम, शोभराय मरकाम, नथिलाल नेताम, सुनहर मरकाम, आयतुराम नेताम, सावंत मंडावी, प्रकाश नेताम आदि का कहना है कि विगत 15 सालों से मोबाइल नेटवर्क की परेशानी झेल रहे हैं। मोबाइल का उपयोग करना हो तो नजदीकी गांव बडबत्तर या विश्रामपुरी जाना पड़ता है। कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया और ना तो किसी अधिकारी ने क्षेत्र का दौरा किया। जब तक प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं देंगे, तब तक गांव का समुचित विकास संभव नहीं है।

वक्त की मांग है कि जिला प्रशासन और संचार विभाग इस दिशा में जल्द पहल करे, ताकि ग्रामीणों को उनका अधिकार मिल सके और वे भी डिजिटल युग का लाभ उठा सकें।

ग्राम पंचायत पीढ़ापाल सरपंच प्रतिनिधि मन्नु राम सोरी का कहना है कि कई बार हमने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के सामने गुहार लगाई और 2023 से 2024 तक आनलाइन आवेदन मावा कोंडानार के माध्यम से भी किया गया, परन्तु जनप्रतिनिधि व अधिकारी सिर्फ आश्वासन ही देते हैं, समाधान आज तक नहीं हुआ।

# लोक प्रशासन संस्थान द्वारा निबंध प्रतियोगिता

## माध्यमिक और उमा शाला के छात्र लेंगे भाग

**दंतेवाड़ा,** 8 मई (देशबन्धु)। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की क्षेत्रीय शाखा द्वारा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शालाओं के छात्रों हेतु निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान एक राष्ट्रीय संगठन है जो भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अधीन है।

इस संस्थान के पदेन अध्यक्ष भारत के उप राष्ट्रपति एवं पदेन चेयरमैन मंत्री, कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार, है। संस्थान का उद्देश्य एवं कार्य लोक प्रशासन से संबंधित विभिन्न विषयों पर अनुसंधान करना तथा प्रशासनिक अधिकारियों को प्रशिक्षण देना है। संस्थान द्वारा प्रशासन से संबंधित कई पुस्तकों एवं पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जाता है। संस्थान द्वारा प्रकाशित पत्रिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है। संस्थान की क्षेत्रीय शाखाएं लगभग सभी राज्यों में है। छत्तीसगढ़ में भी इसकी क्षेत्रीय शाखा द्वारा लोक प्रशासन से संबंधित सम्मेलन, बैठकों, प्रतियोगिताओं, आदि जैसे कार्य केन्द्रीय संस्थान के मार्गदर्शन व समन्वय से किये जा रहे हैं। इस क्रम छत्तीसगढ़ शाखा द्वारा इस वर्ष एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। निबंध प्रतियोगिता का विषय वस्तु विकसित छत्तीसगढ़-2047-छत्तीसगढ़ के विकास के मेरी परिकल्पना रहेगा। प्रतियोगिता केवल स्कूली छात्रों के लिए है । निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमश: 10 हजार रूपये, 5 हजार रूपए एवं 3 हजार रूपये एवं 1 हजार रूपये के तीन सांत्वना पुरस्कार दिए जाएगे। इस निबंध प्रतियोगिता में केवल माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शालाओं के छात्रों भाग ले सकेंगे।

# कैपिटल ज़ोन

## संपादकीय

### जल्दी लगें हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट

*वैसे तो पूरे देश की तरह छत्तीसगढ़ में भी 1 अप्रैल, 2019 के पहले खरीदे गये वाहनों पर हाई सेक्यूरिटी नंगर प्लेट लगाने की अनिवार्यता 1 अप्रैल, 2025 से लागू कर दी गयी थी, परन्तु जिन एजेंसियों को प्रदेश में इस कार्य का ठेका दिया गया है, उन दोनों का काम इतना धीमा है कि अब तक कुछ ही लोग अपने वाहनों पर ये नंबर प्लेट लगवा पाये हैं। बताया जाता है कि लाखों वाहन ऐसे हैं जिन पर अनिवार्य किये गये नंबर प्लेट नहीं लग पाये हैं। इसमें तेजी लाये जाने की ज़रूरत है। जो लोग ये नंबर प्लेट लगवाना चाहते हैं उन्हें लम्बा इंतज़ार करना पड़ रहा है।*

*प्रदेश के परिवहन विभाग के उच्चाधिकरियों ने बुधवार को इस बाबत वर्चुअल बैठक लेकर जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने अनुबन्धित एजेंसियों को काम में तेजी लाने के लिये कहा। इसके लिये सभी जिलों में शिविर लगाने की सलाह दी गयी जहां आरटीओ व डीटीओ अधिकारियों के साथ अनुबन्धित कम्पनियों के प्रतिनिधि मौजूद हों। उन शिविरों और फिटमेंट केन्द्रों में सभी तरह की ज़रूरी जनसुविधाएं-यथा बैठने के स्थान, जल आदि उपलब्ध हों। यह भी कहा गया कि फिटमेंट सेंटरों में स्टाफ की कमी न हो। ज़रूरी हो तो ठेका कम्पनियां इन केन्द्रों की संख्या भी बढ़ाये ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को यथाशीघ्र ये नंबर प्लेट मिल सकें।*

*उल्लेखनीय है कि राज्य में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिये सरकार ने दो कम्पनियों के साथ अनुबन्ध किया है। रियल मेजोन (फोन क्रमांक +911 206457502 एवं +911 206457503) और रोजमेटा (मोबाइल क्र. 9818188721) से सम्पर्क किया जा सकता है।*

*इस कार्य में विलम्ब के कई कारण हैं। पहला तो यह है कि सरकार द्वारा एजेंसियां मुकर्रर करने और फिर शुल्क आदि को लेकर शर्तें तय करने में खासा विलम्ब हुआ था। यह भी हो जाने के बाद अनुबन्धित एजेंसियों ने भी अपना काम बहुत विलम्ब से शुरू किया। उन्हें विभिन्न जिलों तथा शहरों में अपना नेटवर्क बनाने में भी समय लगा। कायदे से यह काम काफी पहले हो जाना चाहिये था। सरकार ने जो तारीख निर्धारित की थी, तब तक अधिकांश वाहनों में ये नंबर प्लेट लग जाने चाहिये थे। ऐसा न होने से शासकीय आदेश का पावित्र्य कम होता है साथ ही लोग उनकी उपेक्षा करते हैं। इस कार्य में हुए विलम्ब को समझते हुए फिलहाल यातायात पुलिस व आरटीओ दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है जिससे लोग नंबर प्लेट लगवाना टाल रहे हैं।*

*सरकार को चाहिये कि एजेंसियों पर दबाव डालकर यथाशीघ्र नंबर प्लेट लगवाने का कार्य पूरा कराए। जरूरी है कि जनसामान्य के बीच, खासकर ग्रामीण इलाकों में इसका पर्याप्त प्रचार भी हो। लोगों को हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट की महत्ता बताई जाये और उन्हें लगवाने के लिये प्रेरित किया जाये।*

## उल्टा पुल्टा

टीचर - एक टोकरी में 10 आम थे, 3 सड़ गए तो कितने आम बचे?
टीटू- 10
टीचर- अरे मूर्ख 10 कैसे बचेंगे?
टीटू - सड़े हुए आम कहां जाएंगे, सड़ने से केले थोड़ी बन जाएंगे।

# हीरापुर, जरवाय व सरोरा में बनेंगे पुल टेंडर फाइनल, जल्द ही शुरू होगा काम

## राजधानी के 5 लाख लोगों को मिलेगी राहत



**रायपुर**, 8 मई(देशबन्धु)। पीडब्लूडी विभाग ने बेहद व्यस्त और भारी वाहनों के कारण आम लोगों के लिए खतरनाक हो चुकी रिंग रोड पर हीरापुर चौक, जरवाय और सरोरा में तीन ओवरब्रिज मंजूर कर दिए हैं। केवल मंजूरी ही नहीं, सरोरा और जरवाय के पुलों का टेंडर भी बुधवार को पीडब्लूडी विभाग ने फाइनल कर दिया है। हीरापुर चौक का पुल भी सेंक्शन हो गया है, इसके टेंडर की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा रही है। जरवाय पुल 15 करोड़ 42 लाख रुपए तथा सरोरा पुल 33 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनाया जाएगा। इन पुलों का निर्माण करने वाले ठेकेदार टेंडर से फाइनल कर लिए गए हैं। तीनों ही पुलों का काम डेढ़ साल में पूरा हो जाएगा। सीएम विष्णुदेव साय ने पीडब्लूडी मंत्री अरुण साव तथा सचिव आईएएस डा. कमलप्रीत सिंह को निर्देश दिए हैं कि तीनों पुलों की गुणवत्ता पर फोकस किया जाएगा। इन पुलों से राजधानी रिंग रोड के उस पार वाले तकरीबन 5 लाख लोगों को सीधी राहत मिलेगी, क्योंकि रिंग रोड-2 पर इस वक्त प्रदेश का सबसे हैवी ट्रैफिक है, जिसमें बड़ी संख्या में भारी वाहन गुजर रहे हैं।

रिंग रोड 2 पर सबसे बड़ा पुल हीरापुर चौक के पास बनाया जाना है। इस पुल की लागत 49 करोड़ 40 लाख रुपए होगी। यह रिंग रोड का सबसे बड़ा पुल माना जा रहा है। इसी तरह, दूसरा पुल सरोरा में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास बनेगा। निर्माण का ठेका लखनऊ की एजेंसी जीएम एक्सप्रेस को दिया गया है। इस पुल की लागत 33 करोड़ रुपए से अधिक है। इसी तरह, रिंग रोड-2 का दूसरा पुल जरवाय बंगाली होटल के पास बनाया जाएगा। इसका काम दुर्ग के ठेकेदार को मिला है, जिसकी अनुमानित लागत 15 करोड़ 42 लाख रुपए होगी। पीडब्लूडी महकमे ने इनके निर्माण के संबंध में आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि तीनों ही पुल पूरी तरह शासकीय भूमि पर बनेंगे, इसके लिए किसी तरह का भूमि अधिग्रहण नहीं होगा।

## होटल, लॉज संचालकों को महापौर ने चेताया
# बिना आईडी रूफ के किसी को भी रूम ना दें



सभी होटलो में वाहन पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करें

**रायपुर**, 8 मई(देशबन्धु)। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने शहर के होटल लॉज संचालको को नगर निगम मुख्यालय में बुलाकर महापौर कक्ष में उनकी बैठक लेकर उन्हें शहर में किसी भी अप्रिय घटनाओं पर कारगर अंकुश लगाने एवं सुरक्षा की दृष्टि से निर्देशित किया कि होटल संचालक उनके होटल लॉज में बिना आईडी प्रूफके किसी को भी रूम ना दें अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी। महापौर ने होटल संचालको को निर्देशित किया कि अपने होटलो में नियमानुसार व्यवस्थित वाहन कार पार्किंग का प्रबंधन करें। महापौर ने राष्ट्रीय स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में रायपुर शहर की स्वच्छ रैंकिंग बेहत्तर बनाने सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने की अपील सभी होटल लॉज संचालको से की है। महापौर ने होटल लॉज संचालको से कहा है कि सिंगल यूज प्लॉस्टिकए डिस्पोजेबल आईटम का उपयोग बंद किया जायेए ताकि इसके पर्यावरण पर पडने वाले दुष्प्रभाव से शहर को बचाया जा सके। 50 किलोग्राम प्रतिदिन से ज्यादा कूड़ा उत्पन्न करने वाले संस्थान बल्क वेस्ट जनरेटर की केटेगरी में आते हैं और उन्हें अपना गीला कूड़ा स्वयं प्रोसेस करना है। इसकी तैयारी की जाये। प्रत्येक माह जीरो वेस्ट इवेंट किया जाना है ।महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने होटलए लॉज संचालको से कहा है कि शौचालय को सीधे नालियों से न जोड़ा जाए। सेप्टिक टैंक की सफाई अनाधिकृत लोगों से न करावे। सीणएसणआरण् के अंतर्गत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सहयोग करे। महापौर ने होटलए लॉज संचालको से शहर हित में अपील की है कि आप सभी लोग अलग.अलग देशो प्रदेशों शहरों में आते.जाते रहते है। आपको वहां की जो भी कार्य अच्छा लगता है जिसको करने से रायपुर शहर को फायदा हो उसके बारे में अवश्य हमें बताए। महापौर ने होटलए लॉज संचालको से अपील की है कि होटलों के बाहर कचरे का जमाव ना होए डस्टबीन में रखकर डोर.टू.डोर गाडियों में डाला जावे।

## कोयला घोटाला में कांग्रेस नेता रामगोपाल के खिलाफ वारंट जारी

- ईओडब्लू पूछताछ के लिए जारी कर चुकी है दो दर्जन नोटिस
- तीन और आरोपी नामजद

**रायपुर**, 8 मई(देशबन्धु)। ईओडब्लू एसीबी में दर्ज कोयला घोटाले मामले में कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल के खिलाफ बुधवार को गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। इस मामले में रामगोपाल के अलावा तीन अन्य लोग भी शामिल हैं। जांच एजेंसी इनसे पूछताछ के लिए दो दर्जन से ज्यादा बार नोटिस जारी कर चुकी है। बावजूद इसके आरोपी बयान दर्ज कराने ईओडब्लू.एसीबी दफ्तर नहीं पहुंचे। इस मामले में साल 2024 में एफआईआर दर्ज की स्पेशल कोर्ट ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामगोपाल अग्रवाल के साथ ही नवनीत तिवारी देवेंद्र डडसेनाए नारायण साहू के खिलाफबेमियादी गैर जमानती वारंट जारी किया है। चारों के खिलाफ बेमियादी गैर जमानती वारंट जारी कराने के लिए एसीबी.ईओडब्लू के वकील सिद्धार्थ सिंह ने भगोड़ा अपराधी दाउद इब्राहिम से जुड़े एक पुराने मामले का कोर्ट में उदाहरण पेश किया। जिसमें बताया कि अन्वेषण के दौरान भी ऐसे वारंट जारी किए जा सकते हैं। इस पर अदालत ने सहमति जताते हुए चारों के खिलाफगैर जमानती वारंट जारी कर दिया। लंबे समय से फरार ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# रायपुर निगम के पांचों कांग्रेस पार्षदों ने वापस लिया इस्तीफा

## आकाश तिवारी ही रहेंगे निगम में नेता प्रतिपक्ष




**रायपुर**, 8 मई(देशबन्धु)। कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष बनाए गए संदीप साहू को एक माह में बदलकर पार्षद आकाश तिवारी को नया नेता प्रतिपक्ष घोषित किया था। और अब कांग्रेस से संकेत आ गए हैं कि आकाश ही नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे। संदीप साहू समेत जिन 5 कांग्रेस पार्षदों रेणु जयंत साहू, दीप मणिराम साहू और रोनिता प्रकाश जगत ने इस्तीफा दिया था, सभी ने गुरुवार को इस्तीफा वापस ले लिया है। इसकी चिट्ठी आज ही प्रदेश कांग्रेस को मिल भी गई है। पार्टी ने आकाश को बने रहने के संकेत दो दिए हैं, लेकिन दो बार के पार्षद संदीप के बारे में फिलहाल चुप्पी है। इस तरह, रायपुर नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों की बगावत की स्थिति भी खत्म हो गई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि निर्दलीय चुनाव लड़कर जीतने के बाद कांग्रेस में आए आकाश के खिलाफ पार्षदों की ओर से की गई टिप्पणी को कांग्रेस ने गंभीरता से लिया था। पांचों पार्षदों को संकेत दे दिए गए थे कि उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया जाएगा। बताते हैं कि इसके बाद ही इस्तीफा वापस लिया गया है। हालांकि इस बात में कितनी सच्चाई है, प्रदेश कमेटी या पार्षदों की ओर से इस बारे में कोई अधिकृत टिप्पणी नहीं आई है।

रायपुर नगर निगम के 70 पार्षदों में कांग्रेस के 8 सदस्य हैं। सात पार्टी के टिकट पर तथा एक ने निर्दलीय लड़कर जीत हासिल की। नतीजे आने के बाद पार्टी की ओर से संदीप को नेता प्रतिपक्ष बनाने की चिट्ठी जारी कर दी गई। लेकिन निर्दलीय जीतने वाले आकाश की कांग्रेस में वापसी के बाद पार्टी ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष बना दिया। इसके विरोध में 15 दिन पहले कांग्रेस के पांच पार्षदों ने पार्टी को इस्तीफा भेज दिया। इसके बाद मामले की जांच के लिए समिति बनाई गई थी। समिति ने जांच करके रिपोर्ट महामंत्री मलकीत सिंहर गैंदू को सौंप दी है। रिपोर्ट में की गई सिफारिशों का तो पता नहीं, लेकिन आज पार्षदों ने इस्तीफा वापस लेने की चिट्ठी पार्टी को सौंप दी है। इसके बाद ही यह संकेत मिले हैं कि रायपुर नगर निगम में आकाश ही नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे।

## प्रदेश में कांग्रेस निकालेगी तिरंगा यात्रा



**आज राजधानी में प्रदेशस्तरीय आयोजन**

**रायपुर**। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी 9 मई को प्रदेश स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालेगी ।इस यात्रा के माध्यम से कांग्रेस सैनिकों के शौर्य को नमन करेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है ।.यह यात्रा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन रायपुर से शुरू होगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर में यह यात्रा सुबह 10 बजे से 11 बजे तक निकाली जाएगी। लगभग एक किलोमीटर लंबी इस यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिकों को भी शामिल होने का आह्वान किया गया है। दीपक बैज ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारे देश के वीर जांबाज सैनिकों की वीरता और शौर्य को समर्पित होगी ।उनके सम्मान में कांग्रेस पार्टी यह ऐतिहासिक निर्णय लेकर तिरंगा यात्रा निकाल रही है ताकि आने वाले समय में उनका मनोबल और अधिक बढ़ सके। उन्होंने बताया कि रायपुर के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जिलों में भी यह यात्रा निकाली जाएगी। सभी जिलों को इस संबंध में निर्देश भेजे जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम में भाग ले सकें। वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

# बिजली विभाग में अव्यवस्था, कांग्रेस ने अभियंता कार्यालय में किया प्रदर्शन



- पंकज शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया घेराव

**रायपुर**, 8 मई(देशबन्धु)। भनपुरी सहायक अभियंता कार्यालय में आज बिरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं वरिष्ठ नेता पंकज शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। जिसमें काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यालय के सामने घंटो तक कार्यकर्ता डटे रहे और जमकर नारेबाजी की। लगातार बिजली विभाग की शिकायतें सामने आ रही थी जिसको लेकर आज मोर्चा खोला गया ।पंकज शर्मा ने कहा कि जब से विष्णु देव साय की सरकार बनी है लगातार बिजली कटौती से लोग परेशान हैं।

मेंटेनेंस के नाम पर घंटो बिजली बंद कर दिया जाता है और अवस्था का आलम बना हुआ है। बिजली के चलते पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो रही है ।लोग पेयजल के लिए भटकते नजर आ रहे हैं। स्मार्ट मीटर के नाम पर भ्रष्टाचार चल रहा है बिजली बिल ज्यादा आने से लोग काफी परेशान हैं स्मार्ट मीटर लगने के बाद लोगों के बिल में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। लो वोल्टेज की समस्या, समय बेसमय आधे घंटे एक घंटे के लिए बिजली कटौती करना बगैर पूर्व सूचना के, साथ ही ट्रांसफार्मर में लोड प्रॉब्लम, बार-बार डीओ उड़ना एवं लो वोल्टेज की समस्या आ रही है।

**7वां खेलो इंडिया यूथ गेम्स**

## मलखंब में प्रदेश ने युवाओं ने दिखाया दम

### व्यक्तिगत चैम्पियनशिप में जीते एक रजत और 4 कांस्य



**रायपुर**, 8 मई(देशबन्धु)। बोधगया (बिहार। बिहार के बोधगया में आयोजित 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ के महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने मलखंब में दम दिखाया है ।छत्तीसगढ़ ने व्यक्तिगत चैम्पियनशिप में एक रजत और 4 कांस्य पदक जीतने में कामयाबी पाई।

व्यक्तिगत चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ ने राकेश कुमार वढ़दा ने पोल मलखंब में 8.60, हेंगिग में 8.45, रोप में 8.45 अंक प्राप्त कर 1 रजत, 2 कास्य पदक जीतकर लंबी छलांग लगाई है। इसी प्रकार मोनू नेताम ने पोल मलखंब में 8.50 अंक के साथ संयुक्त कांस्य पदक जीता है। महिला खिलाड़ी दुर्गेश्वरी कुमेटी ने पोल मलखंब में 8.35 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया.

यूथ गेम्स के पहले दिन से लेकर अब तक की टीम व व्यक्तिगत स्पर्धा में 1 रजत एवं 10 कास्य पदकों के साथ छत्तीसगढ़ ने 11 पदक हासिल किए हैं।

# पेंशनर्स महासंघ का 15 को राज्य व्यापी आंदोलन

## 5 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलों में मुख्यमंत्री मुख्यसचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देंगे



**रायपुर**, 8 मई(देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासं छत्तीसगढ़ प्रदेश 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 15 मई को सभी जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री और मुख्यसचिव के नाम ज्ञापन देंगे। इस प्रदेशव्यापी आंदोलन की सूचना से मुख्यमंत्री, मुख्यसचिव तथा सभी जिलों में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने आज आनलाइन सूचना प्रेषित किया है।

उक्त जानकारी जारी संयुक्त विज्ञप्ति में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जे पी मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी तथा सेवानिवृत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनिल पाठक ने दी है।

जारी विज्ञप्ति में आगे बताया गया कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने पेंशनर्स हितैषी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। जिसके अंतर्गत राज्य सभी जिलों में गुरुवार 15 मई 2025 को कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्यसचिव को मांगपूर्ति हेतु ज्ञापन देंगे।

मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को विलोपित करने, विधानसभा में शासकीय संकल्प पारित कर छत्तीसगढ़ सरकार का 2000 करोड़ से अधिक राशि का सालाना आर्थिक नुकसान को रोकने मांग की गई है ।केन्द्र के देय तिथि और दर पर मोदी की गारंटी के तहत पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को एरियर सहित डीआर देने का निर्णय कैबिनेट से पारित करने, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के मांग पर पेंशन एवं भविष्य निधि संचालनालय के स्थापना के बाद अब संयुक्त संचालक पेंशन और जिला पेंशन कार्यालय की तत्काल स्थापना करने, कैशलेश मेडिकल सुविधा का लाभ सभी सरकारी अस्पतालों के साथ सरकारी कर्मचारियों की भांति राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सभी निजी अस्पतालों में भी सुविधा देने के आदेश जारी करने और

सेवानिवृत नियमित दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का संपूर्ण सेवाकाल को पेंशन अवधि के लिए गणना में लिए जाने एवं उन्हें भी अन्य सेवानिवृत कर्मचारियों की भांति सभी आर्थिक लाभ दिए जाने की मांग शासन से की गई है।

जारी विज्ञप्ति में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के विभिन्न जिलों के अध्यक्ष बी के वर्मा, आर एन टाटी, आर जी बोहरे, खोड़सराम आदि ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश में सीनियर सिटीजन संवर्ग के साथ न्याय करते हुए मांगो का निराकरण कर राज्य के पेंशनरों को जीवन अंतिम पड़ाव में असहज आंदोलन के लिए मजबूर न करें।

# रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के कृपलानी अध्यक्ष

- अश्विनी विग वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजय सचिव निर्विरोध निर्वाचित

**रायपुर**, 8 मई(देशबन्धु)। जिला दवा विक्रेता संघ की कार्यकारणी के 30 पदो के लिए संकल्प पैनल के अध्यक्ष, ,सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पूरी कार्यकारणी के 30 सदस्यो ने नामांकन पत्र जमा किया था। जिसकी जांच उपरांत सभी नामांकन पत्र सही पाये गए। 7 मई को नाम वापसी की समय सीमा के पश्चात किसी भी उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र वापस नहीं लेने के कारण सभी 30 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जो इस प्रकार से है। विनय कृपलानी - अध्यक्ष, संजय रावत ङ्कसचिव, नितेश कुमार जैन ङ्क कोषाध्यक्ष, अश्विनी विग - वरिष्ठ उपाध्यक्ष,आशीष कुमार , जिंतेंद्र लालवानी, विमल चंद्राकार, भगवाना रेलवानी ङ्क सभी उपाध्यक्ष,अनिल जैन - वरिष्ठ सह सचिव, उज्ज्वल जैन, सतवन्त मिश्रा, दीपक कुमार लालवानी, मनीष कुमार सोनी ङ्क सभी सह सचिव, नीरज चौधरी - संगठन सचिव, वरुण चिमनानी, सिद्धार्थ शर्मा, विजय भोजवानी, धर्मेन्द्र राठी, कमाल वाधवा, निकुंज थरनी, वैभव श्रीवास्तव, वल्लभ चाँडक, रामचन्द्र धनवानी, हितेश अलवानी, भीष्म नारायण हबलानी, शैलेश पटेल और राजेश पटेल कार्यकारणी सदस्य के रूप मे निर्वाचित हुए। रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के मुख्य चुनाव अधिकारी ठाकुर राजेश्वर सिंह एवं सहायक चुनाव अधिकारी पंकज कोचर ने बताया नई कार्यकारणी का कार्यकाल सन 2028 तक रहेगा।

## परीक्षा का परिणाम में 43 छात्र हुए उत्तीर्ण

**डोंगरगढ़,** 8 मई। बोर्ड परीक्षा में चैनप्रसाद ने 92ण50: अंक लेकर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डॉ, अंबेडकर आदिवासी आवासीय विद्यालय बछेराभाटा में पूर्व माध्यमिक परीक्षा 2024.25 का परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा इस परीक्षा में कक्षा आठवीं के 43 छात्रों ने परीक्षा दिलाई जिसमें सभी छात्र उत्तीर्ण रहे।



# युवती का इंस्टाग्राम पर विवादित पोस्ट से बवाल

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। पहलगाम अटैक बहुत निंदनीय था पर आपके घर पे वो घुसे कैसे चूक आपसे हुई आतंकवादी घुसे टूरिस्ट को मारा आपके पास उनके स्केचेस आए आप उनका ठिकाना पता करे फिर उसी जगह अटै करे। आपने तो रैंडम जगह अटैक करके बच्चों को उनके माँ बाप को मारा जिनके कोई हाथ नहीं था पहलगाम अटैक में ये कौनसा बदला हुआ बदला पूरा नहीं हुआ है क्युकी जिनपे अटैक हुआ वो कसूरवार नहीं है संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने युवती को देशद्रोही बताते हुए पुलिस से सख्त एक्शन लेने की मांग की है। इस मामले में पुलिस अब आगे की जांच कर रही है। बजरंग दल समेत अन्य हिंदू संगठनों ने इस मामले में कड़ी आपत्ति जताई है।

**■ ऑपरेशन सिंदूर पर बोली- वाहवाही के लिए मासूमों का कत्ल किया**
**■ बजरंग दल बोला- जेल में बंद करो**

इस विवादित पोस्ट पर हुआ बवाल

सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट पर दिख रहा है किए इसे किसी लुजीना खान नाम के आईडी से पोस्ट किया गया है। इसमें लिखा है कि पहलगाम अटैक बहुत निंदनीय था पर आपके घर पे वो घुसे कैसे चूक आपसे हुई आतंकवादी घुसे टूरिस्ट को मारा आपके पास उनके स्केचेस आए आप उनका ठिकाना पता करे फिर उसी जगह अटैक करे। आपने तो रैंडम जगह अटैक कर बूढ़ों को बच्चों को उनके मां बाप को माराए जिनका कोई हाथ नहीं था पहलगाम अटैक मेंए ये कौन सा बदला हुआ बदला पूरा नहीं हुआ है क्योंकि जिनपे अटैक हुआ वो कसूरवार नहीं है बस अपनी टेम्परी वाह.वाही के लिए मासूम बच्चों का कत्ल करने वालों को हम हीरो नहीं मानते। हम अपने फायदे के लिए की गई गंदी सियासत के साथ नहीं है। यह कोई इंसाफनहीं है।पहलगाम अटैक बहुत निंदनीय था पर आपके घर पे वो घुसे कैसे एक अन्य विवादित पोस्ट में लिखा कि उन्होंने बच्चों को तो नहीं मारा था। मुझे इस पोस्ट में हेट मिलेगी लेकिन इंसानियत हो तो सोचना। बच्चों को नहीं मारना चाहिए था। इस मामले को लेकर बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा ने कहा कि एक यूट्यूबर लुजीना खान ने अपने सोशल मीडिया पर देश विरोधी पोस्ट किया।

बजरंग दल बोला. जेल भेजो सोशल मीडिया की जांच हो

इस मामले को लेकर बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा ने कहा कि पहलगाम में जो आतंकी घटना हुई। जहां पर धर्म पूछ कर गोली मारी गई। यह घटना देश को झकझोर करने वाली थी। इस घटना के जवाब में भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर हमला करके कड़ा जवाब दिया। इस घटना को लेकर रायपुर की एक यूट्यूबर लुजीना खान ने अपने सोशल मीडिया पर देश विरोधी पोस्ट किया। उसने सैनिकों के इस पराक्रम को वाह वाही लूटने वाला बताया। मिश्रा ने आगे कहा कि युवती के सोशल मीडिया अकाउंट की भी जांच की जानी चाहिए।मिश्रा ने आगे कहा कि ऐसे देश विरोधी लोगों के खिलाफसमस्त हिंदू समाजए बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के समस्त कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर पुलिस से सख्त एक्शन लेकर जेल में डालने की मांग की है। उन्होंने कहा कि युवती के सोशल मीडिया अकाउंट की भी जांच की जानी चाहिए।

## दो रोजगार सहायक व एक आवास मित्र की सेवा समाप्त

**बेमेतरा,** 8 मई (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत एरमशाही में रोजगार सहायक के पद पर कार्यरत श्रीमती ईश्वरी साहू के विरुद्ध हितग्राही से आवास योजना का लाभ देने हेतु 10,000 की मांग एवं वसूली की शिकायत प्राप्त हुई थी। जांच में ग्रामीणों एवं शिकायतकर्ता के बयानों तथा आडियो प्रमाणों के आधार पर आरोप सिद्ध पाए गए। इनका यह कृत्य सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 एवं सेवा शर्तों के विरुद्ध पाए जाने पर छत्तीसगढ़ संविदा भर्ती अधिनियम 2012 के तहत सेवा से पृथक किया गया है। इसी प्रकार, ग्राम पंचायत तेन्दुवा में रोजगार सहायक के पद पर कार्यरत श्री नारायण साहू, जिनके विरुद्ध भी ग्राम पंचायत एरमशाही में हितग्राही से अवैध वसूली एवं पंचायत कार्य में अनधिकृत दखलंदाजी की शिकायत सिद्ध हुई, उन्हें भी संविदा नियमों के अंतर्गत पद से पृथक कर दिया गया है। ग्राम पंचायत एरमशाही की आवास मित्र श्रीमती नीरा साहू के विरुद्ध ?25,000 की मांग कर आवास किश्त जारी करने के आरोप में शिकायत प्राप्त हुई थी।

# विज्ञापन एजेंसियां अपने होर्डिंग्स का सेफ्टी ऑडिट जमा करें, निगम आयुक्त ने कहा

**प्रत्येक अनुमति से पूर्व संरचना इंजीनियर ड्राइंग एवं शपथ पत्र जमा करने दिये निर्देश**

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम क्षेत्र की समस्त पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिये है। आयुक्त ने कहा है कि पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को पत्र के माध्यम से अपने मीडिया के रख-रखाव स्थायीत्व की जांच कराकर 10 दिवस में जमा करने निर्देशित किया गया था। साथ ही सभी मीडिया के सुरक्षा संबंधी समस्त उपाय करने क्षतिग्रस्त संरचना को दुरूस्त करने एवं हटाये जाने फटे हुए पलैक्स का दैनिक निरीक्षण कर तत्काल हटाये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया था। किन्तु पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों द्वारा अद्यतन संरचना की जांच कराया जाकर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। आयुक्त ने समस्त पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को निर्देशित किया है कि अपने विज्ञापन मीडिया के सतत् निरीक्षण एवं जांच हेतु निगम द्वारा पंजीकृत संरचना इंजिनियर या किसी शैक्षणिक संस्थान के साथ संरचनात्मक ऑडिट हेतु अनुबंध करते हुए संलग्न प्रारूप में संरचनात्मक ऑडिट रिपोर्ट तैयार कराया जाकर संरचना इंजीनियर का शपथ पत्र इस कार्यालय में अगामी 10 दिवस में जमा करना सुनिश्चित करे। समस्त मीडिया का दैनिक निरीक्षण कर फटै पलैक्स को हटाया जाने का कार्य करेंगें साथ ही यह सुनिश्चित करेंगें कि फ्लैक्स को फेम पर कसकर बांधे या चिपकाएं बडे होर्डिंग के लिए स्टील केबल या जी.आई. वायर का उपयोग करें फ्लैक्स को रस्सीयों से बांधकर रखें। फ्लैक्स में ऐसे जीएसएम का उपयोग करें जिससे अत्याधिक हवा पानी के समय फ्लैक्स के कारण दुर्घटना ना हों। बडे फ्लैक्स पर 3 से 5 फीट की दूरी पर अर्द्धवृत्ताकार आयताकार हवा के छेद (6 से 8 इंच चौडे) करें ताकि हवा का दबाव निकल सकें। प्रत्येक बार फ्लैक्स लगाने से पहले फ्रेम की जांच करें। सभी वेल्डिंग एवं बोल्टिंग उचित और सुरक्षित ढंग से करें। ऊंचाई के अनुसार विशेष प्रावधान करें। अपने मीडिया की हर 3 से 6 माह में या हर तूफान, तेज हवा के बाद स्ट्रक्चर एवं फ्लैक्स की जांच करें, तथा कोई ढीलापन, फटना, या जंग दिखे तो तुरंत मरम्मत या प्रतिस्थापन करें।




## मप्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाया-दोनों राज्य पेंशनरों को बोझ समझ रहे हैं

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश शासन द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को 1 जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत वृद्धि करते हुए अब 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता भुगतान का आदेश जारी कर दिया है। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार ने जनवरी 25 को देय महंगाई भत्ता को फरवरी माह के वेतन से भुगतान का आदेश किया है। इसका अर्थ है कि 3 माह के एरियर्स का भी नगद भुगतान होगा। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ राज्य के 5 लाख अधिकारी कर्मचारी केंद्रीय कर्मचारियों, मध्य प्रदेश के कर्मचारियों और छत्तीसगढ़ के विद्युत मंडल के कर्मचारियों से दो प्रतिशत महंगाई भत्ता पीछे हैं।छत्तीसगढ़ शासन को भी त्वरित निर्णय लेना चाहिए। इसके साथ ही पेंशनरों को दोयम दर्जे का नागरिक तथा वृद्धावस्था में बोझ समझने वाली दोनों सरकारों ने पेंशनरों को अभी भी 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता पर ही संतोष करने के लिए मजबूर कर दिया है। श्री झा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और पूर्व शासकीय सेवक वर्तमान वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी से मांग की है कि छत्तीसगढ़ में समता के आंगन में विषमता के बीज नहीं बोए जाने चाहिए। तत्काल शासकीय कर्मचारी और पेंशनरों के लिए क्रमशः एक किस्त एवं दो किस्त का आदेश प्रसारित करने की मांग की गई है। श्री झा का तर्क है कि बाजार एक, महंगाई एक, विक्रय मूल्य एक, तो फिर प्रदेश में तीन प्रकार के महंगाई भत्ते का भुगतान नहीं होना चाहिए?। यह भेदभाव की नीति का परिचायक है?।

## समाधान शिविर में जनसमस्याओं का त्वरित समाधान बना बदलाव की मिसाल

**कवर्धा,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर जनसेवा की एक अनूठी पहल बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान ने शासन और आम जनता के बीच की दूरी को पाटते हुए सीधे ज़मीनी स्तर पर राहत पहुँचाने का कार्य कर रही है। ग्राम धमकी, मजगांव और कुई में आयोजित समाधान शिविरों में सामाजिक सहायता योजनाओं के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा कुल 43 वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें से 16 हितग्राहियों को धमकी, 18 हितग्राहियों को मजगांव और 09 हितग्राहियों को कुई शिविर में स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। वर्षों से सहायता की प्रतीक्षा कर रहे इन लोगों के चेहरों पर अब राहत और उम्मीद की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि ग्रामीण अंचलों में रह रहे प्रत्येक पात्र नागरिक को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ मिले। समाधान शिविरों की अवधारणा इसी सोच का परिणाम है, जहाँ समस्याओं का त्वरित समाधान और योजनाओं का तुरंत क्रियान्वयन प्राथमिकता है। सुशासन तिहार सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह राज्य सरकार की जवाबदेही, पारदर्शिता और संवेदनशील शासन व्यवस्था का साक्षात उदाहरण है। मुख्यमंत्री की यह पहल, शासन को लोगों के द्वार तक ले जाने का सफल प्रयास साबित हो रही है। जहाँ ग्रामीण अंचलों में बगैर किसी जटिल प्रक्रिया के आमजन को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।



**धमकी, मजगांव और कुई समाधान शिविरों में 43 हितग्राहियों को मिला पेंशन स्वीकृति पत्र**

स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदन करने से उनके समस्या का त्वरित निराकरण हुआ है। समाधान शिविर की मदद से पेंशन की पात्रता सूची में शामिल हो चुकी हैं।आज स्वकृति पत्र प्रदान किया गया है, ये कागज़ नहीं, हमारे लिए सम्मान और आत्मनिर्भरता की चिट्ठी है। उन्होंने कहा अब हर महीने कुछ आर्थिक सहारा मिलेगा, जिससे दवाई और राशन के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

## अवैध गांजा की बिक्री करते तीन गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**दुर्ग,** 8 मई (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नशे के विरूद्ध अभियान के अंतर्गत आज पुलिस ने अवैध रूप से गांजे की बिक्री के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर इन तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। इन तीनों आरोपियों के पास से 2 किलो 110 ग्राम गांजा, 3 मोबाईल एवं गांजा बिक्री की जुमला रकम 44 हजार रूपये बरामद की गई। गिरफ्तार किये गये आरोपी सागर कंडरा रूआबांधा भिलाई, लिंगराज महानंद अस्पताल सेक्टर भिलाई एवं अंकुश यादव तितुरडीह दुर्ग है। पुलिस के अनुसार पुलगांव क्षेत्र में सागर कंडरा उर्फ मंग्गा रूआबांधा द्वारा गांजा रखकर बेचने के लिये बाजार में घूम रहा है। मुखबिर से सूचना मिलते ही पुलगांव पुलिस ने घेराबंदी कर सागर कंडरा उर्फ मग्गा रूआबांधा को पकड़ा। उसके पास से 1 किलो 60 ग्राम गांजा, बिक्री राशि साढ़े 5 हजार रूपये बरामद किये। इसके अलावा 1 मोबाईल सेट भी जब्त किया। इसी तरह एक अन्य आरोपी लिंगराज महानंद हास्पिटल सेक्टर के कब्जे से 530 ग्राम गांजा बिक्री राशि 3 हजार रूपये तथा एक मोबाईल बरामद किया। इसी तरह अंकुश नायक तितुरडीह के पास से 520 ग्राम गांजा बिक्री रकम साढ़े 3 हजार रूपये व 1 मोबाईल जब्त किया गया। पुलगांव पुलिस ने धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय से इन्हें जेल भेजा गया है।

## हाई स्कूल छिरबांधा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**सहसपुर लोहारा,** 8 मई। शासकीय हाई स्कूल छिरबांधा का कक्षा दसवीं परीक्षा परिणाम 2025 उत्कृष्ट रहा शिक्षक शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत और छात्र छात्राओं के प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र के इस स्कूल ने कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम से अपना लोहा मनवा लिया शासकीय हाई स्कूल छिरबांधा के प्राचार्य जगदीश साहू ने जानकारी देते हुए बताया की कक्षा 10 में कुल दर्ज छात्र छात्राओं की संख्या 66 थीं और परीक्षा में 64 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें से 63 ने परीक्षा पास की 41 बच्चो ने प्रथम श्रेणी से 22 बच्चो ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा पास की एक बच्चा दुर्भाग्य से परीक्षा में असफल हो गया। जिससे कुल परीक्षा परिणाम 98.43 त्र प्रतिशत रहा। जिसमें 89.86त्र प्रतिशत प्राप्त कर नीमा साहू शाला में प्रथम रहे ,सुमन यादव 86.66त्र द्वितीय,झांसी पटेल 83.16त्रतृतीय स्थान पर रहे। संस्था के प्राचार्य जगदीश साहू ने बच्चो की इस सफलता का श्रेय उन बच्चो को देते हुए संस्था के शिक्षक मान सिंह सेन एवं समस्त पालको को दिया और आशा व्यक्त की आगामी वर्ष में इस संस्था का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत होने के साथ ही साथ यहां के बच्चे राज्य स्तर में अपना परचम लहरायेगे।


# जिले का कक्षा 12वीं के एक एवं कक्षा 10वीं के 5 विद्यार्थियों ने बनाया राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में अपना स्थान

**बालोद,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 07 मई को जारी किए गए कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा के परिणामों के अंतर्गत बालोद जिले का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहा है। उल्लेखनीय है कि बालोद जिले के हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा का परिणाम 77.52 प्रतिशत एवं हाई स्कूल बोर्ड का परीक्षा परिणाम 71.92 प्रतिशत रहा है। इसके अंतर्गत कक्षा 12वीं में 01 विद्यार्थियों ने तथा कक्षा 10वीं के 05 विद्यार्थियों सहित जिले के कुल 06 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुसुमकसा की 12वीं की छात्रा ग्रेसी साहू ने 95.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान हासिल की है। इसी तरह हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत कक्षा 10वीं के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल डौण्डी की छात्रा कुमारी रिया केंवट ने 98.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी तरह स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल अर्जुंदा के छात्रा कुमारी भावना साहू ने 98.17 प्रतिशत के साथ सातवां स्थान, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल बालोद के छात्र योगान्त देशमुख ने 98 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल अर्जुंदा के छात्र ध्रुव कुमार ने 97.83 प्रतिशत के साथ नौवां एवं प्रयास आवासीय विद्यालय पिनकापार की छात्रा कुमारी भूमिका ने 97.67 प्रतिशत के साथ दसवां स्थान हासिल किया है। जिला प्रशासन की ओर से आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम के अंतर्गत कक्षा 12वीं एवं 10वीं के परीक्षाओं में उत्कृष्ट अर्जित कर राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में अपना स्थान बनाने वाले जिले के विद्यार्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री पीसी मरकले एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके पालकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने जिले के होनहार विद्यार्थियों के इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सराहना व्यक्त की। उन्होंने सभी मेधावी विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री पीसी मरकले ने बताया कि हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत बालोद जिले के कक्षा 12वीं के नियमित, स्वाध्यायी एवं पत्राचार के विद्यार्थियों को मिलाकर 3433 बालक एवं 4777 बालिका सहित कुल 8210 विद्यार्थियों में से 3418 बालक एवं 4764 बालिका सहित कुल 8182 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा विभिन्न कारणों से 07 बालक एवं 04 बालिक सहित कुल 11 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम निरस्त एवं रोका गया था। इसमें से 3411 बालक एवं 4760 बालिका सहित कुल 8171 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें 1191 बालक एवं 2341 बालिका सहित कुल 3532 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 1247 बालक एवं 1461 बालिका सहित कुल 2708 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में एवं 67 बालक एवं 36 बालिका सहित कुल 103 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही 574 बालक एवं 690 बालिका सहित कुल 1264 परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम पूरक आया है। इसी तरह 332 बालक एवं 232 बालिका सहित कुल 564 विद्यार्थी हायर सेकण्डरी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस तरह से 2505 बालक एवं 3838 बालिका सहित जिले के कुल 6343 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा में 73.43 प्रतिशत बालक एवं 80.63 प्रतिशत बालिका सहित जिले के कुल 77.52 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए हैं।

**मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके पालकों का किया गया सम्मान**

## तेंदुआ को वनविभाग ने रेस्क्यू कर पकड़ा, लोगों ने ली राहत की सांस

**डोंगरगढ़,** 8 मई (देशबन्धु)। सुदर्शन पहाड़ में निकले तेंदुआ को वन विभाग की टीम ने रात में बुधवार रात में पिंजरे में पकड़ कर जंगल दूर जंगल में छोड़ दिया है। तेंदुआ की वजह से बीते कुछ दिनों से चर्चा का केंद्र रहा। तेंदुआ पहाड़ी की चोटी पर डटा था।लगातार पांच दिनों तक वह दिखाई देता रहाए सोशल मीडिया पर उसकी तस्वीरें और वीडियो वायरल होते रहे और वन विभाग की टीम लगातार उसे पकड़ने की कोशिशों में लगी रही। आखिरकार बुधवार देर रात तेंदुआ का सफल रेस्क्यू कर लिया गयाए जिसके बाद अब शहर पूरी तरह से सुरक्षित है। शहर से लगे सुदर्शन पहाड़ पर पांच दिन पहले अचानक एक तेंदुए के दिखाई देने से हड़कंप मच गया था। यह इलाका न सिर्फशासकीय कर्मचारियों के चार्टरों से घिरा हैए बल्कि आसपास कई रिहायशी कॉलोनियां भी स्थित हैं। ऐसे में तेंदुवा की मौजूदगी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और ऑपरेशन शुरू किया। वन विभाग के द्वारा प्रयास यह किया जा रहा था कि की तेंदुआ पहाड़ से चले जाए पर वह पहाड़ में छुप कर रहा रहा था उसके मूमेंट की जानकारी के लिए ड्रोन कैमरे से भी निगरानी कर नजर रखा जा रहा थाए जिसके बाद पहाड़ी से तेंदुआ को पकड़ने के लिए एक विशेष पिंजरा लगाया गया ए जिसमें एक जीवित मेमना बांधा जाता थाए ताकि तेंदुआ उसे देखकर पिंजरे में घुस जाए। तीन शिफ्टों में विभागीय कर्मी पहाड़ी पर लगातार निगरानी करते रहेए कड़ी धूप हो या सुनसान रातए सभी की निगाहें उस एक तेंदुआ पर टिकी थीं। तेंदुआ बेहद चालाक निकला।वह हर बार पिंजरे के पास आताए मेमने को सूंघता और आगे बढ़ जाताए मानो वह जानबूझकर रेस्क्यू टीम की परीक्षा ले रहा हो। दिन गुजर गएए पिंजरा हर सुबह खाली मिलताए मेमना सहमा रहता और वनकर्मी थकते चले गएए लेकिन तेंदुआ अपनी मर्जी से पहाड़ पर घूमता रहा।आखरिकार बुधवार की रात करीब 11 बजे तेंदुआ फिर पिंजरे के पास आया। इस बार वह भीतर चला गया और टीम ने तुरंत हरकत में आते हुए उसे सुरक्षित रूप से काबू में ले लिया। इसके कुछ ही घंटों बाद उसे जंगल में छोड़ दिया गया।



## निधन

### बशीष्ठो कुमार

**रायपुर,** 8 मई। कलेक्टर कार्यालय रायपुर में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, आर व्ही एच कालोनी रायपुर निवासी बशीष्ठो कुमार का हृदय घात से आज गुरुवार शाम देहांत हो गया। वे डैनी कुमार,पारस दीप,के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार दोपहर खमतराई मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ।



## स्कार्पियों की ठोकर, बाईक सवार 3 बच्चे घायल, चालक गिरफ्तार

**दुर्ग,** 8 मई (देशबन्धु)। मोहन नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्रीन चौक पर कल रात 10.30 बजे के करीब स्कॉर्पियो वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी। बाइक सवार तीनों ही नाबालिग इस दुर्घटना में घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। मोहन नगर पुलिस के द्वारा स्कॉर्पि यो के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कैपिटल जोन का शेष...

### कोयला घोटाला में कांग्रेस नेता ...

चल रहे रामगोपाल अग्रवाल सहित चारों को अब अग्रिम जमानत जैसी कानूनी राहत मिलना मुश्किल होगा।

**प्रॉपर्टी कुर्की का कर सकती है आवेदन पेश**

इस मामले के पूछताछ में सहयोग नहीं करने पर रामगोपाल समेत चारों के खिलाफकोर्ट ने बेमियादी गैर जमानती वारंट जारी की है। बावजूद इसके चारों के सरेंडर नहीं करने पर एसीबी.ईओडब्लू उनकी संपत्ति कुर्क करने कोर्ट में आवेदन पेश कर सकती है। जिससे आरोपियों की परेशानी बढ़ सकती है।

**पूर्व सीएम भूपेश बघेल के करीबी माने जाते हैं अग्रवाल**

रामगोपाल अग्रवाल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी माने जाते हैं। पिछली सरकार में संगठन के साथ ही सत्ता से जुड़े कई कार्यक्रमों में भी अग्रवाल भूपेश बघेल के साथ दिखाई देते थे। इतना ही नहीं दिल्ली में भी पार्टी के बड़े नेताओं से मुलाकात के दौरान रामगोपाल अग्रवाल भूपेश बघेल के साथ ही दिखाई दिए।

# शिवनाथ एक्सप्रेस में 65 लाख की चोरी के दो आरोपियों को राउरकेला से किया गिरफ्तार

**भिलाई नगर,** 8 मई (देशबन्धु)। शिवनाथ एक्सप्रेस ट्रेन में बीते 4 अप्रैल को हुई 65 लाख रूपये के चोरी का जीआरपी भिलाई ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में सायबर सेल के जरिए जीआरपी को ओडिशा के राउरकेला से दो आरोपियों को दबोचने में सफलता मिली है।

जीआरपी थाना भिलाई के प्रभारी राजकुमार बोरझा ने बताया कि गोंदिया महाराष्ट्र की रहने वाली हिना पटेल 4 अप्रैल 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह अपने पति के साथ गोंदिया से रायपुर तक शिवनाथ एक्सप्रेस के 18240 कोच एचए -1 ए-2 सीट नं. 21 में सफर कर रही थी। सफर के दौरान राजनांदगांव से दुर्ग के बीच में उसका एक लेडीस पर्स जिसमे दो हीरे का नेकलेस, 04 नग हीरे की अंगूठी, कान का लटकन एवं नगदी 45 हजार रुपए कुल कीमती 65 लाख रुपए का हीरे की ज्वेलरी एवं एक मोबाईल अज्ञात चोर चोरी कर लिया है।

प्रकरण का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक रेल श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के द्वारा उप पुलिस अधीक्षक रेल एसएन अख्तर तथा प्रभारी सायबर सेल, थाना प्रभारी जीआरपी भिलाई को आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया था। विवेचना के दौरान गोंदिया से भाटापारा तक के स्टेशनों का टॉवर डंप निकाला गया। सीसीटीवी फुटेज एवं स्टेशनों के आस-पास के होटलों को सघन चेक किया गया। घटना दिनांक के शिवनाथ एक्सप्रेस का रिजर्वेशन चार्ट लिया गया। सभी का मिलान करने पर कुछ संदेहियों का मोबाइल नंबर एवं फुटेज मिले। जिसमें कुछ नम्बर ट्रेन के समय में रेलवे स्टेशन रायपुर में होना पाया गया। जो महासमुन्द बरगढ़ होकर राउरकेला में होना पाया गया। जिसके आधार पर आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्रित कर नजर रखी गई।



संदेहियों पर सायबर की टीम लगातार नजर रख रही थी। जिसके आधार पर दोनों आरोपियों को राउरकेला से पकड़कर लाया गया। दोनों ने पूछताछ में चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे एसी कोच में फर्जी नाम एवं मोबाईल नम्बर पर ट्रेनों के एसी 02 टीयर में कोच में रिजर्वेशन कराकर यात्रा करते हैं। मौका देखकर यात्रियों का ट्राली बैग, लेडिस पर्स चोरी कर लेते है चोरी की घटना की अंजाम के बाद चोरी के सामान को अपने थैले में रख लेते हैं।, मोबाइल, पर्स को ट्रेन के बाहर फेंक देते हैं। एसी 02 टायर में पर्दा लगे होने से चोरी की घटना को घटित करने में सुविधा होती है। किसी को पता भी नहीं चलता। आरोपियों ने यह भी बताया कि काफी लंबे समय से ट्रेनों में चोरी कर रहे हैं। आरोपियों के कॉल डिटेल से भी इस बात से पुष्टि हुई है। पूछताछ में आरोपियों के चोरी का हीरे का हार 11 लाख रुपए में कोलकाता में बेचना बताया। जिसकी रकम अपने भाई के बैंक खाते में 3 लाख 46 हजार रुपए एवं अपने दोस्त के बैंक खातों में 2 लाख 45 हजार रुपए एवं 4 लाख 96 हजार रुपए जांच करने पर बैंक खाते में रकम आने की पुष्टी हुई है। आरोपियों के कब्जे से 20 हजार रुपए नगद एवं आरोपी अब्दुल मन्नान के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड सुरेश मिश्रा के नाम से जब्ती हुई है। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस रिमांड लेकर और पूछताछ की जा रही है और अन्य मामलों की खुलासा होने कि संभावना है।

पकड़े गए आरोपियों में संतोष 34 वर्ष निवासी ट्रैफिक गेट होटल राधिका गली थाना प्लांट साइट पोस्ट राउरकेला जिला सुन्दरगढ़ ओडिशा एवं अब्दुल 55 वर्ष निवासी कुरैशी मोहल्ला नाला रोड थाना प्लांट साइट राउरकेला जिला सुंदरगढ़ ओडिशा हैं।

# फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के विरुद्ध गैरजमानती धाराओं में दर्ज होगा एफआईआर

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के विरुद्ध स्थानीय अदालत ने गैर जमानती धाराओं 196, 299 एवं 353 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है. इस प्रकरण में अधिवक्ता अंजिनेश शुक्ला, निमिष किरण शर्मा व संदीप थोरानी ने पैरवी की.

दरअसल, 18 अप्रैल को अनुराग कश्यप ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी करते हुए लिखा था कि मैं ब्राह्मणों पर मूतूंगा, कोई प्रॉब्लम ?. इस कथन से आहत होकर अधिवक्ता शुक्ला ने संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष 20 अप्रैल को शिकायत दर्ज करवाई थी.

शुक्ला के आवेदन पर थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई. पुलिस की उदासीनता से क्षुब्ध होकर अंजिनेश अंजय शुक्ला ने रायपुर जिला न्यायालय में अनुराग कश्यप के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किए जाने की मांग करते हुए एक परिवाद प्रस्तुत किया था. प्रकरण की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता शुक्ला ने सर्वोच्च न्यायालय तथा विभिन्न उच्च न्यायालयों के प्रासंगिक निर्णयों का उल्लेख करते हुए न्यायालय के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया कि उक्त टिप्पणी न केवल सामाजिक सौहार्द को भंग करने वाली है, बल्कि यह विशेष समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली और दंडनीय अपराध की श्रेणी में आती है.



**कोर्ट ने दिया आदेश**

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आकांशा बेक ने प्रस्तुत तर्कों और विधिक दृष्टांतों का संज्ञान लेते हुए उन्हें विधिसम्मत माना और फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के विरुद्ध संबंधित धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज करने हेतु संबंधित पुलिस थाने को निर्देशित किया है.

**एडवोकेट अंजिनेश शुक्ला ने कही यह बात-** इस प्रकरण पर एडवोकेट अंजिनेश शुक्ला ने बताया कि शिकायत के अध्यार पर FIR होने पर उन्होंने कोर्ट का रुख़ किया था. मद्रास हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट को आधार मानते हुए कोर्ट ने अनुराग कश्यप के खिलाफ़ हेट स्पीच के लिए भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 299 और 353 के तहत अपराध दर्ज करने का आदेश दिया है, जो कि नोन बैलेबल है.

## धारदार चाकू के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि सतनाम चौक रावांभाठा के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा सतनाम चौक रावांभाठा पहुंचकर आरोपी भूपेंद्र गेंद्रे पिता संतोष गेद्रें उम्र 20 वर्ष साकिन मिनीमाता चौक रावांभाठा थाना खमतराई जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# रेजा के बेटे ने किया 10वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। रेजा का काम करने वाली हरवती यादव के बेटे नमन कुमार ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में टॉप किया है नमन की उपलब्धि पर श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने उनके पिता अर्जुन से फोन पर चर्चा कर बेटे की उपलब्धि पर बधाई दी श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने फोन पर चर्चा के दौरान कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है मंत्री ने मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी छात्र.छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन के तहत दो लाख की राशि नमन को देने की बात कही इसमें से एक लाख रुपए आगे की पढ़ाई के लिए और एक लाख रुपए स्कूटी के लिए दिया जाएगा मंत्री देवांगन ने बताया कि मेरिट में आने वाले पंजीकृत श्रमिक के सभी बच्चों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा पिछले वर्ष मेरिट में आने वाले श्रमिकों के बच्चों को इस योजना के तहत चेक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिया था।



**श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने दी बधाई**

# नक्सल मामले में सीएम व गृहमंत्री के बयान में विरोधाभास : कांग्रेस

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। नक्सल मामले में मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के अलग-अलग बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नक्सल मामले में मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के बीच शीत युद्ध चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन संकल्प अभियान जिक्र करते हुए ऑपरेशन की सफलता पर पीठ थपथपा रहे हैं। 22 नक्सलियों के शव बरामद होने की जानकारी दे रहे हैं। जवानों को बधाई दे रहे हैं और प्रदेश को नक्सली मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ाना बता रहे हैं। वहीं राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा मुख्यमंत्री के बयान के विपरीत 22 नक्सलियों के मारे जाने की खबर को भ्रामक बता रहे हैं और संकल्प नाम से कोई भी ऑपरेशन नहीं चलने की जानकारी दे रहे हैं। आखिर प्रदेश की जनता किसके बयान पर भरोसा करें ?



**जनता सच जानना चाहती है : दीपक बैज**

श्री बैज ने कहा कि उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा कई बार सार्वजनिक तौर पर बयान दे चुके हैं बीते 18 दिनों से बस्तर कर्रेगुट्टा पहाड़ी में फोर्स ने नक्सलियों के बड़े नेताओं सहित 300 से अधिक नक्सलियों को घेरा है। फोर्स लगातार पहाड़ के ऊपर की ओर बढ़ रही है। फोर्स को एक बड़ी सफलता मिली है। फिर अचानक गृह मंत्री नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन से इंकार क्यों कर रहे हैं। प्रदेश की जनता को भ्रमित क्यों कर रहे हैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जो 22 नक्सलियों की शव बरामद होने की बात कही है क्या वह नक्सली नहीं है ? क्या आम जनता हताहत हुई है ? या हमारे जवानों की शहादत हुई है ? जिसे गृह मंत्री पर्दा कर रहे हैं ? इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्या प्रदेश में चल रहे नक्सलवाद के खिलाफ ऑपरेशन की जानकारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को नहीं है। क्या उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा मुख्यमंत्री को अंधेरे में रखकर श्रेय लेने की राजनीति कर रहे हैं ? नक्सलवाद जैसे संवेदनशील मुद्दे पर प्रदेश के दोनों मुखिया का बयान गैर-जिम्मेदाराना है एवं डरावना है। नक्सलवाद के खिलाफ लोहा ले रहे जवानों का हौसला तोड़ने वाला है।

# फार्म हाउस में पुलिस का छापा

## बड़े कारोबारी के बर्थडे पर चल रही थी हुक्का पार्टी

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित फार्म हाउस में हक्का पार्टी पर तेलीबांधा पुलिस ने छापेमार

- युवतियां भी थी शामिल, बड़ी मात्रा में नशीली सामग्री जब्त
- फार्म हाउस का मालिक फरार
- संदेह के दायरे में तेलीबांधा पुलिस की कार्रवाई

कार्रवाई की है इस पार्टी में बड़ी संख्या में युवती और महिलाएं शामिल थीं यह पार्टी आदित्य फार्म हाउस में चल रही थी जहां बड़े कारोबारी का बर्थडे मनाया जा रहा था पुलिस ने फार्म हाउस में दबिश देकर दर्जनों हुक्का और नशीली सामग्री जब्त की है पुलिस ने आरोपी विकास सिंह बरोई को गिरफ्तार किया है वहीं फार्म हाउस का मालिक फरार ह अब तक कारोबारी के खिलाफभी कोई कार्रवाई नहीं की गई है न ही एफआईआर पर कोई जिक्र है इस पूरी कार्रवाई में तेलीबांधा पुलिस की भूमिका भी संदेह के दायरे में है




### बर्थ डे पार्टी में युवक-युवतियां मिलाकर करीब 50 लोग थे शामिल

जानकारी के मुताबिक वीआईपी रोड स्थित आदित्य फार्म हाउस में आरोपी विकास सिंह बरोई के रिश्तेदार की पार्टी थी सूत्रों के मुताबिक फार्म हाउस में बर्थडे पार्टी शंकर नगर निवासी कारोबारी की थी जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है न ही एफआईआर पर कोई जिक्र किया गया है_ इस पूरी कार्रवाई में तेलीबांधा पुलिस की भूमिका भी संदेह के दायरे में है सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कारोबारी के बर्थ डे पार्टी में युवक.युवतियां मिलाकर कुल 50 लोग शामिल थे पुलिस का दावा है कि सभी छापेमार कार्रवाई के दौरान फरार हो गए

### फार्म हाउस मालिक की तलाश में जुटी है पुलिस

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने बताया कि वीआईपी रोड स्थित आदित्य फार्म हाउस में बर्थडे पार्टी चल रही थी जिसमें अवैध रूप से हुक्का और अन्य नशे की सामग्री पाई गई पुलिस टीम ने छापेमार कार्रवाई कर पार्टी के संचालक कोलकाता निवासी विकास सिंह बरोई और आदित्य फार्म हाउस के मालिक को आरोपी बनाया गया है विकास को कोटपा एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है फार्म हाउस मालिक फरार है जिसकी तलाश की जा रही है पूरे मामले पर जांच जारी है

# लूट की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने लूट केप्रकरण को सुलझा लिया है बताया गयाप्रार्थिया दुर्गा दास लालवानी ने थाना आमानाका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 अप्रैल को प्रात: 09.00 बजे उसकी सास गुरूद्वारा गई हुई थी गुरूद्वारा से वापस घर आ रही थी कि जीवन ज्योति अस्पताल यारा दा ढाबा के पास पहुंची ही थी कि पीछे से एक्टीवा में सवार एक अज्ञात व्यक्ति आया एवं प्रार्थी की सास को बोला कि आपको घर तक छोड़ देता हुं जिस पर प्रार्थिया की सास उसके साथ एक्टीवा मे बैठ गई। अज्ञात एक्टिवा चालक द्वारा प्रार्थिया की सास को एक्टिवा दोपहिया वाहन में बैठाकर घर न छोड़ने के स्थान पर नंदनवन रोड तरफ ले गया और सुनसान जगह पर प्रार्थिया की सास को गिरा कर उनके द्वारा पहने हुए दोनो हांथ के सोने के कंगन एवं दोनो कान की बाली को खीचं कर निकाल लिया तथा उनके पास रखे नगदी रकम को लूट कर अपने दोपहिया वाहन में फरार हो गया। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना आमानाका में अपराध पंजीबद्ध किया गया। लूट की घटना को थाना प्रभारी अमानाका को अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा प्रार्थिया की सास से घटना आरोपी के हुलिए व उसके मोटर सायकल के संबंध में विस्तृत पूछताछ करते हुये आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटनास्थल तथा उसके आसपास लगे सीण्सीण्टीण्व्हीण् कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ.साथ प्रकरण की मुखबीर भी लगाये गये थे। अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी में लगी टीम के द्वारा दोपहिया वाहन के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर आरोपी को चिन्हांकित करने का प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा विधानसभा निवासी ज्वाला बैरागी की पतासाजी कर पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर ज्वाला बैरागी से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा लूट की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी ज्वाला बैरागी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट का सोने का कंगन झुमका एवं घटना में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग 3,50,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।



# छत्तीसगढ़ में बनेगी 'चित्रोत्पला फिल्मसिटी' हर्मन बावेजा ने दिखाई रुचि

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना 'चित्रोत्पला फिल्म सिटी' को मूर्त रूप देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। बॉलीवुड अभिनेता एवं बावेजा स्टूडियोज लिमिटेड, मुंबई के अध्यक्ष हर्मन बावेजा ने इस परियोजना में रुचि जताते हुए आज छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के समक्ष प्रस्तावित फिल्म सिटी पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया ।

**राज्य में फिल्म निर्माण को मिलेगा नया आयाम**

फिल्म सिटी के लिए प्रस्तावित स्थल माना तूता का पूर्व में दौरा करने के बाद श्री बावेजा ने रायपुर स्थित पर्यटन मंडल कार्यालय में प्रबंध संचालक विवेक आचार्य के समक्ष योजना की संभावनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर उनकी सलाहकार टीम, टूरिज्म बोर्ड और उद्योग विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर बनाई जा रही 'चित्रोत्पला फिल्म सिटी' लगभग 94 एकड़ भूमि पर विकसित की जाएगी, जिसकी अनुमानित लागत 300 करोड़ रुपए है ।

**राज्य को मिलेंगे ये लाभ**

फिल्म निर्माताओं को प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर लोकेशन्स । स्थानीय कलाकारों को राष्ट्रीय मंच पर पहचान । युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर।

फिल्म उद्योग से जुड़ी इस पहल को लेकर राज्य सरकार और पर्यटन बोर्ड आशान्वित हैं कि इससे छत्तीसगढ़ देश के प्रमुख फिल्म निर्माण केंद्रों में शामिल हो सकेगा

# शिवनाथ एक्सप्रेस में हुई चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। शिवनाथ एक्सप्रेस में महिला यात्री की 65 लाख की ज्वेलरी चोरी करने वाले दो चोरों को रेलवे पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने ज्वेलरी को 11 लाख में कोलकाता में बेचना स्वीकार किया है। रेलवे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोंदिया रहवासी हिना पटेल पति दिनेश पटेल उम्र 54 वर्ष निवासी गोंदिया महाराष्ट्र 4 अप्रैल को अपने पति के साथ शिवनाथ एक्सप्रेस से रायपुर आ रही थी। सफर के बीच राजनांदगांव से दुर्ग के बीच में हिना का पर्स गायब हो गया। इसमें दो हीरे का नेकलेसए 4 नग हीरे की अंगूठी कान का लटकन और नगदी 45 हजार मिलाकर कुल 65 लाख की चोरी हो गई। रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज किया और एसपी श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा और डीएसपी एसएन अख्तर के निर्देश पर आरोपियों को पकडने के लिए अभियान चलाया गया। गोंदिया से भाटापारा तक स्टेशनों का टॉवर डम्प निकाला गया। सीसीटीवी की फुटेजों और स्टेशनों के आस.पास के होटलों की जांच की गई। कुछ संदेहियों का मोबाईल नंबर फुटेज मिले। जांच के बाद दो आरोपी संतोष साथ और अब्दुल मन्नान को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि हीरे का हार 11 लाख में कोलकाता में बेचा गया जिसकी रकम अपने भाई के बैंक खाते में 3 लाख 46 हजार और अपने दोस्त के बैंक खातों में पौने 3 लाख खुद के खाते में 4 लाख 96 हजार रुपये रखे। आरोपियों के कब्जे से 20 हजार और आरोपी अब्दुल मनान के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड सुरेश मिश्रा के नाम से जप्ती हुई है। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस रिमांड लेकर और पूछताछ की जा रही है।



**11 लाख में कोलकाता में बेचा ज्वेलरी को**

# प्रतिबंधित नशीली सिरप का परिवहन

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियोंए थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियोंए थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली सिरप रखें है तथा दोपहिया वाहन में सवार होकर भनपुरी से रायपुर की ओर आ रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री लखन पटलेए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संदीप मित्तलए उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संजय सिंह तथा नगर पुलिस अधीक्षक उरला पूर्णिमा लामा द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी खमतराई को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रायपुर आने वाले रास्ते में नाकेबंदी प्वाईंट लगाकर वाहनों की चेकिंग करना प्रारंभ किया गया इसी दौरान मुखबीर द्वारा बताये दोपहिया वाहनों को आता देख टीम के सदस्यों द्वारा वाहनों को रूकवाया गया। दोनो दोपहिया वाहन में 03 व्यक्ति सवार थेए जिन्होने पूछताछ में अपना नाम रवि तमेर राजेश पंचेश्वर तथा विनय सिंह राजपूत होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके दोपहिया वाहनों की तलाशी लेने पर वाहनों में प्रतिबंधित नशीली सिरप रखा होना पाया गया। जिस पर तीनों व्यक्तियों से उक्त प्रतिबंधित नशीली सिरप रखने एवं परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 120 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप तथा घटना में प्रयुक्त 02 नग दोपहिया वाहन 95,000६ रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 21सी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।



**अंतर्राज्यीय आरोपी सहित 3 आरोपी गिरफ्तार**

# डाक कर्मियों ने पीएमजी कार्यालय में किया प्रदर्शन

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ एवम अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ पोस्टमैन एमटीएस यूनियन छत्तीसगढ़ सर्कल, रायपुर संभाग छत्तीसगढ़ सर्कल एवं पोस्टमैन एमटीएस यूनियन द्वारा पीएमजी ऑफिस के समक्ष अपनी लंबित मांगों को लेकर आज जबरदस्त विरोधप्रदर्शन किया गया ।

प्रदर्शन के जरिए उन्होंने 8 वें वेतन आयोग के लिए समिति का तुरंत गठन करने, स्टाफ पक्ष एनसी-जेसीएम द्वारा दिए गए सुझावों/विचारों को शामिल करते हुए संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप दिया जाए एनपीएस/यूपीएस को समाप्त कर सभी कर्मचारियों के लिए बीपीएस बहाल करने, कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए कोविड महामारी के दौरान रोकी गई डीए/डीएआर की तीन किस्तें जारी करने की मांग प्रमुख है इसके अलावा पेंशन के परिवर्तित हिस्से को 15 वर्षों के बजाय 12 वर्षों के बाद बहाल करने, अनुकंपा नियुक्ति पर लगाई गई 5ब की अधिकतम सीमा को हटाया जाए, सभी मामलों में मृतक कर्मचारी के आश्रितों/बच्चों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की किए जाने, सभी सरकारी विभागों/मंत्रालयों विभागों में सभी संवर्ग के आउटसोर्सिंग रोकने, के रिक्त पदों को भरने, निगमीकरण बंद करने, लंबित एसोसिएशनों/फेडरेशनों को मान्यता प्रदान करने, एआईपीईयू ग्रेड सी यूनियन, एनएफपीई और इसरोसा की मान्यता रद्द करने के आदेश वापस लेने, सेवा संघों/फेडरेशनों पर नियम 15 1(सी) लागू करना बंद किए जाने, आकस्मिक, संविदा मजदूरों और ग्रामीण डाक सेवकों को नियमित करने उन्हें स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों के बराबर दर्जा दिया जाए। (जीडीएस) कर्मचारियों को केंद्र सरकार के कर्मचारी का दर्ज दिए जाने मांग की ।



**सरकार से लंबित मांगों के समाधान की मांग**

इस प्रदर्शन का नेतृत्व दिनेश शर्मा ,दिनेश पटेल ,नारायण चौधरी, लखन डडसेना ,विजयपुर पोर्ते ने किया । सभी ने इन मांगो के पूर्ण न होने पर 20 मई को देशव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया ।प्रदर्शन में बड़ी संख्या में रायपुर के पोस्टमैन कर्मचारियों ने ने भाग लिया ।

# छग कॉलेज में शंख बजाकर एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**रायपुर,** 8 मई (देशबन्धु)। एनएसयूआई द्वारा प्रदेश के सबसे पुराने महाविद्यालय शा.जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में कार्यकर्ताओं एवं छात्रों ने शंख बजाकर प्राचार्य और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने एक सप्ताह पहले भी प्राचार्य को ज्ञापन के माध्यम से छात्रों को आ रही मूलभूत सुविधाओं में कमी से अवगत कराया था। परंतु प्राचार्य एवं कॉलेज प्रशासन ने छात्रों की मांग को अनसुना कर दिया। जिसके चलते छात्रों ने मंगलवार को प्राचार्य कार्यालय का घेराव किया ।इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं एवं छात्रों ने एक छात्र को प्राचार्य का मुखौटा लगाया और उसके सामने शंख बजाकर, जोरो शोरों से नारेबाजी किया। जिसके चलते प्राचार्य को अपने कमरे से बाहर आकर छात्रों से बात करना पड़ा छात्रों ने अपनी मांग प्राचार्य एवं कॉलेज प्रशासन के सामने रखा। जल्द से जल्द भीषण गर्मी में होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं को रदद कर नया समय सारणी जारी करने कहा।



इस दौरान रायपुर जिला एनएसयूआईने कॉलेज प्रशासन से यह स्पष्ट कर दिया कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो हर दिन चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन से लेकर महाविद्यालय में तालाबंदी तक की जाएगी

उल्टा पुल्टा

टीचर - एक टोकरी में 10 आम थे, 3 सड़ गए तो कितने आम बचे?
टीटू- 10
टीचर- अरे मूर्ख 10 कैसे बचेंगे?
टीटू - सड़े हुए आम कहां जाएंगे, सड़ने से केले थोड़ी बन जाएंगे।

## संपादकीय

### जल्दी लगें हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट

*वैसे तो पूरे देश की तरह छत्तीसगढ़ में भी 1 अप्रैल, 2019 के पहले खरीदे गये वाहनों पर हाई सेक्यूरिटी नंगर प्लेट लगाने की अनिवार्यता 1 अप्रैल, 2025 से लागू कर दी गयी थी, परन्तु जिन एजेंसियों को प्रदेश में इस कार्य का ठेका दिया गया है, उन दोनों का काम इतना धीमा है कि अब तक कुछ ही लोग अपने वाहनों पर ये नंबर प्लेट लगवा पाये हैं। बताया जाता है कि लाखों वाहन ऐसे हैं जिन पर अनिवार्य किये गये नंबर प्लेट नहीं लग पाये हैं। इसमें तेजी लाये जाने की ज़रूरत है। जो लोग ये नंबर प्लेट लगवाना चाहते हैं उन्हें लम्बा इंतज़ार करना पड़ रहा है।*

*प्रदेश के परिवहन विभाग के उच्चाधिकरियों ने बुधवार को इस बाबत वर्चुअल बैठक लेकर जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने अनुबन्धित एजेंसियों को काम में तेजी लाने के लिये कहा। इसके लिये सभी जिलों में शिविर लगाने की सलाह दी गयी जहां आरटीओ व डीटीओ अधिकारियों के साथ अनुबन्धित कम्पनियों के प्रतिनिधि मौजूद हों। उन शिविरों और फिटमेंट केन्द्रों में सभी तरह की ज़रूरी जनसुविधाएं- यथा बैठने के स्थान, जल आदि उपलब्ध हों। यह भी कहा गया कि फिटमेंट सेंटरों में स्टाफ की कमी न हो। ज़रूरी हो तो ठेका कम्पनियां इन केन्द्रों की संख्या भी बढ़ाये ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को यथाशीघ्र ये नंबर प्लेट मिल सकें।*

*उल्लेखनीय है कि राज्य में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिये सरकार ने दो कम्पनियों के साथ अनुबन्ध किया है। रियल मेजोन (फोन क्रमांक +911 206457502 एवं +911 206457503) और रोजमेटा (मोबाइल क्र. 9818188721) से सम्पर्क किया जा सकता है।*

*इस कार्य में विलम्ब के कई कारण हैं। पहला तो यह है कि सरकार द्वारा एजेंसियां मुकर्रर करने और फिर शुल्क आदि को लेकर शर्तें तय करने में खासा विलम्ब हुआ था। यह भी हो जाने के बाद अनुबन्धित एजेंसियों ने भी अपना काम बहुत विलम्ब से शुरू किया। उन्हें विभिन्न जिलों तथा शहरों में अपना नेटवर्क बनाने में भी समय लगा। कायदे से यह काम काफी पहले हो जाना चाहिये था। सरकार ने जो तारीख निर्धारित की थी, तब तक अधिकांश वाहनों में ये नंबर प्लेट लग जाने चाहिये थे। ऐसा न होने से शासकीय आदेश का पावित्र्य कम होता है साथ ही लोग उनकी उपेक्षा करते हैं। इस कार्य में हुए विलम्ब को समझते हुए फिलहाल यातायात पुलिस व आरटीओ दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है जिससे लोग नंबर प्लेट लगवाना टाल रहे हैं।*

*सरकार को चाहिये कि एजेंसियों पर दबाव डालकर यथाशीघ्र नंबर प्लेट लगवाने का कार्य पूरा कराए। जरूरी है कि जनसामान्य के बीच, खासकर ग्रामीण इलाकों में इसका पर्याप्त प्रचार भी हो। लोगों को हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट की महत्ता बताई जाये और उन्हें लगवाने के लिये प्रेरित किया जाये।*

# जिले के तीन भाजपा मंडलों की बैठक में संगठन व राष्ट्र के हित में एकजुट रहकर कार्य करने का आव्हान






**दुर्ग**, 8 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की तीन मंडल इकाइयों की आज अलग अलग हुई बैठकों में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार सहित विभिन्न वक्ताओं ने संगठन और मजबूती देने का आव्हान कार्यकर्ताओं से किया। साथ ही पहलगाम में हुए आतंकी हमले से उत्पन्न स्थितियों पर चर्चा करते हुए संगठन के निर्देश पर हर समय देशहित में समर्पित रहने का निर्णय लिया गया। ये तीनों बैठकें भाजपा पाटन मंडल, दुर्ग सदर पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल, चंडी शीतला मंडल तथा उरला मंडल की बैठक अलग अलग स्थानों पर हुई। इन तीनों बैठकों में पहलगाम हमले में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

इन तीनों बैठकों में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का विवरण दिया। संगठन के साथ देश पर आने वाली चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठित व समर्पित रहने का आव्हान किया। पाटन मंडल की बैठक को पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने भी कार्यकर्ताओं से पार्टी अनुशासन के दायरे में रहकर संगठन हित में कार्य करने की अपील की। महापौर अलका बाघमार ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लगन उत्साह व मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि आज भाजपा नगर निगम में 40 पार्षदों वाली पार्टी के रूप में निगम सरकार चला रही है। यह भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है। उन्होंने भी देश के मौजूदा हालात की चर्चा करते हुए सभी को कंधा से कंधा मिलाकर कार्य करने की अपील की। पाटन मंडल की बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अलावा दीपक चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कलिहारी, पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश भाले उपस्थित रहे। पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल सदर दुर्ग की बैठक में निगम सभापति श्याम शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष अरविंद खुराना, कोषाध्यक्ष विनोद अरोरा, नीलेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, राजेश ताम्रकार, मनीष भंडारी उपस्थित थे। चंडी शीतला मंडल में प्रवक्ता दिनेश देवांगन, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, विजय ताम्रकार, दिनेश नालेडे, एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# प्रावीण्य सूची के विद्यार्थी को कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

## जिले में कक्षा 10वीं के छात्र बिट्टू कुशवाहा ने 9 वां स्थान प्राप्त किया

**दुर्ग**, 8 मई (देशबन्धु)। दुर्ग जिला अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग, पाटन, पिनकापार में संचालित हैं। उक्त विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक विद्यार्थियों को नि:शुल्क अध्ययन के साथ ही साथ कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग एवं पाटन तथा पिनकापार (बालोद) के नाम से दुर्ग में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 10 वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत, पाटन का 99 प्रतिशत व पिनकापार 99 प्रतिशत तथा 12वीं का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा। प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के कक्षा 10वीं के छात्र बिटटू कुशवाहा पिता कमलेश कुशवाहा (कृषक) ग्राम.नमारीकला चांदो, जिला.बलरामपुर का 97.83 प्रतिशत के साथ प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार प्रयास आवासीय विद्यालय की छात्रा कु. भूमिका साहू पिता मनोज कुमार (कृषक) व माता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम.मातेखेड़ा छुरिया राजनांदगांव निवासी का 97.66 प्रतिशत के साथ प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिला प्रशासन को गौरवान्वित किया। अध्यापन एवं परीक्षा की तैयारी में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार हेमन्त कुमार सिन्हा सहायक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤





### दसवीं बोर्ड परीक्षा में सौरभ ने हासिल किये 91.3 प्रतिशत अंक



दसवीं बोर्ड की परीक्षा में सौरभ महोबिया पिता संतोष महोबिया ने 91.3 प्रतिशत प्राप्त किया। श्री महावीर जैन विद्यालय शिक्षक नगर दुर्ग में अध्ययन करने वाले सौरभ महोबिया शुरू से मेधावी छात्र रहे हैं। उनकी सफलता पर स्कूल के प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## खालसा पब्लिक हाई एवं हॉयर सेकेण्डरी स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट



खालसा पब्लिक हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल दुर्ग के बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत एवं आशा अनुरूप प्राप्त हुआ। 10 वीं एवं 12 वीं कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में विशेष योग्यता हासिल की गई।

विद्यालय की प्राचार्या लखविंदर कौर वालिया एवं शिक्षकों के श्रेष्ठ मार्गदर्शन से छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्या एवं शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित एवं उनके मनोबल बढ़ाने में योगदान दिया जो की सराहनीय है।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# अवैध गांजा की बिक्री करते तीन गिरफ्तार, जेल भेजे गये

**दुर्ग**, 8 मई (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नशे के विरूद्ध अभियान के अंतर्गत आज पुलिस ने अवैध रूप से गांजे की बिक्री के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर इन तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। इन तीनों आरोपियों के पास से 2 किलो 110 ग्राम गांजा, 3 मोबाईल एवं गांजा बिक्री की जुमला रकम 44 हजार रूपये बरामद की गई।

- **2 किलो गांजा, 3 मोबाईल व 44 हजार नगदी जब्त**

गिरफ्तार किये गये आरोपी सागर कंडरा रूआबांधा भिलाई, लिंगराज महानंद अस्पताल सेक्टर भिलाई एवं अंकुश यादव तितुरडीह दुर्ग है। पुलिस के अनुसार पुलगांव क्षेत्र में सागर कंडरा उर्फ मंग्गा रूआबांधा द्वारा गांजा रखकर बेचने के लिये बाजार में घूम रहा है। मुखबिर से सूचना मिलते ही पुलगांव पुलिस ने घेराबंदी कर सागर कंडरा उर्फ मग्गा रूआबांधा को पकड़ा। उसके पास से 1 किलो 60 ग्राम गांजा, बिक्री राशि साढ़े 5 हजार रूपये बरामद किये। इसके अलावा 1 मोबाईल सेट भी जब्त किया।

इसी तरह एक अन्य आरोपी लिंगराज महानंद हास्पिटल सेक्टर के कब्जे से 530 ग्राम गांजा बिक्री राशि 3 हजार रूपये तथा एक मोबाईल बरामद किया। इसी तरह अंकुश नायक तितुरडीह के पास से 520 ग्राम गांजा बिक्री रकम साढ़े 3 हजार रूपये व 1 मोबाईल जब्त किया गया। पुलगांव पुलिस ने धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय से इन्हें जेल भेजा गया है।

# अधिवक्ताओं की मांग पर विधायक रिकेश सेन ने जिला परिसर के लिये तत्काल 12 एसी कराए उपलब्ध

## वन नेशन-वन इलेक्शन पर समर्थन मांगने पहुंचे थे दुर्ग कोर्ट




**दुर्ग**, 8 मई (देशबन्धु)। विधायक रिकेश सेन ने वैशाली नगर विधानसभा के अधिवक्ताओं से आज दुर्ग कोर्ट पहुंच कर वन नेशन वन इलेक्शन के संबंध में उनसे चर्चा कर समर्थन मांगा।

दुर्ग जिला न्यायालय पहुंचे श्री सेन ने कहा कि देश में बार.बार चुनाव होने से विकास कार्यों पर विपरीत असर होता है। विकास कार्य रुक जाते हैं। देश पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है। विकास में लगने वाली रकम चुनाव में खर्च होती है। पूरा प्रशासनिक तंत्र चुनाव में व्यस्त हो जाता है। देश के विकास के लिए वन नेशन वन इलेक्शन बहुत जरूरी है। आपको बता दें कि जिला न्यायालय पहुंचने पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नीता जैन, महासचिव रविशंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और अधिवक्ता राजकुमार तिवारी, हरेंद्र उमरे, राकेश दुबे, ओमप्रकाश शर्मा ने विधायक सेन को बताया कि भीषण गर्मी के चलते कोर्ट पहुंचने वाले लोग और वकील परेशान हैं। अगर यहां 15 एयर कंडीशनर की व्यवस्था हो जाती तो राहत मिलेगी। इस दौरान विधायक निधि से अधिवक्ताओं ने एसी की मांग की।

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि अगर निधि से एसी में देना चाहूंगा तो उसकी प्रक्रिया होने में 2 से 3 महीने लगेंगे तब तक बरसात आ जाएगी। चूंकि प्रकरण तत्काल पहल का है इसलिए विधायक ने कुछ संस्थाओं और समाजसेवियों से फोन पर बात कर जनसहयोग मांगा जिसके परिणाम स्वरूप एक घंटे के भीतर न्यायालय परिसर में कुल 12 एयर कंडीशनर पहुंच गए हैं। श्री सेन ने तत्काल इनके इंस्टालेशन की जवाबदारी अधिवक्ता संघ को दी। श्री सेन के इस फौरी एक्शन पर अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका आभार व्यक्त कर वन नेशन वन इलेक्शन को अपना पूर्ण सहयोग दिया है।

# महापौर ने किया रिफ्यूज कंपेक्टर मशीन का लोकार्पण




**दुर्ग**, 8 मई (देशबन्धु)। महापौर अलका बाघमार ने नगर निगम परिसर में रिफ्यूज कम्पेक्टर मशीन, ट्रक माउंटेड, सेक्शन मशीन का पूजा पाठ कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्रीमती बाघमार ने कहा कि इन साधनों के उपलब्ध हो जाने से नगर निगम क्षेत्र में और बेहतर ढंग से साफ सफाई की जायेगी। कंपेक्टर मशीन से कचरे का एक जगह इकट्ठा कर डंपिंग सेंटर तक पहुंचाया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि सेक्शन मशीन में ओवर हैड टैंक होने में पानी की समस्या सफाई के दौरान नहीं रहेगी।

### बेहतर तरीके से की जा सकेगी, शहर की साफ सफाई

सेप्टिंक टैंक, बजबजाती जाम नालियों की पानी की बौछारों से सफाई की जा सकेगी। इस मौके पर आयुक्त सुमित अग्रवाल, प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नरेन्द्र बंजारे, शेखर चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल के अलावा पूर्व सभापति एवं पार्षद डॉ. देवनारायण तांडी, खालिक रिजवी, सावित्री दमाहे, संजय अग्रवाल, विजयंत पटेल, सहायक अभियंता आर.के.जैन, सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

# पटरीपार बुधवारी बाजार में पेवर ब्लाक लगाने सहित अनेक घोषणाएं



**दुर्ग**, 8 मई (देशबन्धु)। धमधा नाका पटरीपार स्थित बुधवारी बाजार का आज महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने बाजार में पेवर ब्लाक लगाने की घोषणा करने के साथ ही इस बाजार क्षेत्र के विकास के लिये जितनी भी राशि लगेगी, देने की घोषणा की। श्रीमती बाघमार ने साथ चल रहे अधिकारियों को यहां पर वाल पेंटिंग कराने, प्रकाश व्यवस्था के साथ पेयजल व्यवस्था में पर्याप्त सुधार करने व बोर को जल्दी से जल्दी सुधारने के निर्देश दिये।

- **महापौर बाघमार ने किया बाजार का निरीक्षण**

पटरीपार क्षेत्र का यह बुधवारी बाजार पटरी पार क्षेत्र का सबसे बड़ी बाजार है। इस बाजार में रात्रि 11 से 12 बजे तक काफी चहल पहल रहती है। साफ सुथरा बाजार है। पालिथिन के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध है। महापौर ने निरीक्षण के दौरान यहां के व्यवसायियों के साथ भी चर्चा की।

व्यवसाइयों को इस बाजार क्षेत्र की सारी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया है। वार्ड के पूर्व पार्षद अरूण सिंह ने भी महापौर को इस बाजार को लेकर जानकारी दी। बाजार निरीक्षण के दौरान एमआईसी प्रभारी नीलेश अग्रवाल, शेखर चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, प्रीतम गोलू सहित अनेक नागरिक भी उपस्थित थे।

# स्कार्पियों की ठोकर, बाईक सवार तीन बच्चे घायल, चालक गिरफ्तार

**दुर्ग**, 8 मई (देशबन्धु)। मोहन नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्रीन चौक पर कल रात 10.30 बजे के करीब स्कॉर्पियो वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी। बाइक सवार तीनों ही नाबालिग इस दुर्घटना में घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। मोहन नगर पुलिस के द्वारा स्कॉर्पि यो के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिला पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तवर ने बताया कि कल रात को 10.30 बजे के करीब ग्रीन चौक पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 08 एआर 8822 ने बाइक क्रमांक सीजी 07 एल 5953 को जोरदार ठोकर मार दी। इस बाइक में तीन नाबालिग सवार थे। तीनों ही नाबालिग को इस घटना में चोंटे आई। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। इधर घटना की जानकारी लगने के बाद मोहन नगर पुलिस के द्वारा स्कॉर्पियो वाहन चालक चूड़ामणि साहू को गिरफ्तार कर लिया गया एवं वाहन को जप्त कर थाने में खड़ा कर दिया गया है।

# विश्व रेडक्रास दिवस पर किया 45 लोगों ने रक्तदान



**दुर्ग**, 8 मई (देशबन्धु)। विश्व रेडक्रास दिवस पर आज ब्लड बैंक जिला अस्पताल में वृहद रक्तदान शिविर लगाकर 45 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। यह आयोजन आज विश्व रेडक्रास दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष अभिजीत सिंह में किया गया।

आज लगाये गये रक्तदान शिविर में एनजीओं रेडक्रास समिति के सदस्यों जूनियर रेडक्रास के सदस्यों, एवं काउंसलर, यूथ रेडक्रास के वालेन्टियर मोहनलाल जैन शासकीय महाविद्यालय खुर्सीपार के शिक्षक, छात्र छात्राओं ने भी रक्तदान किया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला दुर्ग डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय दुर्ग डॉ. हेमंत साहू, नोडल अधिकारी ब्लड बैंक डॉ. सी.बी.एस.बंजारे, प्रभारी अधिकारी ब्लक बैंक डॉ. पी.के. ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# महाराणा प्रताप जयंती पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**दुर्ग**, 8 मई (देशबन्धु)। राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ द्वारा वीर महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती आज 9 मई को संघ कार्यालय अग्रसेन चौक में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर संध्या 6 बजे ग्रीन चौक से पटेल चौक तक महाराणा प्रताप की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर अलका बाघमार के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। शोभायात्रा में झांकियां व घोड़े-बग्गी आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ के पदाधिकारी कमलेश सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप की जयंती उत्सव को भव्य रुप देने राजपूत (क्षत्रिय) चेतना संघ के अलावा क्षत्राणी महिला मंडल व युवा मंडल के सदस्य जुटे हुए है। उन्होने स्वजातीय बंधुओं से महाराणा प्रताप जयंती उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

# शिवनाथ एक्सप्रेस में 65 लाख की चोरी के दो आरोपियों को राउरकेला से किया गिरफ्तार



**भिलाई नगर**, 8 मई (देशबन्धु)। शिवनाथ एक्सप्रेस ट्रेन में बीते 4 अप्रैल को हुई 65 लाख रूपये के चोरी का जीआरपी भिलाई ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में सायबर सेल के जरिए जीआरपी को ओडिशा के राउरकेला से दो आरोपियों को दबोचने में सफलता मिली है।

जीआरपी थाना भिलाई के प्रभारी राजकुमार बोरझा ने बताया कि गोंदिया महाराष्ट्र की रहने वाली हिना पटेल 4 अप्रैल 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह अपने पति के साथ गोंदिया से रायपुर तक शिवनाथ एक्सप्रेस के 18240 कोच एचए -1 ए-2 सीट नं. 21 में सफर कर रही थी। सफर के दौरान राजनांदगांव से दुर्ग के बीच में उसका एक लेडीस पर्स जिसमे दो हीरे का नेकलेस, 04 नग हीरे की अंगूठी, कान का लटकन एवं नगदी 45 हजार रुपए कुल कीमती 65 लाख रुपए का हीरे की ज्वेलरी एवं एक मोबाईल अज्ञात चोर चोरी कर लिया है।

प्रकरण का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक रेल श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के द्वारा उप पुलिस अधीक्षक रेल एसएन अख्तर तथा प्रभारी सायबर सेल, थाना प्रभारी जीआरपी भिलाई को आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया था। विवेचना के दौरान गोंदिया से भाटापारा तक के स्टेशनों का टॉवर डंप निकाला गया। सीसीटीवी फुटेज एवं स्टेशनों के आस-पास के होटलों को सघन चेक किया गया। घटना दिनांक के शिवनाथ एक्सप्रेस का रिजर्वेशन चार्ट लिया गया। सभी का मिलान करने पर कुछ संदेहियों का मोबाइल नंबर एवं फुटेज मिले। जिसमें कुछ नम्बर ट्रेन के समय में रेलवे स्टेशन रायपुर में होना पाया गया। जो महासमुन्द बरगढ़ होकर राउरकेला में होना पाया गया। जिसके आधार पर आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्रित कर नजर रखी गई। संदेहियों पर सायबर की टीम लगातार नजर रख रही थी। जिसके आधार पर दोनों आरोपियों को राउरकेला से पकड़कर लाया गया। दोनों ने पूछताछ में चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे एसी कोच में फर्जी नाम एवं मोबाईल नम्बर पर ट्रेनों के एसी 02 टीयर में कोच में रिजर्वेशन कराकर यात्रा करते हैं। मौका देखकर यात्रियों का ट्राली बैग, लेडिस पर्स चोरी कर लेते है चोरी की घटना की अंजाम के बाद चोरी के सामान को अपने थैले में रख लेते हैं।, मोबाइल, पर्स को ट्रेन के बाहर फेंक देते हैं। एसी 02 टायर में पर्दा लगे होने से चोरी की घटना को घटित करने में सुविधा होती है। किसी को पता ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत जागरूकता रैली




**भिलाईनगर,** 8 मई (देशबन्धु)। आज निगम भिलाई के पावर हाउस सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, सब्जी मार्केट आदि स्थानों पर प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 चल रहा है। जिसके तहत भिलाई शहर को साफ सुथरा बनाने निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारी युद्ध स्तर पर मैदानी क्षेत्रों में कार्य कर रहे है। प्रायः यह देखने में आ रहा है कि सिंगलयूज प्लास्टिक प्रतिबंधित है। उसके बाद भी कुछ दुकानदारों, फल ठेला, कपड़ा व्यापारी, सब्जी बेचने वाले प्लास्टिक का उपयोग कर रहे है। उसी प्लास्टिक में सामग्री डालकर ग्राहको को बेचा जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किए है कि भिलाई के प्रमुख जगहो पर जहां दुकान, फल ठेला, सब्जी बेचने वाले है। उनको सिंगलयूज प्लास्टिक मुक्त अभियान से जागरूक किया जावे। इसी तारतम्य में पावर हाउस के सभी मार्केट क्षेत्रों में रैली निकाला गया। जिससे ग्राहकों को भी इसकी जानकारी मिले कि प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित है। यह हमारे एवं पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक होता है। इससे बिमारी फैलने एवं जानवरों की मृत्यु का कारण बनता है। जाकरूकता रैली से नागरिकों को यह सीख मिलेगी कि ग्राहक अपने घर से ही थैला लेकर निकले और उसी में जो भी सामग्री खरीदे उसे डालकर अपने साथ घर लेकर जावें। जागरूकता रैली में जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, डेंगू मलेरिया टीम से सुदामा परगनिया, स्वच्छता निरीक्षक यादव, स्वच्छ भारत मिशन पीआईयू अभिनव ठोकन, शुभम पाटनी, उड़ान संस्था के अध्यक्ष अंजू साहू एवं उनके टीम, हेम कुमार, दुकालू, राजेश कुमार डहरे, सुपरवाइजर यश कुमार,मनीष आदि उपस्थित रहे।

# खुर्सीपार सिवरेज लाईन कार्य का औचक निरीक्षण

## आयुक्त के निर्देश के बाद कार्य में आई तेजी



**भिलाईनगर** 8 मई (देशबन्धु)। आज गुरुवार को नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार में चल रहे सिवरेज लाईन संधारण एवं अवैध अतिक्रमण का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। वहां वार्ड क्रमांक 42 में सिवरेज लाईन संधारण का कार्य चल रहा है। जिसमें कुछ स्थानीय नागरिक सिवरेज लाईन चेम्बर के उपर स्लेब ढ़लाई कर अवैध निर्माण कर लिए है। जिसके वजह से संधारण कार्य में बाधा आ रही है । उसके लिए जोन राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को निर्देशित किए कि संबंधित व्यक्ति के नाम पर नोटिस जारी करें, कि स्वयं से अवैध कब्जा को खाली कर दे नहीं तो निगम उसे खाली करवाया जाएगा। जिससे अधिक नुकसान होने की संभावना रहती है। इसी तारतम्य में वार्ड क्रमांक 43 एवं 44 में सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत माझी को निर्देशित किए कि नाली पुरी तरह से साफ होना चाहिए। कहीं पर भी कचरा जाम न दिखे, पानी का निकासी आसानी से हो। नाली से निकाले गए गंदगी को तुरंत हटा लेवे। जिससे आस-पास के सहवासियों को बदबू का सामना न करना पड़े। वहीं वार्ड क्रमांक 41 में रोड का निर्माण किया जा रहा था। जिसे गुणवत्तापूर्ण बनाने निर्देशित किए और बताए कि सड़क किनारे कोर को सही तरीके से निर्माण करवाये। जिससे भविष्य में रोड का कोर न टूटे एवं पानी की तराई पर्याप्त मात्रा में करें। जिससे आवागमन सुगम हो आन जाने वाले नागरिको को परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतूल यादव,वार्ड सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि खुर्सीपार पर नाली पर कुछ लोगो ने स्लैब ढालकर पक्का निर्माण कर लिया था। जिसके कारण नाली की सफाई नही हो पा रही थी। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर निगम ने अवैध कब्जा करने वालों को नोटिस जारी कर कब्जा स्वयं हटाने का उल्लेख किया गया था। जिसकी समय सीमा के बाद भी जब कुछ लोगों ने अपना कब्जा नही हटाया तो नगर पालिक निगम भिलाई ने विशेष अभियान चलाकर कुछ लोगों को अवैध कब्जा को खाली करवाया था। अवैध कब्जे हटाते ही नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा सिवरेज लाईन का कार्य शुरु किया गया। निगम आयुक्त भिलाई ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे बारिश के पहले इस कार्य को पूर्ण करे।

# भारत की एकता अखंडता सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा : देवेंद्र



**भिलाईनगर,** 8 मई (देशबन्धु)। भारत पाक तनाव और पहलगाम आतंकी हमले के बाद भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने साफ कहा कि यह भारत माता की एकता, अखंडता और सुरक्षा का मामला है। इस पर कोई राजनीति नहीं करेगा। सभी एक जुट होकर देश की आर्मी के साथ है। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि हम सब भारत माता के सपूत है और भारत की एकता, अखंडा और सुरक्षा के लिए हम मजबूती से एक साथ लड़ते रहेंगे। इसमें कोई भी राजनीति नहीं आएगी। हम सब एक है और सभी भारत के हम सपूत एक साथ अपनी देश की आर्मी के साथ खड़े है। हम लोग लोगों के लिए काम करते है। हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है हमारा भारत देश। देश के लिए अपने आप को कुरबान का मौका बहुत ही सौभाग्य शाली व्यक्ति को मिलता है। देश में जंग की स्थिति आएगी तो उसमें सबसे पहले आप का देवेंद्र उसमें सम्मिलित होने के लिए आगे रहेगा। इस बात को महसूस करवाना जरूरी है कि इस गीदड़ हमलों से हम नहीं डरने वाले है। आम अवामा की जान ली जाएगी तो हम उसका बदला मजबूती लेंगे और बढ़चढ़ कर लेंगे। हमें पूरी उम्मीद है कि हमारी सरकार पाकिस्तान को जमकर सबक सिखाएंगी। ताकि दोबारा पाकिस्तान कभी भारत की ओर आंख उठाने तक की हिम्मत नहीं कर पाएगा। मुझे वह समय याद आता है जब पाकिस्तार को टूकड़े हो गए थे। ऐसा सबक सिखाने की आवश्यकता है। हमारे देश की आर्मी मजबूती से लड़े और पाकिस्तान के टूकडे-टूकड़े कर दे।

## सोमवार को पशुवध गृह एवं मांस विक्रय बंद रहेगी

**भिलाईनगर,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें इस दिन बंद रहेगी। शासन से जारी आदेश के तहत बुद्व पूर्णिमा 12 मई दिन सोमवार को समस्त पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखा जाएगा। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराने शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है। कोई भी विक्रेमा उल्लंघन करते हुए पाया गया तो अर्थदण्ड लगाते हुए जप्ती की कार्यवाही जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विक्रेता एवं क्रेता की होगी। इस तरह का आदेश रिसाली निगम, भिलाई-चरौदा निगम, अहिवारा सहित जामुल पालिका परिषद क्षेत्र में भी इस 12 मई को पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें बंद रहेगी।

# विधायक की उपस्थिति में नपाध्यक्ष ने पेश किया बजट



**भिलाईनगर,** 8 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद जामुल में सामान्य सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 2025-26 के बजट को सर्व सम्मति से पारित किया गया। अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा के उपस्थिति में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बजट का वाचन किया गया। जिसे चर्चा पश्चात सभी पार्षदों ने समर्थन कर पारित किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल राशि 31 करोड़ 93 लाख 66 हजार रूपये आय का प्रावधान रखा गया है, जिसके अंतर्गत आय शीर्ष राजस्व आय के अंतर्गत सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर, निर्यातकर, शिक्षा उपकर शुल्क एवं अन्य कर से राशि 5 करोड़ 3 लाख 75 हजार, चुंगी क्षतिपूर्ति, मुद्रांक शुल्क, बार लायसेंस शुल्कए मनोरंजन कर, उत्पाद कर आदि से राशि 2 करोड़ 2 लाख 93 हजार, दुकान एवं भवनों का नीलामी किराया, विकास शुल्क, लायसेंस, अनुज्ञप्ति शुल्क, यूजर चार्ज, प्रपत्र विक्रय एवं अन्य शुल्क आदि से राशि् 1 करोड़ 36 लाख 57 हजार, एन.यू.एल.एम., मिशन क्लीन सिटी, श्रद्धांजली योजना, पेंशन एवं परिवार सहायता राशि, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के लिए 9 करोड़ 98 लाख 47 हजार एवं अन्य आय के अंतर्गत राशि् 89 लाख 54 हजार, आय का प्रावधान रखा गया है। पूंजीगत आय के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन एवं विकास कार्यो हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार से राशि 12 करोड़ 62 लाख 41 हजार, आय का प्रावधान रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल राशि 31 करोड़ 85 लाख 09 हजार व्यय का प्रावधान रखा गया है, जिसके अंतर्गत व्यय शीर्ष राजस्व व्यय के अंतर्गत वेतन, भत्ता, जी.पी.एफ, ई.पी.एफ, आदि पर राशि 2 करोड़ 92 लाख 48 हजार, स्टेशनरी, टेलीफोन, अंकेक्षण शुल्क, कानूनी प्रभार कार्यालय रख.रखाव, ईंधन, तकनीकी शुल्क, विज्ञापन और प्रचार प्रसार विपदा प्रबंधन आदि पर राशि 1 करोड 16 लाख 97 हजार, विद्युत देयक, मरम्मत एवं रख.रखाव, सफाई सामग्री, चिकित्सा शिविर, जल प्रदाय बोरवेल्स, कार्यक्रम आदि के लिए राशि 1 करोड़ 75 लाख 83 हजार, पेंशन, परिवार सहायता, श्रद्धांजली योजना, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन क्लीन सिटी, एन.यू.एल. एम. आदि के लिए राशि 14 करोड़ 19 लाख 15 हजार, व्यय का प्रावधान किया गया है। पूंजीगत व्यय के अंतर्गत तालाब सौंदर्यीकरण, पुष्प वाटिका, खेल मैदान, सर्व समाज मांगलिक भवन, आश्रय स्थल, सामुदायिक भवन, कांजी हाऊस, शोपिंग काम्प्लेक्स, स्कूल भवन, मुक्तिधाम उन्नयन, लाईब्रेरी एवं अन्य भवनों, नाली निर्माण , सार्वजनिक प्रकाश, विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर, पार्षद निधि, अध्यक्ष निधि, सांसद निधि, विधायक निधि, शेड, चबुतरा, एस.एल.आर.एम. सेन्टर हेतु मशीनरी क्रय, टैंकर, सार्वजनिक शौचालय एवं अन्य कार्यो के लिए राशि 9 करोड़ 25 लाख 82 हजार, पालिका क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न रोड एवं पुल निर्माण हेतु राशि 3 करोड़ 54 लाख 84 हजार । इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंत में राशि 8 लाख 57 हजार शेष होने का अनुमान है। विकास कार्यो हेतु पार्षदों से प्राप्त प्रस्ताव को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में सम्मिलित की जाती है। प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित की जावेगी। अनुमानित आय 3,19,366,000 व्यय 3,18,509,000.00 कुल 8.57 लाख लाभ का बजट पारित किया गया। बजट के अलावा उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा विकास कार्य के लिए 1 करोड के घोषणा एवं वार्ड 20 शीतला तालाब हेतु 73.87 लाख, वार्ड 18 शिवपुरी गार्डन हेतु 74 लाख टिप्पर क्रय हेतु 54 लाख ट्री प्लांटेशन हेतु 28 लाख स्वच्छ भारत मिशन हेतु डीपीआर की स्वीकृति मांगलिक भवन हेतु 1 करोड पचास लाख की स्वीकृति पुष्प् वाटिका हेतु 47.00 लाख रूण् की स्वीकृति डिजिटल लाईब्रेरी हेतु 02.00 करोड 70.00 लाख रूण् की स्वीकृति इस प्रकार कुल 07.00 करोड 97.00 लाख रूण् के विकास कार्यो की स्वीकृति परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

## प्रेम कहानी फिल्म का निर्माण हो रहा

**भिलाईनगर,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी व हिंदी फिल्म के युवा निर्देशक मनीष मानिकपुरी के निर्देशन में प्रेम के प्रेमिका के प्रेम कहानी फिल्म का निर्माण हो रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के गायक गीतकार और संगीतकार नवल दास मानिकपुरी अहम जवाबदारी निभा रहे हैं। इस फिल्म में उनके लिखे व संगीतबद्ध किए छह गीत छतीसगढी फिल्म व एल्बम की सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती अल्का चंद्राकर परगनिहा के स्वर में रिकॉर्ड किए गए हैं। फिल्म में छत्तीसगढ़ के सुपरस्टार हीरो अनुज शर्मा व उभरते कलाकार दीपक साहू सहित छत्तीसगढ़ के बहुत से नामी गिरामी कलाकार अपने अभिनय का जादू दिखाएंगे। खुर्सीपार भिलाई निवासी नवल दास मानिकपुरी ने फिल्म के गीत-संगीत के बारे में बताया कि कुल 8 गीत तैयार किए गए हैं। जिनमें 2 गीत मन मोहन जांजगीर ने लिखे है। सभी गीत अलग-अलग मूड के हैं। एक लव सांग भी अलग अंदाज में लिखा गया है।

# नया भारत आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारता है : मनीष



**भिलाईनगर,** 8 मई (देशबन्धु)। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर एक बार फिर अपनी ताकत और संकल्प का परिचय दिया है। इस सटीक कार्रवाई से देशभर में गर्व और विश्वास की भावना मजबूत हुई है। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय ने इस अभूतपूर्व सैन्य अभियान की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय सेना सदैव देश की बहनों का सिंदूर बचाने और नागरिकों की रक्षा करने के लिए तत्पर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सहित सेना के जवानों और समस्त देशवासियों को इस साहसिक अभियान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, आज प्रधानमंत्र नरेन्द्र मोदी ने साबित कर दिया कि यह नया भारत है, जो आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारता है। इस अभियान के माध्यम से भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ कोई समझौता नहीं, न्याय और सुरक्षा सर्वोपरि। देश भर में इस कार्रवाई की सराहना हो रही है, और हर नागरिक भारतीय सेना के साहस और शौर्य को नमन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने 27 भारतीयों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद यह कार्यवाही की गई ।

# संयंत्र के स्कूली बच्चों का बेहतर प्रदर्शन



**भिलाईनगर,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024-25 (एचएससी. कक्षा दसवीं) व हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024-25 (एचएससी. कक्षा दसवीं) के परिणाम घोषित किये। इन परीक्षाओं में बीएसपी के भिलाई टाउनशिप एवं माइंस के 3 सीजी बोर्ड स्कूलों से कक्षा दसवीं में 108 छात्र, वहीं कक्षा बारहवीं में 2 सीजी बोर्ड स्कूलों से 97 छात्र शामिल हुए। जिसमें कक्षा दसवीं में 86.11 प्रतिशत विद्यार्थियों ने तथा कक्षा बारहवीं में 90.72 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। कक्षा दसवीं में बीएसपी हायर सेकेण्डरी स्कूल हिर्री माइंस के छात्र मुकेश कुमार साहू ने 95.66 प्रतिशत अंकों के साथ सभी बीएसपी स्कूलों में टॉप करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के चंदन यादव ने 91.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा बीएसपी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर.11 से आसीया बानो ने 90.16 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। परीक्षा में भिलाई टाउनशिप एवं माइंस के 3 स्कूलों से भाग लेने वाले 108 विद्यार्थियों में से 49 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। बारहवीं बोर्ड के परिणाम में भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 की दीपिका साहू गणित ने 91.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, शुभम पंडा वाणिज्य ने 89.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा सनत साव गणितद्ध ने 85.40 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण होकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा में भिलाई टाउनशिप के 02 स्कूलों से 97 विद्यार्थियों ने भाग लियाए जिसमें 36 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। सीजी बोर्ड के अंतर्गत कक्षा बारहवीं के लिए बीएसपी स्कूलों का स्कूलवार परिणाम इस प्रकार है. भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 से 80 बच्चे शामिल हुए। जिनका परिणाम 96.25 प्रतिशत रहा। गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूलए सेक्टर 11 जीएचएसएस से 17 बच्चे परीक्षा में शामिल हुएए जिनका परिणाम 64.71 प्रतिशत रहा।

# उमदा में सुशासन तिहार पर स्वास्थ्य शिविर




**भिलाईनगर,** 8 मई (देशबन्धु)। नगर निगम चरोदा भिलाई 3 के वार्ड उम्दा में सुशासन तिहारा समाधान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया ओर प्राप्त आवेदन का समाधान भी किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश सिंह राजपूत व आयुक्त नगर निगम चरोदा डी एस राजपूत एम आई सी मेंबर उम्दा की पार्षद श्रीमती दीप्ति आशीष वर्मा की उपस्थिति में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 की टीम ने नवदम्पत्तियों को शासन की योजना नई पहल श्रंगारिका कीट का वितरण किया गया। उम्दा से श्रीमती मनीषा पति मनीष, पायल भारती पति डिकेश भारती अकलोरडीह की सोनिया बघेल पति विपेद्र बघेल को दिया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के बी ई ईटीओ शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 सैय्यद असलम ने बताया कि वार्ड एक से छ तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी।

आज स्वास्थ्य विभाग ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजन किया गया। जिसमें 18 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें उच्च रक्तचाप ओर शुगर की जांच निशुल्क किया गया । ओर दवा निशुल्क वितरण किया गया। समाधान शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाइ-3 के बी ई ईटीओ सैय्यद असलम, एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका श्रीमती उषा वर्मा, एएनएम श्रीमती हर्षा मानिकपुरी, एम पी डब्लू नारायण साहू ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया है।

# भारतीय सेना की वीरता पर हमें गर्व : कुरैशी



**भिलाईनगर,** 8 मई (देशबन्धु)। राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी जम्मू कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए पर्यटकों पर आतंकियों के द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी की निंदा की। हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हुए भारत ने तुरंत इस हमले के लिए पाकिस्तान आतंकवादीओ को जिम्मेदार ठहराया। जिसमें पाकिस्तानी आतंकी संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट और लश्कर ए.तैयबा की भूमिका की बात सामने आई। इस हमले मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात तीनों सेनाओं ने मिलकर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया भारत ने पाकिस्तान से कायराना पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है्। भारत ने 7 मई सुबह 1. 30 बजे पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक किया। इस ऑपरेशन को तीनों सेनाओं, यानी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ने मिलकर अंजाम दिया है भारत ने जिन 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है। उनमें से 5 पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में है और 4 पाकिस्तान के अंदर भारत के फाइटर जेट्स सबसे अंदर 100 किलोमीटर तक पाकिस्तान के अंदर आने वाले बहावलपुर पहुंचे और वहां एयरस्ट्राइक किया। जहां पहले से आतंकवादी ठिकाने मौजूद थे उन ठिकानो पर कई आतंकवादी मारे गए हिंदुस्तान के जवानो ने वीरतापूर्ण कार्यो को अंजाम दिया। जिसके लिए हमे तीनो सेनाओ के जवानो एवं अधिकारियो का दिल से अभिनन्दन करते है व उन पर गर्व है।

# ग्रीन कोरिडोर बनाकर रायपुर हॉस्पिटल पहुंचाया गया



**भिलाईनगर,** 8 मई (देशबन्धु)। लगातार 2 दिनों में 2 गंभीर मरीजों के उचित ईलाज हेतु भिलाई हॉस्पिटल से रायपुर हॉस्पिटल ईलाज हेतु पहुंचाया गया जिसम 6 एवं 7 मई को मरीज ईलाज दौरान स्वास्थ्य सुधार न होने पर एम्बुलेंस के माध्यम भिलाई सेक्टर-9 हॉस्पिटल से रामकृष्ण हॉस्पिटल ग्रीन कोरोडोर बना कर पहुंचाया गया। जिसकी यातायात व्यवस्था हेतु वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में यातायात के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा मिलकर बनाये गये ग्रीन कोरिडोर एवं हाइवे पेट्रोलिंग की सहायता से मात्र 40 मिनट में एम्बुलेंस को सेक्टर 09 हास्पिटल भिलाई से राम कृष्ण हास्पिटल रायपुर पहुंचाया गया। जिसमें हाईवे पेट्रोलिंग-2 के द्वारा पायलेटिंग किया गया तथा चौक, चौराहों में यातायात के अधिकारीध्कर्मचारियों द्वारा मोर्चा संभाला गया। इस साल यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा विगत 4 माह में 9 गंभीर मरीजों के ईलाज हेतु ग्रीन कैरिडोर बनाया गया है। जिससे मरीज का शीघ्र ईलाज हो सकेगा।

## गुप्ता बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**भिलाईनगर।** विगत दिनों बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक व शपथ ग्रहण समारोह इन्दौर में सम्पन्न हुई। जिसमें सुपेला के व्यवसायी सुभाष गुप्ता को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अथिथि मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला व विशेष अतिथि के रुप में पूर्व विधायक आकाश विजय वर्गीय उपस्थित थे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक व शपथ ग्रहण समारोह में सुभाष गुप्ता को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया। सुभाष गुप्ता ने बताया कि समाज को मजबूत करने के लिये सभी का सहयोग लिया जायेगा।

# लाइसेंस-रिटेंशन योजना में जमानतदार की अनिवार्यता खत्म करने की मांग

**भिलाईनगर,** 8 मई (देशबन्धु)। नगर सेवाएं विभाग अपने संयंत्र के कर्मियों को सेवानिवृत्त के पश्चात जो आवास लाइसेंस अथवा रिटेंशन योजना के अंतर्गत देता है उसमें सुरक्षा निधि पांच से दस लाख रुपए जमा करवाने के साथ साथ ऐसे कर्मी से जमानतदार के रूप में विवरण भरवाया जाता है। जिनकी 5 साल की सेवा बची हो। जमानत देने वाला कर्मी अपने सेवानिवृत्त होने से पूर्व जमानत की जिम्मेदारी दूसरे कर्मी को हस्तांतरित करना होता है अन्यथा जमानतदार का अंतिम भुगतान रोक दिया जाता है। सीटू ने आज नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र सौंप कर कहा कि लाइसेंस अथवा रिटेंशन में आवंटित किए जाने वाले आवास के लिए जब जमानत के रूप में लाखों रुपए सुरक्षा निधि जमा करवाया जाता है ऐसे में वह रकम ही जमानत का काम करेगा इसीलिए अलग से जमानतदार की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। इस तरह उचित कार्यवाही कर जमानतदार की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया जाए। सीटू नेता ने कहा कि सोसाइटियों से लोन लेने के लिए पहले जमानतदार की आवश्यकता होती थी ताकि लोन लेने वाले कर्मी द्वारा जमा किए जाने वाले किस्तों में गड़बड़ी करने अथवा लोन न चुकाने की स्थिति में जमानतदार से लोन की वसूली किया जा सके। अब समिति से यह अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है अर्थात अब समिति से लोन लेने के लिए कर्मी को जमानतदार की आवश्यकता नहीं है। सीटू ने प्रबंधन के सामने कई बार इन बातों को रखा है कि संयंत्र में कर्मियों की संख्या घटती जा रही है। टाउनशिप में आवास की संख्या कई गुना ज्यादा ह। ऐसे में संयंत्र के आवास भी खाली होते जा रहे हैं।

## परीक्षा का परिणाम में 43 छात्र हुए उत्तीर्ण

**डोंगरगढ़,** 8 मई। बोर्ड परीक्षा में चैनप्रसाद ने 92%0: अंक लेकर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डॉ. अंबेडकर आदिवासी आवासीय विद्यालय बछेराभाटा में पूर्व माध्यमिक परीक्षा 2024.25 का परिणाम शत प्रतिशत रहा इस परीक्षा में कक्षा आठवीं के 43 छात्रों ने परीक्षा दिलाई जिसमें सभी छात्र उत्तीर्ण रहे।



# विवि में आयोजित ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर का राज्यपाल ने किया शुभारंभ

**खैरागढ़,** 8 मई (देशबन्धु)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में 7 मई से 16 मई तक आयोजित 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर (नि:शुल्क समर कैम्प) का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रमेन डेका ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थापक परिवार की सदस्य डॉ. उज्जवला सिंह तथा विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा व राजकुमारी इंदिरा के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने कहा कि संगीत, कला व संस्कृति किसी भी समाज व प्रदेश की जीवन रेखा की तरह होती है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ इतना समृद्ध है कि यहां रामायण काल के पहले की संस्कृति मौजूद है। संगीत एक ऐसा माध्यम है जो सुख में तथा दुख में सही रास्ता दिखाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जिक्र करते हुये राज्यपाल ने कहा कि इसमें बहुत स्कोप है, फाइन आर्टस के क्षेत्र में भी आप बेहतर कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अलग-अलग विषयों पर अध्ययन-अध्यापन की सुविधा दी गई है जिसका फायदा निश्चित रूप से विद्यार्थियों को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि संगीत व कला से समृद्ध इस तरह का विश्वविद्यालय हमने कभी नहीं देखा। हमारी ओर से जितना हो सके इस विश्वविद्यालय को सहयोग प्रदान करेंगे। राज्यपाल ने फाइन आर्ट की कलाओं की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस तरह की कला हमने पहले नहीं देखी। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में यहां की संस्कृति बसी हुई है। उन्होंने यहां के विद्यार्थियों को संगीत व कला की बेहतर शिक्षा अर्जित करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने कहा कि राज्यपाल की उपस्थिति हम सभी के लिए एक प्रेरणास्रोत है और इस विशिष्ट संस्था की सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक परंपरा को और अधिक सुदृढ़ करती है। सन् 1956 में स्थापित, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय एशिया का ऐसा पहला विश्वविद्यालय है जो पूर्णत: संगीत, नृत्य, ललित कला एवं रंगमंच को समर्पित है। आज यह विश्वविद्यालय, केवल उस विरासत को सहेज नहीं रहा है, बल्कि वैश्विक कला और संस्कृति के बदलते स्वरूप के अनुसार स्वयं को निरंतर विकसित भी कर रहा है।



- कला व संस्कृति समाज तथा प्रदेश की जीवन रेखा होती है : रमेन डेका
- राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का किया निरीक्षण

हमारा यह विश्वास है कि कला केवल एक अकादमिक विषय नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक साधना है। हम ऐसे कलाकारों को गढ़ने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं, जो न केवल अपनी कला में निपुण हों, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत के जागरूक संवाहक भी बनें। कुलपति ने आगे कहा कि इस विश्वविद्यालय को ए ग्रेड दिलाना, शोध का स्तर उन्नत करना, प्रवेश से परिणाम तक पारदर्शिता व निश्चितता, स्वच्छता व आधुनिकता का संदेश तथा खुशनुमा तनाव रहित वातावरण बनाना मेरी पहली प्राथमिकता है। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय में नवाचार अंतर्गत वेस्टवाटर के संरक्षण के लिये वाटर हार्वेस्टिंग, परिसर के कूड़ा करकट को एकत्रित कर खाद बनाने का प्रावधान, विश्वविद्यालय का मानचित्र दिशा-निर्देश तथा ग्रामीणों के कलात्मक विकास ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति ने विश्वविद्यालय की इमारतों की मरम्मत व आधुनिकीकरण के लिये लगभग पाँच करोड़ रूपये की राशि की मांग रखी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि संस्थापक परिवार की सदस्य डॉ. उज्जवला सिंह ने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय में कला के प्रति समर्पित कुलपति की नियुक्ति को लेकर राज्यपाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि इस शिविर से आप मनोरंजन के साथ ही अपनी संस्कृति को नई पीढ़ी तक हस्तांतरित कर सकते हैं। उन्होंने राज्यपाल से विभिन्न कलाओं की शिक्षा अर्जित करने वाले कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर उन्हें रोजगार का अवसर प्रदान करने विशेष पहल करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल ने उपस्थित अतिथियों सहित अधिकारी/कर्मचारी, विद्यार्थी/शोधार्थियों का आभार व्यक्त किया। अतिथियों के उद्बोधन पश्चात छात्रों के द्वारा गायन-वादन व नृत्य की प्रस्तुति दी गई। एकल सितार में राग यमन की प्रस्तुति, त्रिताल में एकल तबला वादन तथा एकल शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात कथक विभाग के विद्यार्थियों ने कथक शास्त्रीय नृत्य की अत्यंत आकर्षक प्रस्तुति दी तथा लोक संगीत के विद्यार्थियों ने सरहुल, गेड़ी व पंथी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य व संस्थापक परिवार की सदस्य शताक्षी सिंह सहित जिला प्रशासन के अधिकारी, विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी-शोधार्थी सहित शिविर में पंजीकृत बच्चों के साथ उनके पालकगण उपस्थित रहे।

**नवाचार के तहत आयोजित उक्त शिविर में लगभग 300 बच्चों ने कराया पंजीयन**

नवाचार के तहत गीत, संगीत व ललित कलाओं के विस्तार के उद्देश्य से आयोजित ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर में लगभग 300 बच्चों ने अपना पंजीयन कराया है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गीत-संगीत व ललित कलाओं से जोड़ने इस शिविर की शुरूआत की गई है जिसका बेहतर प्रतिसाद मिला है। पंजीयन के दौरान लगभग 50 से 60 बच्चों के द्वारा पंजीयन कराये जाने का अनुमान था परंतु स्थानीय लोगों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भी गीत, संगीत व ललित कला के प्रति रूचि देखने को मिली और उक्त शिविर का लाभ लेने लगभग 300 बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है, इसके साथ ही शिविर के पहले ही दिन लगभग 100 बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इससे स्पष्ट है कि कला के प्रति आज भी लोगों में रूचि बनी हुई है।

# दो रोजगार सहायक व एक आवास मित्र की सेवा समाप्त

**बेमेतरा,** 8 मई (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत एरमशाही में रोजगार सहायक के पद पर कार्यरत श्रीमती ईश्वरी साहू के विरुद्ध हितग्राही से आवास योजना का लाभ देने हेतु 10,000 की मांग एवं वसूली की शिकायत प्राप्त हुई थी। जांच में ग्रामीणों एवं शिकायतकर्ता के बयानों तथा आडियो प्रमाणों के आधार पर आरोप सिद्ध पाए गए। इनका यह कृत्य सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 एवं सेवा शर्तों के विरुद्ध पाए जाने पर छत्तीसगढ़ संविदा भर्ती अधिनियम 2012 के तहत सेवा से पृथक किया गया है।

इसी प्रकार, ग्राम पंचायत तेन्दुवा में रोजगार सहायक के पद पर कार्यरत श्री नारायण साहू, जिनके विरुद्ध भी ग्राम पंचायत एरमशाही में हितग्राही से अवैध वसूली एवं पंचायत कार्य में अनधिकृत दखलंदाजी की शिकायत सिद्ध हुई, उन्हें भी संविदा नियमों के अंतर्गत पद से पृथक कर दिया गया है। ग्राम पंचायत एरमशाही की आवास मित्र श्रीमती नीरा साहू के विरुद्ध ?25,000 की मांग कर आवास किश्त जारी करने के आरोप में शिकायत प्राप्त हुई थी। आडियो साक्ष्य एवं उनके स्वयं के स्वीकारोक्ति के आधार पर दोष सिद्ध होने पर उन्हें भी आवास मित्र पद से सेवा समाप्ति की कार्यवाही की गई है इस आशय के आदेश जारी कर दिए गए है। जनपद पंचायत नवागढ़ प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि योजनाओं में पारदर्शिता और पात्र हितग्राहियों को बिना किसी दबाव अथवा वसूली के लाभ दिलाना शासन की प्राथमिकता है। अनियमितता अथवा भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाने पर इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# समाधान शिविर में जनसमस्याओं का त्वरित समाधान बना बदलाव की मिसाल

**कवर्धा,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर जनसेवा की एक अनूठी पहल बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान ने शासन और आम जनता के बीच की दूरी को पाटते हुए सीधे ज़मीनी स्तर पर राहत पहुँचाने का कार्य कर रही है। ग्राम धमकी, मजगांव और कुई में आयोजित समाधान शिविरों में सामाजिक सहायता योजनाओं के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा कुल 43 वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें से 16 हितग्राहियों को धमकी, 18 हितग्राहियों को मजगांव और 09 हितग्राहियों को कुई शिविर में स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। वर्षों से सहायता की प्रतीक्षा कर रहे इन लोगों के चेहरों पर अब राहत और उम्मीद की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि ग्रामीण अंचलों में रह रहे प्रत्येक पात्र नागरिक को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ मिले। समाधान शिविरों की अवधारणा इसी सोच का परिणाम है, जहाँ समस्याओं का त्वरित समाधान और योजनाओं का तुरंत क्रियान्वयन प्राथमिकता है। सुशासन तिहार सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह राज्य सरकार की जवाबदेही, पारदर्शिता और संवेदनशील शासन व्यवस्था का साक्षात उदाहरण है। मुख्यमंत्री की यह पहल, शासन को लोगों के द्वार तक ले जाने का सफल प्रयास साबित हो रही है। जहाँ ग्रामीण अंचलों में बगैर किसी जटिल प्रक्रिया के आमजन को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।



**धमकी, मजगांव और कुई समाधान शिविरों में 43 हितग्राहियों को मिला पेंशन स्वीकृति पत्र**

स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदन करने से उनके समस्या का त्वरित निराकरण हुआ है। समाधान शिविर की मदद से पेंशन की पात्रता सूची में शामिल हो चुकी हैं।आज स्वकृति पत्र प्रदान किया गया है, ये कागज़ नहीं, हमारे लिए सम्मान और आत्मनिर्भरता की चिट्ठी है। उन्होंने कहा अब हर महीने कुछ आर्थिक सहारा मिलेगा, जिससे दवाई और राशन के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

# राजहरा दल्ली महामाया खदानों में सुरक्षा के कोई मापदंड का पालन नहीं : भामसं

**दल्लीराजहरा,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। खदान मजदूर संघ भिलाई संबंद्ध भारतीय मजदूर संघ के नेता मुश्ताक अहमद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राजहरा खदान समूह में लगातार हो रहे दुर्घटनाओं में रोक लगाने में बीएसपी प्रबंधन पूरी तरह असफल नजर आ रही है। आए दिन खदान के अंदर कुछ न कुछ दुर्घटना हो रही है और जिम्मेदार अधिकारी इसमें सुधार करने के बजाय इससे मुंह मोड़ते नजर आ रहे है।अभी ताजा घटना दल्ली यंत्रीकृत खदान के ओवरबर्डन के वेस्ट रिमूवैल के ठेके में हुई दुर्घटना का है जिसमें लोडर मशीन का रेडियेटर पानी की जांच करते समय ठेका श्रमिक पूरी तरह झुलस गया है उसके शरीर में फफोले पड़ गये है। खदान के अंदर इतनी बड़ी दुर्घटना हो गई ठेका श्रमिक की जान भी जा सकती थी, दुर्घटना का जिम्मेदार कौन है आज तक बीएसपी प्रबंधन द्वारा इसकी जानकारी किसी भी यूनियन को नहीं दी गई है जोकि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मगर जब भारतीय मजदूर संघ ने दल्ली यंत्रीकृत खदान में कार्यरत ठेका श्रमिकों से जांच पड़ताल की तो पता चला है कि जिस ठेका श्रमिक का दुर्घटना हुआ है उसका नाम करण दिक्षित है उसकी उम्र मात्र 22 वर्ष है और सबसे बड़ी बात है कि यह व्यक्ति ठेका श्रमिक ठेके में कार्य ही नहीं करता था। ठेका श्रमिक को ठेकेदार ने अपने मशीनों और गाड़ियों की मरम्मत के लिए अलग से रखा हुआ था इस व्यक्ति का न तो कोई सेफ्टी ट्रेनिंग हुआ है और न ही एक फार्म पंजीयन हुआ है और न ही माइंस का गेटपास बना हुआ है तो फिर इस व्यक्ति को ठेका श्रमिक को किसके आदेश से खदान के अंदर आने दिया गया उसे ठेकेदार ने भेजा था या फिर बीएसपी के किसी जिम्मेदार अधिकारी ने बिना गेटपास के आने दिया था संघ द्वारा जांच करने पर पता चला है कि यहां के जिम्मेदार अधिकारियों की सहमति से बिना गेटपास, बिना ट्रेनिंग, बिना ए फ़ार्म पंजीयन के रोजाना ऐसे ठेका श्रमिकों को खदान में प्रवेश करने दिया जाता है। करण दिक्षित पिछले 06 माह से बिना गेटपास के खदान के अंदर कार्य कर रहा था और खदान जिम्मेदार अधिकारी पूरा खदान ठेकेदार के भरोसे छोड़ दिए हैं



- बिना गेट पास सेफ्टी ट्रेनिंग पंजियन के 3 से 4 व्यक्ति खदान में कर रहे कार्य
- डीजीएमएस से मिलकर ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की करेंगे शिकायत : मुश्ताक

जोकि जांच का विषय है? ऐसी जानकारी मिली है कि अभी भी 03 से 04 ऐसे ठेका श्रमिक ठेके में कार्यरत हैं जिनका गेटपास, ट्रेनिंग, पंजीयन नहीं हुआ है मगर ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है जोकि बहुत ही दुखद है। और सबसे बड़ी अमानवीय बात यह है कि बीएसपी के जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार ने दुर्घटनाग्रस्त ठेका श्रमिक करण दिक्षित का सही ईलाज करवाना भी जरूरी नहीं समझा और खदान के अंदर हुए एक्सीडेंट में घायल हुए और जले हुए ठेका श्रमिक को सीधे बीएसपी अस्पताल न ले जाकर उसे शहीद अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां जलें हुए मरीजों के ईलाज की सुविधा नहीं है किन्तु बीएसपी के अधिकारियों और ठेकेदार ने अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया और गरीब मजदूर को उसके हाल में छोड़ दिया गया। राजहरा खदान समूह में सुरक्षा के मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है जिसके कारण आए दिन खदान के भीतर कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है अभी कूछ दिन पहले ही दल्ली यंत्रीकृत खदान में सुरक्षा में लापरवाही के चलते पैलेट प्लांट में कार्यरत ठेका श्रमिक ऊंचाई से गिरकर मौत के मुंह में चला गया था मगर आजतक किसी भी जिम्मेदार के ऊपर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किया गया है और आज भी खुलेआम सुरक्षा के मापदंडों का उल्लंघन पैलेट प्लांट में किया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी अपनी मौन सहमति देते नजर आ रहे हैं। इसी प्रकार महामाया खदान में भी वहां के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा खुलकर सुरक्षा के मापदंडों का उल्लंघन किया जा रहा है।जल्द ही दस्तावेजों के साथ भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद जाकर डी जी एम एस से मिलकर ऐसे सभी मामलों में कड़ी कार्यवाही की मांग करेगा जिसमें जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं और खदान में सुरक्षा के मापदंडों का भी खुलकर उल्लंघन किया जा रहा है।


# जिले का कक्षा 12वीं के एक एवं कक्षा 10वीं के 5 विद्यार्थियों ने बनाया राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में अपना स्थान

**बालोद,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 07 मई को जारी किए गए कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा के परिणामों के अंतर्गत बालोद जिले का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहा है। उल्लेखनीय है कि बालोद जिले के हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा का परिणाम 77.52 प्रतिशत एवं हाई स्कूल बोर्ड का परीक्षा परिणाम 71.92 प्रतिशत रहा है। इसके अंतर्गत कक्षा 12वीं में 01 विद्यार्थियों ने तथा कक्षा 10वीं के 05 विद्यार्थियों सहित जिले के कुल 06 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुसुमकसा की 12वीं की छात्रा ग्रेसी साहू ने 95.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान हासिल की है। इसी तरह हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत कक्षा 10वीं के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल डौण्डी की छात्रा कुमारी रिया केंवट ने 98.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी तरह स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल अर्जुंदा के छात्रा कुमारी भावना साहू ने 98.17 प्रतिशत के साथ सातवां स्थान, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल बालोद के छात्र योगान्त देशमुख ने 98 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल अर्जुंदा के छात्र ध्रुव कुमार ने 97.83 प्रतिशत के साथ नौवां एवं प्रयास आवासीय विद्यालय पिनकापार की छात्रा कुमारी भूमिका ने 97.67 प्रतिशत के साथ दसवां स्थान हासिल किया है। जिला प्रशासन की ओर से आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम के अंतर्गत कक्षा 12वीं एवं 10वीं के परीक्षाओं में उत्कृष्ट अर्जित कर राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में अपना स्थान बनाने वाले जिले के विद्यार्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री पीसी मरकले एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके पालकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने जिले के होनहार विद्यार्थियों के इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सराहना व्यक्त की। उन्होंने सभी मेधावी विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री पीसी मरकले ने बताया कि हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत बालोद जिले के कक्षा 12वीं के नियमित, स्वाध्यायी एवं पत्राचार के विद्यार्थियों को मिलाकर 3433 बालक एवं 4777 बालिका सहित कुल 8210 विद्यार्थियों में से 3418 बालक एवं 4764 बालिका सहित कुल 8182 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा विभिन्न कारणों से 07 बालक एवं 04 बालिक सहित कुल 11 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम निरस्त एवं रोका गया था। इसमें से 3411 बालक एवं 4760 बालिका सहित कुल 8171 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें 1191 बालक एवं 2341 बालिका सहित कुल 3532 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 1247 बालक एवं 1461 बालिका सहित कुल 2708 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में एवं 67 बालक एवं 36 बालिका सहित कुल 103 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही 574 बालक एवं 690 बालिका सहित कुल 1264 परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम पूरक आया है। इसी तरह 332 बालक एवं 232 बालिका सहित कुल 564 विद्यार्थी हायर सेकण्डरी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस तरह से 2505 बालक एवं 3838 बालिका सहित जिले के कुल 6343 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा में 73.43 प्रतिशत बालक एवं 80.63 प्रतिशत बालिका सहित जिले के कुल 77.52 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए हैं।

**मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके पालकों का किया गया सम्मान**

# तेंदुआ को वनविभाग ने रेस्क्यू कर पकड़ा, लोगों ने ली राहत की सांस

**डोंगरगढ़,** 8 मई (देशबन्धु)। सुदर्शन पहाड़ में निकले तेंदुआ को वन विभाग की टीम ने रात में बुधवार रात में पिंजरे में पकड़ कर जंगल दूर जंगल में छोड़ दिया है। तेंदुआ की वजह से बीते कुछ दिनों से चर्चा का केंद्र रहा। तेंदुआ पहाड़ी की चोटी पर डटा था।लगातार पांच दिनों तक वह दिखाई देता रहाए सोशल मीडिया पर उसकी तस्वीरें और वीडियो वायरल होते रहे और वन विभाग की टीम लगातार उसे पकड़ने की कोशिशों में लगी रही। आखिरकार बुधवार देर रात तेंदुआ का सफल रेस्क्यू कर लिया गयाए जिसके बाद अब शहर पूरी तरह से सुरक्षित है। शहर से लगे सुदर्शन पहाड़ पर पांच दिन पहले अचानक एक तेंदुए के दिखाई देने से हड़कंप मच गया था। यह इलाका न सिर्फ शासकीय कर्मचारियों के चार्टरों से घिरा हैए बल्कि आसपास कई रिहायशी कॉलोनियां भी स्थित हैं। ऐसे में तेंदुवा की मौजूदगी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और ऑपरेशन शुरू किया। वन विभाग के द्वारा प्रयास यह किया जा रहा था कि की तेंदुआ पहाड़ से चले जाए पर वह पहाड़ में छुप कर रहा रहा था उसके मूमेंट की जानकारी के लिए ड्रोन कैमरे से भी निगरानी कर नजर रखा जा रहा थाए जिसके बाद पहाड़ी से तेंदुआ को पकड़ने के लिए एक विशेष पिंजरा लगाया गया ए जिसमें एक जीवित मेमना बांधा जाता थाए ताकि तेंदुआ उसे देखकर पिंजरे में घुस जाए। तीन शिफ्टों में विभागीय कर्मी पहाड़ी पर लगातार निगरानी करते रहेए कड़ी धूप हो या सुनसान रातए सभी की निगाहें उस एक तेंदुआ पर टिकी थीं। तेंदुआ बेहद चालाक निकला।वह हर बार पिंजरे के पास आताए मेमने को सूंघता और आगे बढ़ जाताए मानो वह जानबूझकर रेस्क्यू टीम की परीक्षा ले रहा हो। दिन गुजर गएए पिंजरा हर सुबह खाली मिलताए मेमना सहमा रहता और वनकर्मी थकते चले गएए लेकिन तेंदुआ अपनी मर्जी से पहाड़ पर घूमता रहा।आखिरकार बुधवार की रात करीब 11 बजे तेंदुआ फिर पिंजरे के पास आया। इस बार वह भीतर चला गया और टीम ने तुरंत हरकत में आते हुए उसे सुरक्षित रूप से काबू में ले लिया। इसके कुछ ही घंटों बाद उसे जंगल में छोड़ दिया गया।



## हाई स्कूल छिरबांधा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**सहसपुर लोहारा,** 8 मई। शासकीय हाई स्कूल छिरबांधा का कक्षा दसवीं परीक्षा परिणाम 2025 उत्कृष्ट रहा शिक्षक शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत और छात्र छात्राओं के प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र के इस स्कूल ने कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम से अपना लोहा मनवा लिया शासकीय हाई स्कूल छिरबांधा के प्राचार्य जगदीश साहू ने जानकारी देते हुए बताया की कक्षा 10 में कुल दर्ज छात्र छात्राओं की संख्या 66 थीं और परीक्षा में 64 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें से 63 ने परीक्षा पास की 41 बच्चो ने प्रथम श्रेणी से 22 बच्चो ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा पास की एक बच्चा दुर्भाग्य से परीक्षा में असफल हो गया। जिससे कुल परीक्षा परिणाम 98.43 त्न प्रतिशत रहा। जिसमें 89.86त्न प्रतिशत प्राप्त कर नीमा साहू शाला में प्रथम रहे, सुमन यादव 86.66त्न द्वितीय, झांसी पटेल 83.16त्नतृतीय स्थान पर रहे। संस्था के प्राचार्य जगदीश साहू ने बच्चो की इस सफलता का श्रेय उन बच्चो को देते हुए संस्था के शिक्षक मान सिंह सेन एवं समस्त पालको को दिया और आशा व्यक्त की आगामी वर्ष में इस संस्था का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत होने के साथ ही साथ यहां के बच्चे राज्य स्तर में अपना परचम लहरायेगे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### प्रावीण्य सूची के विद्यार्थी को ...

आयुक्त के मार्गदर्शन में आशीष गुप्ता प्रशासकीय अधिकारी के नियंत्रण एवं कोचिंग हेतु चयनित संस्था के सहयोग से उच्च अंक प्राप्त करने में विद्यार्थी सफल हुए है। कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं सहायक आयुक्त व प्रशासकीय अधिकारी द्वारा समस्त छात्र छात्राएं व विद्यालय परिवार को उत्कृष्ट परिणाम व उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी है।

### खालसा पब्लिक ...

खालसा शिक्षण समिति एवं प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने इस बेहतर परिणाम के लिये स्कूल प्राचार्या श्रीमती वालिया, स्टाफ एवं छात्र छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**मेधावी छात्र छात्राओं की सूचि इस प्रकार है :**

कक्षा 10 वीं : शुभम नाग, तारनी साहू, कृष्णकांत सिन्हा, ऋषिकांत चौहान, अजीत सिंग कुशवाहा, कृतीका पांडेय, जेसीका यादव, राज वर्मा, पंकज चंद्रवंशी, अफरीन नाजीम शेख, कशीस साहू, आदित्य कुमार नुरूति ।

कक्षा 12 वीं : भावना शहाणे, यशदीप सिंग, अमीना शीरीन, पीहू खेतपाल, मानवी कर्ष ।

### विश्व रेडक्रास दिवस पर...

अग्रवाल, इंडियन रेडक्रास सोसायटी दुर्ग के चेयरमेन डॉ. शरद पाटणकर, कोषाध्यक्ष प्रमोद वाद्य, राज्य प्रतिनिधि युवराज देशमुख, प्रबंधकारिणी सदस्य विजय ताम्रकार, गणेश ताम्रकार, प्रकाश परिहार जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोनगांवकर, इंडियन रेडक्रास सोसायटी एवं स्वास्थ्य विभाग दुर्ग के लक्ष्मीकांत. तृपेश शर्मा, रोशन सिंह, धीरज राव इंगले, कीर्तन पटेल, फणिन्द्र भूषण साहू, रामअवतार यादव, टी.एस.एंथोनी, कौशल, हिमांशु चंद्राकर एवं अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

### शिवनाथ एक्सप्रेस में 65 लाख की ...

भी नहीं चलता। आरोपियों ने यह भी बताया कि काफी लंबे समय से ट्रेनों में चोरी कर रहे हैं। आरोपियों के कॉल डिटेल से भी इस बात से पुष्टि हुई है। पूछताछ में आरोपियों के चोरी का हीरे का हार 11 लाख रुपए में कोलकाता में बेचना बताया। जिसकी रकम अपने भाई के बैंक खाते में 3 लाख 46 हजार रुपए एवं अपने दोस्त के बैंक खातों में 2 लाख 45 हजार रुपए एवं 4 लाख 96 हजार रुपए जांच करने पर बैंक खाते में रकम आने की पुष्टी हुई है। आरोपियों के कब्जे से 20 हजार रुपए नगद एवं आरोपी अब्दुल मन्नान के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड सुरेश मिश्रा के नाम से जब्ती हुई है। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस रिमांड लेकर और पूछताछ की जा रही है और अन्य मामलों की खुलासा होने कि संभावना है।

पकड़े गए आरोपियों में संतोष 34 वर्ष निवासी ट्रैफिक गेट होटल राधिका गली थाना प्लांट साइट पोस्ट राउरकेला जिला सुन्दरगढ़ ओडिशा एवं अब्दुल 55 वर्ष निवासी कुरैशी मोहल्ला नाला रोड थाना प्लांट साइट राउरकेला जिला सुंदरगढ़ ओडिशा हैं।

# सुशासन तिहार के अंतर्गत मुढ़ीपार में हुआ शिविर का आयोजन

**खैरागढ़,** 8 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप शासन की योजनाओं को पारदर्शी ढंग से आम जनता तक पहुंचाने एवं पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम मुढ़ीपार में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे कुल 318 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग संबंधी 311 आवेदन और शिकायत से संबंधित 7 आवेदन मिले। जिसका परीक्षण उपरांत नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, वनमण्डलाधिकारी पंकज सिंह राजपूत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल सहित प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया।

इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा बारी बारी से योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि जब से मैंने इस जिले में कलेक्टर के रूप में कार्यभार संभाला है, आपकी पंचायत में बार-बार आने का अवसर प्राप्त हो रहा है। पिछली बार यह बात सामने आई थी कि आपके द्वारा दिए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी समय पर आपको नहीं मिल पा रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए अब प्रत्येक शिविर में एक विशेष समाधान काउंटर स्थापित किया गया है, जहाँ आवेदनों की स्थिति और समाधान की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रधानपाठ बैराज के निर्माण की मांग पर उन्होंने बताया कि इस संबंध में उच्च स्तरीय अधिकारियों की एक टीम जांच हेतु शीघ्र ही आएगी। साथ ही निर्माण हेतु आवश्यक प्राक्कलन तैयार कर शासन को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा जा चुका है। गांव में महाविद्यालय की मांग पर उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि शीघ्र ही सर्वेक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे अपने घरों में सोखता गड्ढा अनिवार्य रूप से बनवाएं। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है। हमें जल संचयन के प्रति गंभीरता से



**शिविर में 318 आवेदन मिले**

कार्य करना चाहिए। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों से विशेष आग्रह किया कि वे भी सोखता गड्ढों का निर्माण कर इस अभियान में भाग लें, जिससे अन्य लोग भी प्रेरित हो सकें।

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने समाधान शिविर के उद्देश्य को विस्तार से बताते हुए कहा कि शासन की योजनाओं और सेवाओं को नागरिकों तक पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावशीलता के साथ पहुँचाना है। यह तिहार या उत्सव प्रशासन और जनता के बीच संवाद, विश्वास और सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है। उन्होंने मुढ़ीपार में थाने की मांग पर कहा कि अभी गातापार में थाना संचालित है जिनकी दूरी होनें के कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही, मुढ़ीपार में थाने की स्थापना के लिए शासन को पर पत्र भेजा गया है। इस दौरान उन्होंने गाड़ी चलते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने की अपील की। उन्हें वर्तमान में साइबर अपराध पर प्रकाश डालते हुए जागरूक रहने तथा किसी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों संबंधित फोन कॉल आने पर सतर्क रहने की अपील की। इसी क्रम में जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल ने राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य तथा व्यापक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अभियान राज्य सरकार की एक दूरदर्शी एवं महत्त्वाकांक्षी पहल है, जिसका मूल उद्देश्य शासन तंत्र को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी, संवेदनशील एवं जनहितैषी बनाना है। सुशासन तिहार केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जनांदोलन है, जिसके माध्यम से शासन और आमजन के मध्य विश्वास, संवाद और सहभागिता की एक सशक्त कड़ी स्थापित की जा रही है। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि एवं उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, अग्रणी बैंक एवं आधार कार्ड, विद्युत विभाग, पुलिस विभाग, सहकारिता, शिक्षा, आदिमजाति कल्याण, श्रम, उद्योग, खनिज विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत 5 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई कर उन्हें सुपोषण टोकरी प्रदान किया गया। शिविर में आधार व आयुष्मान कार्ड पंजीयन के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क जांच व दवाई का वितरण किया गया।


माँ भानेश्वरी
जयंती महोत्सव
09 मई 2025 शुक्रवार
स्थान - हाई स्कूल परिसर सिंघोला
पधारे समस्त अतिथियों का
हार्दिक स्वागत...
अभिनंदन...
भागवत साहू
अध्यक्ष
जिला साहू संघ, राजनांदगांव
डॉ. नीरेन्द्र साहू
संयोजक
जयंती संचालक समिति, राजनांदगांव
नोबल साहू
कोषाध्यक्ष
जिला साहू संघ, राजनांदगांव
नीलमणी साहू
महामंत्री
जिला साहू संघ, राजनांदगांव
विनीत - जिला साहू संघ, राजनांदगांव

# विधायक दीपेश साहू ने राखी जोबा राइस मिल हादसे के पीड़ितों से की मुलाकात

■ न्याय और सहायता का दिलाया भरोसा
■ मृतक नंदकुमार निषाद के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान किया



**बेमेतरा,** 8 मई (देशबन्धु)। साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राखी जोबा स्थित सूरज राइस मिल में हाल ही में आए आंधी-तूफान के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में मृतक और घायल परिवारों से मिलने आज बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू पहुंचे। उन्होंने ग्राम चोंगी खपरी निवासी मृतक नंदकुमार निषाद के परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी एवं हादसे के बारे में जानकारी ली। इस दुर्घटना में नंदकुमार निषाद की दुखद मृत्यु हो गई थी, जबकि उनके पुत्र भगवान दास गंभीर रूप से घायल हैं और वर्तमान में दुर्ग में उपचाररत हैं।

विधायक श्री साहू ने हादसे में प्रभावित अन्य व्यक्तियों, नरेंद्र यादव एवं खेलन ठाकुर से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वही विधायक दीपेश साहू मृतक नंद कुमार निषाद के परिवार को आर्थिक सहायता राशि भी दिया द्य ग्राम वासियों ने बताया कि यह हादसा राइस मिल मालिक की लापरवाही के कारण हुआ, जहां सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया। यदि आवश्यक सावधानियां बरती गई होतीं तो यह दुखद घटना टाली जा सकती थी।

इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा, च्च्हमारी सरकार और मैं स्वयं पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्हें न्याय दिलाने और हर आवश्यक सहयोग प्रदान करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।ज्ज उन्होंने नन्द कुमार निषाद के बच्चों से भी मुलाक़ात किया और उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई लिखाई की जानकारी ली द्य और बच्चों की पढ़ाई लिखाई इलाज के लिए हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया द्य उन्होंने जिलास्तरीय विभागीय अधिकारियों से फोन पर बात कर मामले की गहन जांच करने और दोषियों पर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने मृतक और घायल परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

विधायक ने परिजनों और ग्रामवासियों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं। सरकार की ओर से न केवल मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी, बल्कि बीमा कंपनियों से भी समन्वय कर बीमा राशि दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता बलराम पटेल नीरज राजपूत सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# प्रवीण सूची में स्थान बनाने वाले छात्राओं को शुभकामनाएं दी पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने



**बेमेतरा,** 8 मई (देशबन्धु)। पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकंडरी परीक्षाओं में बेमेतरा विधानसभा तथा बेमेतरा जिले का परचम फैलाने वाली बेटियों से मुलाकात कर उन्हें इस सफलता पर अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनका मुंह मीठा कराया इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ राज्य प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त करने वाली नगर पंचायत बेरला के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा कुमारी वैशाली साहू पिता खेमराज साहू जिसने कॉमर्स संकाय में 97.20 प्रतिशत अंक लेकर राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया है को अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निकट भविष्य में अपने उच्च अध्ययन में और अधिक प्रयास करें तथा और अधिक सफलता प्राप्त कर अपने परिवार तथा बेमेतरा का नाम रोशन करें इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कांग्रेस कार्यकाल के दौरान प्रारंभ किए गए उत्कृष्ट स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की सराहना करते हुए कहा कि इस स्कूल को खोलने का निर्णय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का रहा है जो एक ऐतिहासिक निर्णय था छोटी जगह में उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम की स्कूल खोलना जिससे गरीब घर के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा लेते हुए अपना नाम रोशन कर सके आज इस बात की गवाह है छात्रा कुमारी वैशाली साहू जिसने बेरला नगर पंचायत मे रहकर छत्तीसगढ़ राज्य में अपने शिक्षा का परचम फहराया है साथ ही साथ पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा नगर में रहने वाली वार्ड क्रमांक 10 की छात्रा कुमारी रितु साहू जो इंडियन पब्लिक स्कूल बेमेतरा के विज्ञान संकाय में हायर सेकेंडरी परीक्षा में 95.80प्रतिशत अंक अर्जित की है उन्हें शुभकामना देते हुए कहा कि आने वाला भविष्य आपका सुखद रहे तथा चिकित्सा क्षेत्र में आप अपने परिवार एवं बेमेतरा का नाम और रोशन करें साथ ही साथ पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इन बच्चियों को उच्च अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग भी की है जिससे यह बच्चियों आगे राज्य का नाम रोशन कर सके तथा इन्हें शिक्षा में किसी प्रकार की कोई आर्थिक समस्या का सामना न करना पड़े इस दौरान बच्चियों के माता-पिता परिवार जन सहित कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# आपरेशन सिंदूर ने पूरे देश को गर्व से भर दिया: नीतू कोठारी

**बेमेतरा,** 8 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका बेमेतरा की पार्षद नीतू कोठारी ने कहा कि भारतीय सेना के अदम्य साहस को निर्णायक नेतृत्व ने आज च्ऑपरेशन सिंदूरज्के माध्यम से पूरे देश को गर्व से भर दिया है। हमारे जांबाज जवानों ने जिस तरह दुश्मन के इरादों को नेस्तनाबूद किया है वह हमारी सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान की धरती पर मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और आंतकवादियों को मौत के घाट उतारा। यह कार्यवाही सिर्फ एक जवाबी हमला नहीं है बल्कि



उन माताओं-बहनों के आंसुओं का प्रतिशोध है जिनका सिंदूर पहलगाम जैसी घटनाओं में मिटा दिया गया था। जब निर्दोष लोगो के सामने उनके पति बेटे भाई को गोलियों से दागा गया था तब उनकी आत्मा रो पड़ी थी च्ऑपरेशन सिंदूर उस पीड़ा का प्रतिशोध है।यदि कोई भी देश या संगठन हमारे देश के विरुद्ध हिंसा का प्रयास करेगा तों उसका परिणाम बहुत ही घातक होगा। नीतू कोठारी ने आगे कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,रक्षामंत्री और वीर सैनिकों को इस साहसी निर्णय और कार्यवाई को नमन करते हुये धन्यवाद ज्ञापित करते है।

# हायर सेकेंडरी स्कूल खण्डसरा का परीक्षा परिणाम बेहतर

**खण्डसरा,** 8 मई (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में खण्डसरा स्कूल का परिणाम इस वर्ष भी सराहनीय रहा। विगत दो वर्षों से विषय शिक्षकों की कमी के चलते भी इस सत्र में कक्षा 10वी का परिणाम 58 प्रतिशत रहा जिसमे 92.5प्रतिशत के साथ कु.भुनेश्वरी चौहान प्रथम, 86.6प्रतिशत कु.निक्की द्वितीय, कु.यामिनी-83.5प्रतिशत तृतीय स्थान पर रही,वहीं 29 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से, 41द्वितीय श्रेणी से सफल हुए है। कक्षा 12वी का परिणाम 78 प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम= भावेश कुमार/ (वाणिज्य) 81प्रतिशत, द्वितीय= कु बीना/ (बायो) 80प्रतिशत, भानुप्रताप/ (कला)= 79प्रतिशत तृतीय= स्थान बनाने में सफल रहे। विद्यालय के इन मेधावी छात्रों के विशेष सम्मान में आज कार्यक्रम आयोजित हुई जिसमें शाला विकास समिति, के अध्यक्ष अमरनाथ चक्रधारी, महेश साहू प्राचार्य, वरिष्ठ शिक्षक अजय शर्मा, अरविंद सोनी,नीलाम तिवारी, श्रद्धा चंद्राकार महादेव कौशल, नीरज पाण्डेय , मोहित रावत , रोहित वर्मा गोदावरी साहू, व पलकों ने इस विद्यालय के मेधावी छात्रों को मिष्ठान व स्वल्पाहार खिलाया तत्पश्चात मेधावी छात्रों ने अपने -अपने विचार साझा करते हुए फैशन डिजाइनिंग, कृषि , सेना , सिपाही के जैसे क्षेत्र में अपने भविष्य संवारने का प्रयास होना बताया। कार्यक्रम के अंत में विकास समिति के अध्यक्ष अमरनाथ चक्रधारी, ने मेधावी छात्रों को कहा कि आप सभी ने अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ निश्चय से यह सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि आपके अभिभावक एवं गुरुजनों को गौरवान्वित करने वाली है। प्राचार्य महेश साहू ने कि छात्रों को ज्ञान और उज्जवल भविष्य की तरफ आपकी यात्रा तेज और आनंद से परिपूर्ण होने की कामना करते हुए असफल विद्यार्थी के लिए कहा परीक्षा के परिणाम अंतिम नहीं होते, हिम्मत से काम ले अनेकों रास्ते आपका इंतजार कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन महादेव कौशल, आभार प्रदर्शन परीक्षा प्रभारी नीरज पांडेय ने किया।



# ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल से विभोर ने 96.83 फीसदी के साथ किया टॉप

**बेमेतरा,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के द्वारा दिनाँक 07-05-2025 को वर्ष 2025 हाई स्कूल एवं हायर सेकेन्डरी के परीक्षा परिणाम जारी किए गए। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

कक्षा 10 वीं में 118 विद्यार्थियों में से 90 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिनमें 12 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त किए और विभोर वर्मा ने सामाजिक विज्ञान में एवं चंचल ठाकुर ने गणित में 100 - 100 अंक प्राप्त किये। जिनमें विभोर वर्मा - 96.83प्रतिशत,, ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, कृष्ण कुमार यादव - 96प्रतिशत, चंचल ठाकुर - 95प्रतिशत, श्रेयांश सिंग ठाकुर - 94प्रतिशत, भूपेश साहू - 93.83प्रतिशत, हर्षवर्धन सिन्हा - 93.67प्रतिशत, उमंग खनुजा - 93प्रतिशत, यामिनी पाटिल - 92.83प्रतिशत, निलिशा साहू - 92प्रतिशत, वंश मुंद्रा - 91.67प्रतिशत, एकता साहू - 90.5प्रतिशत, स्नेहा पटेल - 90.5प्रतिशत, का प्रदर्शन सराहनीय रहा तथा इस वर्ष कक्षा 10 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 90प्रतिशत, रहा।

कक्षा 12 वीं में 102 विद्यार्थियों में से 58 विद्यार्थियों प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिनमे गणित संकाय से श्रीति सिंग चंदेल - 91.6प्रतिशत, जीवविज्ञान संकाय से वीना साहू - 90.4प्रतिशत, कला संकाय से पूनम वर्मा - 87.8प्रतिशत, एवं वाणिज्य संकाय से शिखा शुक्ला - 83.8प्रतिशत,प्राप्त कर सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय को गौरवान्वित किया ।

बेमेतरा जिले के हाई स्कूल टॉप टेन में स्कूल के विभोर वर्मा - 96.83प्रतिशत, ने स्थान प्राप्त किया तथा बेमेतरा जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूल टॉप टेन में स्कूल से श्रीति सिंग चंदेल ने - 91.6प्रतिशत, स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्राचार्या डा. अलका तिवारी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी, आगे भी परिश्रम की निरंतरता बनाए रखने को प्रेरित किया । स्कूल के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने सभी बच्चों एवं शिक्षकों के कठिन परिश्रम एवं समर्पण की सराहना करते हुए लक्ष्य की ओर बढने के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

# शासन आपके द्वार:जेवरा में समाधान शिविर ने बढ़ाया विश्वास





**थानखम्हरिया,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार आयोजित कर ग्रामीणों तक शासन प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। सुशासन तिहार 03 चरणों में आयोजित की जा रही है। जिसके तहत प्रथम चरण दिनांक 08 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर ग्रामीणों से समस्याओं / मांग के आवेदन प्राप्त किया गया, प्राप्त आवेदनों को पोर्टल में ऑनलाइन पंजीयन किया गया। द्वितीय चरण में समस्त प्राप्त आवेदनों का ऑनलाइन निराकरण की कार्यवाही की गई। तृतीय चरण 05 मई 2025 से 08 मई 2025 तक कलेक्टर ने समाधान शिविर आयोजित कर समस्त प्राप्त आवेदनों पत्रों का निराकरण की कार्यवाही से ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

इसी क्रम में विकास खण्ड साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवरा में दिनांक 08.05.2025 को समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के विधायक माननीय ईश्वर साहू जी के उपस्थिति में सभी विभागों द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण बताया गया। जिला कलेक्टर मोहदय द्वारा सभी विभागों को गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु अवगत कराया गया। साथ ही माननीय विधायक मोहदय द्वारा सभी हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के लाभ प्रदाय हेतु निर्देशित किया गया। सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ पेयजल, विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

जेवरा शिविर में विभिन्न विभागों से कुल 1904 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें कुल 1814 मांग एवं 90 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनका निराकरण सभी विभागों द्वारा किया गया। प्राप्त आवेदन में प्रमुख रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा एवं निर्माण कार्यों से संबंधित कुल 1403 मांग व शिकायत शामिल थी। जिसका निराकरण किया गया।

शिविर में क्षेत्र के विधायक माननीय श्री ईश्वर साहू जी, राजेंद्र शर्मा , ओमप्रकाश जोशी पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर, भाजपा नेता अनिल सिंघानिया , चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष रितेश साहू, मण्डल अध्यक्ष अशोक पटेल, विनोद पटेल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि गोकुल वर्मा, भूपेन्द्र वर्मा, श्री नारद चन्द्राकर, राजस्व, पंचायत, कृषि, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, मछली पालन, मत्स्य, समाज कल्याण, श्रम विभाग, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही सरपंच सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, महिला समूह की दीदियां, हितग्राही, तहसीलदार एवं जनपद सीईओ, अन्य सभी विभाग के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

शिविर के माध्यम से सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खुले खाते का 16 पासबुक, नौनिहाल सुरक्षा योजनांतर्गत 05 बांड पेपर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना सम्मान पत्र 10 वितरण किया गया, मत्स्य पालन विभाग से 01 जाल, खाद्य विभाग से राशन कार्ड एवं पंचायत विभाग से जॉब कार्ड का भी वितरण माननीय विधायक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया।

# सामान लेने दुकान गए ग्राहक से दुकानदार ने की मारपीट, थाना पहुंचा मामला

## सामान लेना पड़ा युवक को महंगा

**खैरागढ़,** 8 मई (देशबन्धु)। ग्राम पेंड्रीकला के रहने वाले यामेश पिता नूतन साहू उम्र 30 वर्ष ने 7 मई बुधवार की दोपहर 2 बजे के आसपास धरमपुरा स्थित पेट्रोल पंप में अपनी गाड़ी में पेट्रोल डलवाकर कर वापस अपने घर की ओर के निकला था। तभी यामेश ने धरमपुरा स्थित पेट्रोल पंप के बाजू में साहू डेली नीड्स की दुकान में पान गुटखा लेने के लिए गया हुआ था। डेली नीड्स के संचालक दौलत साहू व उसके छोटे भाई मुस्कान साहू यामेश साहू के साथ अश्लील गाली गलौज करता रहा यामेश के द्वारा मना करने पर यामेश को दौलत व मुस्कान के द्वारा लाठी डंडा से मारपीट किया गया है। आसपास मौजूद लोगों ने यामेश को तत्काल सिविल में भर्ती किया यामेश के सिर हाथ पैर सहित विभिन्न जगहों पर गंभीर चोट आई है। यामेश की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 115(2) 351(3) 3, 5 बीएनएस भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है और मामले की जांच विवेचना की जा रही है।



# बेमेतरा में एचएसआरपी हेतु विशेष शिविर का आयोजन आज

**बेमेतरा,** 8 मई (देशबन्धु)। मोटर यान अधिनियम, 1988 के तहत सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। जहां नवीन वाहनों में पंजीयन के साथ ही एचएसआरपी लगाई जाती है, वहीं छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग ने 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत सभी वाहनों में भी एचएसआरपी लगाना आवश्यक कर दिया है। इसी क्रम में दिनांक 09 मई 2025 को संयुक्त कलेक्टोरेट भवन, जिला बेमेतरा में सुबह 11 बजे से विशेष शिविर का आयोजन परिवहन विभाग, जिला बेमेतरा द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टोरेट भवन के समस्त विभागों के स्टॉफ एवं आम नागरिकों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर में ऑनलाइन आवेदन निर्धारित शुल्क के साथ पूर्ण करें।

# गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम मोहंदीपाट में समाधान शिविर

■ 3492 आवेदनों का किया गया निराकरण, ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को मिला सौगात

**बालोद,** 8 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत आज जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम मोहंदीपाट में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत ग्राम मोहंदीपाट कलस्टर में शामिल मोहंदीपाट के अलावा देवरी द, गोड़ेला, खुरसूनी, चीरचार, जेवरतला, बोड़ेना, सिब्दी, भरदाकला, बघेली, खुरसूल, गब्दी सहित कुल 13 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 3492 आवेदनों का परीक्षण के उपरांत संबंधित विभागों के द्वारा सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। समाधान शिविर में आज अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक, पूर्व विधायक श्री विरेन्द्र साहू, जिला पंचायत सदस्य श्री गुलशन चंद्राकर, श्रीमती मीना साहू सहित जनपद सदस्य श्रीमती नेमबाई साहू, श्रीमती टुकेश्वरी साहू, श्रीमती ललिता भुआर्य, श्रीमती धारा चैधरी एवं ग्राम पंचायत मोहंदीपाट के सरपंच के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों सहित एसडीएम श्रीमती प्रतिमा ठाकरे झा, तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्राम मोहंदीपाट में आयोजित समाधान शिविर में सुशासन तिहार के प्रथम चरण में आवेदन करने वाले आवेदकों को मछली जाल, मनरेगा जॉब कार्ड, नया राशन कार्ड, विधवा पेंशन के अलावा दिव्यांगों को सहायक उपकरण, श्रवण बाधितों को श्रवण यंत्र एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना की स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में ग्रामीणों को बी-1 नवीन ऋृण पुस्तिका आदि का भी वितरण किया गया। इसके साथ ही किसानों को उन्नत किस्म के धान बीज, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति एवं पूर्णता प्रमाण पत्र, विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र आदि का भी वितरण किया गया। इसके अंतर्गत शिविर में आज अतिथियों के द्वारा ग्राम मोहंदीपाट के भारती देवांगन और नीकिता देवांगन तथा ग्राम चिरचार के श्रीमती चित्रा बाई साहू, अफरोज बेगम और आरीफा बेगम को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किया गया। इसी तरह ग्राम मोहंदीपाट के श्रीमती शीला, ग्राम भरदाकला के श्रीमती उषा बाई, ग्राम खुरसुनी के श्रीमती रश्मि तथा श्रीमती खोरबाहरिन बाई को नवीन राशन कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा ग्रामीण गब्दी के अवध राम, मनोहर एवं उमेश देवागंन को बी-1, नरेन्द्र एवं केशव को ऋृण पुस्तिका तथा ग्राम बघेली के राजकुमार को मछली जाल एवं आईस बॉक्स प्रदान किया गया। शिविर में आज ग्राम मोहंदीपाट के गौमाता स्व सहायता समूह एवं सखी स्व सहायता समूह को सामुदायिक निवेश कोष के अंतर्गत 60 हजार रूपये का चेक भी वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा नन्हें बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकार उनका अन्नप्राशन कराने के साथ-साथ गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंट कर उनके गोदभराई रस्म को पूरा किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुमधुर प्रस्तुति के माध्यम से सुशासन तिहार एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री विरेन्द्र साहू ने सुशासन तिहार को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुँचाने का अत्यंत कारगर एवं जनहितैषी कार्य बताया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत आवेदन करने वाले अनेक ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है, जो कि बहुत ही सराहनीय है। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य श्री गुलशन चंद्राकर एवं अन्य अतिथियों ने भी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शुरू किए गए इस सुशासन तिहार के आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से हमारे अनेक ग्रामीण एवं आम जन जो किन्हीं कारणों से शासकीय कार्यालय तथा जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय में अपने आवश्यक कार्यों को पूरा कराने के लिए नही पहुँच पाते है। ऐसे अनेक लोगों का अपने गांव एवं पंचायत में आवेदन करने के पश्चात् उनके समस्याओं का निराकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुँचाकर राज्य में सुशासन की परिकल्पना को साकार करने का अत्यंत कारगर एवं सार्थक माध्यम है। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती प्रतिमा ठाकरे झा ने वर्तमान के भीषण जल संकट को देखते हुए तथा जिले में लगातार घट रहे भूजल स्तर के मद्देनजर जल संरक्षण के उपाय तथा इनके संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने वाले ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के ग्राम मोहंदीपाट कलस्टर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा 2261, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 128, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन को 179, महिला एवं बाल विकास विभाग 134, समाज कल्याण विभाग को 350, स्कूल शिक्षा विभाग को 130, ऊर्जा विभाग को 89, खाद्य विभाग को 73, परिवहन विभाग को 55, पशुपालन

# सीजी अंग्रेजी माध्यम की परीक्षा रहा शत प्रतिशत, विद्यापीठ में खुशी का माहौल

**राजनांदगांव,** 8 मई (देशबन्धु)। शहर में संस्कारिक शिक्षा के लिए जाना जाने वाले स्कूल गायत्री विद्यापीठ में में इस वर्ष स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। यही नहीं सीजी अंग्रेजी माध्यम के परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहे इससे विद्यापीठ के व्यवस्थापक, शिक्षक शिक्षिकाएं व यहां पढ़ने वाले बच्चों में खुशी का माहौल बना हुआ है।

बता दें कि स्थानीय केशर नगर स्थित गायत्री विद्या पीठ शिक्षा एवं संस्कार के लिए ख्याति प्राप्त स्कूल है। यहां कक्षा दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा वहीं सीजी अंग्रेजी माध्यम के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिषत रहे।

कक्षा दसवीं के 85 विद्यार्थियों में से प्रथम मानसी साहू (96%) के साथ जिले में पांचवा स्थान प्राप्त की है एवं, द्वितीय देव्यांष गौतम (94.84%) एवं तृतीय स्थान पर मृत्युंजय गुप्ता (94.17%) रहे। वहीं कक्षा बारहवीं के 96 विद्यार्थियों में से गणित संकाय में प्रथम वाणी चौहान (78%), द्वितीय गौरव देवांगन (76.8%), तृतीय ईषा सोनबरसा (76.2%) रहे। विज्ञान संकाय में प्रथम पायल कोटेचा (87%), द्वितीय प्रतीक मेश्राम (85.8%), तृतीय दीपिका कुमावत (83%) तथा वाणिज्य संकाय में प्रथम राषि रंगारी (93.8%) के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त की है, द्वितीय रिशभ जैन (90%), तृतीय दृष्टि राठौर (89%) रहे।



स्कूल के शानदार परीक्षा परिणाम पर शाला की प्राचार्य श्रीमती पिंकी खंडेलवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत लगन के साथ अभिभावक एवं शिक्षकों के प्रोत्साहन के कारण विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है। कड़ी मेहनत एवं सतत् अभ्यास के कारण ही आज हम इस मुकाम पर पहुँचे है।

इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, श्रीमती संध्या देवी सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, सचिव गगन लड्डा, सह-सचिव निकुंज सिंघल, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, हरीश गांधी - रूपाली गांधी, ऐकेडमी हेड अमित उत्तलवार, प्रशासक अनिल वाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती पिंकी खंडेलवाल (सीजी अंग्रेजी माध्यम), प्राचार्य श्रीमती बैलजा नायर (सीबीएसई), प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव (सीजी हिन्दी माध्यम), उपप्राचार्य श्रीमती वंदना डुंभरे, उपप्राचार्य श्रीमती रष्मि ठाकुर, उपप्राचार्य श्रीमती तामेष्वरी साहू, प्रणव दवे एवं मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी तथा साथ ही सुश्री कविता रंजन, श्रीमती पूनम सिंह,अरविंद कुमार निषाद, श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, सुकान्त सरकार, विकास शर्मा, अविनाष देवांगन, श्रीमती किरण चन्द्राकर एवं सुश्री मेघा साहू आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बधाई दी।

# कलेक्टर ने सुबह विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण



- नवागांव सेनिटेशन पार्क का किया अवलोकन, कचरा निपटान एवं खाद बनाने की प्रक्रिया देखी
- स्वच्छता दीदीयों को घर से ही गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग लेने के लिए कहा
- नवागांव पानी टंकी का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव,** 8 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज सुबह राजनांदगांव शहर के वार्ड क्रमांक 1 से 5 में पेयजल, साफ-सफाई व्यवस्था, विद्युत एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। नवागांव सेनिटेशन पार्क ट्रेंचिंग ग्राऊण्ड का अवलोकन कर कचरा निपटान एवं खाद बनाने की प्रक्रिया देखी तथा स्वच्छता दीदीयों से चर्चा करते हुए कहा कि कचरे का समुचित निपटान करें। उन्होंने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के संबंध में जानकारी ली तथा प्लास्टिक वेस्ट अलग करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि घर से ही गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग लें। इसके संबंध में जागरूकता लाने की आवश्यकता है, ताकि नागरिक गीले एवं सूखे कचरे को अलग कर स्वच्छता दीदी को प्रदान करें, इसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने नवागांव पानी टंकी का निरीक्षण किया तथा वाल्वमैन से चर्चा कर पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नवागांव में लो वोल्टेज के संबंध शिकायत मिलने पर इसे दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बाबूटोला, ढाबा में वार्डवासियों से रूबरू हुए और उन्होंने पेयजल के संबंध में जानकारी ली तथा अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चिखली में नाला निर्माण कार्य को बारिश के पहले पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री यूके रामटेके सहित वार्ड पार्षद एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सट्टा कार्यवाही के साथ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**राजनांदगांव,** 8 मई (देशबन्धु)। आर0 1764 के साथ प्रायवेट मो0सा0 मे जुर्म जरायम पतासाजी एवं टाउन प्रट्रोलिंग पर स्वाना हुआ था पेट्रोलिंग के दौरान जरिये मुखबीर मो0 से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति महामाया चौक में अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिख रहा है तथा मोबाईल फोन से भी लिख रहा है कि सूचना पर मुखबीर पंचनामा तैयार किया तथा गवाह चन्दन देवांगन एवं राहुल साहू को तलब कर गुखबीर सूचना से अवगत कराकर धारा 179 बीएनएसएस का नोटिस देकर मुखबीर के बताये स्थान पर हमराह स्टाप एवं गवाह के जाकर रेड कार्यवाही किया तो आरोपी द्वारा अपने पान ठेल में बैठकर सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ मिला जिसे नाम पता पूछने पर आरोपी ने अपना नाम बलराम साहू पिता ननकू राम साहू उम्र 45 वर्ष निवासी बलदेव प्रसाद स्कूल के पीछे थाना बसंतपुर का रहने वाला बताया जिसके पास से 03 नग रहा पट्टी कोरा कागज मे लिखा हुआ तथा एक नग रेडमी कम्पनी का एंड्रायड मोबाईल काले रंग तथा नगदी रकम 2400 रूपये आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया जिसे गवाहो के समक्ष जप्त किया गया आरोपी का कृत्य छ0म0 प्रतिशोध अधिनियम की धारा 6 का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया आरोपी के विरूद्ध अपराध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया जाकर एसडीएम न्यायालय प्रस्तुत किया गया जहाँ जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया।




# एविएशन और हॉस्पिटैलिटी में करियर के अवसर विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

## स्वर्गीय बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में हुआ सम्पन्न

**कुम्हारी,** 8 मई (देशबन्धु)। विद्यार्थियों को एविएशन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग में उपलब्ध गतिशील करियर संभावनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान के उद्देश्य से प्लेसमेंट और करियर काउंसलिंग सेल एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फ्लेज इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन एंड हॉस्पिटैलिटी के सहयोग से स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में

यह कार्यक्रम आयोजित किया गया । फ्लेज इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन एंड हॉस्पिटैलिटी की निदेशिका, श्रीमती रीत शारदा शुक्ला ने एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी दी । उन्होंने इन क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग पर प्रकाश डाला, उन्होंने केबिन क्रू, एयरपोर्ट प्रबंधन, हॉस्पिटैलिटी सेवाओं और एविएशन संचालन सहित विभिन्न करियर मार्गों पर विस्तार से चर्चा की । ज्ञानवर्धक यह सत्र अत्यंत उत्साहजनक, कौतुहलपूर्ण, संवादात्मक रहा, विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लिया और कौशल विकास, उद्योग की अपेक्षाएं एवं रोजगार के अवसरों से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त किया । श्रीमती शुक्ला ने व्यावसायिक प्रशिक्षण, संचार कौशल एवं उद्योग-विशिष्ट प्रमाणपत्रों के महत्व को रेखांकित किया, जिससे रोजगार क्षमता को बेहतर बनाया जा सके । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्या डॉ. सोनिता सत्संगी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में एविएशन एवं हॉस्पिटैलिटी से संबंधित कई अवसर होने के बावजूद छत्तीसगढ़ के छात्रों का इस क्षेत्र में योगदान कम है । इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु समस्त विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया । उत्साह, ऊर्जा एवं उद्देश्य इन तीनों वाक्यों के मूल को जीवन में कभी न भूलने की सीख दी । साथ ही फ्लेज इंस्टीट्यूट से आए समस्त अतिथियों, विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकगण का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सेमिनार के सफलतापूर्ण आयोजन के लिए समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाईयां दी । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अर्चना उरांव, सहायक प्राध्यापिका, वाणिज्य (संयोजक, प्लेसमेंट एंड करियर काउंसलिंग सेल) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रकट डॉ. पदमा सोमनाथे द्वारा किया गया, इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, समस्त शैक्षिक एवं कार्यालयीन कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे ।



# वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन

**थानखम्हरिया/साजा,** 8 मई (देशबन्धु)। केंद्र सरकार के द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर जिस तरह से संसद में प्रस्ताव पारित किया जाना है उसे लेकर 8 मई को अंबेडकर भवन साजा में संकीर्तन सेवा संस्थान साजा के बैनर तले एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त शहर के बुद्धिजीवी वर्ग ने भी अपने विचार खुलकर रखे तथा देश हित में इस अति महत्वपूर्ण संविधान को लागू किए जाने की आवश्यकता बताई। वक्ताओं ने कहा कि विकासशील देश के लिए अति आवश्यक है कि देश में एक साथ चुनाव संपन्न हों जिससे समय और पैसे की बचत होगी साथ ही साथ ब्यूरोक्रेट्स की प्रतिभा का पूरा उपयोग देश हित में होगा जिससे देश विकासशील के बदले विकसित देश में अपनी गिनती जल्द ही करवा पायेगा। केंद्र सरकार द्वारा देश हित में यह नियम लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता बता दी गयी है आवश्यकता है इसे लोगों को अपनाने की ताकि देश विकास के नए सोपान तय कर सके। उक्त संगोष्ठी को साजा के बुद्धिजीवी वर्ग में मुख्य रूप से सहयोगी संस्था की ओर से चंद्रशेखर सिंह राजपूत, लवकुश अग्रवाल सेवानिवृत्त शिक्षक, ललित अग्रवाल सेवानिवृत्त प्रधानपाठक, तोरण लाल सिंह ने अपने विचार रखकर इसे देश की आवश्यकता बताया। हालांकि वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा इस अहम संविधान के बारे में लोगों तक केंद्र सरकार की मंशा पहुंचाने के लिए समिति का गठन किया गया है। विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी के मुख्य वक्ता दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक सांवरा राम डेहरे, अवधेश चंदेल पूर्व विधायक बेमेतरा, ओमप्रकाश जोशी पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा को यह जिम्मेदारी दी गई है जिसके चलते वक्ताओं ने विचार संगोष्ठी में रखे। पूरे संभाग में शासन के इस संविधान के बारे में जन-जन तक बात पहुंचाने की जिम्मेदारी है। संगोष्ठी में विधायक ईश्वर साहू, लाभचंद बाफना पूर्व विधायक साजा, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जितेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष साजा, हिमांशु वर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष साजा, हषर्वर्धन तिवारी, बुलाक साहू मंडल अध्यक्ष साजा, केशव पटेल मण्डल अध्यक्ष थानखम्हरिया, नारद वर्मा, जय सिंह राजपूत, मूलचंद शर्मा, रोहित राजपूत, परमेश्वर वर्मा, बिष्णु साहू, त्रिलोकी साहू, प्रेरणा सिंह, लक्ष्मी वर्मा, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन ज्वाला सिंह राजपूत ने तथा आभार प्रदर्शन जिला संयोजक संजीव तिवारी ने किया।




# श्रीरामहर्षण कुंज साजा में मनाया गया जानकी नवमीं

**थानखम्हरिया/साजा,** 8 मई (देशबन्धु)। माता सीता करूणा, वात्सल्य, प्रेम, दया की खान हैं। वे भगवान राम की भी प्रेरक हैं। सीता जी भक्ति स्वरूपा हैं आदिशक्ति हैं जिससे उद्भव, पालन तथा संहार होता है।

श्री रामहर्षण कुंज साजा में आयोजित जानकी प्रकटोत्सव में महंत श्री वैष्णवदास जी ने कहा कि माँ सीता हमारे सरकार की आराध्या हैं हम सब इस आयोजन में भाग लेने वाले शौभाग्यशाली हैं। माँ सीता हमारे मन और बुद्धि को निर्मल करेंगी। महंत जी ने कहा उत्सव की बड़ी महिमा है। मन को संसार से दूर रख परमात्मा में लगावें। जीव का स्वभाव है संसार में रत रहना लेकिन संसार एवं परमात्मा के कार्यों में सामंजस्य बनाना जीव की बुद्धिमानी पर आश्रित है। सीता जी बड़ी कृपालु हैं दयालु हैं भक्तों की जरा सी आराधना पर द्रवित होकर उस जीव को प्रभु की शरण में ले जाती हैं। गुरूभक्त पुरूषोत्तम दुबे ने कहा भगवान को निर्मल मन एवं हृदय वाला जीव प्रिय है। निर्मल मन देने वाली जानकी जी हैं जो भक्त को सहज ही प्रभु की शरणागत कर देती हैं। भगवान तक पहुँचने का सबसे सुगम उपाय जानकी जी हैं। यहॉं के जानकी जीवन लाल जू भक्तों की सब प्रकार से रक्षा करते हैं यह सिद्ध पीठ है।



# ग्राम धमकी में अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापामार कार्रवाई,15 आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा,** 8 मई (देशबन्धु)। कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब व मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 08 मई 2025 को ग्राम धमकी (पाराधीपारा) में एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया।



प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर सुबह लगभग 6:00 बजे ग्राम धमकी स्थित पाराधीपारा क्षेत्र में संदिग्ध मकानों की घेराबंदी कर एक साथ दबिश दी गई। मौके पर 15 आरोपी पुरुषों व महिलाओं को अवैध रूप से महुआ शराब निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय में संलिप्त पाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

कार्यवाही के दौरान आरोपियों के पास से कच्चा महुआ, तैयार महुआ शराब, प्लास्टिक ड्रम, एल्यूमीनियम बर्तन, पाइप, उबालने की भट्टियाँ तथा अन्य निर्माण संबंधी उपकरण बड़ी मात्रा में बरामद किए गए। जब्त की गई सामग्री एवं शराब का मूल्य आंकलन उपरांत विधिसम्मत कार्यवाही हेतु संलग्न किया जा रहा है। समस्त आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया है।

यह अभियान पूरी तरह प्रभावी एवं पेशेवर ढंग से संचालित किया गया, जिससे ग्रामवासियों में भय अथवा अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई एवं अवैध शराब निर्माण और बेचने वालों में हड़कंप मच गया।

गिरफ्तार आरोपीयों के नाम

राकेश पारधी पिता राही लाल पारधी उम्र 30 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा 02-गोकूल पारधी पिता कोमल लाल पारधी उम्र 19 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा

दिनेश पारधी पिता बालाराम पारधी उम्र 35 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा

कुमार लाल पारधी पिता स्व जोधराम पारधी उम्र 50 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा

मुकेश कुमार पारधी पिता कुमार पारधी उम्र 19 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा

राहुल पारधी पिता मनोज पारधी उम्र 19 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा

अश्वनी पारधी पिता आजूराम पारधी उम्र 32 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा

सरोतन पारधी पिता स्व जोधराम पारधी उम्र 35 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा जिला कबीरधाम

अश्वन पारधी पिता सन्ता लाल पारधी उम्र 25 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा

पिन्टू पारधी पिता लाला राम पारधी उम्र 28 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा

दिलीप पारधी पिता मीना लाल पारधी उम्र 24 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा

बिशाल पारधी पिता लाला राम पारधी उम्र 20 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा जिला कबीरधाम

किशन पारधी पिता मोहन लालउम्म्र 20 साल साकिन लेंजवारा (बूचीडीह) थाना बेरला जिला बेमेतरा

रोशन पारधी पिता अमर लाल पारधी उम्र 20 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा जिला कबीरधाम

सोनू पारधी पिता रामामनुज पारधी उम्र 20 साल साकिन ग्राम धमकी थाना कवर्धा जिला कबीरधाम

# कबीरधाम जिले के तीन विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रवीण्य सूची में बनाई जगह, जिले का नाम किया रोशन

**कवर्धा,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में कबीरधाम जिले के तीन प्रतिभावान विद्यार्थियों ने राज्य की प्रवीण्य सूची में स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इन विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय प्रवीण्य सूची में स्थान बनाना सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि यह जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्रोत भी है। यह सफलता दिखाती है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के माध्यम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।



- उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

जिले के सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल, पांडातराई के छात्र जैनेन्द्र जायसवाल ने 98.67 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की टॉप टेन सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है, जो जिले में सर्वाधिक है। वहीं, बीआरसी पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल, कुंडा के प्रिंसि चंद्राकर ने 98.33 प्रतिशत अंकों के साथ छठवां स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय की मौली चंद्राकर ने भी 97.83 प्रतिशत अंक हासिल कर 9 वे स्थान में प्रवीण्य सूची में अपनी जगह सुनिश्चित की है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता न केवल उनके परिश्रम का परिणाम है, बल्कि यह उनके माता-पिता, शिक्षकों और पूरे जिले की शिक्षा प्रणाली के समर्पण का प्रमाण भी है। ये विद्यार्थी आने वाले समय में राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। मैं उन्हें दिल से बधाई देता हूँ।

जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने बताया कि इस वर्ष हाई स्कूल कक्षा 10वीं परीक्षा में कुल 9422 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है, जो 77.42 उत्तीर्ण प्रतिशत है। वहीं कक्षा 12वीं में 7083 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसमें सफलता दर 82.94 प्रतिशत रही। यह उपलब्धि जिले की शैक्षणिक प्रगति का प्रमाण है और आने वाले वर्षों में इसके और बेहतर परिणाम होंगे।

# कलेक्टर से राज्य के मेरिट सूची में दबदबा बनाने वाले विद्यार्थियों ने सौजन्य भेंट की



**कवर्धा,** 8 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा से आज छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल दसवीं बोर्ड परीक्षा में राज्य के मेरिट सूची में दबदबा बानने वाले विद्यार्थियों ने सौजन्य भेंट की। इस उपलब्धि पर कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं उनके माता-पिता और स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकों को सम्मानित किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने छात्रों को जिले का नाम गौरवान्वित करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने टॉप-10 में शामिल विद्यार्थियों को भविष्य में उनके उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शासन एवं प्रशासन स्तर पर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा यह सफलता स्कूल के शिक्षकों, पालकों और विद्यार्थियों के मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों की मेहनत से टॉप-10 में जगह बनाने से अन्य विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी। ये विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ेगें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मंजिल को पाने के लिए लक्ष्य पहले से ही निर्धारित कर लेना चाहिए और उसी के अनुरूप मेहनत कर सफलता प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी जिला शिक्षा अधिकारी श्री वाईडी साहू, सहायक संचालक श्री एम. के गुप्ता, सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर पांडातराई के छात्र जैनेन्द्र जायसवाल ने 98.67 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की टॉप टेन सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है जो जिले में सर्वाधिक है। वहीं, बीआरसी पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल, कुंडा के प्रिंसि चंद्राकर ने 98.33 प्रतिशत अंकों के साथ छठवां स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय की मौली चंद्राकर ने भी 97.83 प्रतिशत अंक हासिल कर 9 वे स्थान में प्रवीण्य सूची में अपनी जगह सुनिश्चित की है।

कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में छठवा स्थान हासिल करने वाली बीआरसी पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल, कुंडा के प्रिंसि चंद्राकर ने बताया कि ग्यारहवीं कक्षा में वाणिज्य संकाय लेकर पड़ना चाहती है। उनका सपना सीए बनना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और माता पिता ने सभी विषयों को पढ़ते हुए व्यवहारिक जीवन में उपयोगिता को बताया। जिससे पढ़ाई करना आसान हुआ। उन्होंने बताया कि स्कूल में शिक्षकां के मार्गदर्शन और माता-पिता से मिली प्रेरणा से सफलता मिली है। 9 वे स्थान में प्रवीण्य सूची में अपनी जगह सुनिश्चित करने वाली मौली चंद्राकर ने अपने माता पिता और शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी के मार्गदर्शन में यह सफलता मिली है। हायर सेंकेण्डरी में विज्ञान संकाय से पड़ना चाहती है और भविष्य में सिविल सर्विस में अपना सेवा देना चाहती है।

उल्टा पुल्टा

चिंटू- मम्मी...मुझे स्कूल से निकाल दिया गया है.
मम्मी- क्यों?
चिंटू- मैंने तो बस एक मच्छर मारा था.
मम्मी- इतनी सी बात पर कोई नहीं निकालता है।
चिंटू- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा था।

## संपादकीय

### जल्दी लगें हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट

वैसे तो पूरे देश की तरह छत्तीसगढ़ में भी 1 अप्रैल, 2019 के पहले खरीदे गये वाहनों पर हाई सेक्यूरिटी नंगर प्लेट लगाने की अनिवार्यता 1 अप्रैल, 2025 से लागू कर दी गयी थी, परन्तु जिन एजेंसियों को प्रदेश में इस कार्य का ठेका दिया गया है, उन दोनों का काम इतना धीमा है कि अब तक कुछ ही लोग अपने वाहनों पर ये नंबर प्लेट लगवा पाये हैं। बताया जाता है कि लाखों वाहन ऐसे हैं जिन पर अनिवार्य किये गये नंबर प्लेट नहीं लग पाये हैं। इसमें तेजी लाये जाने की ज़रूरत है। जो लोग ये नंबर प्लेट लगवाना चाहते हैं उन्हें लम्बा इंतज़ार करना पड़ रहा है।

प्रदेश के परिवहन विभाग के उच्चाधिकरियों ने बुधवार को इस बाबत वर्चुअल बैठक लेकर जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने अनुबन्धित एजेंसियों को काम में तेजी लाने के लिये कहा। इसके लिये सभी जिलों में शिविर लगाने की सलाह दी गयी जहां आरटीओ व डीटीओ अधिकारियों के साथ अनुबन्धित कम्पनियों के प्रतिनिधि मौजूद हों। उन शिविरों और फिटमेंट केन्द्रों में सभी तरह की ज़रूरी जनसुविधाएं- यथा बैठने के स्थान, जल आदि उपलब्ध हों। यह भी कहा गया कि फिटमेंट सेंटरों में स्टाफ की कमी न हो। ज़रूरी हो तो ठेका कम्पनियां इन केन्द्रों की संख्या भी बढ़ाये ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को यथाशीघ्र ये नंबर प्लेट मिल सकें।

उल्लेखनीय है कि राज्य में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिये सरकार ने दो कम्पनियों के साथ अनुबन्ध किया है। रियल मेजोन (फोन क्रमांक +911 206457502 एवं +911 206457503) और रोजमेटा (मोबाइल क्र. 9818188721) से सम्पर्क किया जा सकता है।

इस कार्य में विलम्ब के कई कारण हैं। पहला तो यह है कि सरकार द्वारा एजेंसियां मुकर्रर करने और फिर शुल्क आदि को लेकर शर्तें तय करने में खासा विलम्ब हुआ था। यह भी हो जाने के बाद अनुबन्धित एजेंसियों ने भी अपना काम बहुत विलम्ब से शुरू किया। उन्हें विभिन्न जिलों तथा शहरों में अपना नेटवर्क बनाने में भी समय लगा। कायदे से यह काम काफी पहले हो जाना चाहिये था। सरकार ने जो तारीख निर्धारित की थी, तब तक अधिकांश वाहनों में ये नंबर प्लेट लग जाने चाहिये थे। ऐसा न होने से शासकीय आदेश का पावित्र्य कम होता है साथ ही लोग उनकी उपेक्षा करते हैं। इस कार्य में हुए विलम्ब को समझते हुए फिलहाल यातायात पुलिस व आरटीओ दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है जिससे लोग नंबर प्लेट लगवाना टाल रहे हैं।

सरकार को चाहिये कि एजेंसियों पर दबाव डालकर यथाशीघ्र नंबर प्लेट लगवाने का कार्य पूरा कराए। जरूरी है कि जनसामान्य के बीच, खासकर ग्रामीण इलाकों में इसका पर्याप्त प्रचार भी हो। लोगों को हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट की महत्ता बताई जाये और उन्हें लगवाने के लिये प्रेरित किया जाये।

# महानदी में रेत माफियाओं द्वारा अवैध रेत खनन

## नवापारा तहसीलदार राजकुमार साहू एवं अतिरिक्त तहसीलदार सृजन सोनकर ने फिर की जप्ती करवाई , रेत माफियाओं में दहशत






**नवापारा राजिम,** 8 मई (देशबन्धु)। गोबरा नवापारा, रायपुर और गरियाबंद जिले की सीमा पर स्थित तर्री ,लखना के पास महानदी में रेत माफिआओं ने अवैध खनन का खुला कारोबार शुरू कर दिया। दिनदहाड़े बड़े पैमाने पर हो रहे इस खनन से नदी का पर्यावरण संकट होते जा रहा है गोबरा-नवापारा क्षेत्र में जल संसाधन विभाग द्वारा जल स्तर बनाए रखने के लिए बनाए गए डाइक के ठीक बगल में माफिआ बेखौफखनन कर रहे हैं, जिससे जल स्तर पर भी गंभीर असर पड़ रहा है।

**खनिज विभाग की चुप्पी से उठ रहे कई सवाल**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनिज, पुलिस और पर्यावरण विभाग जैसे जिम्मेदार महकमे इस अवैध कारोबार पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। इससे प्रशासन और माफिआओं की सांठगांठ का संदेह गहरा रहा है। खनिज विभाग की इस मनमानी को देखकर ग्राम वासियों ने इसकी शिकायत नयापारा तहसीलदार राजकुमार साहू एवं अतिरिक्त तहसीलदार सृजन सोनकर को की। श्री साहू एवं सोनकर ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संयुक्त रूप से स्थानीय पुलिस की टीम लेकर छापा मारा और स्थल पर इतने बड़े पैमाने पर अवैध खनन को देख कर जप्ती करवाई की गई। रेत माफिआओं की इस मनमानी से न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि शासन की छवि भी धूमिल हो रही है। रेत माफिआओं की बेलगाम गतिविधियों पर सवाल उठ रहे हैं। सरकार को इस गंभीर मुद्दे पर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है ।

यही नहीं तर्री भूमि स्वामी ने बताया कि रेत माफिआ दूसरे की निजी भूमि से जबरन रेत उत्खनन एवं निकासी कर है मनाकरने पर अपने लठेतों को धमकी दी जाती है और अपने आपको पहुंच वाला व्यक्ति बताताहै । अवैध उत्खनन का प्रशासन द्वारा जांच की जाएगी तो भूमि स्पैवामी फंस जायेगा और पैसा कोई और कमा कर लें जायेगा ।

# बोरसी में तेज रफ्तार माजदा और ट्रैक्टर की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत





**हादसे में एक व्यक्ति की मौत तीन की हालत गंभीर**

**राजिम,** 8 मई (देशबन्धु)। राजिम-फिंगेश्वर मार्ग के समीपस्थ ग्राम बोरासी में तेज रफ्तार माजदा वाहन और ट्रैक्टर की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हुई है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत गंभीर है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना भीषण था कि माजदा वाहन के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना ।

जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 8 बजे राजिम-फिंगेश्वर मार्ग पर ग्राम बोरसी के पास दो वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि राशन सामग्री से भरा माजदा वाहन राजिम से फिंगेश्वर की ओर आ रहा था। वहीं, फरसी पत्थर से भरा ट्रैक्टर बोरसी से राजिम की ओर जा रहा था। इस दौरान बोरसी के मोड़ के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि माजदा वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चालक नंदकुमार उर्फमोंटू यादव की मौके पर ही मौत हो गई। उनका शव वाहन में बुरी तरह फंस गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी की मदद से शव को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

माजदा वाहन में सवार पवन हल्बा, संजू मरकाम (हेल्पर) और ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए फिंगेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आवश्यक मांगों को लेकर टंकराम वर्मा से मिले डी.एड अभ्यर्थी



**बलौदाबाजार,** 8 मई (देशबन्धु)। शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक के 2300 से अधिक रिक्त पदों पर छठवें चरण की काउंसलिंग 1:2 (अनुपात) में कराये जाने हेतु जिले के समस्त डी एल एड डी एड अभ्यर्थी टंकराम वर्मा युवा एवं खेल, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री छत्तीसगढ़ से सौजन्य मुलाकात कर अपने मांगों को लेकर पत्र सौपे। मुलाकात के दौरान डी.एड अभ्यर्थियों के द्वारा मंत्री को अवगत कराया गया कि पूर्व मे विज्ञापित सहायक शिक्षक के 6285 पदों नियुक्ति की कार्यवाही उपरांत पाचवे चरण की काउंसलिंग व नियुक्ति उपरांत 3979 पदों पर नियुक्ति हुई है, और 2300 से अधिक लगभग 40 प्रतिशत पद अभी भी रिक्त है। उक्त पदों को प्रक्रिया के तहत नियमानुसार 1 जुलाई 2025 तक पूर्ण किये जाने हेतु समय निर्धारित है। भर्ती प्रक्रिया के दौरान न्यायालयीन प्रकरणों के चलते रोक लगने के कारण पूर्व के 984 पदों पर भर्ती किया जाना शेष है एवं पंचम चरण के 2621 पदों के विरूद्ध काउंसलिंग उपरांत 1299 पद ही भरे गये है। जबकि 1316 अभी तक बचे हुए है इस प्रकार शेष 984 पद एवं पाचवे काउंसलिंग उपरांत बचे रिक्त पदों को मिलाकर कुल 2301 पद बचे हुए है। उक्त पदों पर लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. के पत्र 24 अप्रैल 2025 के तहत सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत सहायक शिक्षक पद की छठवे चरण की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने के संबंध में निर्देश जारी किया गया है।

अभ्यर्थियों ने मुख्य रूप से बताया कि पुर्व भर्ती प्रक्रिया के तहत मेरिट सूची से अभ्यर्थियों को काउंसलिंग में 1:1 (अनुपात) मे बुलाया जाता है, किन्तु मेरिट सूची सत्यापित सूची नहीं होने के कारण काउंसलिंग में अपात्र व्यक्तियों का नाम भी सम्मिलित हो जाता है, जिस वजह से पात्र योग्यताधारी अभ्यर्थियों का नाम >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# बोर्ड परीक्षा परिणाम में शाश्वत स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बलौदाबाजार,** 8 मई (देशबन्धु)। छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड कक्षाएं दसवीं एवं बारहवी परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें शाश्वत स्कूल के कक्षा 12वीं कि छात्रा लुभी साहू ने छ.ग. राज्य मेरिट सूची 97 प्रतिशत अंक के साथ चौथा स्थान प्राप्त कर जिले, स्कुल एवं अपने माता पिता का नाम रौशन किये। इसके अलावा कक्षा 10वी में प्रिंसी वर्मा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किए। साथ ही कक्षा बारहवी से तन्नु साहू 94.6 प्रतिशत कृषिका फेकर 91 प्रतिशत पायल साहू 91 प्रतिशत, कनिष्का यादव 90.8 प्रतिशत कक्षा दसवीं से सतीस राय 96.3 प्रतिशत तथा वसुंधरा साहू 96.16 प्रतिशत तुषार जांगड़े 95.33 प्रतिशत हिमानी पटेल 94.5 प्रतिशत, मानसी कुर्रे 93 प्रतिशत, अनिषा ध्रुव 92 प्रतिशत, शायरा चतुर्वेदी 91.88 प्रतिशत, वंदना देवांगन 90.83 प्रतिशत, माही सोनी 90.33 प्रतिशत प्राप्त किए। शाश्वत स्कूल का परीक्षाफल शत्प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा दसवीं व बाहरवीं में 170 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। स्कूल के संचालक, प्राचार्य एवं स्कूल के समस्त शिक्षकगणों ने सभी विद्यार्थीयों को परीक्षा में सफलता की शुभकामनाएं दिए।

# न्यायालय में डिजीटाइजेशन केन्द्र का शुभारंभ



**जिला न्यायालय महासमुंद में होगा अब पेपरलेस**

**महासमुंद,** 8 मई (देशबन्धु)। जिला एवं सत्र न्यायालय महासमुंद में डिजिटल स्कैनिंग सेंटर अर्थात डिजीटाइजेशन केन्द्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम वर्चुअल रूप से मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा की उपस्थिति में किया गया। उक्त अवसर पर छग उच्च न्यायालय बिलासपुर के डिजीटाइजेशन कमेटी के अध्यक्ष न्यायाधिपति नरेन्द्र कुमार व्यास एवं समिति के अन्य सदस्य न्यायमुर्तिगण उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति ने उद्बोधन में कहा कि यह डिजीटल स्केनिंग सेंटर के माध्यम से न्यायालयीन दस्तावेजों का डिजिकरण कर दस्तावेजों को सुरक्षित एवं संरक्षित रूप से रखे जाने का प्रयास है। जिला न्यायालय में अभिलेखों के डिजीटाइजेशन कार्य संपादित होने से न्यायालयीन प्रकरणों के अभिलेख के सुरक्षित रख.रखाव एवं संग्रहण में सहयोग मिलेगा। न्यायालयीन कार्रवाई में कागजों का प्रयोग कम होने से एवं भविश्य में पेपरलेस कोर्ट की अवधारणा साकार होने से न्यायालयीन कार्रवाई के समय प्रबंधन में उन्नयन होगा। इसी प्रकार पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं के लिए भी इस सुविधा से दस्तावेज प्राप्त करने एवं न्यायालयीन कार्रवाई से अवगत होने में तकनीक का सहयोग मिलने से सुलभता एवं सुगमता होगी। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महासमुंद आनंद बोरकर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव श्रीमती आफरीन बानो सहित अन्य न्यायाधीशगण और विभिन्न विभागों के अधिकारी, न्यायालयीन कर्मचारी, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समिति ने बीज निगम अध्यक्ष चन्द्रहास का किया सम्मान



**महासमुंद,** 8 मई (देशबन्धु)। राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं प्रभातफेरी समिति इमलीभाठा महासमुंद द्वारा कृषि एवं बीज विकास निगम अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर का अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर पूरे शहर में इमलीभाठा प्रभातफेरी एवं राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति द्वारा अनवरत रामनाम का अलख जगाने एवं सनातनी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिये श्री चंद्राकर द्वारा प्रशंसा की गई । उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद व स्नेह से मुझे बड़ी जिम्मेदारी छग सरकार द्वारा दी गई है । किसानों की तरक्की व खुशहाली के लिये हरसंभव प्रयास करते हुये ऐतिहासिक कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि श्री चंद्राकर संघर्षशील व जुझारु व्यक्ति होने के साथ संघ में सदैव समर्पित रहे हैं । इस अवसर पर उन्होंने भी प्रभातफेरी समिति की तारीफकी । समिति के सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन ने कहा कि श्री चंद्राकर नेतृत्व क्षमता के धनी होने के साथ साथ अत्यंत सहज सरल एवं मधुर एवं मिलनसार व्यक्ति हैं । उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर हम समिति की ओर से उन्हें बधाई देते हैं । संचालन करते हुये टेकराम सेन चमक ने कहा कि इमलीभाठा प्रभातफेरी समिति निरंतरता बनाने में पूरे महासमुंद में सफल रहा है । इस अवसर पर नवनियुक्त पार्षद गण पप्पू सुनैना ठाकुर, जय देवांगन, माखन पटेल को भी सनम्मानित किया गया । इस दौरान समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं लोक गायक लालाराम साहू एवं डी आर सोरी द्वारा सुमधुर भजन के माध्यम से श्री चंद्राकर को सम्मान दिया गया । कार्यक्रम के दौरान डी आर सोरी अध्यक्ष, जी एस ठाकुर, लालाराम साहू, हनीश बग्गा, राहुल चंद्राकर, नीलमणी चंद्राकर, हीरा सिंह साहू, तीरथदास वैष्णव, सुदामा मिश्रा, विजय चंद्राकर, पूरन, नेमीचंद अग्रवाल, दाऊलाल अग्रवाल, गोवर्धन साहू, मानिक विश्वकर्मा सहित प्रभातफेरी समिति के सदस्य गण उपस्थित थे ।

कार्यक्रम का संचालन टेकराम सेन व आभार प्रदर्शन हनीश बग्गा ने किया। उक्त जानकारी विजय चंद्राकर ने दी है।

# प्रथम नगर आगमन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय का युवा कांग्रेस ने किया भव्य स्वागत



**महासमुंद** 08 मई (देशबंधु)। एक दिवसीय प्रवास पर छग पहुंचे भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब का महासमुंद प्रथम आगमन पर जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर एवं विराज चंद्राकर के नेतृत्व में स्थानीय नेहरू चौक में भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय के साथ प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश प्रभारी ओझा जी एवं आस मोहम्मद भी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर के नेतृत्व में सैकड़ो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा पहलगाम में शहीद हुए भारतीयों की याद में वन्दे भारत मशाल यात्रा निकाली गई जिसकी अगुवाई खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु ने और अंबेडकर चौक पहुँचकर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम कों सलाम किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, विनोद चंद्राकर पूर्व विधायक, अमरजीत चावला प्रदेश महामंत्री, मुकेश यादव पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पिथौरा, दाऊलाल चंद्राकर जिलाध्यक्ष स्काउट गाइड संघ, खेलावन बघेल शहर अध्यक्ष, नितिन बनर्जी जिला अध्यक्ष सेवादल, प्रदीप >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# मेरिट लिस्ट में आए सौरभ और समीर का कलेक्टर ने किया सम्मान





**धमतरी,** 8 मई (देशबन्धु)। कक्षा दसवीं के घोषित परीक्षा परिणामों में राज्य की मेरिट लिस्ट में धमतरी जिले के दो विद्यार्थी सौरभ और समीर भी शामिल हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज इन दोनों विद्यार्थियों को कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। अपने परिजनों के साथ आए इन दोनों विद्यार्थियों को कलेक्टर ने इस उपलब्धि के लिए बहुत बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दोनों विद्यार्थियें को मिठाई भी खिलाई और गिफ्ट देकर उनका उत्साह बढ़ाया। कलेक्टर ने बच्चों के साथ आए पालकों डोमन जोशी और

भुवन साहू का भी हौसला बढ़ाया। कलेक्टर ने दोनों बच्चों की इस उपलब्धि के लिए पालकों को भी बधाई दी और कहा कि बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रशासन द्वारा हरसंभव मदद की जाएगी। कलेक्टर ने बच्चों को पढ़ाई में होने वाली किसी भी प्रकार की परेशानी को भी बताने को कहा। श्री मिश्रा ने बच्चों की मांग पर दोनों स्कूलों में विज्ञान विषय के शिक्षकों की पर्याप्त संख्या में नियुक्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर. जगदल्ले को दिए।

उल्लेखनीय है कि कल ही छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित किए हैं। कक्षा दसवीं >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल का परीक्षाफल उत्कृष्ट



**योगेश जायसवाल 96.83 प्रतिशत के साथ अव्वल**

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु मन्दिर कसडोल का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा है। सरस्वती शिशु मन्दिर कसडोल के छात्र योगेश कुमार जायसवाल पिता विजय कुमार जायसवाल ने हाईस्कूल परीक्षा में 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय के 76 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिसमें 54 प्रथम श्रेणी में तथा 18 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। तीन को पूरक की पात्रता मिली तथा एक अनुत्तीर्ण रहा। इसप्रकार परीक्षाफल 95 प्रतिशत रहा। योगेश जायसवाल 98.93: प्रथम, मनोरमा साहू पिता प्रवीन कुमार साहू 94.33: द्वितीय, योगेश साहू पिता रामेश्वर प्रसाद साहू 93.3: तृतीय, गौरव महेंद्र पिता मोहन महेंद्र 92.16: चतुर्थ, लितेश्वरी साहू पिता शंकर लाल साहू 91.83: पंचम स्थान पर रहे। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा में 33 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें 25 प्रथम श्रेणी तथा 5 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कुल परीक्षाफल 91: रहा। परमेश्वर केवट पिता पुरुषोत्तम 86.2: प्रथम, हेमंत कुमार साहू पिता ओमप्रकाश साहू >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## कृष्णा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेरा का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 8 मई (देशबन्धु)। कृष्णा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेरा के कक्षा 10 वी एवम 12 वी का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा जिसमे कक्षा 10 वी का परिणाम 78.78: रहा एवम कक्षा 12 वी का परिणाम 85.71 प्रतिशत रहा है। जिसमें कक्षा 10 वी में चंद्रवीणा पटेल ने 92.16 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, श्वेता देवांगन 86.50 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, समीर कुमार साहू 80.50 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी प्रकार कक्षा 12 वी के दीपमाला पटेल ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, महेशवरी जोशी 93.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, एवम भूमिका यादव 88.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर संस्था के संचालक श्रीमती संध्या धर्मेन्द्र पटेल, प्राचार्य श्रीमती गायत्री उपाध्याय, संस्था के पदाधिकारी घनश्याम पटेल, रामाधार पटेल, शंकर दयाल पटेल, अनीता पटेल एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को बधाई दी एवम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

# समाधान शिविर का उद्देश्य योजनाओं की पहुंच आम नागरिकों तक पहुंचे:विधायक

- शहर के वार्ड 6 में समाधान शिविर का आयोजन,स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी
- हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किया गया



**महासमुंद** 8 मई (देशबंधु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र का पहला समाधान शिविर बुधवार को कुंवर दिलीप सिंह जूदेव टाउन हॉल वार्ड क्रमांक 06 में आयोजित किया गया। शिविर में वार्ड क्रमांक 2 से लेकर 11 तक के नागरिकों ने भाग लिया और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन कार्ड वितरण किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छग राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, जिला स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती हुलसी चंद्राकर, स्थानीय पार्षदगण एवं अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम हरिशंकर पैकरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी.कर्मचारी और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम विभागीय स्टॉल का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली एवं हितग्राहियों से भी बातचीत की। अतिथियों ने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में रक्तचाप परीक्षण कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय द्वारा जनता को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना हमारा साझा लक्ष्य है। शिविर को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। शिविर में पहुंचे नागरिकों का स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें आवश्यकता अनुसार दवाइयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाइयों का वितरण किया गया। कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, जिला सहकारी, वन विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग आदिम जाति विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पाषर्दगण श्रीमती सीता तोंडेकर, श्रीमती कल्पना सूर्यवंशी, श्रीमती ओमिन कागजी, हरबंश सिंह ढिल्लो, सूरज नायक, मुस्ताक खान, पीयूष साहू, राहुल आवड़े, महेन्द्र सिक्का, श्रीमती सुधा साहू, मनीष बग्गा, पूर्व पार्षद श्रीमती मीना वर्मा,आनंद साहू, राहुल चंद्राकर, नगरपालिका अधिकारी अशोक सलामी आदि मौजूद थे।

# वनांचल के मदनपुर में लगा समाधान शिविर, हितग्राही हुए लाभान्वित



■ संभाग आयुक्त महादेव कावरे भी हुए शामिल

**गरियाबंद,** 8 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे दिन बुधवार को गरियाबंद विकासखंड के वानांचल क्षेत्र ग्राम मदनपुर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मदनपुर क्लस्टर के 15 गांवों के ग्रामीणों ने भाग लिया और अपने आवेदन की स्थिति की जानकारी ली। शिविर में रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और समाधान की प्रक्रिया को समझाया। उन्होंने शिविर में लगे विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर हितग्राहियों को दी जा रही सेवाओं की समीक्षाी भी की।

इस दौरान संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलें अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए ग्रामीणों को जागरूक होना जरूरी है। राजस्व विभाग में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

शिविर में कलेक्टर बीएस उइके ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का गंभीरता से समाधान किया जाएगा। वहीं, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने ट्रैफिक और नशामुक्ति को लेकर चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान की जानकारी दी और ग्रामीणों से अवैध शराब बिक्री की सूचना देने की अपील की।

इस दौरान शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत कृषि विभाग द्वारा 5 पात्र हितग्राहियों को एग्रीस्टेक पंजीयन आईडी, 05 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा ग्राम धमना के जागेश्वर नाग को मत्स्य जाल प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दो बच्चों का अन्न प्रासन्न एवं दो गर्भवती माताओं को गोद भराई की रस्म अदा की गई। शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम ऋष्रा ठाकुर, स्थानीय जनप्रतिनिधि और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार को रश्मि ने कहा राजनीतिक नौटंकी



**महासमुंद** 8 मई (देशबंधु)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने साय सरकार के सुशासन तिहार को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के समय छत्तीसगढ़ की 1 करोड़ महिलाओं से महतारी वंदन का फार्म भरवाये, 18 लाख पीएम आवास देने का फर्जी दावा किए, 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का झूठा वादा किए अब उस वादाखिलाफी से ध्यान भटकाने सुशासन तिहार के नाम पर एक बार फिर आवेदन जमा किये जा रहे है, सरकार का फोकस समस्या के निराकरण में नहीं है। उन्होंने कहा कि सरप्लस बिजली वाले छत्तीसगढ़ में . भाजपा की सरकार बनने के बाद से बिजली कटौती आम हो गया है, पेयजल व्यवस्था बदहाल है, बूंद.बूंद पानी के लिए जनता तरस रही है, मनरेगा के श्रमिक काम के इंतजार में खाली बैठे हैं, शिक्षकों की भर्ती रोक दी गई है, अस्पतालों में जांच, इलाज, दवा का अभाव है और यह सरकार जन सरोकार से आंख मूंदकर सुशासन तिहार मना रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जन दर्शन कार्यक्रम में प्रत्येक गुरुवार को आम जनता से प्रत्यक्ष रूबरू होने का वादा किया था, जनता इंतजार करती रही और भेट मुलाकात अघोषित तौर पर बंद कर दिया गया। सुशासन तिहार का सच यह है कि सवा साल के भीतर ही है सरकार इतनी अलोकप्रिय हो चुकी है कि प्रदेश भर के लगभग हर परिवार से एक शिकायत और मांग इस सरकार को सीधे तौर पर भेजी गई है, साहस है तो भाजपा सरकार उन सभी शिकायत और मांग उन पर की गई अब तक की कार्रवाई को पब्लिक डोमेन में जारी करें। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कि सवा साल के भीतर ही शांति का टापू कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ को भाजपा की सरकार ने अपराध गढ़ बना दिया है। हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, चाकूबाजी की घटनाएं बेतहाशा बढ़ गई हैं। अवैध शराब, अवैध महुवा शराब बिक्री जोरों पर, भू.माफिया और रेत माफियाओं के गुंडागर्दी की शिकायत है रोज उजागर हो रही है।

# सुशासन तिहार एक ढकोसला: विनोद



**महासमुंद** 8 मई (देशबंधु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश सरकार द्वारा मनाए जा रहे सुशासन तिहार को आम जनता के साथ मजाक सरकार कर रही है श्री चंद्राकर ने कहा कि एक तरफसाय सरकार सुशासन तिहार मनाने का ढकोसला कर रही है। वहीं दूसरी ओर समाधान शिविरों में उन्हीं के सांसद, मंत्री सवाल उठा रहे हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि सुशासन तिहार की सफलता प्रशासनिक कसावट पर निर्भर करता है। लेकिन, सरकार की प्रशासनिक पकड़ अत्यंत कमजोर होने के कारण अधिकारी.कर्मचारी की मनमानी के चलते उनके सारे कार्यक्रम विफल हो रहे हैं। इसका प्रमुख कारण यह भी है कि प्रदेश में आज चहूँओर नौकरशाही हावी है। सत्ता पक्ष के नेताओं से मिलीभगत कर प्रशासनिक अधिकारी.कर्मचारी खुलेआम भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं। कई विभाग ऐसे हैं, जिनके प्रमुख अधिकारियों द्वारा सर्वोच्च सदन विधानसभा में भी भ्रामक जानकारी दे रहे हैं। इन अधिकारियों पर कार्रवाई ना कर सरकार उनके भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का काम कर रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि उनके द्वारा पूर्व में लगातार कृषि विभाग के बड़े अधिकारियों द्वारा की गई भ्रष्टाचार की शिकायत प्रमुख सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन एवं कलेक्टर महासमुंद से की गई थी। विधानसभा में गलत जानकारी विभाग के अधिकारी द्वारा दी गई, जिसकी दस्तावेजों के साथ शिकायत हुई। लेकिन दागी अफसर को ही जाँच टीम में शामिल कर दिया गया। तथा जाँच के नाम पर खानापूर्ति कर मामले को रफा.दफा कर दिया गया। इस मामले में भी कार्रवाई नहीं होना प्रशासनिक शून्यता व सरकार की मिलीभगत को दर्शाता है। इस मामले में किसानों के साथ विभाग द्वारा घोर अन्याय किया गया। संचालक कृषि विभाग के आदेशों को धता बताकर उप संचालक द्वारा मनमाने तरीके से नियम प्रक्रिया को दरकिनार करते हुये चहेते ठेकेदारों से सामग्री क्रय की गई। जो किसानों के उपयोग के थे ही नहीं। क्रय सामग्रियों का वितरण भी नहीं किया गया। श्री चंद्राकर ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त प्रशासनिक तंत्र को बिना सुधारे सुशासन की परिकल्पना नहीं की जा सकती। यह सरकार केवल सुशासन की ढोल पीटने में व्यस्त है, जबकि वास्तविकता कुछ ही है।

# समाधान शिविर में 12 हितग्राहियों को मिली पेंशन स्वीकृति पत्र



**महासमुंद** 8 मई (देशबंधु)। राज्य शासन द्वारा आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करने तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का क्रियान्वयन किया जा रहा है। सुशासन तिहार अंतर्गत तीसरे एवं अंतिम चरण में 06 मई को विकासखण्ड बसना के ग्राम पंचायत गनेकेरा में आयोजित समाधान शिविर में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी द्वारा समाज कल्याण विभाग के कुल 10 हितग्राहियों जिसमें ग्राम रसोड़ा के श्रीमती गुणनिधि, ग्राम कोलिहादेवरी के गदाधर, श्रीमती यशोदा, गणेशराम, ग्राम गनेकेरा के रामपाल, पिरीतराम, शौकीलाल तथा ग्राम भैंसाखुरी के सुरीतराम, पुरनसिंग, दौलतराम को पेंशन योजना के तहत स्वीकृति पत्र प्रदाय किया गया। इसी प्रकार 07 मई को नगर पालिका महासमुन्द स्थित कुंवर दिलीप सिंह जुदेव, वार्ड क्रमांक 06 टॉउन हॉल महासमुन्द में आयोजित समाधान शिविर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा समाज कल्याण विभाग के 02 हितग्राही श्रीमती श्याम कुमारी राजपूत एवं छबि लाल चंद्राकार को पेंशन स्वीकृत कर प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।

# थेलेसीमिया दिवस :डॉ किरण माखीजा ने बचाव पर दी जानकारी



**महासमुंद** 8 मई (देशबंधु)। हर वर्ष 8 मई को थैलेसीमिया दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह एक शरीर में रक्त की कमी वाला गंभीरएजीवन भर के लिए बना रहने वाला रोग होता है ।यह रोग बच्चों को जन्म से ही माता.पिता से प्राप्त एक अनुवांशिक रक्त विकार जींस के द्वारा होता है। इस रोग में शरीर के रक्त में मौजूद लाल कण ;हीमोग्लोबिन में अत्यंत जरूरी प्रोटीन ;ग्लोबिन में खराबी होने से होता है। इससे शरीर में खून बनने की प्रक्रिया पर्याप्त तौर पर नहीं हो पाती है और लाल कण युक्त रक्त कोशिकाएं पैदा होने के बाद तेजी से नष्ट हो जाती है । अत: इस बीमारी में बच्चों को बचपन से ही खून की कमी और उसके लक्षण दिखने लगते हैं। के अनुसार अपने भारत देश में हर वर्ष औसतन दस हजार थैलीसीमिया विकार पीड़ित शिशु पैदा होते हैं । भारत में करीब 11 लाख रोगी मौजूद हैं। छत्तीसगढ़ में अनुमानित 20000 से 25000 पीड्ति संख्या होगी। थैलासीमिया दो प्रकार का होता है। मेजर थैलेसेमियारू यह रोग उन शिशुओं में होने की संभावना बन जाती है , जिनके दोनों अभिभावकों में थैलीसीमिया के जींस मौजूद होते है। माइनर थैलेसेमियारू माइनर उन शिशुओं में होता है, जिन्हें थैलेसेमिया के जींस, उसके अभिभावकों में सिर्फ किसी एक से प्राप्त होता है।

**लक्षण** –सूखता व सफेद चेहरा, लगातार बीमार रहना, वजन ना बढ़ना, खून की कमी, लिवर व तिल्ली में सूजन और अन्य कई लक्षणों से शिशु में बीमारी का पता चलता है। प्रथम 6 माह की उम्र में ही इस बीमारी की पहचान शिशुओं में की जा सकती है।

**थैलेसीमिया मेजर रोगी में जाने वाली जांचे** – 'जेनेटिक टेस्टिंग और नामक खून जांच से ए इस बीमारी का पता लगाया जा सकता है। खून की कमी या एनीमिया का पता लगाने के पश्चात मरीज को रक्त चढ़ाया जाता है। मततपजपद खून जांच से शरीर में आयरन की अधिकता पता कर ;अगर 1000 से ज्यादा है तोद्ध उसका इलाज किया जाता है। जब हम इस बीमारी के इलाज की बात करते हैंए इस बात ध्यान रखना जरूरी है कि अभी तक इसका पूर्ण इलाज सभी मरीजों के लिए उपलब्ध नहीं है। इस विकार में रोगी को शरीर में रक्त की भारी कमी होने लगती है और उसको अपना जीवन चलाने के लिए अस्पताल में भर्ती कर ए निरंतर हर माह एक या दो बार बाहरी खून देना होता है ।ग्रसित मरीज के रक्त का 9.10 होने पर रक्त चढ़ाते रहना चाहिए। व्यक्ति में लाल रक्त में हीमोग्लोबिन प्रोटीन में आयरन ;लौह तत्व मौजूद रहता है। इस रक्त रोग में बार.बार खून चढ़ाने के कारण रोगी के शरीर में अतिरिक्त लौह तत्व जमा होने लगता हैए जो हृदयए लीवर और मस्तिष्क में ए हर जगह पहुँचकर जानलेवा साबित होता है। समय पर आयरन कम करने वाली दवाइयाँ लें और इलाज पूरा लें। थेलेसीमिया रोगी के इलाज में निरंतर रक्त चढ़ाने और आयरन को कम करने की महंगी दवाइयों पर निर्भरता होती है और सभी इसका इलाज नहीं करवा पाते है । इसमें मरीज का जीवन अधिक से अधिक 10 या 15 वर्ष होता है। परंतु अनुभवी चिकित्सक के सही परामर्श और उचित मार्गदर्शन से इसका इलाज होने पर जीवन 35 वर्ष व इससे अधिक होता है। बोन मैरो ट्रांसप्लांट से इस बीमारी के पूर्ण उपचार में मदद मिलती है। परंतु सभी मरीजों को यह इलाज आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाता है।

**जरूरी उपाय** –माता.पिता दोनों माइनर जींस रखते है तब उनके होने वाली संतानों में मेजर थैलेसेमिया जो काफी घातक रक्त विकार है एहोने की संभावना होती है। अत: यह अत्यावश्यक है कि विवाह से पहले महिला.पुरुष ;विवाह के पश्चात माता.पिता दोनों अपने रक्त में थैलेसीमिया की जाँच अवश्य करा लें। गर्भावस्था के दौरान गर्भस्थ शिशु की थैलेसीमिया जांच की जा सकती है। विवाह पूर्व जांच को प्रेरित करने हेतु एक स्वास्थ्य कुण्डली का निर्माण किया गया हैए जिसे विवाह पूर्व वर.वधु को अपनी जन्म कुण्डली के साथ साथ मिलवाना चाहिये। स्वास्थ्य कुंडली में कुछ जांच की जाती हैए जिससे शादी के बंधन में बंधने वाले जोड़े यह जान सकें कि उनका स्वास्थ्य एक दूसरे के अनुकूल है या नहीं। इन रोगियों के लिए बहुत सारी संस्थायें रक्त प्रबंध और भी बहुत सारी सहायताएं प्रदान कराती हैं। 'थैलेसीमिया रोगी को रक्त उपलब्ध कराने के लिए रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाता है जिसमें समाज से बहुत सारे सज्जन भागीदारी करते हैं।

# विधायक साहू और कलेक्टर उईके ने निर्माण एजेंसी की समीक्षा बैठक, विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



**गरियाबंद,** 8 मई (देशबन्धु)। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधायक रोहित साहू और कलेक्टर बीएस उइके ने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। अधूरे कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में कई अहम कार्य हो रहे हैं। गरियाबंद जिले को भी विकास की सौगात मिली है। शहर में आधुनिक ऑडिटोरियम और खेल सुविधाओं के लिए मिनी स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए गए। जिला मुख्यालय में 220 बेड का अस्पताल मंजूर हुआ है। इसके निर्माण में तेजी लाने को कहा गया। नगर पालिका गरियाबंद में मजरकट्टा से नई सर्किट हाउस तक करीब 3 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क बनेगी। इसकी लागत 43 करोड़ रुपये होगी। इसके लिए बिजली, पाइपलाइन शिफ्टिंग और विस्थापन की कार्रवाई नियमानुसार करने के निर्देश दिए गए। राजिम से छुरा तक दो लेन सड़क बनाने का प्रस्ताव भी पारित हो चुका है। विधायक ने सभी कार्य समय-सीमा में पूरा करने के सुझाव दिए। कलेक्टर ने शासन के निर्देशों के अनुसार कार्यों में तेजी लाने को कहा। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, डीएफओ लक्ष्मण सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, प्रकाश राजपूत, नवीन भगत, एसडीएम, तहसीलदार और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जिपं. सीईओ ने सोखता गड्ढा निर्माण व वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण की समीक्षा की



**बलौदाबाजार,** 8 मई (देशबन्धु)। सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में ग्राम रोजगार सहायको की बैठक लेकर मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत सोखता गड्ढा निर्माण एवं वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण की समीक्षा की।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यो की प्रगति के संबंध में समीक्षा करते हुए शासन द्वारा वर्षा जल के हरेक बूंद को सहेजने हेतु चलाये जा रहे ''मोर गांव मोर पानी'' अभियान की क्रियान्वयन की ग्राम पंचायतवार समीक्षा कर सभी नलकूपों में सोकपिट निर्माण के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास 2.0 का शत-प्रतिशत् सर्वे, आवास प्लस के छूटे हितग्राहियों का पंजीयन एवं आवास की भौतिक प्रगति को बढ़ाने हेतु जरुरी निर्देश दिये। उन्होंने प्रगतिरत आवासो को बारिश से पूर्व पूर्ण कराने के लिए तेजी से निर्माण कार्य हेतु हितग्राहियो को प्रोत्साहित करने कहा।

# समाधान शिविर में लोगों को मिला राशन, आयुष्मान, श्रम और मनरेगा जॉब कार्ड

■ बांसउरकुली क्षेत्र के 12 गांव से मिला 23 हजार कार्य की मांग



**बिलाईगढ़,** 8 मई(देशबंधु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में ग्रामीणों के मांगो को पूरा करने का अवसर मिला है। इस शिविर में आवेदन और संबंधित दस्तावेज पूरी होने और पात्रता की श्रेणी में होने पर पीएम आवास, राशन कार्ड, किसानों का किसान किताब ऋण पुस्तिका, ट्राई सायकल आदि बुनियादी सुविधाएं तत्काल प्रदान किया जा रहा है।

सुशासन तिहार के तृतीय चरण में बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत बांसउरकुली में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्यों, अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र के हितग्राहियों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, आदि उनके मांग के अनुरूप प्रदान किए गए। बांसउरकुली क्षेत्र के 12 गांव से मिला 23 हजार 25 कार्य का मांग प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर जल संरक्षण का शपथ दिलाया गया।

सुशासन तिहार में बिलाईगढ़ क्षेत्र के 12 गांव से 23025 मांग प्राप्त हुआ, जिसमें पीएम आवास ग्रामीण के 976, स्वच्छ भारत मिशन के 12, मनरेगा के 232, पेंशन के 43, राशन कार्ड के 68 आवेदन शामिल है। बिलाईगढ़ ब्लॉक के हितग्राहियों को महिला एवं बाल विकास विभाग से 3 अन्न प्रासन्न, 2 किशोरी बालिका सम्मान, श्रम विभाग से 7 श्रम कार्ड, राजस्व विभाग से 8 भूमि स्वामी को किसान (ऋण) पुस्तिका, पंचायत विभाग से 53 जॉब कार्ड वितरण, खाद्य विभाग से 23 राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग से राधे लाल और परमिला बाई को आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग से 20 किसानों को खरपतवार नाशक दवा वितरण, वन और उद्यानिकी विभाग से पौधा वितरण किया गया।

**शिविर में शामिल जनप्रतिनिधि**- समाधान शिविर का शुभारंभ बिलाईगढ़ जनपद पंचायत के अध्यक्ष जयशंकर साहू के साथ साथ जिला और जनपद पंचायत के सदस्यों में युवराज शरण सिंह, सुशीला साहू, भगवंतीन कुंजराम पटेल, दिनेशलाल जांगड़े आदि जनप्रतिनिधि शामिल थे।

**अधिकारी रहे मौजूद**-शिविर में जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, बिलाईगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी (रा) डॉ. वर्षा बंसल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रतीक प्रधान, तहसीलदार कमलेश और देवराज सिदार समेत जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिती रही।

नागरिकों और आवेदकों को मेडिकल जांच सुविधा था, जिसमें 184 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। पशुपालक किसानों के पशुओं के लिए भी डॉक्टर और दवा का स्टॉल भी नागरिकों के लिए बुनियादी सुविधा केंद्र था। वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के स्टाल से पेयजल संबंधी शिकायत को दूर करने के लिए अधिकारी उपस्थित थे। विद्युत संबंधी किसी प्रकार की समस्या के निवारण के लिए सहायक अभियंता राणा सिंह उपस्थित थे। इसी प्रकार श्रम, पंचायत, राजस्व, लोक स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास आदि के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# विशाल मूर्ति स्थापना महोत्सव



**जी जामगांव** 8 मई(देशबंधु) त्रिमूर्ति महामाया दरबार मे 2 मई से 6 मई तक विशाल मूर्ति स्थापना महोत्सव का आयोजन संम्पन्न हुआ ।आक्सिजोन के समीप त्रिमूर्ति महामाया के दरबार मे बेहद आकर्षक शिव पार्वती परिवार,शिव जी की पिंडी,नंदी,राम लक्ष्मण और सीता,राधा कृष्ण की मूर्ति की स्थापना एवम प्राण प्रतिस्था किया गया ।प्रतिदिन रामचरित मानस गान के साथ साथ ,गायत्री परिवार के द्वारा प्रज्ञा पुराण,ब्रम्हकुमारी द्वारा आध्यात्मिक संदेश दिया गया । शिवलिंग का जल अभिषेक कराते हुए हवन पूजन किया गया ।छत्तीसगढ़ी लोक कलामंच द्वारा प्रस्तुति दी गई। महोत्सव का आयोजन सुखचैन,सावित्री पुत्र संदीप साहू का बहुत योगदान रहा ।महामाया समिति एवम ग्रामीणों का विशेष सहयोग से महोत्सव का समापन हुआ जिसके साक्षी पार्थ प्रीतम साहू, नीलकांत, घनश्याम, मनोहर, बलदेव, बलिराम, वरुण, संतराम, कोमल, तकेश, चंद्रकला, चंद्रप्रभा, जय श्री, सुनीता, भारती, चम्पा, ललिता, लीना राधिका, कविता ,रमा, आशुतोष, प्रतिभा, अरुण, हीराराम, भूपेंद्र, रुखमणि, भारत, शेषनारायण, कांशीराम एवम शिव शक्ति सेवा समिति व महामाया समिति ,ग्रामवासी जी जामगांव रहे।

## बोर्ड परीक्षा में शाला में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई

**नवापारा राजिम**, 8 मई। टीबीएस उच्च. माध्य. विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) नवापारा में सत्र 2024-25 में कक्षा बारहवीं एवं दसवीं की बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं में सर्वप्रथम कक्षा 12 वीं में प्रथम स्थान मुस्कान वासी 83.8 प्रतिशत प्राप्त किया इसी कड़ी में द्वितीय स्थान पर रिद्धि कुलसुम एवं तृतीय स्थान पर नवीन राज ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर अपनी कड़ी मेहनत व लगन का परिचय देकर शाला को गौरवान्वित किया।



# परीक्षा परिणाम जानते ही मिठाई व फटाके लेकर स्कूल पहुंचे पालक

**नगरी**, 8 मई (देशबन्धु)। शासकीय स्कूल के पालकों के बारे में यही सोच ज्यादातर रहती है कि वे विद्यालय को सहयोग नहीं करते या विद्यालय में उपस्थित नहीं होते। इसके ठीक उल्टा सिंगपुर के पालक हैं। जैसे ही पालकों को पता चला कि सेजेस सिंगपुर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आया है वैसे ही पालक मिठाई एवं फटाकों के साथ स्कूल पहुंचे। एक दूसरे को बधाई देकर मिठाई खिलाये, बधाई दी एवम खूब नाचे गाये भी। दृश्य बड़ा भावुक था। ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड से 25 किलोमीटर दूर वनांचल क्षेत्र में स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर में कक्षा दसवीं में जहां 46 विद्यार्थियों में से 37 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और शेष 9 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए इसी तरह से हायर सेकंडरी परीक्षा में कला, वाणिज्य, विज्ञान संकायों के कुल 27 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमे 21 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और शेष 6 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए इस तरह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर के बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

वनांचल, दूरांचल और कमार जैसे विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल क्षेत्र के स्कूल में इस तरह का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाना आसान काम नहीं था इस सफलता के पीछे छुपा है स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर के प्राचार्य डॉ व्ही पी चंद्रा का नेतृत्व, एस एम डी सी एवम शिक्षकों का संकल्प और पालकों का जुनून। पूरे शाला परिवार की अटूट मेहनत और लगन ने दिखा दिया कि असम्भव कुछ भी नहीं है। सत्र प्रारंभ से पूर्व एस एम डी सी की उपस्थिति में कार्य योजना एवम रणनीति बनाई गई। एस एम डी सी एवम हर पालकों को इसकी जानकारी दी गई तथा शिक्षक, पालक, एवम एस एम डी सी के बीच दायित्वों का बंटवारा हुआ।लक्ष्य प्राप्ति के लिए कई कड़े निर्णय लिए गए। समय पर उपस्थिति, पूरे कॉपी किताब, ड्रेस कोड के साथ गृह कार्य की अनिवार्यता पर ज्यादा जोर दिया गया। इधर स्कूल में सत्रह प्रकार की समिति बनी। हर समिति के लिए जिम्मेदारी तय की गई। प्रार्थना एवम लंच को भी एक कालखंड बनाया गया। हर पालकों ने बच्चों के लिए टिफिन की व्यवस्था की। बच्चों के साथ शिक्षकों को लंच करना अनिवार्य किया गया। हर दिन कक्षा में अभ्यास कार्य, गृह कार्य तय किया गया। पालकों को जिम्मेदारी दी गई कि गृह कार्य कराकर ही बच्चों को स्कूल भेजें। पालकों ने इसे बखूबी निभाया। इधर शिक्षकों ने भी अपने लिए ड्रेस कोड तय किया। हर दी के कार्य की समीक्षा के लिए मास्टर आन ड्यूटी लागू की गई। बच्चों की छुट्टी के बाद प्रतिदिन के कार्यों की समीक्षा हुई और आगामी दिन के कार्यों का निर्धारण किया गया। शिक्षकों को समझ आधारित कक्षा शिक्षण का प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षकों के लिए कक्षा में टी एल एम एवम गतिविधि को अनिवार्य किया गया। साप्ताहिक एवम्मासिक टेस्ट और टेस्ट के बाद डेटा एनालिसिस किया गया। बच्चों के अधिगम की ग्रेडिंग की गई। हर बच्चों पर नजर रखने के लिए ग्रेड वार, विषय वार ग्रुप विभाजन किया गया। अध्ययन हेतु बच्चों को सुबह फोन कर उठाया गया। हर पालकों को मासिक मीटिंग में आना अनिवार्य किया गया। मासिक मीटिंग में ही बच्चों के स्तर के बारे में जानकारी पालकों को दी गई। शाला की शुरुआत संगीतमय प्रार्थना से की गई। प्रार्थना सम्पन्न कराने के लिए प्रतिदिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई। प्रेरक प्रसंग, महापुरुषों की जीवनी के साथ प्रतिदिन बच्चों को मोटिवेशनल स्पीच दी गई। इधर शत प्रतिशत पालकों को विद्यालय से जोड़ने हेतु जातिवार पालकों की सूची बनाई, उनसे बात की गई। दिन में पालकों से मुलाकात नहीं होने की स्थिति में पालकों से रात में बातचीत की गई। जातिवार संकल्प लेकर जिम्मेदारियाँ दी गई। महिलाओं की शत प्रतिशत भागीदारी हेतु च्च मां भी स्कूल आएगी च्च कार्यक्रम चलाया गया। किस माता को कैसे विद्यालय तक लाना है इसके लिये माइक्रोप्लान तैयार किया गया। हर दिन हर बच्चा स्कूल आये इस हेतु शिक्षक एवम पालकों की निगरानी समिति बनाई गई। बच्चे की एक दिन की अनुपस्थिति होने की दशा में उनके पालकों को फोन से बात कर स्कूल बुलाया गया तथा एस एम डी सी के सदस्यों के द्वारा सवाल जवाब किया गया। बच्चों के रिजल्ट को लेखन भी प्रभावित करता है। अत: हिंदी, अंग्रेजी एवम एक अन्य मनपसंद के विषय का दो दो पेज अनुलेख कराया गया ताकि लिखावट सुधरे। बच्चों के परफॉर्मेंस के आधार पर पोर्टफोलियो तैयार किया गया। हर बच्चे के कमजोरियों का चिह्नांकन कर उसे दूर किया गया। शिक्षक तथा बच्चों के बीच मेंटर तथा मेंटरी के कांसेप्ट को लागू किया गया। शिक्षकों के व्यावसायिक दक्षता के विकास हेतु एन ई पी 2020 के अनुरूप स्वाट एनालिसिस कर उन्हें एकेडमिक सपोर्ट दिया गया। सामूहिक लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षकों में टीम भावना विकसित की गई। एस एम डी सी को सक्रिय एवम जागरूक बनाने हेतु उनका उन्मुखीकरण कर उन्हें दायित्व सौंपा गया। इस तरह से परस्पर सहयोग, टीम भावना और सामूहिक लक्ष्य से शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किया गया। ज्ञात हो कि विगत वर्ष 10 वीं का परिणाम 72 प्रतिशत तथा 12 वीं का परिणाम 54 प्रतिशत था जिसे जोश जुनून के साथ शत प्रतिशत तक पहुंचा दिया। विद्यालय में खुशियां मनाने के लिए पहुंचने वाले पालकों में मुख्यत: एस एम डी सी के अध्यक्ष धनन्जय साहू, उपाध्यक्ष राधेलाल सिन्हा, सदस्यों में अयूब खान रिजवी, विष्णु निर्मलकर, सुनीता ध्रुव, सफीना बानो, विधायक प्रतिनिधि इशहाक खान, केशव साहू, हरि मरकाम, उप सरपंच ज्योति तिवारी, डी पी बागड़े, सरपंच लोमेश्वर साहू, डॉ हेमंत साहू, तोरण कंवर, हेमंत मरकाम, टिकेश्वर ध्रुव, गोकुल ध्रुव, चंपा साहू, भूषण लाल, आदि के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम समापन के अवसर पर पूरे परिसर को सी सी टी वी कैमरे से लैस करने हेतु पालकों ने एक लाख रुपये सहयोग का संकल्प लिया। सेजेस के प्राचार्य डॉ व्ही. पी.चन्द्रा ने एस एम डी सी के सदस्य तथा शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया।



- नाच गाकर मनाई खुशियां
- सीसी टीवी कैमरे के लिए एक लाख की व्यवस्था करेंगे पालक

## सुषमा बंजारे ने कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**पलारी**, 8 मई (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत कक्षा बारहवीं के छात्रा सुषमा बंजारे पिता दुर्गा प्रसाद बंजारे माता श्रीमती इंदेश्वरी बंजारे ने 90.2 फीसदी परीक्षा परिणाम लाकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा सुषमा बंजारे ने अपने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए इसका श्रेय माता पिता के साथ ही गुरुजनों को दिया। सुषमा बंजारे को उसके इस उपलब्धि पर लोगों ने बधाई प्रेषित की है।

## शिक्षक स्व. रेवाराम ध्रुव के परिवारजनों को अग्रेशिया राशि का सहयोग मिला



**पलारी**, 7 मई (देशबन्धु)। शिक्षक स्व रेवाराम ध्रुव, सहायक शिक्षक, शासकीय कन्या आश्रम प्राथमिक पलारी के परिवारजनों को उनके गृहग्राम मल्हीन पहुंचकर जिसमे विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी द्वारा दिवंगत शिक्षक के पत्नी श्रीमती पिला बाई ध्रुव पुत्र, टिकेश्वर ध्रुव एवं पुत्री कुसुम ध्रुव दिलेश्वरी ध्रुव दमांद वीरेंद्र कुमार ध्रुव कों दिवंगत शिक्षक के मरणोपरांत शासन से मिलने वाली अग्रेसिया राशि नगद पचास हजार रूपये प्रदान कर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया, जिसमे शिक्षक व शोकाकुल परिवार एवं गांव के लोग उपस्थित थे, इस अवसर पर सतीश महेश्वरी सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी पलारी, भोलाराम साहू सहायक ग्रेड 02, भानु ध्रुव संकुल समन्वयक पलारी, अंगद दयाल खुटे अध्यक्ष शिक्षक सहयोग निधि दयाराम ध्रुव ब्लॉक अध्यक्ष छ ग फ़ेडरेशन, संकुल प्राचार्य संतोष कुमार साहू रामकुमार ध्रुव, हेमन कुमार रात्रे, भागीरथी सोनवानी सहित परिवारजन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद गरियाबंद में देशभक्ति का जश्न

**गरियाबंद**, 8 मई (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना की निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद गरियाबंद में देशभक्ति का माहौल दिखा। तिरंगा चौक पर नगरवासियों ने आतिशबाजी की। मिठाइयाँ बाँटी गईं। हाथों में तिरंगा लेकर लोगों ने हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। इस आयोजन का नेतृत्व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि यह सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह न्याय का प्रहार था। 26 मासूमों की शहादत का जवाब दुश्मन को उसके घर में घुसकर दिया गया। अब का भारत चुप नहीं बैठता। आँख में आँख डालकर जवाब देता है। उन्होंने कहा कि बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद जैसे नाम अब बर्बादी की मिसाल बन चुके हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के अड्डों को ही नहीं उड़ाया, आतंकवाद के हौसले भी तोड़ दिए। प्रेस क्लब अध्यक्ष ज्ञानेश तिवारी ने कहा कि सेना ने दिखा दिया कि अब भारत सिर्फ सहता नहीं, सटीक वार करता है। आज हमें गर्व है कि हम ऐसे देश के नागरिक हैं।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, नपा उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, चेंबर अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा, हरीश ठक्कर, अजय दासवानी, सुरेन्द्र सोनटेके, सूरज सिन्हा, छगन यादव, पुष्पा साहू, मधु देवांगन, ज्ञानेश तिवारी, ललित पारख, लीलेश पारख, मनीष पारख, विष्णु मरकाम, दीपक सर्वैय्या, नितेश ठक्कर, अमित ठक्कर, सलीम मेमन, अमित वखारिया, प्रकाश सोनी, प्रहलाद यादव समेत बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।



गफ्फू मेमन ने नेतृत्व में तिरंगा चौक में नगरवासियों ने की आतिशबाजी

## मृतक के पत्नी ही निकली हत्या की योजनाकर्ता

**तिल्दा-नेवरा**, 8 मई (देशबन्धु)। रायपुर जिला के तिल्दा-नेवरा थाना में चौबीस घंटा के भीतर दो अंधे कत्ल का मामला सामने आया था, जिसे सुलझाने में पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुआ है। गौरतलब हो 30 अप्रेल 2025 को तिल्दा-नेवरा शहर से सटे ग्राम सिरवे खेत खार में एक व्यक्ति की शव मिला था, इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया था कि मामूली विवाद के चलते दो अपचारी सहित चार लोगों ने मिलकर हत्या किया था ,जिस मामले की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को सफलता मिली ।वहीं दुसरा मामला ग्राम बेमता का है जहां राष्ट्रीय राजमार्ग गड़रिया नाला के समीप अज्ञात लोगों के द्वारा सांकरा निवासी लक्ष्मण भट्ट नामक व्यक्ति का हत्या कर दिया गया था। पुलिस इस मामले की तहकीकात में जुटी हुई थी जिसका भी खुलासा कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक लक्ष्मण भट्ट पर आरोप था कि उनके द्वारा रोजाना शराब पीकर परिवार के मध्य विवाद करता था । इससे तंग आकर मृतक के पत्नी और उनका सास व पुत्र सुनियोजित तरीके से मध्यप्रदेश के दो आरोपियों से हत्या को अंजाम दिया गया , पुलिस इस मामले पर उमाशंकर उर्फ निक्की शर्मा पिता राजाराम शर्मा उम्र 31 वर्ष ग्राम सिंदुरसिग थाना बाहुरीबन जिला कटनी मध्यप्रदेश, मुकेश शर्मा पिता शंकर लाल शर्मा उम्र 31 वर्ष कटंगी रोड सिवनी मध्यप्रदेश,व ॠषि शर्मा पिता स्वर्गीय लक्ष्मण भट्ट उम्र 20 वर्ष पता कापरेटिव बैंक पानी टंकी के समीप गोरखपुर जिला ढिढोरी मध्यप्रदेश, रोशनी शर्मा पति स्वर्गीय लक्ष्मण भट्ट उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम सांकरा थाना तिल्दा-नेवरा कुसुम शर्मा पति राजेन्द्र शर्मा उम्र 60 वर्ष निवासी जिला कापरेटिव बैंक पानी टंकी के पास गोरखपुर जिला ढिंढोरा मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया है, बताया जा रहा है कि मृतक के पत्नी शराब के आदि पति से परेशान था, जिसकी शिकायत उन्होंने अपनी माता कुसुम शर्मा से किया ।जिंस पर दोनों के द्वारा अपने पुत्र के माध्यम से मध्यप्रदेश निवासी उमाशंकर शर्मा व मुकेश शर्मा को बुलवाया गया फिर उनके साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई गई,, घटना दिनांक को योजनानुसार आरोपी उमाशंकर शर्मा ?व मुकेश शर्मा ने मृतक लक्ष्मण भट्ट को ग्राम बेमता ले गये , वहां पर मिलकर पहले शराब का सेवन किया, फिर मौका पाकर उमाशंकर के द्वारा लक्ष्मण भट्ट के गले में चाकू से वारकर हत्या कर मृतक के चेहरे पर पत्थर पटक दिया। हत्या के घटना को अंजाम देने के पश्चात उमाशंकर शर्मा व मुकेश शर्मा फरार हो गया था ।जिसका पतासजी करते हुए पुलिस के टीम ने मध्यप्रदेश जाकर आरोपियों को गिरफतार किया है। वहीं पर मृतक के पत्नी, पुत्र व सास को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्यवाही किया है।



## ओंकार पांडे को बिदाई दी गई



**पिथौरा**, 8 मई। उप डाकघर पिथौरा में आज डाक सहायक श्री ओंकार नाथ पांडे को उनके आयकर विभाग में चयन होने पर बिदाई दी गई। इस अवसर पर उप डाकपाल भूपेंद्र साहू, दिगेंद्र सोनी, मनीषा रात्रे, सौरभ डहरिया, हर्ष साहू ने अपने-अपने विचार प्रकट किए। साथ ही श्रीफल एवं गिफ्ट प्रदान कर प्रगति की कामना की गई। श्री ओंकार करीब 1 वर्ष 6 माह तक अपनी सेवाएं प्रदान किया।

# पहलगाम के लहू का बदला 'ऑपरेशन सिंदूर' पाक समर्थित आतंकियों को चटाई धूल

**खरोरा**, 8 मई (देशबन्धु)। हाल ही में पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले, जिसमें निर्दोष नागरिकों की जान गई थी, का करारा जवाब भारतीय सेना ने च्ऑपरेशन सिंदूरज् के रूप में दिया है। इस साहसिक और सटीक सैन्य कार्रवाई ने सीमा पार बैठे आतंकी आकाओं और उनकी शह पर पल रहे आतंकियों को धूल चटा दी है। धरसींवा के ऊर्जावान विधायक अनुज शर्मा ने इस ऑपरेशन की सफलता पर भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम करते हुए कहा कि यह कार्रवाई पहलगाम के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी।

विधायक अनुज शर्मा ने अपने भावुक और डढ़ संकल्प से भरे बयान में कहा पहलगाम में हमारे निर्दोष भाई-बहनों कर जो खून बहाया गया, वह व्यर्थ नहीं गया। भारतीय सेना ने च्ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर उन कायर आतंकवादियों और उनके समर्थकों को स्पष्ट सदिश दे दिया है कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। यह ऑपरेशन उन शहीदों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने अपनी जान गंवाकर भी देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा। उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा पाकिस्तान दशकों से आतंकवाद को अपनी स्टेट पालिसी के तौर पर इस्तेमाल करता रहा है। पहलगाम का हमला भी उसी नापाक साजिश का हिस्सा था। लेकिन च्मेशन सिंदूर ने यह साबित कर दिया है कि भारत अब और चुप नहीं बैठेगा। हमारी सेना न केवल अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम है, बरिक वह सीमा पार जाकर भी आतंकियों के ठिकानों को नह करने का दम रखती है। विधायक अनुज शर्मा ने देशवासियों से एकजुट रहने और सेना का मनोबल बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा, यह समय शोक और आक्रोश का है, लेकिन यह एकजुटता दिखाने का भी समय है। हमें अपनी सेना पर अटूट विश्वास रखना होगा और पाकिस्तान जैसे आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों के खिलाफ एक स्वर में आवाज उठानी होगी। च्ऑपरेशन सिंदूरज् ने दिखा दिया है कि भारत कमजोर नहीं है और अपने दुश्मनों की मुंहतोड़ जवाब देना जानता है। ऑपरेशन सिंदूर न केवल पहलगाम के पीड़ितों के लिए न्याय की जीत है, बल्कि गह पाकिस्तान और उसके द्वारा पोषित आर्टकवादियों के लिए एक स्पष्ट और कठोर संदेश भी है। विधायक अनुज शर्मा का यह ओजपूर्ण बयान देश की भावनाओं को व्यक्त करता है और यह विश्वास दिलाता है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में हर हाल में विजयी होना। यह ऑपरेशन उन सभी निदोषों को आत्मा को शांति प्रदान करेगा, जिन्होंने आतंकवाद की भेंट चढ़कर अपनी जान गंवाई। श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की आतंकवाद के प्रति च्जीरो टॉलरेंस की नीति की सराहना करते हुए कहा, च्मोदी सरकार ने हमेशा आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है। ऑपरेशन सिंदूर उस संकल्प का ही परिणाम है। सरकार ने सेना को पूरी स्वतंत्रता दी है और हमारी वीर जवानों ने अपने शौर्य से यह दिखा दिया है कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।



विधायक अनुज शर्मा ने किया सेना के शौर्य को सलाम

## हरिहर आत्मानंद स्कूल में प्रवेश हेतु निकाली गई लाटरी



**नवापारा राजिम**, 8 मई (देशबन्धु)। पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के अंग्रेजी माध्यम में कक्षा एक से बारह तक की कक्षाओं में प्रवेश हेतु आज गुरूवार को लाटरी निकाली गई। जिसमें बच्चों, पालकों, अतिथियों, पालिकाध्यक्ष, आब्जर्वर सहित शिक्षकों ने लाटरी निकाली। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संस्था प्राचार्य श्रीमती फखरा खानम दानी ने बताया कि हरिहर आत्मानंद स्कूल में प्रवेश हेतु कक्षा एक से लाटरी निकालना प्रारंभ किया गया। जिसमें पर्ची निकालकर उसका नाम घोषित किया जाता रहा। इस तरह से सभी कक्षाओं हेतु पर्ची निकालकर लाटरी के माध्यम से प्रवेश हेतु नाम सार्वजनिक किए गए। उक्त लाटरी में प्रमुख रूप से संस्था प्राचार्य श्रीमती दानी सहित आब्जर्वर पीएमश्री स्कूल खोरपा की प्राचार्य सोमा बनिक, पालिकाध्यक्ष ओमकुमारी साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सौरभ जैन, प्रदीप मिश्रा, एसआर सोन, संजय साहू, आत्मानंद के शिक्षक स्टॉफ पालकगण, व्याख्याता अशोक साहू, एसएन देवांगन, बीएल अवसरिया सहित विद्यालय के स्टॉफउपस्थित थे।

## समर कैम्प चौथे दिन बैंक पोस्ट ऑफिस भ्रमण

**राजिम**, 8 मई (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला सिंधौरी में संचालित समर कैम्प के चौथे दिन समय सारणी के अनुसार आज राजिम स्थित बैंक ऑफ बरोदा एवं डाक घर का भ्रमण कराया गया जहां संबंधित अधिकारीयों द्वारा खाता कैसे खोला जाता है एवं उससे संबंधित कौन कौन से कागजात की आवश्यकताऐं होती है जैसी बातों की जानकारी दी गई साथ ही बैंक में कौन कौन से खाता खोला जाता है इसकी जानकारी से अवगत हुए ,बच्चो को बैंकिंग संबंधी अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया जिसके बाद बच्चो को पोस्ट ऑफिस में होने वाली गतिविधि की जानकारी भी प्रदान कराया गया बैंक और पोस्ट ऑफिस के अधिकारी कर्मचारीयो ने भी बहुत ही सरल भाव से बच्चों की विभिन्न जिज्ञासा शांत करते हुए सभी जानकारी प्रदान किए साथ में सभी बच्चो का मिठाई खिला कर मुह मीठा भी कराया गया , बच्चों को अंत में भगवान राजीव लोचन भगवान का दर्शन लाभ भी प्रदान कराया गया , भ्रमण में ले जाने हेतु वाहन की विशेष व्यवस्था कराई गई थी जिसमें बच्चो को राजिम ले जाया गया उक्त भ्रमण प्रधान पाठक नंद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कराया गया जिसमे 25 बच्चों का दल शामिल थे।

## न्यू विस्टा सीमेंट लिमिटेड रिसदा कंपनी से मुआवजा की मांग

**रवान/बलौदाबाजार**, 8 मई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम कुकुरदी के पीड़ित किसान गोकुल ध्रुव पिता समारू ध्रुव ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि न्यू विस्टा सीमेंट संयंत्र रिसदा कंपनी के द्वारा लगभग चार एकड़ कृषि भूमि में संयंत्र के द्वारा चारो तरफ से घेर दिया है उनके जमीन पर जिससे खेत में आने जाने का रास्ता ही नही है, पीड़ित कृषक को कृषि कार्य करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### आवश्यक मांगों को लेकर ...

काउंसलिंग मे शामिल नहीं हो पाता। उक्त संबंध में आज जिले के डी.एड अभ्यर्थिगण मंत्री के समक्ष उपस्थित होकर काउंसलिंग 1:2 मे कराये जाने का मांग पत्र प्रस्तुत किये। उक्त संबंध में टंकराम वर्मा युवा एवं खेल, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री छत्तीसगढ़ ने कहा कि आपकी मांगों के संबंध में मान. मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन को पत्राचार कर उनके समक्ष बात रखने का आश्वासन दिया गया ताकि निर्धारित समय सीमा में शेष भर्ती प्रक्रिया को पुरा किया जा सकें। उक्त अवसर पर डी.एड अभ्यर्थी कमल प्रसाद, झषकेतन कुमार साहू, राम जायसवाल, गीतांजली कौशिक, कृष्णा साहू, ओंकार दास, आनंद कैवर्त्य, शशिकांत पटेल, गायत्री साहू एवं अन्य अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर उपस्थित रहें।

### प्रथम नगर आगमन पर राष्ट्रीय ...

चंद्राकर प्रदेश महामंत्री पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अमर चंद्राकर, ताम्रध्वज बघेल विधानसभा अध्यक्ष खल्लारी, कौशल रोहिल्ला विधानसभा अध्यक्ष बसना, देवेंद्र चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, आकाश निषाद, साहिल सरफराज, अनुराग चंद्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, युवराज साहू, दिगेश्वर, सत्यम, चमन कुर्रे, डेविड, तिलक, विकास शर्मा, भूमिका ध्रुव आदि उपस्थित थे।

### मेरिट लिस्ट में आए सौरभ ...

के परिणामों में कुरूद विकासखण्ड और मगरलोड विकासखण्ड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले दो विद्यार्थियों सौरभ जोशी और समीर साहू ने राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। मगरलोड विकासखण्ड के बुढेनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र सौरभ जोशी ने 98.37 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश छठवां और कुरूद विकासखण्ड के चरमुड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र समीर साहू ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया है।

सौरभ जोशी बुढ़ेनी निवासी डोमन जोशी और सीमा जोशी के पुत्र हैं। सौरभ ने अपनी अथक मेहनत और माता-पिता के सहयोग से दसवीं कक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। सौरभ ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों की रणनीति, विषयों को गंभीरता से पढ़ने और मोबाईल फोन आदि के सीमित उपयोग को दिया है। भविष्य में सौरभ इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कुछ अच्छा करना चाहते हैं। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि वे आगे जेईई की तैयारी कर किसी अच्छी ब्रांच में इंजीनियरिंग करेंगे। चरमुड़िया निवासी समीर साहू, भुवन साहू और श्रीमती देहुति साहू के पुत्र हैं। समीर ने नियमित अभ्यास कर यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पालकों और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। समीर ने पूछे जाने पर कलेक्टर श्री मिश्रा को बताया कि भविष्य में वे प्रशासनिक सेवा के लिए यूपीएससी-पीएससी की परीक्षाओं की तैयारियां करेंगे। वे इन परीक्षाओं में सफल होकर एक अच्छा प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहते हैं, ताकि देश की सेवा कर सकें।

### सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल...

85.8: द्वितीय तथा खुशी साहू पिता श्रवण कुमार साहू 79.6: तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा फल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष गंगा प्रसाद साहू, व्यवस्थापक देवेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीचंद्र दुबे, संरक्षक सदस्य शिवकुमार मिश्रा, भोजपाल वर्मा, दशरथ पैकरा, सीताराम श्रीवास, इंदिरा देवी कर्ष, शांति कुमार साहू, अशोक कुमार वर्मा, ललित नारायण साहू, श्यामसुंदर साहू, कुमुदिनी कश्यप, चंद्रलेखा मिश्रा, उपमन्यु वर्मा, प्रहलाद सूर्यवंशी, प्राचार्य जयलाल मिश्रा सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# आत्महत्या नहीं हत्या है, नवविवाहिता के मौत पर परिजनों ने सुसराल पक्ष पर लगाया आरोप, एसएसपी से की शिकायत

**नवापारा राजिम**, 8 मई (देशबन्धु)। नवापारा क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम चिपरीडीह में पिछले दिनों 4 मई को एक नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटका मिला था। इस मामले में मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया है।

**शरीर पर दिखे चोट के निशान**

परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी के शरीर पर चोट के निशान थे। ससुराल वालों ने दहेज के लिए उनकी बेटी की हत्या कर उसे फांसी पर लटका दिया है। मृतका के पिता ने घटना की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की।

**4 मई को फंदे पर लटके मिला था शव**

जानकारी के अनुसार ग्राम सुंदरकेरा निवासी ओमकार साहू की बेटी प्रेमा साहू का विवाह 20 अप्रैल 2024 को चिपरीडीह निवासी रूपेश साहू पिता चंद्रशेखर साहू के साथ सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। उसी दिन रूपेश साहू के भाई सतीश साहू की भी शादी थी। शादी के एक साल बाद प्रेमा साहू ने 4 मई को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि घटना के वक्त महिला घर में अकेली थी। मृतका का पति अपने काम से बाहर गया हुआ था।

वहीं उसके जेठ सतीश साहू और जेठानी जामनी साहू किसी काम से नवापारा आए हुए थे। महिला के सास-ससुर पारिवारिक कार्यक्रम में दूसरे गांव गए हुए थे। शाम को जब परिजन वापस लौटे तो प्रेमा का शव उसके कमरे में तौलिया से बने फंदे से लटकता मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मामला नवविवाहिता का होने के कारण तहसीलदार और पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया।

**दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप**

इस मामले को लेकर मृतका प्रेमा साहू के परिजनों ने ससुराल वालों पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाय। मृतका के पिता ओमकार साहू (50 वर्ष) ने इसकी शिकायत रायपुर एसएसपी से की है और इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, डीजीपी, आईजी और थाना प्रभारी को भी भेजी। ओमकार साहू ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी प्रेमा साहू को दामाद रूपेश साहू, ससुर चंद्रशेखर साहू, सास श्रीमती दुर्गा साहू, देवर सतीश साहू, जेठानी श्रीमती जामनी साहू दहेज में कम सामान लाने को लेकर ताना मारते और प्रताड़ित करते थे।

**उच्चस्तरीय जांच की मांग**

मृतका प्रेमा साहू के परिजनों ने ससुराल वालों पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाय। मृतका के पिता ओमकार साहू (50 वर्ष) ने बताया कि उनकी बेटी के शरीर पर चोट के निशान थे। उन्हें संदेह है कि ससुराल वालों ने दहेज के लिए उनकी बेटी की हत्या कर दी और घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया। मृतका के पिता ने घटना की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है।




# नगर में किराए पर रह रहे बाहरी व्यक्तियों की जांच पड़ताल तेज



**सिमगा**, 8 मई (देशबन्धु)। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर के 15 वार्डों में किराए पर रह रहे बाहरी व्यक्तियों का जांच-पड़ताल कर सूची बनाई जा रही है। बाहरी व्यक्तियों को थाने बुलाकर उनका स्थायी पता नाम एवं कार्य के बारे में संपूर्ण जानकारी एकत्रित किया जा रहा है। साथ ही उन लोगों का फिंगर प्रिंट भी लिया जा रहा है। ताकि उनके संबंधित थानों में सूची भेजकर उनके चाल चरित्र की जानकारी एकत्रित की जा सके। 7 अप्रैल बुधवार को 8 लोगों की संपूर्ण जानकारी ली गई जिनमें मोहसिन खान दिलशाद गार्डन झिलमिल पूर्वी दिल्ली उम्र 34 वर्ष, सलमान खां उम्र 34 वर्ष सदादौ अलीगढ़ उत्तरप्रदेश रहीस अहमद उम्र 38 वर्ष अनुपशहर उत्तरप्रदेश नरेंद्र कुमार दादों उत्तरप्रदेश धनवेश उम्र 20 वर्ष अलीगढ़ दादो उत्तरप्रदेश तारीख अहमद उम्र 37 वर्ष दादों उत्तरप्रदेश सरताज अमीरूदौन सोरों कासगंज उत्तर प्रदेश मोहम्मद सगौर पहासु थाना बुलंदशहर उत्तर प्रदेश है। किराएदारों में बाहरी व्यक्तियों के साथ साथ समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की सूची भी बनाई जा रही है। यह अभियान लगातार जारी रहेगी। थाना प्रभारी रितेश मिश्रा ने इस अभियान में नगर के जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की है। इसका मुख्य कारण नगर में रह रहे बाहरी व्यक्तियों की संपूर्ण जानकारी थाने में एकत्रित करना है। अगर इनके द्वारा नगर में कोई अप्रिय घटनाएं करने पर इन्हें आसानी से पकड़ा जा सके।

# कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## बोर्ड परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारी, खुशी ने हासिल किए 93 प्रतिशत अंक



**नवापारा राजिम,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम बुधवार शाम जारी कर दिए गए है। शासकीय कन्या शाला की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 12 वीं कला संकाय की छात्रा खुशी साहू ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर शाला में प्रथम स्थान दर्ज कर स्कूल को गौरवान्वित किया है।

छ.ग.मा.शि. मंडल द्वारा घोषित कक्षा दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा की छात्राओं का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम सर्वोच्च 92.80 प्रतिशत रहा। वहीं विज्ञान संकाय का 87.17 प्रतिशत तथा कला संकाय का 82.12: रहा द्य कला संकाय की छात्रा कुमारी खुशी साहू ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ संस्था में टॉप किया वाणिज्य संकाय की छात्रा संतोषी साहू ने 86.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा कला संकाय की छात्रा खुशबू गिलहरे ने 85: अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया. इस प्रकार कक्षा बारहवीं में कल 174 छात्राओं में से 148 छात्राएं उत्तीर्ण रहीं। कुल परीक्षा परिणाम 85.5 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में 94 द्वितीय श्रेणी में 53 तथा केवल एक छात्रा तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण रही.

संस्था का कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा. कुल 174 छात्राओं में 111 उत्तीर्ण रहीं. प्रथम श्रेणी में 41, द्वितीय श्रेणी में 67, तृतीय श्रेणी में 3 तथा 19 छात्राओं ने पूरक प्राप्त किया। कुल परीक्षा परिणाम 63.79 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं की छात्रा शारदा साहू ने 92.83: अंकों के साथ संस्था में टॉप किया. भारती साहू 86. 16 प्रतिशत द्वितीय एवं लेखिका सेन 85.83 प्रतिशत अंकों के साथ संस्था में तृतीय रही।

संस्था प्राचार्य सरिता नासरे ने छात्राओं के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी है एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं. साथ ही उन छात्रों को अधिक मेहनत करने की सलाह दी जिनके परीक्षा परिणाम अपेक्षाकृत अच्छे नहीं रहे। बोर्ड परीक्षा में असफल छात्राओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि असफलता जैसी कोई चीज नहीं होती है व्यक्ति या तो सफल होता है या सीखता है। निरंतर प्रयास से ही सफलता संभव है।

# प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के करकमलों से हुआ गौठान पहुँच मार्ग का भूमिपूजन



**भाटापारा,** 8 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका भाटापारा अंतर्गत 49 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत गौठान पहुँच मार्ग के निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के करकमलों से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि नगरवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति और क्षेत्र का समग्र विकास ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गौठान पहुँच मार्ग का निर्माण न केवल आवागमन को सरल बनाएगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास और आजीविका संवर्धन को भी बल मिलेगा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि यह मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है, जो न केवल गौठान तक सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगा, बल्कि पशुधन की देखरेख और कृषि कार्यों में सहयोग मिलेगा। इस प्रकार की आधारभूत सुविधाएं नागरिकों की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

कार्यक्रम में सभापति गोविंद पटेल, भाजपा जिला महामंत्री राकेश तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु, पार्षद सतीश तलरेजा, मनीष मिश्रा, नंदकिशोर वैष्णव, संध्या राजेश साहू, भुवन सिंह ठाकुर, योगेश अनंत, गेन्दू साहू, दशरथ साहू, आशिष टोडर, नीरा साहू, आयेशा खान, प्रकाश शर्मा, संतोष वैष्णव सहित अनेक गणमान्यजन और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

यह मार्ग निर्माण स्थानीय विकास को नई दिशा देगा और भविष्य में गौठान क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाएगा।

# शासकीय अहिल्या बाई त्रेतनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमरौद में परीक्षा परिणाम संतोषप्रद रहा



**बागबाहरा,** 8 मई (देशबन्धु)। सत्र 2024-2025 में कक्षा 10वीं में कुल 62 छात्र/छात्रा सम्मिलित हुआ जिसमे 56 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए उसमें प्रथम श्रेणी 30, द्वितीय श्रेणी 25, तृतीय श्रेणी 01 प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में कु. कुमकुम साहू 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कु. जितेश्वरी पटेल 90,.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं कु. जिया रात्रे 86.83प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह कक्षा 12 वी में कुल 37 छात्र/छात्रा सम्मिलित हुआ जिसमे 33 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। उसमें प्रथम श्रेणी 16, द्वितीय श्रेणी 15, तृतीय श्रेणी में 02 प्राप्त किया। कक्षा 12 वीं में कु. वोमेश्वरी साहू 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कु. रेशमी निषाद 74.6प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, एवं एस कुमार यादव 74.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस परिणाम पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यगण , संस्था के प्राचार्य श्रीमती तारिणी दीवान, समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं पालकगण तथा ग्रामीण जनों ने सभी सफल छात्र/छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किया।

# राजिम पुलिस ने 5.800 किलो गांजा परिवहन करते दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**राजिम,** 8 मई (देशबन्धु)। राजिम थाना क्षेत्र में अपने पुलिस के मुखबिर सक्रिय किए हैं। मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी राजिम निरीक्षक अमृत लाल साहू को सूचना मिली कि ग्राम पिताईबंद से गैस गोदाम रोड होते हुए अवैध रूप से गांजा लेकर राजिम आरहा है । थाना प्रभारी तत्काल पुलिस टीम लेकर मुखबिर द्वारा बताए गए घटनास्थल पर रवाना होकर इंडियन गैस गोदाम के पास पहुंची ।

सूचना के आधार पर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 पीआर 0438 को रोक कर समक्ष गवाह के साथ चेक किया गया। चेक करने के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से प्लास्टिक के थैले में रखें 5.800 किलो ग्राम गांजा मादक पदार्थ कीमती 60 हजार रुपए बरामद कर जप्त किया गया। दोनों आरोपियों के नाम और पता पूछने पर गिरवर देवांगन पिता बिसहत राम देवांगन उम्र 29 वर्ष एवं दूसरा कोमल देवांगन पिता बिसहत राम देवांगन उम्र 27 वर्ष निवासी दोनों पिताईबंद थाना राजिम का होना बताया गया ।

अवैध गांजा परिवहन करते उपयोग में हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 पीआर 0438 कीमती 70, हजार रुपए कुल जुमला 01 लाख 30 हजार रुपए को जप्त किया गया। आरोपियों को उक्त अपराध के तहत धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट का पाए जाने से दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों को समक्ष विधिवत गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना राजिम पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

# उत्पादन बढ़ाने किसान करें ऐसे उपाय, समय गहरीकरण और समतलीकरण का



**भाटापारा,** 8 मई (देशबन्धु)। अवसर है खेतों के गहरीकरण और समतलीकरण का। खरीफ की तैयारियों के बीच किया जा सकने वाला यह काम बेहतर उत्पादन जैसा प्रतिफल देगा। मिट्टी की उर्वरा शक्ति का जैसा फैलाव होगा उसका लाभ खरीफ के बाद रबी फसल में भी देखा जा सकेगा।

बेमौसम हो रही बारिश से रबी फसल को नुकसान की खबरें थमी नहीं है। इस बीच कृषि वैज्ञानिकों ने सलाह जारी की है कि खाली पड़ी खेतिहर जमीन की समतलीकरण करें। इससे आगामी खरीफ सत्र में बोई जाने वाली फसल का उत्पादन बढ़ेगा। यह लाभ अगले रबी सत्र तक मिलेगा। इसलिए समतलीकरण का काम प्राथमिकता के आधार पर करें।

**इसलिए यह काम:** सतत मशीनीकरण की वजह से खेतों की संरचना बदल चुकी है। कहीं गहरी, तो कहीं उथली भूमि की वजह से वर्षा जल का फैलाव पूरे खेत में नहीं हो पाता। यह स्थिति कमजोर बढ़वार और कम होते उत्पादन के रूप में किसानों तक पहुंचता है। इसे आर्थिक नुकसान की भी वजह मानी जा सकती है।


**रखें ध्यान:** गहरीकरण के बाद समतलीकरण के काम के दौरान ध्यान रखें कि सतह की मिट्टी बाहर न फेंकी जाए। फैलाव चारों ओर होना चाहिए। कल्टीवेशन के दौरान भी इसका ध्यान रखना होगा। ऊंचाई वाले हिस्से की मिट्टी गहराई में डालना होगा। इससे खेत समतल होगा।

**वर्षा जल का समान फैलाव:** समतलीकरण के बाद पहला लाभ वर्षा जल का समान फैलाव के रूप में देखा जाएगा। समान संरचना की वजह से फसल को बेहतर बढ़वार मिलेगी। जो भरपूर उत्पादन के रूप में सामने आएगा। यह लाभ रबी फसल में भी किसान ले सकेंगे।

**दीर्घकालिक लाभ:** फसलों की जड़ को बढ़वार के लिए भुरभुरी व हवा युक्त मिट्टी की आवश्यकता होती है, ताकि जड़ ज्यादा से ज्यादा मिट्टी में फैल सके। अकरस जुताई के परिणामस्वरूप मिट्टी भुरभुरी व पोली हो जाती है, जिससे पौधे की जड़ की वृद्धि अच्छी होती है। मिट्टी में हवा का संचार अच्छा होता है, जिससे सूक्ष्म जीवों की बढ़वार एवं गुणन तीव्र गति से होता है।

**-डॉ. प्रमेंद्र कुमार केसरी, साइंटिस्ट ( सॉइल साइंस ), बीटीसी कॉलेज आफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# पढ़ाई-लिखाई का बाजार मंदा



**भाटापारा,** 8 मई (देशबन्धु)। स्लेट, कमजोर है खरीदी लेकिन नए शिक्षा सत्र की तैयारी कर रहीं स्टेशनरी दुकानों में यह भी नजर आएंगे। अंक और शब्द ज्ञान के कैलेंडरों में पालकों की खरीदी चालू हो चुकी है ताकि ग्रीष्म अवकाश के दिनों में बच्चों को पहचान करवाया जा सके।

आओ चलें स्कूल हम। इसके पहले नए शिक्षा सत्र के लिए जरूरी शिक्षण सामग्री स्टेशनरी दुकानों में नजर आने लगीं हैं। पूछ-परख और रुझान को देखते हुए बेहतर खरीदी की धारणा को इसलिए बल मिल रहा है क्योंकि प्रारंभिक शिक्षा की लगभग सभी शिक्षण सामग्रियों की दरें बीते बरस जैसी ही हैं।

**शिक्षण सामग्रियों की दरें बीते बरस जैसी**

**बेहद कमजोर है मांग स्लेट में**

प्रारंभिक शिक्षण सामग्रियों में पहला नाम स्लेट का आता है लेकिन लगातार घटते बाजार के बावजूद पत्थर की स्लेट इस बार भी नजर आ रही है। कीमत की बात करें, तो यह स्लेट 50 से 70 रुपए में मिल रही है जबकि बोर्ड की स्लेट, कीमत में लगभग आधी ही है। बढ़ती मांग के पीछे आसान रख-रखाव जैसे कारक मुख्य हैं।

**चॉक, पेंसिल और कंपास**

डिमांड अच्छी है पेंसिल और चॉक में क्योंकि कीमत स्थिर है और कम कीमत में भी यह सामग्री मिल रही है। फिर भी 5 से 10 रुपए पाउच वाली पेंसिल में ग्रोथ, उत्साह बढ़ाने वाली है। चॉक में मध्यम गुणवत्ता वाले चॉक बॉक्स की कीमत 10 रुपए और उच्च गुणवत्ता वाला चॉक बॉक्स 50 रुपए में मिल रहा है।

**'अ' अनार का...**

शब्दों की पहचान आसान करते हैं फल और पशु-पक्षी तथा हमारे आसपास नजर आने वाली सामग्रियां। ऐसे में शब्द ज्ञान देने वाले कैलेंडर 40 रुपए में मिल रहे हैं, तो 40 से 50 रुपए में अंकों का ज्ञान देने वाले कैलेंडर खरीद सकेंगे पालक। यह ज्ञान आगे बढ़ाने के बाद पहाड़ा का नंबर आता है, इस किताब की कीमत 10 से 50 रुपए बता रहीं हैं स्टेशनरी दुकानें।

# हरिहर शाला 12वीं में 89.8 प्रतिशत लेकर विशाल ने किया टॉप तो दसवीं में 96.5 प्रतिशत लेकर तरूण ने किया टॉप



**नवापारा राजिम,** 8 मई (देशबन्धु)। छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल व्दारा बुधवार को घोषित बोर्ड कक्षा के परीक्षा परिणामों में पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ठ रहा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संस्था प्राचार्य फखरा खानम दानी ने बताया कि संस्था में बारहवीं का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा, जबकि दसवीं का 64.39 प्रतिशत रहा। उन्होंने परीक्षा परिणाम को विस्तार से बताते हुए कहा कि बारहवीं में 169 परीक्षार्थियों में 131 प्रथम श्रेणी, 90 व्दितीय श्रेणी, 41 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, जबकि 19 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण एवं 19 परीक्षार्थी पूरक की श्रेणी में आए हैं। कक्षा बारहवीं में 89.8 प्रतिशत लेकर विशाल राठौर प्रथम, 87 प्रतिशत लेकर घनश्याम गिलहरे एवं विजुल बंजारे व्दितीय तथा 85.8 प्रतिशत लेकर भवदीप देवांगन तृतीय रहे।

वहीं कक्षा दसवीं में 205 परीक्षार्थियों में से 79 प्रथम, 49 व्दितीय, 04 तृतीय, 62 अनुत्तीर्ण एवं 11 पूरक रहे। कक्षा दसवीं में 96.5 प्रतिशत लेकर तरूण देवांगन प्रथम, 94.1 प्रतिशत लेकर शारदा साहू व्दितीय, 91.5 प्रतिशत लेकर रवि निर्मलकर तृतीय रहे। संस्था प्राचार्य श्रीमती दानी ने सभी परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि जो परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण या पूरक आए हैं वे निराश न होवें और अभी से तैयारी में जुटकर व्दितीय अवसर में परीक्षा दिलाकर उत्तीर्ण हो सकते हैं।

# शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने सभी जिम्मेदारी से काम करें : मंत्री वर्मा



**बलौदाबाजार,** 8 मई (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की बठक लेकर विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होने शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियो तक पहुंचाने राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण तथा निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियो को दिये।

राजस्व मंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार का तीसरा चरण चल रहा है जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं समाधान शिविरों एवं गांवो में पहुंच कर योजनाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू हो रहे हैं। हमारी सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि सभी योजना धरातल पर पहुंचे और सभी पात्र हितग्राही योजनाओं से लाभान्वित हो। इसके लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों को संवेदनशील बताते हुए सीमांकन, बंटांकन, नामांतरण जैसे छोटे छोटे कार्यों को शीघ्र निराकरण करने कहा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भूमि रजिस्ट्री के बाद नामांतरण को सुविधाजनक बनाने के लिए रजिस्ट्री के साथ ही पंजीयन सुविधा का शुभारम्भ किया है। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल एवं निस्तारी की समस्या का प्राथमिकता से समाधान करने कहा।

- **राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं अवैध शराब बिक्री व परिवहन पर कड़ी कार्यवाही पर जोर**
- **राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने विभागीय कार्यो की समीक्षा की**

जिला अस्पताल न बने रिफरल सेंटर मंत्री श्री वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए बड़ी संख्या में मरीजों का निजी अस्पताल में ईलाज को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला अस्पताल सुविधा सम्पन्न है और चिकित्सक भी मौजूद है इसलिए यहां से गंभीर बीमारी का ईलाज उच्च संस्थाओ में कराने के लिए ही रिफर किया जाए। एम्बुलेंस संचालकों द्वारा यदि कमीशनखोरी जैसे मामले हों तो उस पर नियंत्रण करें। इसीतरह आयुष्मान कार्ड के माध्यम से किसी अस्पताल में ईलाज के नाम पर लापरवाही हो रही हो तो अस्पताल का निरीक्षण कर आयुष्मान योजना में इम्पैनल होने के निर्धारित मापदंड की जांच करें और कमी मिलने पर डीइम्पैनल कराएं। अवैध शारब बिक्री व परिवहन पर हो कड़ी कार्रवाई - मंत्री श्री वर्मा ने जिले में अवैध शराब व अन्य मादक पदार्थो के बिक्री व परिवहन पर नियंत्रण के लिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि युवा नशे की लत से गलत कार्यो में संलिप्त हो रहे हैं जिससे समाज में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। किसी भी प्रकरके मादक सामग्री के अवैध धंधा को पूरी तरह से समाप्त करें। आबकारी व पुलिस विभाग आवश्यक रणनीति बनाएं। बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की संख्या, निराकरण एवं समाधान शिविरों की जानकारी दी। उन्होंने राजस्व मंत्री द्वारा दिये गए निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियो को दिये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, मिथलेश डोंडे सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जिला अधिकारी उपस्थित थें।

# जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा में सभापति चुनाव सम्पन्न




**बलौदाबाजार,** 8 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा-47 तथा सहपठित छत्तीसगढ़ जनपद पंचायत, जिला पंचायत स्थायी समितियाँ (सदस्यों का निर्वाचन, उनकी शक्तियाँ और कृत्य तथा सदस्यों का कार्यकाल और कामकाज के संचालन की प्रक्रिया) नियम, 1994 के प्रावधान अनुसार जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा में स्थायी समिति के गठन करने हेतु जारी सूचना क्रमांक जि.पं. 100, बलौदाबाजार, 1 मई 2025 के तहत् 8 मई को प्रात: 11 बजे से स्थान सभाकक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में सम्मिलन आयोजित किया गया। सम्मिलन की अध्यक्षता कलेक्टर द्वारा विर्निदिश्ट अधिकारी (पीठासीन अधिकारी) सुश्री दिव्या अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा की गई। पीठासीन अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम सम्मिलन में उपस्थित जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती अकांक्षा गोलू जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन कुमार साहू एवं सदस्यों की उपस्थिति ग्राह्य की गई।

पीठासीन अधिकारी द्वारा जिला पंचायत बलौदाबाजार में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा-47 (1) के तहत् पांच स्थायी समितियां (क) सामान्य प्रशासन समिति, (ख) कृषि समिति, (ग) शिक्षा समिति, (घ) संचार तथा संकर्म समिति एवं (ड.) सहकारिता और उद्योग समिति तथा धारा-47 (2) के तहत् निम्नांकित अतिरिक्त समितियां गठन करने हेतु अनुमति प्राप्त की गई है:- (क) स्वच्छता समिति, (ख) स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति (ग) वन एवं पर्यावरण समिति (घ) कौशल विकास उन्नयन समिति (ड.) सूचना प्रौद्योगिकी समिति (च) खेल एवं युवा कल्याण समिति, के संबंध में उपस्थित जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को जानकारी दी गई। पीठासीन अधिकारी द्वारा सम्मिलन में जानकारी दी गई कि सामान्य प्रशासन समिति को छोड़कर प्रत्येक समिति में कम से कम तीन सदस्य एवं अधिकतम सदस्यों की संख्या 10 से अधिक नहीं होगी जो कि धारा 47 की उपधारा (4) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए जिला पंचायत प्रत्येक समिति के सदस्यों की संख्या संकल्प द्वारा अवधारित करेगी संबंधी जानकारी पीठासीन अधिकारी के द्वारा प्रदान की गई।

इस प्रकार सम्मिलन में जिला पंचायत में गठित निम्नांकित स्थायी समिति के लिए सदस्यों की संख्या संकल्प द्वारा अवधारित की गई:-स्थायी समिति का नाम संकल्प द्वारा अवधारित सदस्यों की संख्या सामान्य प्रशासन समिति श्रीमती अकांक्षा गोलू जायसवाल, कृषि समिति सुश्री इंदू जांगडे, शिक्षा समिति पवन साहू, संचार तथा संकर्म समिति ईशान वैष्णव (बिट्टू), सहकारिता और उद्योग समिति डॉ मोहनलाल वर्मा, स्वच्छता समिति श्रीमती शशि आनंद बंजारे, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति श्रीमती दीप्ती गोविंद वर्मा, वन एवं पर्यावरण समिति श्रीमती गीता डोमन वर्मा, कौशल विकास उन्नयन समिति राजा जायसवाल, सूचना प्रौद्योगिकी समिति सुश्री दामिनी कुंजाम, खेल एवं युवा कल्याण समिति सुश्री गायत्री बेदराम बरिहा को लिया गया है।

पीठासीन अधिकारी द्वारा सम्मिलन में जानकारी दी गई कि सामान्य प्रशासन समिति को छोड़कर प्रत्येक स्थायी समिति के लिए पृथक-पृथक निर्वाचन किया जाएगा। स्थायी समिति का निर्वाचन उसी क्रम में किया जावेगा जिस क्रम में स्थायी समितियां धारा 47 की उपधारा (1) में वर्णित की गई है। तथापि यदि किसी स्थायी समिति का निर्वाचन नियम 9 के अधीन स्थगित कर दिया जाता है तो क्रम में उसके पश्चात् आने वाली स्थायी समिति का निर्वाचन किया जाएगा। यह कि धारा 47 उपधारा (3) के तहत् सामान्य प्रशासन समिति में उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट तथा उपधारा (2) के अधीन गठित समस्त स्थायी समितियों के सभापति सदस्य होंगें। यथास्थिति जिला पंचायत का अध्यक्ष, सामान्य प्रशासन समिति के पदेन सभापति होंगें। यथास्थिति जिला पंचायत का उपाध्यक्ष, शिक्षा समिति के पदेन सभापति होंगें। यथास्थिति जिला पंचायत का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष उपरोक्त समिति (क्रमश: सामान्य प्रशासन समिति एवं शिक्षा समिति) से भिन्न किसी अन्य समिति का सदस्य नहीं होगा। शिक्षा समिति के सदस्यों में कम से कम एक महिला तथा अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का एक व्यक्ति सदस्य होगा। उपरोक्तानुसार निर्वाचन प्रक्रिया आज जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा के सभा कक्ष मे विधिवत सम्पन्न हुआ।

# धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

- स्कूलों का युक्तियुक्तकरण होगा, कलेक्टर ने दिए निर्देश
- स्कूल शिक्षा और आदिवासी विकास विभाग के काम-काज की कलेक्टर ने की समीक्षा



**धमतरी,** 8 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज स्कूल शिक्षा और आदिवासी विकास विभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्डवार स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के ऐसे स्कूल जिनके युक्तियुक्तकरण किया जाना है, उसकी अलग से जानकारी देने कहा। उन्होंने अंदरूनी क्षेत्रों और कमार बसाहटों में स्कूलों को नियमित रखने के निर्देश दिए, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। कलेक्टर ने पीएमश्री स्कूलों को उत्कृष्टता के आधार पर रैंकिग दी और उत्कृष्ट स्कूल में किए गए कार्यों की विडियो भी दिखाई। कलेक्टर ने स्कूलों में सर्व सुविधायुक्त वातावरण में शिक्षा देने के कार्य की सराहना की और अन्य स्कूलों के प्राचार्यो को भी इसी तरह की गतिविधियां संचालित करने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगदल्ले, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग विमल साहू सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अटल टिकरिंग लैब में आधुनिक जरूरतों के हिसाब से मॉडल तैयार करने बच्चों को प्रोत्साहित करें। दसवीं और बारहवीं में पढ़ने वाले बच्चों के लिए जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों का चिन्हांकन करने के निर्देश भी दिए। इन शिक्षकों से गणित, भौतिक, रसायन और बायोलॉली विषय के पाठ्यक्रम के अनुसार वीडियो बनाकर स्कूलों में सर्कुलेट करने को भी कहा, ताकि बच्चों को पढ़ाई में मदद हो सके। इसके लिए उन्होंने एक रिकॉर्डिंग रूम भी तैयार करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने सभी स्कूलों में आयोजित होने वाले मासिक परीक्षा के रिपोर्ट ऑनलाईन दर्ज करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों के शैक्षणिक स्तर की जांच की जा सके। कलेक्टर ने स्कूली बच्चों को श्रम, आदिवासी विकास और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत् दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शिक्षा का अधिकार के तहत जिले में अब तक हुए प्रवेश की जानकारी भी ली। बैठक में अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के प्रतिनिधि ने मॉडल स्कूलों के विकास पर सुझाव दिये। उन्होंने स्कूलों में लायब्रेरी, रचनात्मक लेखन, सुबह की कक्षा तथा बच्चों के मूल्यांकन के तरीकों को बताया। स्कूलों के शिक्षकों के दायित्व संबंधी जानकारी भी दी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने शैक्षणिक संत्र प्रारंभ होते ही स्कूलों में बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से स्कूली बच्चां के स्वास्थ्य परीक्षण भी अनिवार्य रूप से कराने को कहा।

आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने आदिवासी क्षेत्रों में आजीविका के लिए किए जा रहे कामों की जानकारी ली। उन्होंने धरती आबा योजना के तहत् कृषि और सहयोगी विभागों के कामों को भी शामिल करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने धरती आबा योजना के तहत दूरस्थ आदिवासी अंचलों में बसाहटों को जोड़ने हेतु छोटी-छोटी सड़कों के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजने के निर्देश भी दिये। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में नए हास्टल शुरू करने और वर्तमान हास्टल भवनों की मरम्मत के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने कहा। बैठक में एकलव्य आवासीय विद्यालय में पेयजल व्यवस्था, निर्माणाधीन तीरंदाजी मैदान सहित अन्य निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई।

# 3 दिवसीय राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक, व्यक्तित्व विकास शिविर के लिए धमतरी से 11 वरिष्ठ स्काउट्स एवं रोवर्स की टीम रवाना

**धमतरी,** 8 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन, टी.आर. जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार तथा चेतन हिंदुजा जिला मुख्य आयुक्त, गणेश प्रसाद साहू जिला अध्यक्ष एवं डी के साहू जिला सचिव के मार्गदर्शन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स धमतरी के 11 वरिष्ठ स्काउटास एवं रोवर्स 3 दिवसीय राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक, व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन लिए जल्की (सिरपुर) जिला महासमुंद के लिए रवाना हुए। स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन के वित्तीय सहयोग से यह शिविर 6 मई 2025 से 8 मई 2025 तक आयोजित होगा। जिसमें सभी जिले से प्रतिभागी के रूप हिस्सा लेंगे। जिला से प्रतिभागी के रूप में हिरेन्द्र कुमार, नीलकमल, कुणाल खरे, पंकज निर्मलकर, योगेश कुमार, ओमेश कुमार, आदित्य नारायण प्रियांशु, बादल ओझा, नीलेश कुमार, ऋतुराज साहू शामिल हो रहे हैं। ये सभी 3 दिन तक महासमुंद जिले की प्रकृति का अध्ययन करेंगे।



शिविर की सफलता के लिए चेतन हिंदुजा जिला मुख्य आयुक्त, गणेश प्रसाद साहू जिला अध्यक्ष, भगतराम यादव जिला कोषाध्यक्ष, टी.आर. जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त, कृष्णा राम साहू, जितेन्द्र कुमार साहू, गजानंद साहू, वनिता मगर, डोलेश्वरी साहू, यशोदा सोनकर जिला उपाध्यक्ष, एल आर चौधरी सहायक संचालक, हिरेंद्र साहू, परमेश्वर साहू, सोमन साहू, पारख दास मानिकपुरी, शैलेष बाजपेयी, कविता साहू, ज्योति मगर आजीवन सदस्य प्रतिनिधि, डी.के. साहू जिला सचिव, टिकेश्वर पांडे संयुक्त सचिव, जीवन लाल साहू, शशि बंसोर जिला प्रशिक्षण आयुक्त, नेमलाल गंगेले डीओसी स्काउट, हीना भेसले डीओसी गाइड आदि ने बधाई दी।

# भारत नेताम अब दूसरों पर नहीं रहेंगे निर्भर

## सुशासन तिहार में मिली ट्राईसाइकिल

**धमतरी,** 8 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय के सुशासन में लोगों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों का समाधान तो किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया जा रहा है। इसके लिए गांव-गांव में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। नगरी के कुकरेल में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे ग्राम झूरातराई के भारत नेताम की मांग का भी शासन-प्रशासन द्वारा तत्काल समाधान कर दिया गया है। दरअसल श्री नेताम ने सुशासन तिहार के पहले चरण में लगे समाधान पेटी में अपने लिए ट्राईसाइकिल की मांग करते हुए आवेदन डाला था। भारत नेताम के आवेदन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें ट्राईसाईकिल मुहैय्या कराई गई, जिसे नगरी के कुकरेल में लगे समाधान शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदाय किया गया।




भारत नेताम ने बताया कि बीमारी के कारण उनके पैरो में चलने कि ताकत नहीं थी. इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए उन्होंने सुशासन तिहार में आवेदन दिया था। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार उनके जीवन में खुशी लेकर आई है। भारत नेताम कहते हैं कि अब उन्हें कहीं भी आने-जाने के लिए किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। ट्राईसाइकिल के माध्यम से वे अपनी जरूरतों के हिसाब से आना-जाना कर सकेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार की वजह से उनकी समस्या का समाधान हो पाया है।

# मजदूरी की, मशरूम उगाया, अब चला रही सीएचसी

- लखपति दीदी बनीं सारंगपुरी की मधु कंवर



**धमतरी,** 8 मई (देशबन्धु)। कभी बड़ी आर्थिक परेशानी को झेलने वाली धमतरी विकासखण्ड के सारंगपुरी पंचायत की मधु कंवर आज पूरे क्षेत्र में लखपति दीदी के नाम से जानी जा रहीं हैं। मधु कंवर ने कभी खेतों में मजदूरी भी की है, मशरूम भी उगाया है, लेकिन आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद उनके सपनों ने सही आकार ले लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में अब मधु कॉमन सर्विस सेंटर-सीएचसी चला रहीं हैं। इस सर्विस सेंटर से सारंगपुरी ही नहीं बल्कि आसपास के कई गांवों के लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी हो गई है। सीएचसी के माध्यम से लोगों को रियायती दरों पर ई-गवर्नेंर्स की सुविधाएं मुहैय्या कराकर श्रीमती कंवर प्रतिमाह 10-12 हजार रूपये कमा रहीं हैं। मधु ने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया है, बल्कि अपने गांव और समाज की अन्य महिलाओं के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

श्रीमती कंवर बताती हैं कि पहले परिवार की माली हालत बहुत खराब थी। वे बड़े किसानों के खेतों में रोजी-मजूरी किया करतीं थीं। बच्चों की पढ़ाई और घर की दूसरी जरूरतें पूरा करना भी मुश्किल था। सिमित आय और संसाधनों के बीच सही ढंग से जीवन जीने के लिए संघर्ष करने वाली मधु ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़कर जय माँ कर्मा महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से प्रशिक्षण और स्वरोजगार के तरीके सीखे। उनके समूह ने सबसे पहले धान खरीदी-बिक्री का काम शुरू किया। कुछ आमदनी होने पर मशरूम उत्पादन किया और उसे बेचकर मुनाफा कमाते गए। आजीविका मिशन के तहत समूह के माध्यम से लोन लेकर उन्होंने अपने घर में ही कॉमन सर्विस सेंटर शुरू किया। इस सर्विस सेंटर में सरकार की ई-गवर्नेंस सुविधाएं जैसे-आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाना, विवाह पंजीयन करना, बिजली बिल का भुगतान, आधार कार्ड-श्रम कार्ड-आयुष्मान कार्ड बनाने जैसे दूसरे कई काम शुरू किये। इन सेवाओं के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से मधु हर महीने 10-12 हजार रूपये कमा रहीं हैं।

मधु कंवर और उनके स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़कर मोमबत्ती बनाना, केक बनाना, मछली पालन, मशरूम उत्पादन, बैंक सखी जैसे कई कामों को अपने हाथों में लिया है। आज मधु ने अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर कर घर-गृहस्थी की बागडोर को भी मजबूती दी है। स्व सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर होने की प्रेरणा दे रही मधु का सामाजिक और पारिवारिक दायित्व पर भी आत्मविश्वास बढ़ा है।

# सुनसुनिया के शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**बागबाहरा,** 8 मई (देशबन्धु)। शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया विकासखंड बागबाहरा में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु प्रवेश फार्म का वितरण उक्त आवासीय विद्यालय में 1 मई 2025 से प्रारंभ हो गया है। प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 10.06.2025 तक है। हॉस्टल अधीक्षक श्रीमती रक्षा साहू ने बताया कि कस्तूरबा गांधी विद्यालय सुनसुनिया बागबाहरा में कक्षा छठवीं में 34 सीट रिक्त है। विद्यालय सुनसुनिया बागबाहरा में केवल छात्रावास हेतु कक्षा दसवीं के लिए 8 सीट रिक्त है। इच्छुक पालक कार्यालय समय में विद्यालय में संपर्क कर प्रवेश फार्म प्राप्त कर सकते हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु शाला त्यागी ,अधिक उम्र, अनाथ ,एकल पालक ,दिव्यांग अल्पसंख्यक तथा अनुसूचित जाति, जनजाति ,अन्य पिछड़ा वर्ग तथा बीपीएल श्रेणी की बालिकाओं को शासन के नियमानुसार प्रवेश दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए संबंधित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सुबह 8 से 12 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।



# मनरेगा योजना के तहत हुआ रोजगार दिवस का आयोजन

- श्रमिकों को दी जनमनरेगा एप्प की जानकारी

**धमतरी,** 8 मई (देशबन्धु)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस प्रत्येक माह की सात तारीख को आयोजित करने, प्राप्त आवेदनों एवं शिकायत का निराकरण कर किया जाता है। रोजगार दिवस आयोजन के संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि- शासन के निर्देशानुसार कार्य स्थल पर श्रमिकों को एक्ट में वर्णित प्रावधानों व अधिकारों के प्रति समझ विकसित एवं जागरूक करना, योजना में हुये नवीन संशोधनों- प्रावधानों के विषय में प्रचार-प्रसार करना, नये परिवारों का पंजीयन के लिये भी आवेदन प्राप्त करना, परिवार रोजगार कार्ड में नये सदस्यों के नाम जोड़ने के लिये आवेदन प्राप्त करना, रोजगार हेतु मांग प्राप्त करना एवं उन्हें दिनांक सहित पावती देना, मजदूरी भुगतान, लंबित मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी देना एवं समाधान करना, प्राप्त आवेदनों, शिकायतों का निराकरण की कार्यवाही करना, जिन परिवारों द्वारा 15 दिवस, 50 दिवस, 75 दिवस रोजगार प्राप्त किया है, उनकी पहचान कर उन्हें मांग अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना, वार्षिक योजना अनुसार कौन सा निर्माण कार्य निर्माणाधीन है एवं कौन सा कार्य प्रारंभ किया जाना है, जानकारी दिया जाना, रोजगार दिवस आयोजन को सूचना शिक्षा-संचार (आई.ई.सी.) गतिविधि-क्रियाकलाप के रूप में संचालित किया जाना, जिलों में लोकपाल व्यवस्था एवं राज्य स्तर पर लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण के संबंध में प्रचार-प्रसार किया जाना, सामाजिक अंकेक्षण के संबंध में जानकारी एवं जागरूक किया जाना, राज्य, जिला, जनपद स्तर के समय-समय जारी निर्देशों- प्राथमिकता के विषयों पर जानकारी-गतिविधि भी शामिल किया जाना की जानकारी कार्य स्थल पर योजनांतर्गत नियोजित श्रमिकों को दी गई।




आगे उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में मनरेगा श्रमिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 90 दिवस मजदूरी कार्य कराये जाते हैं। विकासखंड स्तर पर धमतरी में 3459, कुरुद-2698, मगरलोड -2118, नगरी -3811 कुल -12 हजार 86 श्रमिक नियोजित है। इन श्रमिकों को महात्मा गांधी नरेगा के तहत अनुमेय कार्यों की जानकारी जैसे सोखता गड्ढा,वर्मी कम्पोस्ट,नाडेप गड्ढा पर भी ध्यान केंद्रित करते हुए कार्यों का प्रचार-प्रसार की जानकारी सहित जनमनरेगा ऐप के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है, जिसमें बताया गया कि-जन मनरेगा ऐप के माध्यम से पारदर्शी कार्यान्वयन के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन है। यह ऐप मनरेगा श्रमिकों, अधिकारियों और आम जनता को योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने, काम की मांग करने, और शिकायत दर्ज करने में मदद करता है।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन




**बागबाहरा,** 8 मई (देशबन्धु)। शासकीय खे.ल.कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा में 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.रश्मि मिंज ने कहा कि रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य आपातकाल में आमलोगों की सेवा करना है यह सेवा रक्तदान,प्राथमिक उपचार, असहाय लोगों की सेवा हो सकती है ।अत: सभी छात्र -छात्राएं मानवता की सेवा के लिए रेडक्रॉस के उद्देश्य का गांव शहर में प्रसार करे ।वरिष्ठ प्राध्यापक शिव गोपाल रात्रे ने विद्यार्थियों को रक्तदान के स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। साथ विद्यार्थियों को युद्ध के समय जनहानि के बचाव के मॉकड्रिल का बचाव का अभ्यास कराया गया ।कार्यक्रम का संचालन गजानंद बुडेक सहायक प्राध्यापक एवं रेडक्रॉस प्रभारी ने किया। इस अवसर पर सुश्री एकता मक्कड़ आईक्यूएसी इंचार्ज,डॉ.प्यारेलाल सैनी अतिथि व्याख्याता रसायन के साथ स्टाफ के सदस्य एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

# गाड़ाडीह में किसान चौपाल, जैविक और व्यवसायिक खेती पर हुई बात

## कलेक्टर ने भी चौपाल में की शिरकत, खेती-किसानी को और बेहतर करने मांगे सुझाव

**धमतरी,** 8 मई (देशबन्धु)। जिले में खेती-किसानी को बेहतर बनाकर लाभ के व्यवसाय के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से लगातार किसान चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। आज कुरूद विकासखण्ड के गाड़ाडीह में हुई किसान चौपाल में जैविक तरीके से खेती करने के साथ-साथ ज्यादा लाभ देने वाली व्यवसायिक खेती के बारे में भी चर्चा की गई। आज के किसान चौपाल में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा सहित आसपास के 10 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने खेती के अपने अनुभवों को साझा किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिले के किसानों को ज्यादा लाभ पहुंचाने, खेती को और बेहतर बनाने से लेकर सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के उद्देश्य से ऐसी किसान चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। श्री मिश्रा ने बताया कि जिले में लगभग 20 ऐसी चौपालों की योजना बनाई गई है। इन चौपालों में जिले के प्रगतिशील किसान, जो व्यवसायिक रूप से उन्नत खेती कर रहे हैं, को बुलाकर दूसरे किसानां को मार्गदर्शन दिलाया जा रहा है। खेती-किसानी के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को लगाने, डेयरी, गौपालन, मछलीपालन, बकरी पालन, कुक्कुट पालन जैसे कृषि आधारित व्यवसायों के लिए भी इन चौपालों में मार्गदर्शन किया जा रहा है। कलेक्टर ने उपस्थित किसानों को खेती को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी मांगे। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि जिले में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि विकास के लिए हरसंभव मदद दी जाएगी। आज की चौपाल में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, जनपद पंचायत सदस्य महेश ध्रुव, गाड़ाडीह की सरपंच अर्चना कश्यप मौजूद रहीं।



आज की चौपाल में जिला पंचायत सदस्य और प्रगतिशील किसान नीलम चन्द्राकर ने रबी मौसम में धान के बदले दलहन-तिलहन फसलों की खेती और उद्यानिकी फसलों विशेषकर सब्जी, फूल और फसलों के बगीचे लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने के बारे में बताया। एक अन्य प्रगतिशील किसान चन्द्रहास पटेल ने मृत पशुओं को समाधी देकर जैविक खाद बनाने और उसके उपयोग से उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक मृत गाय या बैल को समाधी देकर एक साल बाद उसकी खुदाई कर बने खाद को लगभग 10 एकड़ भूमि में उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इससे अन्य खादों की तुलना में 10 गुना ज्यादा उत्पादन हो सकता है। किसान थानेश्वर साहू ने अपने दस साल के जैविक खेती के अनुभव उपस्थित किसानों से साझा किए। उन्होंने गौ आधारित प्राकृतिक खेती के तरीके बताए। थानेश्वर साहू ने ब्लैक राईस एवं रेड राईस उत्पादन में गौ आधारित प्राकृतिक खेती के बारे में बताया। प्रगतिशील युवा किसान पुष्पक साहू ने पॉली हाउस में आर्किड फूलों की खेती से एक एकड़ रकबे से लगभग 50 लाख रूपये की आमदनी की योजना साझा की। इसी तरह कृषक लीलाराम ने संतुलित खादों के उपयोग से खेती, डोमनलाल साहू ने फसल चक्र परिवर्तन के फायदे, श्री भोलाराम साहू ने मक्का की उन्नत खेती के बारे में भी बताया। प्रगतिशील किसान ओमप्रकाश औसर ने पशुपालन विशेषत: बकरी पालन की आधुनिक तरीकों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने मशरूम उत्पादन कर कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने की जानकारी भी लोगों को दी। इस अवसर पर उप संचालक कृषि मोनेश साहू, पशुपालन विभाग के डॉ. भूपेन्द्र सिन्हा सहित कृषि, पशुपालन, मछलीपालन, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के मैनेजर कृष्णेन्द्र भी मौजूद रहे।

# पुलिस आरक्षक ने ईमानदारी का दिया परिचय, गुम हुए 20 हजार रूपये को संबंधित व्यक्ति को लौटाए



**धमतरी,** 8 मई (देशबन्धु)। हाईवे पेट्रोलिंग 02 में तैनात आर. नैनदास बांधे एंव चालक आर. शोएब अब्बासी रक्षित केन्द्र धमतरी द्वारा पेट्रोल पर्ची प्राप्त कर यातायात कार्यालय की ओर आमातालाब से होते हुए आ रहे थे, तभी आमातालाब मोड़ के आगे उन्हें नोट की गड्डी रोड में पड़ा हुआ दिखा, जिसमें 200-200 की नोट कुल 20,000 रूपये थे। दोनों कर्मचारियों द्वारा उक्त नोट को अपने कब्जे में लेकर आसपास के लोगों को नोट गुमने के संबध में पूछताछ कर रहे थे। तभी एक व्यक्ति आया जो टिकरापारा धमतरी का रहने वाला जो अपना नाम नरेन्द्र गंगबीर बताया। उसनें अपना 20 हजार रूपये गुम होने के संबध में बताया, जिससे पैसा गुमने की बातों की पूरी तस्दीक कर गुम हुए 20,000 रूपये को नरेन्द्र गंगबीर को लौटाकर कर्मचारियों द्वारा कर्तव्य निष्ठा एंव ईमानदारी का परिचय दिया।